
बौद्धभारतीग्रन्थमाला-47

सुत्तपिटके

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

[ हिन्दी-अनुवादसहिता ]

( छक्क-सत्तक-अट्ठकनिपाता )



प्रधान सम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला—४७

Bauddha Bharati Series—47

सुत्तपिटक

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवाद सहित ]

(षट्क-सप्तक-अष्टकनिपात)

[ तृतीय भाग ]

प्रधानसम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला–४७

Baudha Bharati Series-47

सुत्तपिटके

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवादसहिता ]

( छक्क-सत्तक-अट्ठकनिपाता )

3

प्रधानसम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

Bauddha Bharati Series-47

The

# ANGUTTARANIKĀYAPĀLI

## (Chakka -Sattaka-Aṭṭhaka Nipāta)

*with*

HINDI TRANSLATION

Vol. - 3

Edited & Translated By

*Swāmī Dwārikādās Śāstrī*

**BAUDDHA BHARATI**

**Varanasi**

B. 2545] **2002** [V. 2058

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४७

सुत्तपिटक

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवादसहित ]

( षट्क-सप्तक-अष्टकनिपात )

तृतीय भाग


सम्पादक एवं अनुवादक

*स्वामी द्वारिकादासशास्त्री*



बौद्धभारती

वाराणसी

बु० २५४५] सन् २००२ ई० [वि० २०५८

प्रकाशक :
**बौद्धभारती**
पोस्ट बाक्स नं. : १०४९,
वाराणसी-२२१ ००१. (भारत)

Publisher by :
**Bauddha Bharati**
Post Box No. : 1049,
Varanasi-221 001 (India)

E-mali :· bauddhabhrti@satyam.net.in



सहसम्पादक :
*धर्मकीर्तिशास्त्री*
*चन्द्रकीर्तिशास्त्री*

**प्रथम संस्करण : २००२ ई.**

**First Edition : 2002 E.**


**Price Rs. 2250/- (In 4 Vol's set)**

मुद्रक :
**साधना प्रेस**
वाराणसी-२२१ ००२

*Printed By :*
**Sadhana Press**
Varanasi- 221 002



''एसोहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च।
उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु, अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणङ्गतं'' ति॥




बुद्धकालीन भारत का मानचित्र

६०० ई० पूर्व

# प्रकाशकीय वक्तव्य

**"अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं" ति**

—विनयपिटके, भगवा बुद्धो।

सन् १९५८-१९६१ ई० में पालित्रिपिटकप्रकाशनसमिति, नालन्दा द्वारा सम्पूर्ण त्रिपिटक प्रकाशन में कार्य करते समय से ही हमारा यह सङ्कल्प था कि समस्त त्रिपिटक (बुद्धवचन) का हिन्दी-रूपान्तर (अनुवाद) के साथ भी प्रकाशन होना चाहिये, जिससे वह अन्य भाषाओं के विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो सके।

एतदर्थ, हमने विगत पन्द्रह वर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; भारत के अनेक साधनसम्पन्न प्रकाशकों तथा धनपतियों एवं बुद्धिजीवियों से इस कार्य के लिये आर्थिक साधन संगृहीत कराने हेतु निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी, इस कार्यहेतु, हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया।

अन्त में, हमने विवश होकर, अपने अल्प साधनों के बल पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। तदनुसार, सर्वप्रथम सुत्तपिटक का **मज्झिमनिकाय** (सम्पूर्ण) हिन्दी अनुवाद के साथ पाँच भागों में प्रकाशित किया, जो कि पाँच वर्ष में पूर्ण हुआ।

तदनन्तर, हमने सुत्तपिटक का **दीघनिकाय** (सम्पूर्ण) (हिन्दी अनुवाद के साथ) तीन भागों में प्रकाशित किया।

इसी क्रम में हमने समस्त **संयुत्तनिकायपालि** का हिन्दी अनुवाद के साथ चार भागों में दो वर्ष के कठिन परिश्रम एवं प्रयास के बाद, (चार भागों में सम्पूर्ण) आप के सम्मुख प्रस्तुत किया। यह ग्रन्थ २२५० पृष्ठों में पूर्ण हो पाया, अतः ग्रन्थ का कलेवर कुछ विशाल हो गया। परन्तु हमें इस बात की प्रसन्नता है कि यह ग्रन्थ पालि एवं हिन्दी-दोनों भाषाओं में एक साथ सुलभ हो गया है।

अब, इसी क्रम में सुत्तपिटक का यह चतुर्थ विशालकाय **अङ्गुत्तरनिकायपालि** ग्रन्थ (चार भागों में) प्रस्तुत किया जा रहा है। इस के, इस **तृतीय भाग** में केवल **षट्क, सप्तक** एवं **अष्टक निपात** दिये जा रहे हैं। पूर्व ग्रन्थों के समान ही इसमें भी हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ सङ्गायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम (थाईलैण्ड) तथा पालि **टैक्स्ट** सोसाइटी, लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९६० में **'पालि त्रिपिटक प्रकाशन बोर्ड'** नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित **देवनागरी-संस्करण** को आदर्श रूप में रखा है। इसमें हमने कहीं कहीं मुद्रणाशुद्धियों के **संशोधन के अतिरिक्त** अधिक कुछ नहीं किया है।

साथ ही हमने उक्त बर्मा, नालन्दा एवं रोमन संस्करणों की पृष्ठ-संख्या भी रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है। अनुसन्धाता इससे भी लाभान्वित होंगे।

इसमें हमने, आचार्य बुद्धघोष की अट्ठकथा को प्रमाण मान कर, अपना स्वतन्त्र **हिन्दी अनुवाद** सम्पन्न करते हुए, उसे पालि-पाठ के साथ नीचे दिया है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय-वैशद्य (बात को समझाने) के लिये त्रिपिटक में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषाच्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में फँस कर पाठक से मूल विषय दूर दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों (जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '...पे०...' की परम्परा रखी है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में स्वीकार किया है। परन्तु '...पे०...' का अनुवाद हमने '...पूर्ववत्...' करके दिया है, या प्रायः '...' इस चिह्न का प्रयोग किया है, जिससे पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जाय।

ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है, जिससे पाठकों को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन (त्रिपिटक) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति रुचिकर व अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के अवशिष्ट ग्रन्थों का प्रकाशन भी इसी पद्धति से करेंगे।

अन्ते च, इस पवित्र ग्रन्थ का यह अनुवाद हमने स्वकीय ज्ञानवृद्धिहेतु लिखा था, लिखने के बाद यह ध्यान में आया कि यह हमारे समानधर्मा अन्य जिज्ञासुओं का भी प्रयोजन सिद्ध कर सकता है। इसी उद्देश्य से यह प्रकाशित किया जा रहा है।

इतने विस्तृत अनुवाद में, हो सकता है हम से कहीं परम्परा का निर्वाह न हो पाया हो, एतदर्थ हमारा विज्ञ जनों से विनम्र निवेदन है कि इस प्रमाद को क्षमा करते हुए हमें सूचित करने का कष्ट करें; जिससे आगामी संस्करण में उस का परिहार किया जा सके।

वसन्तपञ्चमी, २०५८ वि०
वाराणसी.

विद्वद्वशंवद

स्वा० द्वा० शा०

**स्वामी द्वारिकादासशास्त्री**
अध्यक्ष, बौद्धभारती

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

## छक्क-सत्तक-अट्ठकनिपातानं

## सुत्तसूची

सुत्तपिटक

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

[ हिन्दीअनुवादसहित ]

( छक्क, सत्तक, अट्ठकनिपात )

❁ नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स ❁

# अङ्गुत्तरनिकायपालि

## ६. छक्कनिपातो

### १. आहुनेय्यवग्गो

### पठमो पण्णासको

**१. पठमआहुनेय्यसुत्तं :** १. एवं मे [N. Vol. II. 2, B. Vol. II, 247, R. Vol. III, 279] सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

२. ''छहिं, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा नेव सुमनो होति न दुम्मनो, उपेक्खको विहरति सतो सम्पजानो। सोतेन सद्दं सुत्वा... घानेन गन्धं घायित्वा... जिव्हाय रसं सायित्वा... कायेन फोट्ठब्बं फुसित्वा... मनसा धम्मं विञ्ञाय नेव सुमनो होति न दुम्मनो, उपेक्खको विहरति

---

❁ उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम ❁

# अङ्कोत्तरनिकायपालि

## षट्क निपात

### १. आह्वनीयवर्ग

### प्रथम पञ्चाशत्क

**१. प्रथम आह्वनीयसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय भगवान् ने ''भिक्षुओ'' कहकर भिक्षुओं को अपने पास बुलाया। भिक्षुजन भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य कर वहाँ आये। भगवान् ने उनको यह उपदेश किया—

२. ''भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही भेंट देने योग्य, स्वागत करने योग्य, दान करने योग्य, प्रणाम करने योग्य होता है; क्योंकि वह इस लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि है। किन छह धर्मों से? यहाँ भिक्षुओ! कोई भिक्षु चक्षु (इन्द्रिय) से रूप (विषय) को देखकर न सुख मानता है, न दुःख, अपितु वह उसके प्रति बुद्धिमत्तापूर्वक उपेक्षाभाव ही रखता है। इसी प्रकार श्रोत्र से शब्द सुनकर ...पूर्ववत्... घ्राण से गन्ध सूँघकर... जिह्वा से रस का स्वाद लेकर... काया से स्प्रष्टव्य

सतो सम्पजानो। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति।

३. ''इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति॥ ●

**२. दुतियआहुनेय्यसुत्तं** : १. ''छहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु [B.248,R.280] आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? [N.4] इध, भिक्खवे, भिक्खु अनेविहितं इद्धिविधं पच्चनुभोति—एको पि हुत्वा बहुधा होति, बहुधा पि हुत्वा एको होति; आविभावं तिरोभावं; तिरोकुड्डं तिरोपाकारं तिरोपब्बतं असज्जमानो गच्छति, सेय्यथापि आकासे; पथविया पि उम्मुज्जनिमुज्जं करोति, सेय्यथापि उदके; उदके पि अभिज्जमाने गच्छति, सेय्यथापि पथवियं; आकासे पि पल्लङ्केन कमति, सेय्यथापि पक्खी सकुणो; इमे पि चन्दिमसुरिये एवं महिद्धिके एवंमहानुभावे पाणिना परिमसति परिमज्जति; याव ब्रह्मलोका पि कायेन वसं वत्तेति।

२. ''दिब्बाय सोतधातुया विसुद्धाय अतिक्कन्तमानुसिकाय उभो सद्दे सुणाति—दिब्बे च मानुसे च, ये दूरे सन्तिके च।

३. ''परसत्तानं परपुग्गलानं चेतसा चेतो परिच्च पजानाति। सरागं वा चित्तं सरागं चित्तं ति पजानाति, वीतरागं वा चित्तं... सदोसं वा चित्तं... वीतदोसं वा चित्तं... समोहं वा

---

(विषय) का स्पर्श कर... मन से धर्म को जानकर न सुख का अनुभव करता है, न दुःख, अपितु वह उसके प्रति स्मृतिसम्प्रजन्यपूर्वक उपेक्षाभाव ही रखता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही ...पूर्ववत्... अनुपम पुण्यभूमि है।''

भगवान् ने यह उपदेश किया। प्रसन्न एवं सन्तुष्ट भिक्षुओं ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन किया॥ ●

**२. द्वितीय आह्वनीयसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. ''भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही ...पूर्ववत्... अनुपम पुण्यभूमि है। किन छह धर्मों से? यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु नाना प्रकार की सिद्धियों (चमत्कारों) का अनुभव करता है; जैसे—एक होते हुए भी अनेक हो जाना; अनेक होते हुए एक हो जाना; प्रत्यक्ष दिखायी देना, सर्वथा न दिखायी देना; कुड्य (दीवार), प्राकार, (परकोटा) एवं पर्वत आदि का व्यवधान होने पर भी उनसे सम्पृक्त हुए विना ही आगे निकल जाता है, जैसे खुले आकाश में उड़ रहा हो। पृथ्वी में भी डूबते उतराते रहता है, मानो जल में डूब या उतरा रहा हो। जल में विना आर्द्र (गीला) हुए चलता है, मानो पृथ्वी पर चल रहा हो। आकाश में भी पद्मासन (पलथी) लगाकर चलता है, मानो पक्षी उड़ रहा हो। इन दूरस्थ प्रतापी एवं तेजस्वी सूर्य एवं चन्द्रमा को भी हाथ से अनायास स्पर्श कर लेता है। कहने का तात्पर्य यह है कि ब्रह्मलोक तक उसके वश में होते हैं।

२. ''विशुद्ध एवं दिव्य श्रोत्रधातु से, जो कि साधारण मनुष्यों को प्राप्त नहीं होती, दोनों प्रकार के शब्द सुनता है—इस लोक के भी तथा अन्य स्वर्गादि लोकों के भी, दूर के भी पास के भी।

३. ''दूसरे प्राणियों के, दूसरे पुद्गलों के चित्त से स्वचित्त का संयोजन कर उनके विषय में सब

चित्तं... वीतमोहं वा चित्तं... सङ्खित्तं वा चित्तं... विक्खित्तं वा चित्तं... महग्गतं वा चित्तं... अमहग्गतं वा चित्तं... सउत्तरं वा चित्तं... अनुत्तरं वा चित्तं... समाहितं वा चित्तं ... असमाहितं वा चित्तं ... विमुत्तं वा चित्तं ... अविमुत्तं वा चित्तं अविमुत्तं चित्तं ति पजानाति।

४. ''अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरति, सेय्यथीदं—एकं पि जातिं द्वे पि जातियो ...पे०...। इति साकारं सउद्देसं अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरति। [R.281]

५. ''दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते पस्सति चवमाने उपपज्जमाने हीने पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे सत्ते पजानाति—'इमे वत भोन्तो सत्ता कायदुच्चरितेन समन्नागता वचीदुच्चरितेन समन्नागता मनोदुच्चरितेन समन्नागता अरियानं उपवादका मिच्छादिट्ठिका मिच्छादिट्ठिकम्मसमादाना, ते कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपन्ना। इमे वा पन भोन्तो सत्ता [B.249] कायसुचरितेन समन्नागता वचीसुचरितेन समन्नागता मनोसुचरितेन समन्नागता अरियानं अनुपवादका सम्मादिट्ठिका सम्मादिट्ठिकम्मसमादाना, ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपन्ना' ति। इति दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते [N.5] पस्सति चवमाने उपपज्जमाने हीने पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे सत्ते पजानाति।

---

कुछ जानने का सामर्थ्य रखता है। कोई सरागचित्त है तो उसको 'यह सरागचित्त है'—ऐसा जान लेता है, जो रागरहित चित्त वाला है उसको 'यह रागरहित चित्त वाला है'—ऐसा जान लेता है, द्वेषयुक्त चित्त वाले को... द्वेषरहित चित्त वाले को... मोहसहित चित्त वाले को... मोहरहित चित्त वाले को... संक्षिप्त चित्त वाले को... विक्षिप्त चित्त वाले को... महद्गत (बहुत ऊँचे) चित्त वाले को... अमहद्गत (बहुत नीचे) चित्त वाले को... उत्तर सहित चित्त वाले को... अनुत्तर (सर्वोत्तम) चित्त वाले को... समाहित चित्त वाले को... असमाहित चित्त वाले को... विमुक्त चित्त वाले को ... अविमुक्त (आबद्ध) चित्त वाले को 'यह आबद्धचित्त है'—ऐसा जानता है।

४. ''वह अपने भोगे हुए जन्मों का अनुस्मरण करने में समर्थ है; एक जन्म को भी ...पूर्ववत्...। इस प्रकार वह रूप एवं उद्देश सहित अपने अनेक पूर्वजन्मों को स्मरण कर सकता है।

५. ''वह दिव्य चक्षुधातु से, जो कि साधारण मनुष्यों को प्राप्त नहीं होती, मरते हुए, उत्पन्न होते हुए, हीन, उत्तम, सुरूप, कुरूप प्राणियों को देखने में समर्थ होता है; वह प्रारब्धवश धनवान् या निर्धन प्राणियों के विषय में जान लेता है—'ये प्राणी काय, वाक् एवं मन के असत्कर्मों से युक्त थे अत: श्रेष्ठ जनों के निन्दक एवं मिथ्यादृष्टि तथा मिथ्यादृष्टियुक्त कर्म करते थे, ये इस देहपात के बाद, निश्चय ही दुर्गतिमय नरक में गिरे हैं। या ये प्राणी काय, वाक् एवं मन के द्वारा कृत सत्कर्मों से युक्त थे, अत: ये न आर्यों की निन्दा करते थे, न मिथ्यादृष्टि ही थे और न मिथ्यादृष्टियुक्त कर्म ही करते थे, अत: ये अवश्य ही अपने इस देहपात के बाद सुगतिमय स्वर्गलोक में वास कर रहे हैं'। इस प्रकार वह साधारण मानव को दुर्लभ विशुद्ध चक्षुरिन्द्रिय से मरने वाले, उत्पन्न होने वाले, पतित उत्तम, सुरूप कुरूप, प्रारब्धवश सुगति या दुर्गति को प्राप्त प्राणियों के विषय में जान लेता है।

६. ''आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥ ●

**३. इन्द्रियसुत्तं :** १. ''छहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? सद्धिन्द्रियेन, विरियिन्द्रियेन, [R.282] सतिन्द्रियेन, समाधिन्द्रियेन, पञ्ञिन्द्रियेन, आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं धम्मेहि सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥ ●

**४. बलसुत्तं :** १. ''छहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? सद्धाबलेन, विरियबलेन, सतिबलेन, समाधिबलेन, पञ्ञाबलेन, आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥●

[B.250] **५. पठमआजानीयसुत्तं :** १. ''छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्खं गच्छति। कतमेहि छहि?

---

६. ''तथा आश्रवों के क्षय से अनाश्रवा चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जानकर, साक्षात् कर, साधना करता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त भिक्षु भेंट देने योग्य... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि है॥'' ●

**३. इन्द्रियसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. ''भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही उपहार देने योग्य ...पूर्ववत्... लोक हेतु अनुपम पुण्यभूमि है। किन छह से? (१) जो श्रद्धेन्द्रिय से, (२) वीर्येन्द्रिय से, (३) स्मृतीन्द्रिय से, ( ) समाधीन्द्रिय से, (५) प्रज्ञेन्द्रिय से, (६) आश्रवों के क्षय से अनाश्रवा चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जानकर, साक्षात् कर, साक्षात्कार कर साधना करता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि है॥'' ●

**४. बलसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. ''भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त भिक्षु उपहार देने योग्य ...पूर्ववत्... लोक के अनुपम पुण्यभूमि है। किन छह धर्मों से? (१) श्रद्धाबल से, (२) वीर्यबल से, (३) स्मृतिबल से, ( ) समाधिबल से, (५) प्रज्ञाबल से, तथा (६) आश्रवों के क्षय से अनाश्रवा चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जानकर, साक्षात् कर साधना करता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि है॥'' ●

**५. प्रथम आजानेयसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. भिक्षुओ! छह अङ्गों से युक्त श्रेष्ठ अश्व ही राजा का प्रिय, राजा के योग्य एवं राजा का

इध, भिक्खवे, रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो खमो होति रूपानं, खमो सद्दानं, खमो [N.6] गन्धानं, खमो रसानं, खमो फोट्ठब्बानं, वण्णसम्पन्नो च होति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्ख्यं गच्छति।

२. ''एवमेव खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु खमो होति रूपानं, खमो सद्दानं, खमो गन्धानं, खमो रसानं, खमो फोट्ठब्बानं, खमो धम्मानं। [R.283] इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥ ●

**६. दुतियआजानीयसुत्तं :** १. ''छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्ख्यं गच्छति। कतमेहि छहि? इध, भिक्खवे, रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो खमो होति रूपानं, खमो सद्दानं, खमो गन्धानं, खमो रसानं, खमो फोट्ठब्बानं, बलसम्पन्नो च होति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्ख्यं गच्छति।

२. ''एवमेव खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु खमो होति रूपानं, ...पे०... खमो धम्मानं। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥ ●

---

भोग्य तथा 'राजा का अङ्ग' कहलाता है। किन छह अङ्गों से? राजा का श्रेष्ठ अश्व रूप, शब्द, गन्ध, रस, स्प्रष्टव्य विषयों को सम्यक्तया ग्रहण करने में समर्थ होता है तथा आकार प्रकार से श्रेष्ठ होता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त ऐसा राजा का अश्व ही राजा को प्रिय, राजा के योग्य, राजा का भोग्य एवं राजा का अङ्ग कहलाता है।

२. ''इसी प्रकार, भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त भिक्षु उपहार योग्य ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि है। किन छह धर्मों से? यहाँ, भिक्षुओ! जो भिक्षु इन रूप, शब्द, गन्ध, रस, स्प्रष्टव्य विषय एवं मनोधर्मों को यथातथ रूप से ग्रहण करने में समर्थ है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त भिक्षु ही आह्वनीय ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि होता है॥'' ●

**६. द्वितीय आजानेयसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. ''भिक्षुओ! छह अङ्गों से युक्त कोई श्रेष्ठ अश्व ही ...पूर्ववत्... स्प्रष्टव्य विषयों को ग्रहण करने में समर्थ होता है तथा बलसम्पन्न होता है। भिक्षुओ! इन छह अङ्गों से युक्त ...राजा का अङ्ग कहलाता है।

२. ''इसी प्रकार, भिक्षुओ! कोई छह अङ्गों से युक्त भिक्षु ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम पुण्यभूमि होता है॥ ●

[B.251] **७. ततियआजानीयसुत्तं :** १. "छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्ख्यं गच्छति। कतमेहि छहि? [N.7] इध, भिक्खवे, रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो खमो होति रूपानं, खमो सद्दानं, खमो गन्धानं, खमो रसानं, खमो फोट्ठब्बानं, जवसम्पन्नो च होति। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि [R.284] अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्रो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गं त्वेव सङ्ख्यं गच्छति।

२. "एवमेव खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि छहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु खमो होति रूपानं, ...पे०... खमो धम्मानं। इमेहि खो, भिक्खवे, छहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा" ति॥ ●

**८. अनुत्तरियसुत्तं :** १. "छयिमानि, भिक्खवे, अनुत्तरियानि। कतमानि छ? दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं, लाभानुत्तरियं, सिक्खानुत्तरियं, पारिचरियानुत्तरियं, अनुस्सतानुत्तरियं—इमानि खो, भिक्खवे, छ अनुत्तरियानी" ति॥ ●

**९. अनुस्सतिट्ठानसुत्तं :** १. "छयिमानि, भिक्खवे, अनुस्सतिट्ठानानि। कतमानि छ? बुद्धानुस्सति, धम्मानुस्सति, सङ्घानुस्सति, सीलानुस्सति, चागानुस्सति, देवतानुस्सति—इमानि खो, भिक्खवे, छ अनुस्सतिट्ठानानी" ति॥ ●

**१०. महानामसुत्तं :** १. एकं समयं भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं निग्रोधारामे। अथ खो महानामो सक्को येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं

---

**७. तृतीय आजानेयसूत्र : : छह धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय**

१. "भिक्षुओ! छह धर्मों से युक्त राजा का कोई श्रेष्ठ अश्व ही ...पूर्ववत्... स्प्रष्टव्य विषयों को ग्रहण करने में समर्थ होता है तथा जव (गति) सम्पन्न होता है। भिक्षुओ! इन छह धर्मों से युक्त अश्व ही राजा को प्रिय, राजा के योग्य, राजा का भोग्य एवं राजा का अङ्ग कहलाता है।

२. "इसी तरह, भिक्षुओ! छह अङ्गों से युक्त भिक्षु उपहार योग्य ...पूर्ववत्... लोक के लिये अनुपम भूमि होता है॥" ●

**८. अनुत्तर्यसूत्र : : छह अद्वितीय धर्म**

१. "भिक्षुओ! ये छह धर्म अनुत्तर्य (या अनौत्तर्य=अद्वितीय) होते हैं। कौन छह धर्म? (१) अद्वितीय दर्शन, (२) अद्वितीय श्रवण, (३) अद्वितीय लाभ, (४) अद्वितीय शिक्षा, (५) अद्वितीय परिचर्या एवं (६) अद्वितीय अनुस्मृति—भिक्षुओ! ये छह अनुत्तर्य (अद्वितीय) धर्म होते हैं॥" ●

**९. अनुस्मृतिस्थानसूत्र : : छह अनुस्मृति-स्थान**

१. भिक्षुओ! ये छह धर्म अनुस्मृतिस्थान होते हैं। कौन से छह? (१) बुद्धानुस्मृति, (२) धर्मानुस्मृति, (३) सङ्घानुस्मृति, (४) शीलानुस्मृति, (५) त्यागानुस्मृति, एवं (६) देवतानुस्मृति—भिक्षुओ! ये छह अनुस्मृतिस्थान होते हैं॥ ●

अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो, खो महानामो सक्को भगवन्तं एतदवोच—

२. "यो सो, भन्ते, अरियसावको आगतफलो विञ्ञातसासनो, सो कतमेन विहारेन बहुलं विहरती" ति?

३. "यो सो, महानाम, अरियसावको आगतफलो [N.8,B.252,R.285] विञ्ञातसासनो, सो इमिना विहारेन बहुलं विहरति। इध, महानाम, अरियसावको तथागतं अनुस्सरति—'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा' ति। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको तथागतं अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति तथागतं आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरियसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदियति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं वुच्चति, महानाम—'अरियसावको विसमगताय पजाय समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो धम्मानुस्सतिं भावेति'।

---

**१०. महानामसूत्र : : महानाम के प्रश्नों का उत्तर**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) शाक्यों की (राजधानी) कपिलवस्तु नगरी के न्यग्रोधाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। तब महानाम शाक्य भगवान् के सम्मुख आया। आकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे महानाम शाक्य ने भगवान् से यह जिज्ञासा की—

२. "भन्ते! जो साधक आर्यश्रावकफल प्राप्त कर चुका है, शासन (धर्म) का ज्ञान प्राप्त कर चुका है वह किस साधनापद्धति से साधना करता है?"

३. "महानाम! जो आर्यश्रावक फल प्राप्त कर चुका है, धर्मज्ञान प्राप्त कर चुका है, वह इस साधनापद्धति से साधना करता है। यहाँ, महानाम! वह आर्यश्रावक तथागत का इस प्रकार अनुस्मरण करता है—'वे भगवान् अर्हत्, सम्यक्सम्बुद्ध, विद्या एवं आचरण से सम्पन्न, सुगत, लोकविद्, अनुपम, पुरुषदम्यसारथि, देवमनुष्यों के शास्ता, बुद्ध भगवान् हैं।' महानाम, जिस समय वह आर्यश्रावक भगवान् बुद्ध का इस प्रकार अनुस्मरण करता है उस समय इसका चित्त राग से पर्युत्थित (विस्तृत) नहीं होता; न द्वेष या मोह से पर्युत्थित होता है। अपितु तथागत में लगा हुआ चित्त अन्यत्र सांसारिक विषयों में अनासक्त ही रहता है। चित्त पर ऐसा नियन्त्रण प्राप्त कर वह आर्यश्रावक अर्थज्ञान, धर्मज्ञान तथा धर्मज्ञान से प्राप्त होने वाले प्रमोद (हर्ष) का अनुभव करता है। इस प्रकार प्रमुदित होने पर उसके चित्त में प्रीति उत्पन्न होती है, प्रीति से उसकी काया स्थिर होती है। स्थिरकाय होने पर वह सुख का अनुभव करता है। इस प्रकार उसके सुखानुभव करते रहने पर उसका चित्त एकाग्र हो जाता है। महानाम! ऐसे साधक के लिये यह कहा जा सकता है कि यह आर्यश्रावक विषम (जगत्प्रपञ्च) में फँसे हुए प्राणियों में रहता हुआ भी समतापूर्वक व्यवहार करता

४. ''पुन च परं, महानाम, अरियसावको धम्मं अनुस्सरति—'स्वाक्खातो भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूही' ति। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको धम्मं अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति धम्मं आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरिसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदियति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं [R.286] वुच्चति, महानाम—'अरियसावको विसमगताय पजाय समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो धम्मानुस्सतिं भावेति'।

५. ''पुन च परं, महानाम, अरियसावको सङ्घं अनुस्सरति—'सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो उजुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, ञायप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, [B.253] सामीचिप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, यदिदं चत्तारि पुरिसयुगानि अट्ठ [N.9] पुरिसपुग्गला एस भगवतो सावकसङ्घो आहुनेय्यो पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा' ति। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको सङ्घं अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति सङ्घं आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरियसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मेवदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति,

---

हुआ साधनारत है, द्वेष में फँसे हुए प्राणियों में निर्द्वेष होकर साधना करता है, धर्मस्रोत का आश्रयण कर **बुद्धानुस्मृति** की भावना करता है। (१)

४. ''महानाम! तदनन्तर, वह आर्यश्रावक धर्म का अनुस्मरण भी इस प्रकार करता है—'भगवान् का धर्म सुन्दर व्याख्यानपूर्वक उपदिष्ट है। वह इसी जन्म में फलप्रद है, कालान्तर में नहीं। तत्काल ही फल (परिणाम) देने वाला है, यहीं (इसी जन्म में) अपना चमत्कार (प्रभाव) दिखाने वाला है। निर्वाण तक पहुँचाने वाला तथा विज्ञजनों को व्यक्तिगत रूप से (साक्षात्) भी दिखायी देने वाला है।' महानाम! जिस समय कोई आर्यश्रावक इस बुद्धोपदिष्ट धर्म का अनुस्मरण करता है उस समय उसका चित्त ...पूर्ववत्... धर्मस्रोत का आश्रयण कर **धर्मानुस्मृति** की भावना करता है।' (२)

५. ''महानाम! तदनन्तर वह आर्यश्रावक सङ्घ का अनुस्मरण इस प्रकार करता है—'भगवान् का यह श्रावकसङ्घ सन्मार्ग पर चलने वाला, सरल मार्ग पर चलने वाला, न्यायमार्ग पर चलने वाला, तथा सम्यङ्मार्ग पर चलने वाला है। स्रोतआपन्न, सकृदागामी, अनागामी, एवं अर्हत्—ये चार पुरुषपुद्गल एवं इन चारों अवस्थाओं के फलों का साक्षात्कार करने में तत्पर—ये चार पुरुष-पुद्गल—यों आठ प्रकार के साधक ही इस सङ्घ में उपलब्ध हैं जो कि (सत्कर्मों में) आह्वान के योग्य हैं, आतिथ्य के योग्य हैं, दान करने योग्य हैं, प्रणाम करने योग्य हैं तथा लोक के लिये

पस्सद्धकायो सुखं वेदयति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं वुच्चति, महानाम— 'अरियसावको विसमगताय पजाय समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो सङ्घानुस्सतिं भावेति'।

६. "पुन च परं, महानाम, अरियसावको अत्तनो सीलानि अनुस्सरति अखण्डानि अच्छिद्दानि असबलानि अकम्मासानि भुजिस्सानि विञ्ञुप्पसत्थानि अपरामट्ठानि समाधिसंवत्तनिकानि। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको सीलं अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति सीलं आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरियसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदियति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं वुच्चति, महानाम—'अरियसावको विसमगताय पजाय [R.287] समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो सीलानुस्सतिं भावेति'।

७. "पुन च परं, महानाम, अरियसावको अत्तनो चागं अनुस्सरति—'लाभा वत मे, सुलद्धं वत मे! योहं मच्छेरमलपरियुट्ठिताय पजाय विगतमलमच्छेरेन चेतसा अगारं अज्झावसामि मुत्तचागो पयतपाणि वोस्सग्गरतो याचयोगो दानसंविभागरतो' ति। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको चागं अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं [B.254] होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स [N.10] तस्मिं समये चित्तं होति चागं आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरियसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूपसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति,

---

पुण्योत्पादक क्षेत्र हैं।' जिस समय, महानाम! वह आर्यश्रावक सङ्घ का अनुस्मरण करता है उस समय उसका चित्त ...पूर्ववत्... धर्मस्रोत में अवगाहन कर **सङ्घानुस्मृति** की भावना करता है।' (३)

६. "तदनन्तर, महानाम! वह आर्यश्रावक अपने उन शीलों का अनुस्मरण करता है जो अखण्ड, अछिद्र एवं शुद्ध हैं, कल्मषरहित हैं, साधुजन के योग्य हैं, विद्वत्प्रशंसित हैं, अनिन्द्य हैं एवं समाधि (चित्तनिरोध) के प्रेरक हैं। महानाम! जिस समय वह आर्यश्रावक अपने शीलों का अनुस्मरण करता है, उस समय उसका चित्त ...पूर्ववत्... धर्मस्रोत में अवगाहन कर **शीलानुस्मृति** की भावना करता है। (४)

७. "पुन: महानाम! वह आर्यश्रावक अपने त्याग का अनुस्मरण करता है—'मुझे बहुत लाभ हुआ, मैंने बहुत कुछ पा लिया कि मैं इस मात्सर्यमल से मलिन चित्त वाली प्रजा के बीच रहता हुआ भी मात्सर्यरहित चित्त से गृह में रहता हुआ मुक्तहस्त से त्याग करता हूँ, दान में उत्साही रहता हूँ, कुछ भी त्याग के लिये तत्पर रहता हूँ। याचक को मुँहमाँगा दान देता हूँ। इस प्रकार निरन्तर दान

पीतिमनस्स कायो पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदियति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं वुच्चति, महानाम—'अरियसावको विसमगताय पजाय समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो चागानुस्सतिं भावेति'।

८. ''पुन च परं, महानाम, अरियसावको देवतानुस्सतिं भावेति—'सन्ति देवा चातुमहाराजिका, सन्ति देवा तावतिंसा, सन्ति देवा यामा, सन्ति देवा तुसिता, सन्ति देवा निम्मानरतिनो, सन्ति देवा परनिम्मितवसवत्तिनो, सन्ति देवा ब्रह्मकायिका, सन्ति देवा तदुत्तरि। यथारूपाय सद्धाय समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना, मय्हं पि तथारूपा सद्धा संविज्जति। यथारूपेन सीलेन समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना, मय्हं पि तथारूपं सीलं संविज्जति। यथारूपेन सुतेन समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना, मय्हं पि तथारूपं सुतं संविज्जति। यथारूपेन चागेन समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना, मय्हं पि तथारूपो चागो संविज्जति। यथारूपाय पञ्ञाय समन्नागता ता देवता इतो [R.288] चुता तत्थ उपपन्ना, मय्हं पि तथारूपा पञ्ञा संविज्जती' ति। यस्मिं, महानाम, समये अरियसावको अत्तनो च तासं च देवतानं सद्धं च सीलं च सुतं च चागं च पञ्ञं च अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति ता देवता आरब्भ। उजुगतचित्तो खो पन, महानाम, अरियसावको लभति अत्थवेदं, लभति धम्मवेदं, लभति धम्मूसंहितं पामोज्जं। पमुदितस्स पीति जायति, पीतिमनस्स कायो [B.255] पस्सम्भति, पस्सद्धकायो सुखं वेदियति, सुखिनो चित्तं समाधियति। अयं वुच्चति, महानाम—'अरियसावको विसमगताय पजाय समप्पत्तो विहरति, सब्यापज्झाय पजाय अब्यापज्झो विहरति, धम्मसोतं समापन्नो देवतानुस्सतिं भावेति'।

[N.11] ९. ''यो सो, महानाम, अरियसावको आगतफलो विञ्ञातसासनो सो इमिना विहारेन बहुलं विहरती'' ति॥

आहुनेय्यवग्गो पठमो॥ ●

---

क्रिया में लगा रहता हूँ।' महानाम! जिस समय वह आर्यश्रावक अपने त्याग का अनुस्मरण करता है, उस समय उसका चित्त ...पूर्ववत्... धर्मस्रोत में अवगाहन कर **त्यागानुस्मृति** की भावना करता है। (५)

८. ''तदनन्तर, महानाम! वह आर्यश्रावक इस प्रकार देवतानुस्मृति की भावना करता है—'ये जितने भी देवता हैं; जैसे चातुर्महाराजिक, त्रायस्त्रिंश, याम, तुषित, निर्माणरति, निर्माणरति, ब्रह्मकायिक एवं उनसे भी ऊपर के देवता—ये सभी देवता जैसी 'श्रद्धा' से युक्त होते हुए, यहाँ से च्युत होकर, वहाँ उत्पन्न हुए हैं, वैसी श्रद्धा मुझमें भी है। जैसे 'शील' से युक्त होते हुए... जैसी 'प्रज्ञा' से युक्त होते हुए, यहाँ से च्युत होकर, वहाँ उत्पन्न हुए हैं वैसी प्रज्ञा मुझमें भी है।' महानाम! जिस समय वह आर्यश्रावक अपने और इन देवताओं के श्रद्धा, शील, श्रुत, त्याग एवं प्रज्ञा का अनुस्मरण करता है उस समय उसका चित्त रागपर्युत्थित एवं मोहपर्युत्थित नहीं होता ...पूर्ववत्... धर्मस्रोत में अवगाहन कर **देवतानुस्मृति** की भावना करता है। (६)

तस्सुद्दानं

द्वे आहुनेय्या इन्द्रिय, बलानि तयो आजानीया।
अनुत्तरिय अनुस्सती, महानामेन ते दसा ति॥ ●

## २. सारणीयवग्गो

**१. पठमसारणीयसुत्तं :** १. "छयिमे, भिक्खवे, धम्मा सारणीया। कतमे छ? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं कायकम्मं पच्चुपट्ठितं होति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो।

२. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं वचीकम्मं पच्चुपट्ठितं होति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो।

३. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं मनोकम्मं पच्चुपट्ठितं होति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो।

४. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु ये ते लाभा धम्मिका धम्मलद्धा [R.289]

---

९. "महानाम! जो आर्यश्रावक फल प्राप्त कर चुका है, धर्मज्ञान प्राप्त कर चुका है वह इस साधनापद्धति से साधनारत रहता है॥" ●

**आह्वनीयवर्ग प्रथम सम्पन्न॥**

**इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**

१. प्रथम आह्वनीयसूत्र, २. द्वितीय आह्वनीयसूत्र, ३. इन्द्रियसूत्र, ४. बलसूत्र, ५. प्रथम आजानेयसूत्र, ६. द्वितीय आजानेयसूत्र, ७. तृतीय आजानेयसूत्र, ८. अनुत्तर्यसूत्र, ९. अनुस्मृतिसूत्र, १०. महानामसूत्र॥ ●

## २. स्मरणीयवर्ग

**१. प्रथम स्मरणीयसूत्र : : छह स्मरणीय धर्म**

१. "भिक्षुओ! ये छह धर्म स्मरणीय होते हैं। कौन से छह? यहाँ, भिक्षुओ! भिक्षु का अपने साथियों के साथ कोई गुप्त या प्रकट मैत्रीपूर्ण **कायकर्म** किया गया होता है, ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (१)

२. "पुनः, भिक्षुओ! भिक्षु का अपने साथियों के साथ कोई गुप्त या प्रकट मैत्रीपूर्ण **वाक्कर्म** किया गया होता है, ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (२)

३. "पुनः, भिक्षुओ! भिक्षु का ...पूर्ववत्... मैत्रीपूर्ण **मनःकर्म** किया गया होता है, ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (३)

अन्तमसो पत्तपरियापन्नमत्तं पि तथारूपेहि लाभेहि अप्पटिविभत्तभोगी होति सीलवन्तेहि सब्रह्मचारीहि साधारणभोगी, अयं पि धम्मो सारणीयो।

५. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु यानि तानि सीलानि अखण्डानि अच्छिद्दानि असबलानि अकम्मासानि भुजिस्सानि विञ्ञुप्पसत्थानि अपरामट्ठानि समाधिसंवत्तनिकानि [B.256] तथारूपेहि सीलेहि सीलसामञ्ञगतो विहरति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो।

६. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु यायं दिट्ठि अरिया निय्यानिका निय्याति तक्करस्स [N.12] सम्मा दुक्खक्खयाय तथारूपाय दिट्ठिया दिट्ठि सामञ्ञगतो विहरति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो। इमे खो, भिक्खवे, छ धम्मा सारणीया" ति॥●

२. **दुतियसारणीयसुत्तं** : १. "छयिमे, भिक्खवे, धम्मा सारणीया पियकरणा गरुकरणा सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तन्ति। कतमे छ? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं कायकम्मं पच्चुपट्ठितं होति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

२. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं वचीकम्मं पच्चुपट्ठितं होति ...पे०... मेत्तं मनोकम्मं पच्चुपट्ठितं होति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

३. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु ये ते लाभा धम्मिका धम्मलद्धा अन्तमसो [R.290] पत्तपरियापन्नमत्तं पि तथारूपेहि लाभेहि अप्पटिविभत्तभोगी होति सीलवन्तेहि

---

४. "पुनः, भिक्षुओ! भिक्षु को जो धर्मानुमोदित धर्मलब्ध **लाभ** प्राप्त होते हों, भले ही वे थाली में लगे हुए घी जितने ही क्यों न हों, उन लाभों को वह भिक्षु अपने सदाचारी साथियों में विभक्त कर उनका सामान्यतः उपभोग करता है, ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (४)

५. पुनः, भिक्षुओ! जो भिक्षु अपने अखण्ड, छिद्ररहित एवं शुद्ध, कल्मषरहित, साधुजनयोग्य, विद्वत्प्रशंसित, अनिन्द्य एवं समाधि के प्रेरक **शील** के साथ अपने साथियों में प्रकट या गुप्त आचरण करता है; ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (५)

६. पुनः, भिक्षुओ! जो दृष्टि आर्य, निर्वाण की ओर ले जाने वाली तथा दुःखक्षय तक पहुँचाने वाली है, ऐसी **दृष्टि** से युक्त होकर जो भिक्षु अपने साथियों के साथ आचरण करता है, ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये। (६)

इस प्रकार भिक्षुओ! ये छह धर्म स्मरणीय हैं॥ ●

**२. द्वितीय स्मरणीयसूत्र : : अन्य छह स्मरणीय धर्म**

१. "भिक्षुओ! ये छह धर्म स्मरणीय, परस्पर स्नेहवर्धक, गौरववर्धक, संग्रह, कलहशान्ति एवं एकता के उत्पादक हैं। कौन से छह? यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु अपने साथियों के साथ कोई

सब्रह्मचारीहि साधारणभोगी, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

४. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु यानि तानि सीलानि अखण्डानि अच्छिद्दानि असबलानि अकम्मासानि भुजिस्सानि विञ्ञुप्पसत्थानि अपरामट्ठानि समाधिसंवत्तनिकानि तथारूपेहि सीलेहि सीलसामञ्ञगतो विहरति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

५. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु यायं दिट्ठि अरिया निय्यानिका निय्याति [B.257] तक्करस्स सम्मा दुक्खक्खयाय तथारूपाय दिट्ठिया दिट्ठिसामञ्ञगतो विहरति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति। इमे खो, भिक्खवे, छ धम्मा सारणीया पियकरणा गरुकरणा सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तन्ती" ति॥ [N.13] ●

**३. निस्सारणीयसुत्तं** : १. "छयिमा, भिक्खवे, निस्सारणीया धातुयो। कतमा छ? इध, भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'मेत्ता हि खो मे चेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा; अथ च पन मे ब्यापादो चित्तं परियादाय तिट्ठती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न हिं साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठानमेतं, आवुसो, अनवकासो यं मेत्ताय चेतोविमुत्तिया भाविताय बहुलीकताय यानीकताय वत्थुकताय अनुट्ठिताय परिचिताय सुसमारद्धाय; अथ च पनस्स ब्यापादो चित्तं परियादाय ठस्सति, नेतं ठानं विज्जति। निस्सरणं हेतं, आवुसो, ब्यापादस्स यदिदं मेत्ताचेतोविमुत्ती' ति। [R.291]

---

गुप्त या प्रकट ...पूर्ववत्... ऐसे धर्म का भी स्मरण करना चाहिये॥ (१-६) *(पूर्वसूत्र का अक्षरशः विस्तार कर लें)।* ●

**३. निस्सारणीयसूत्र : : छह निस्सारणीय धर्म**

१. "भिक्षुओ! ये निस्सारणीय (बाहर निकालने योग्य) धातु होती हैं। कौन सी छह? (१) यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु यह कहे—'मैंने मैत्रीचेतोविमुक्ति की अत्यधिक साधना की है, अभ्यास किया है, इस मार्ग पर चला हूँ, उसकी वास्तविकता समझी है, उससे परिचित हुआ हूँ; परन्तु अभी मेरा चित्त व्यापाद (द्वेष) की ओर झुका हुआ है।' उसको 'ऐसा न कहो'—कहकर रोकना चाहिये। उसको बताना चाहिये—'आयुष्मन्! ऐसा न कहो! तुम भगवान् की निन्दा अनावश्यक रूप से न करो, भगवान् पर आरोप लगाना उचित नहीं है; क्योंकि भगवान् ने ऐसा कहा ही नहीं। यह सम्भव नहीं है कि मैत्रीचेतोविमुत्ति की साधना एवं अभ्यास आदि किया जाय तथा उधर द्वेष भी चित्त में अपना स्थान बनाये रखे; क्योंकि व्यापाद का निराकरण ही मैत्रीचेतोविमुक्ति कहलाता है।' (१)

२. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'करुणा हि खो मे चेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा; अथ च पन मे विहेसा चित्तं परियादाय तिट्ठती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न हि साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठानमेतं, आवुसो, अनवकासो यं करुणाय चेतोविमुत्तिया भाविताय बहुलीकताय यानीकताय वत्थुकताय अनुट्ठिताय परिचिताय सुसमारद्धाय; अथ च पनस्स विहेसा चित्तं परियादाय ठस्सति, नेतं ठानं विज्जति। निस्सरणं हेतं, आवुसो, विहेसाय यदिदं करुणाचेतोविमुत्ती' ति।

[B.258] ३. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'मुदिता हि खो मे चेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा; अथ च पन मे अरति चित्तं परियादाय तिट्ठती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न हि साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठानमेतं, आवुसो, अनवकासो यं मुदिताय चेतोविमुत्तिया भाविताय बहुलीकताय [N.14] यानीकताय वत्थुकताय अनुट्ठिताय परिचिताय सुसमारद्धाय; अथ च पनस्स अरति चित्तं परियादाय ठस्सति, नेतं ठानं विज्जति। निस्सरणं हेतं, आवुसो, अरतिया यदिदं मुदिताचेतोविमुत्ती' ति।

४. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'उपेक्खा हि खो मे चेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा; अथ च पन मे रागो चित्तं परियादाय तिट्ठती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न हि साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठान-[R.292] मेतं, आवुसो, अनवकासो यं उपेक्खाय चेतोविमुत्तिया भाविताय बहुलीकताय

---

२. ''भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु यह कहे—'मैंने करुणाचेतोविमुक्ति की पूर्ण साधना एवं अभ्यास किया है... परन्तु उसकी विरोधी विहेसा (हिंसा) अब भी मेरे चित्त का पीछा नहीं छोड़ती।' उसको भी 'ऐसा न कहो' कहकर रोकना चाहिये। उससे कहना चाहिये—'आयुष्मन्! ऐसा न कहो।...पूर्ववत्... क्योंकि विहिंसा का निस्सरण ही करुणाचेतोविमुक्ति कहलाता है।' (२)

३. ''भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षु यह कहे—'मैंने मुदिता चेतोविमुक्ति की पूर्ण साधना एवं अभ्यास किया है... परन्तु उसके विपरीत अरति (अरुचि) मेरे चित्त को बाँधे रखती है।' उसको भी 'ऐसा न कहो' कहकर रोकना चाहिये। उससे कहना चाहिये—'आयुष्मन्! ऐसा न कहो ...पूर्ववत्... क्योंकि अरति का चित्त से निराकरण ही मुदिताचेतोविमुक्ति कहलाता है।' (३)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षु यह कहे—'मैंने उपेक्षाचेतोविमुक्ति की अत्यधिक साधना एवं अभ्यास किया है... परन्तु उसके विपरीत राग मेरे चित्त पर अधिकार किये रहता है।' उसको भी 'ऐसा न कहो' कहकर रोकना चाहिये। उसको बताना चाहिये—'तुम ऐसा कहकर

यानीकताय वत्थुकताय अनुट्ठिताय परिचिताय सुसमारद्धाय; अथ च पनस्स रागो चित्तं परियादाय ठस्सति, नेतं ठानं विज्जति। निस्सरणं हेतं, आवुसो, रागस्स यदिदं उपेक्खा-चेतोविमुत्ती' ति।

५. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'अनिमित्ता हि खो मे चेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा; अथ च पन मे निमित्तानुसारि विञ्ञाणं होती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठानमेतं, आवुसो, अनवकासो यं अनिमित्ताय चेतोविमुत्तिया भाविताय बहुलीकताय यानीकताय वत्थुकताय अनुट्ठिताय परिचिताय सुसमारद्धाय; अथ च पनस्स निमित्तानुसारि विञ्ञाणं भविस्सति, नेतं ठानं विज्जति। निस्सरणं हेतं, आवुसो, सब्बनिमित्तानं यदिदं अनिमित्ता चेतोविमुत्ती' ति।

६. ''इध पन भिक्खवे, भिक्खु एवं वदेय्य—'अस्मी ति खो मे विगतं, [B.259] अयमहमस्मी ति च न समनुपस्सामि; अथ च पन मे विचिकिच्छाकथङ्कथासल्लं चित्तं परियादाय तिट्ठती' ति। सो 'मा हेवं,' तिस्स वचनीयो—'मायस्मा, एवं अवच; मा भगवन्तं अब्भाचिक्खि, न हि साधु भगवतो अब्भक्खानं, न हि भगवा एवं वदेय्य। अट्ठानमेतं, आवुसो, अनवकासो यं अस्मी ति विगते अयमहमस्मी ति च न समनुपस्सतो; अथ च पनस्स विचिकिच्छाकथङ्कथासल्लं चित्तं परियादाय ठस्सति, नेतं ठानं विज्जति। [N.15] निस्सरणं हेतं, आवुसो, विचिकिच्छाकथङ्कथासल्लस्स यदिदं अस्मी ति मानसमुग्घातो' ति। इमा खो, भिक्खवे, छ निस्सारणीया धातुयो'' ति॥ ●

---

भगवान् पर निरर्थक आरोप लगा रहे हो ...पूर्ववत्... क्योंकि राग का निराकरण ही 'उपेक्षाचेतोविमुक्ति' कहलाता है।' (४)

५. ''यहाँ पुन: भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षु ऐसा कहे—'अनिमित्त (रागादि निमित्तों का अभावरूप विमोक्ष) चेतोविमुक्ति की मैंने बहुत साधना एवं अभ्यास किया है, परन्तु रागादि-निमित्तक विज्ञान तब भी मेरे चित्त से सम्पृक्त रहता है।'' 'ऐसा न कहो'—कहकर उसको रोकना चाहिये। ...पूर्ववत्... क्योंकि सर्वविध निमित्तों का निराकरण ही 'अनिमित्ता चेतोविमुक्ति' कहलाता है। (५)

६. ''यहाँ, पुन: कोई भिक्षु यदि ऐसा कहे—'मेरा अहन्त्व भाव नष्ट हो चुका है, मैं 'यह मैं हूँ'—ऐसा भाव भी अपने चित्त में नहीं देखता; फिर भी विचिकित्सा (सन्देह) मेरे चित्त पर आरूढ रहती है।' ऐसे भिक्षु को भी 'ऐसा न कहो'—कह कर रोकना चाहिये। और कहना चाहिये—'आयुष्मन्! ऐसा न कहो, भगवान् पर मिथ्या आरोप न लगाओ! भगवान् ऐसा नहीं कह सकते; क्योंकि यह सम्भव नहीं है; न यह उचित ही है कि किसी का अहन्त्व नष्ट होने पर भी उसके चित्त पर विचिकित्सा आदि आरूढ रहें। क्योंकि विचिकित्सा आदि का चित्त से निस्सरण ही अहन्त्व का विनाश कहलाता है।' (६)

**४. भद्दकसुत्तं** : १. तत्र खो आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू आमन्तेसि—"आवुसो, [R.293] भिक्खवो" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा सारिपुत्तो एतदवोच—

२. "तथा तथा, आवुसो, भिक्खु विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो न भद्दकं मरणं होति न भद्दिका कालङ्किरिया। कथं चावुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो न भद्दकं मरणं होति न भद्दिका कालङ्किरिया?

३. "इधावुसो, भिक्खु कम्मारामो होति कम्मरतो कम्मारामतं अनुयुत्तो, भस्सारामो होति भस्सरतो भस्सारामतं अनुयुत्तो, निद्दारामो होति निद्दारतो निद्दारामतं अनुयुत्तो, सङ्गणिकारामो होति सङ्गणिकरतो सङ्गणिकारामतं अनुयुत्तो, संसग्गारामो होति संसग्गरतो संसग्गारामतं अनुयुत्तो, पपञ्चारामो होति पपञ्चरतो पपञ्चारामतं अनुयुत्तो। एवं खो, आवुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो न भद्दकं मरणं होति न भद्दिका कालङ्किरिया। अयं वुच्चतावुसो—'भिक्खु सक्कायाभिरतो नप्पजहासि सक्कायं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाय'।

[B.260] ४. "तथा तथावुसो, भिक्खु विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो भद्दकं

---

"भिक्षुओ! ये छह निस्सारणीय धातु कहलाती हैं॥" ●

**४. भद्रकसूत्र : : उत्तम मृत्यु की प्राप्ति के लिये छह धर्म आवश्यक**

१. वहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र ने भिक्षुओं को अपने पास बुलाया। भिक्षु वहाँ आये। तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने उन भिक्षुओं को यह उपदेश दिया—

२. "आयुष्मानो! कोई भिक्षु अपना वैसा क्रियाकलाप करता रहता है कि जिस क्रियाकलाप के कारण न उसको उत्तम मृत्यु हो पाती है और न उसके बाद इसके शरीर के प्रति होने वाली क्रियाएँ हीं उत्तम कही जा सकती हैं। आयुष्मानो! वह भिक्षु कैसे क्रियाकलाप करता है कि जिसके कारण होनेवाली न उसकी मृत्यु उत्तम कहलाती है और न उसके बाद होनेवाली क्रियाएँ ही उत्तम कहलाती हैं?"

३. "आयुष्मानो! यहाँ कोई भिक्षु सांसारिक विषयों में सुख मानता है, उन ही विषयों में फँसा रहता है; नाना प्रकार के कलहों में सुख मानता है, उन ही विषयों में फँसा रहता है, दिन रात सोता रहता है, निद्रा में ही सुख मानता है; लोगों की भीड़ में फँसा रहता है, उसी में सुख मानता है; विविध प्रकार के जनसमूह से सम्पृक्त रहता है तथा उस जनसमूह के सम्पर्क में ही सुख मानता है; विविध प्रपञ्चों (झगड़े झंझटों) में फँसा रहता है तथा उनहीं में सुख मानता है। आयुष्मानो! ऐसा भिक्षु वैसी वैसी साधनाओं (क्रिया-कलापों) की कल्पना करता रहता है, जिनके कारण न उसकी उत्तम मृत्यु होती है और न मरणानन्तर उसकी औध्र्वदैहिक क्रिया ही उत्तम हो पाती है। आयुष्मानो! ऐसा भिक्षु 'यह सत्कायदृष्टि में फँसे रहने के कारण सत्कायदृष्टि को न त्यागते हुए अपने दुःखों का अन्त भलीभाँति नहीं कर पाया' कहलाता है।

४. "और कोई भिक्षु अपनी साधनाएँ ऐसे कल्पित करता है कि उन साधनाओं के कारण

मरणं होति भद्दिका कालङ्किरिया। कथञ्चावुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो भद्दकं मरणं होति भद्दिका कालङ्किरिया?

५. "इधावुसो, भिक्खु न कम्मारामो होति न कम्मरतो न कम्मारामतं अनुयुत्तो, न भस्सारामो होति न भस्सरतो न भस्सारामतं अनुयुत्तो, न निद्दारामो होति न निद्दारतो न निद्दारामतं अनुयुत्तो, न सङ्गणिकारामो होति न सङ्गणिकरतो न सङ्गणिकारामतं [N.16] अनुयुत्तो, न संसग्गारामो होति न संसग्गरतो न संसग्गारामतं अनुयुत्तो, न पपञ्चारामो होति न पपञ्चरतो न पपञ्चारामतं अनुयुत्तो। एवं खो आवुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं [R.294] कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो भद्दकं मरणं होति भद्दिका कालङ्किरिया। अयं वुच्चतावुसो—'भिक्खु निब्बानाभिरतो पजहासि सक्कायं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया' ति।

"यो पपञ्चमनुयुत्तो, पपञ्चाभिरतो मगो।
विराधयी सो निब्बानं, योगक्खेमं अनुत्तरं॥
"यो च पपञ्चं हित्वान, निप्पपञ्चपदे रतो।
आराधयी सो निब्बानं, योगक्खेमं अनुत्तरं" ति॥ ●

---

उसकी मृत्यु उत्तम होती है तथा उसकी औध्र्वदैहिक क्रिया भी उत्तम ही होती है। आयुष्मानो! वह कैसे?

५. "आयुष्मानो! यहाँ जो भिक्षु १. सांसारिक विषयों में सुख नहीं मानता और न उन विषयों में अनुरक्त ही होता है; २. व्यर्थ के कलहों में सुख नहीं मानता और न उनमें अनुरक्त ही होता है; ३. न दिन रात सोता रहता है, न निद्रा में सुख ही मानता है; ४. न विविध जनसमूहों में सम्पृक्त रहता है और न उन जनसमूहों में सुख मानता है; ५. न विविध प्रपञ्चों में अनुरक्त रहता है और न उनमें किसी प्रकार का सुख मानता है; तथा ६. वह भीड़ के सम्पर्क में नहीं रहता और वह भीड़ से दूर रहने का निरन्तर प्रयास करता है। आयुष्मानो! ऐसा भिक्षु ऐसी साधनाओं की योजना बनाता है, जिनको क्रियान्वित करने से उसकी मृत्यु तथा उसके बाद की सभी क्रियाएँ भी उत्तम ही होती हैं। आयुष्मानो! ऐसा भिक्षु 'यह निर्वाणप्राप्ति के लिये सतत प्रयत्नशील है; सत्कायदृष्टि का त्याग कर दुःख का अन्त करने में लगा हुआ है'—कहलाता है।

"जो सांसारिक प्रपञ्चों में लगा हुआ है, प्रपञ्चों में ही सुख मानता है उसके लिये ऐसा समझ लेना चाहिये कि वह निर्वाणगामी मार्ग से, जो कि अद्वितीय योगक्षेम[१] का दायक है, भटक गया है॥

"परन्तु जो जगत्प्रपञ्च को छोड़कर प्रपञ्चरहित निर्वाण मार्ग पर चल निकला है वही अद्वितीय योगक्षेमयुक्त निर्वाण की आराधना (उपासना) कर रहा है॥" ●

---

१. आचार्य बुद्धघोष ने **धम्मपद** की २३वीं गाथा में **योगक्षेमं अनुत्तरं** का विशेष अर्थ यह किया है—"काम, भव, दृष्टि एवं अविद्या—ये चार धर्म योगसाधक को संसारावर्त में फँसाकर दुःखी रखते हैं। इन चारों से निर्भय होकर लौकिक एवं लोकोत्तर धर्मों में श्रेष्ठता प्राप्त होने से ही यह (निर्वाण) अनुत्तर (अद्वितीय) है। द्र०—धम्मपद अट्ठकथा, २३ गा०। —सं०

**५. अनुतप्पियसुत्तं :** १. तत्र खो आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू आमन्तेसि—''तथा तथावुसो, भिक्खु विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अनुतप्पा होति। कथं चावुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अनुतप्पा होति?

२. ''इधावुसो, भिक्खु कम्मारामो होति कम्मरतो कम्मारामतं अनुयुत्तो, भस्सारामो होति... निद्दारामो होति... सङ्गणिकारामो होति... संसग्गारामो होति... पपञ्चारामो होति पपञ्चरतो पपञ्चारामतं अनुयुत्तो। एवं खो, आवुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा [B.261] यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अनुतप्पा होति। अयं वुच्चतावुसो—'भिक्खु सक्कायाभिरतो नप्पजहासि सक्कायं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाय'।

३. ''तथा तथावुसो, भिक्खु विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अननुतप्पा होति। कथं चावुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अननुतप्पा होति?

४. ''इधावुसो, भिक्खु न कम्मारामो होति न कम्मरतो न कम्मारामतं अनुयुत्तो, [R.295] न भस्सारामो होति... न निद्दारामो होति... न सङ्गणिकारामो होति... न संसग्गारामो [N.17] होति... न पपञ्चरामो होति न पपञ्चरतो न पपञ्चारामतं अनुयुत्तो। एवं खो, आवुसो, भिक्खु तथा तथा विहारं कप्पेति यथा यथास्स विहारं कप्पयतो कालङ्किरिया अननुतप्पा होति। अयं वुच्चतावुसो—'भिक्खु निब्बानाभिरतो पजहासि सक्कायं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया' ति।

''यो पपञ्चमनुयुत्तो, पपञ्चाभिरतो मगो।
विराधयी सो निब्बानं, योगक्खेमं अनुत्तरं॥
''यो च पपञ्चं हित्वान, निप्पपञ्चपदे रतो।
आराधयी सो निब्बानं, योगक्खेमं अनुत्तरं'' ति॥ ●

**६. नकुलपितुसुत्तं :** १. एकं समयं भगवा भग्गेसु विहरति सुंसुमारगिरे

---

**५. अनुतप्यसूत्र : : छह धर्मों से युक्त पुरुष की मृत्यु पश्चात्ताप योग्य**

१. वहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र ने भिक्षुओं को आमन्त्रित कर यों उपदेश किया—''आयुष्मानो! कोई भिक्षु अपनी साधना इस तरह करने लगता है जिसके फलस्वरूप उसकी मृत्यु पश्चात्ताप (अनुताप) योग्य हो जाती है। आयुष्मानो! कैसे वह भिक्षु अपनी साधना (क्रियाकलाप) को ऐसा मोड़ दे देता है कि उसकी मृत्यु पश्चत्ताप योग्य हो जाती है?

२. ''यहाँ कोई भिक्षु सांसारिक विषयों में ही सुख मानता है ...पूर्ववत्... ॥ ●

*(पूर्वसूत्र के समान ही इस सूत्र का भी विस्तार कर लें।)*

**६. नकुलपितासूत्र : : नकुलमाता द्वारा छह धर्मों का व्याख्यान**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) भर्गप्रदेश के सुंसुमार गिरि (चुनार) स्थित भेसकड़ावन के

भेसकळावने मिगदाये। तेन खो पन समयेन नकुलपिता गहपति आबाधिको होति दुक्खितो बाळ्हगिलानो। अथ खो नकुलमाता गहपतानी नकुलपितरं गहपतिं एतदवोच—

२. "मा खो त्वं, गहपति, सापेक्खो कालमकासि। दुक्खा, गहपति, सापेक्खस्स कालङ्किरिया; गरहिता च भगवता सापेक्खस्स कालङ्किरिया। सिया खो पन ते, गहपति, एवमस्स—'न नकुलमाता गहपतानी ममच्चयेन सक्खिस्सति दारके पोसेतुं, घरावासं सन्धरितुं' ति। न खो पनेतं, गहपति, एवं दट्ठब्बं। कुसलाहं, गहपति, कप्पासं [B.262] कन्तितुं वेणिं ओलिखितुं। सक्कोमहं, गहपति, तवच्चयेन दारके पोसेतुं, घरावासं [R.296] सन्धरितुं। तस्मातिह त्वं, गहपति, मा सापेक्खो कालमकासि। दुक्खा, गहपति, सापेक्खस्स कालङ्किरिया; गरहिता च भगवता सापेक्खस्स कालङ्किरिया।

३. "सिया खो पन ते, गहपति एवमस्स—'नकुलमाता गहपतानी ममच्चयेन अञ्ञं घरं गमिस्सती' ति। न खो पनेतं, गहपति, एवं दट्ठब्बं। त्वं चेव खो, गहपति, जानासि अहं च, यं नो सोळसवस्सानि गहट्ठकं ब्रह्मचरियं समाचिण्णं। तस्मातिह त्वं, [N.18] गहपति, मा सापेक्खो कालमकासि। दुक्खा, गहपति, सापेक्खस्स कालङ्किरिया; गरहिता च भगवता सापेक्खस्स कालङ्किरिया।

४. "सिया खो पन ते, गहपति, एवमस्स—'नकुलमाता गहपतानी ममच्चयेन न

---

मृगदाव में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय नकुलपिता गृहपति किसी भयङ्कर रोग से ग्रस्त होकर अत्यधिक दुःखी था। उस समय गृहपति नकुलपिता की पत्नी नकुलमाता ने उससे यों कहा—

२. "गृहपति! आप मेरी ओर से किसी प्रकार की आशङ्का मन में रखकर अपना देहत्याग न करना; क्योंकि आशङ्कायुक्त देहत्याग की भगवान् ने भी निन्दा की है। सम्भवतः आपके मन में यह आशङ्का हो—'यह मेरी पत्नी नकुलमाता मेरे देहत्याग के बाद मेरे बाल-बच्चों का पालन-पोषण न कर पायगी, घर को आज के समान सुव्यवस्थित न रख सकेगी।' गृहपति! आपको यह शङ्का नहीं करनी चाहिये; क्योंकि मैं रूई से सूत कातना एवं चोटी गूँथना बहुत अच्छा जानती हूँ, ये कार्य कर, आपके मरणानन्तर भी इन बाल-बच्चों का यथावत् पालन-पोषण करने में समर्थ हूँ। अतः आप, गृहपति! अपने मन में एतद्विषयक किसी प्रकार की आशङ्का रखते हुए देहत्याग न करना; क्योंकि मन में किसी प्रकार की आशङ्का रखते हुए देहत्याग करना बहुत दुःखप्रद होता है; ऐसे देहत्याग की भगवान् ने भी निन्दा ही की है। (१)

३. "या फिर, गृहपति! आपके मन में मेरे प्रति यह आशङ्का हो—'यह नकुलमाता मेरे मरणानन्तर किसी दूसरे के साथ विवाह कर उसके घर चली जायगी।' गृहपति! आपको मेरे प्रति यह भी शङ्का न करनी चाहिये; क्योंकि गृहपति! आप और मैं दोनों ही जानते हैं कि हम दोनों ने अपना वह सोलह वर्ष का वैवाहिक जीवन कितने सौमनस्य एवं परस्पर सहमतिपूर्वक बिताया है। अतः गृहपति! आप एतद्विषयक आशङ्का रखते हुए भी देहत्याग न करना; क्योंकि मन में ...पूर्ववत्... भगवान् ने भी निन्दा ही की है। (२)

४. "या, गृहपति! आपके मन में मेरे प्रति यह आशङ्का हो—'यह नकुलमाता मेरे मरने के

७. ''पुन च परं, आवुसो, अरियसावको देवता अनुस्सरति—'सन्ति देवा चातुमहाराजिका, सन्ति देवा ...पे०... ततुत्तरि। यथारूपाय सद्धाय समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना; मय्हं पि तथारूपा सद्धा संविज्जति। यथारूपेन सीलेन... सुतेन... चागेन... पञ्ञाय समन्नागता ता देवता इतो चुता तत्थ उपपन्ना; मय्हं पि तथारूपा [R.317] पञ्ञा संविज्जती' ति। यस्मिं, आवुसो, समये अरियसावको अत्तनो च तासं च देवतानं सद्धं च सुतं च चागं च पञ्ञं च अनुस्सरति नेवस्स तस्मिं समये रागपरियुट्ठितं चित्तं होति, न दोसपरियुट्ठितं चित्तं होति, न मोहपरियुट्ठितं चित्तं होति; उजुगतमेवस्स तस्मिं समये चित्तं होति, निक्खन्तं मुत्तं वुट्ठितं गेधम्हा। 'गेधो' ति खो, आवुसो, पञ्चन्नेतं कामगुणानं अधिवचनं। स खो सो, आवुसो, अरियसावको सब्बसो आकाससमेन चेतसा विहरति विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्झेन। इदं पि खो, आवुसो, आरम्मणं करित्वा एवमिधेकच्चे सत्ता विसुद्धिधम्मा भवन्ति। (६)

८. ''अच्छरियं, आवुसो; अब्भुतं, आवुसो! यावञ्चिदं तेन भगवता जानता पस्सता अरहता सम्मासम्बुद्धेन सम्बाधे ओकासाधिगमो अनुबुद्धो सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं छ अनुस्सतिट्ठानानी'' ति॥ ●

**७. पठमसमयसुत्तं** : १. अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा तेनुप- [N.36] सङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो [B.280] खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—

---

८. ''आयुष्मानो! यह आश्चर्यजनक एवं अद्भुत बात है कि ...पूर्ववत्... छह अनुस्मृति स्थान (का अभ्यास) ही वह मार्ग है॥'' ●

"कति नु खो, भन्ते, समया मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं" ति?

२. "छयिमे, भिक्खु, समया मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। कतमे छ? इध, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु कामरागपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति कामरागपरेतेन, उप्पन्नस्स च कामरागस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं खो, आवुसो, कामराग- [R.318] परियुट्ठितेन चेतसा विहरामि कामरागपरेतेन, उप्पन्नस्स च कामरागस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति। साधु वत मे आयस्मा कामरागस्स पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु कामरागस्स पहानाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु पठमो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

३. "पुन च परं, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु ब्यापादपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति ब्यापादपरेतेन, उप्पन्नस्स च ब्यापादस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति तस्मिं समये मनो-भावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं खो, आवुसो, ब्यापाद-परियुट्ठितेन चेतसा विहरामि ब्यापादपरेतेन, उप्पन्नस्स च ब्यापादस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानामि। साधु वत मे आयस्मा ब्यापादस्स पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनो-

---

**७. प्रथम समयसूत्र : : पूज्य भिक्षु के दर्शन हेतु जाने के छह अवसर**

१. तब कोई भिक्षु भगवान् के पास गया। वहाँ जाकर वह भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस भिक्षु ने भगवान् से यह निवेदन किया—

"भन्ते! पूजनीय भिक्षु के दर्शन हेतु जाने का कौन सा उचित अवसर है?"

२. "भिक्षु! पूजनीय भिक्षु के दर्शन हेतु जाने के ये छह उचित अवसर हैं। कौन से छह? यहाँ, भिक्षु! जिस समय किसी साधक भिक्षु का चित्त साधना के समय काम से सम्पृक्त होने के कारण चञ्चल होने लगे तथा उसे उस उत्पन्न कामराग से मुक्ति का कोई उपाय न सूझे, उस समय उसको अपने पूजनीय भिक्षु के पास जाकर यह पूछना चाहिये—'आयुष्मन्! मेरा चित्त कामराग से सम्पृक्त होने के कारण चञ्चल है तथा मैं इस कामराग से मुक्ति का कोई उपाय भी नहीं समझ पा रहा हूँ। अच्छा हो, आयुष्मन्! कि आप मुझको इससे मुक्ति के किसी उपाय की देशना करें।' तब वह पूजनीय भिक्षु उस साधक भिक्षु को कामराग से मुक्ति का उपाय बताता है। भिक्षु! यह **पहला अवसर** है, जब किसी पूजनीय भिक्षु के दर्शनहेतु उसके पास जाना चाहिये। (१)

३. पुनः, भिक्षु! जिस समय किसी भिक्षु का चित्त साधना में किसी के प्रति द्वेषभाव से सम्पृक्त होकर चञ्चल होने लगे तथा उस द्वेष से मुक्ति का मार्ग उस साधक को न दिखायी दे, उस समय उस भिक्षु को अपने किसी पूजनीय भिक्षु के सम्मुख जाकर यों निवेदन करना चाहिये—'आयुष्मन्! मेरा चित्त साधना के समय, किसी के प्रति द्वेषभाव से सम्पृक्त होने के कारण, चञ्चल हो जाता है। उससे मुक्ति का उपाय मैं नहीं जानता। अतः अच्छा हो, आयुष्मन्! कि आप मुझे इस द्वेष से मुक्ति के किसी उपाय की देशना करें।' तब वह पूज्य भिक्षु उस साधक को द्वेष से मुक्ति का

भावनीयो भिक्खु ब्यापादस्स पहानाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, दुतियो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

४. ''पुन च परं, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु थीनमिद्धपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति थीनमिद्धपरेतेन, उप्पन्नस्स च थीनमिद्धस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं खो, आवुसो, थीनमिद्ध-परियुट्ठितेन चेतसा विहरामि थीनमिद्धपरेतेन, उप्पन्नस्स च थीनमिद्धस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानामि। साधु वत मे आयस्मा थीनमिद्धस्स पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स [N.37] मनोभावनीयो भिक्खु थीनमिद्धस्स पहानाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, ततियो [B.281] समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

५. ''पुन च परं, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु उद्धच्चकुक्कुच्चपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति उद्धच्चकुक्कुच्चपरेतेन, उप्पन्नस्स च उद्धच्चकुक्कुच्चस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं खो, आवुसो, उद्धच्चकुक्कुच्चपरियुट्ठितेन चेतसा विहरामि उद्धच्चकुक्कुच्चपरेतेन, उप्पन्नस्स च उद्धच्चकुक्कुच्चस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानामि। साधु वत मे [R.319] आयस्मा उद्धच्चकुक्कुच्चस्स पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु उद्धच्चकुक्कुच्चस्स पहानाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, चतुत्थो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

६. ''पुन च परं, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु विचिकिच्छापरियुट्ठितेन चेतसा विहरति विचिकिच्छापरेतेन, उप्पन्नाय च विचिकिच्छाय निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति

---

उपाय बताते हुए धर्मदेशना करता है। भिक्षु! यह **दूसरा अवसर** है, जब साधक भिक्षु को किसी पूजनीय भिक्षु के दर्शनहेतु उसके पास जाना चाहिये। (२)

४. ''पुनः, भिक्षु! जिस समय किसी साधक भिक्षु का चित्त साधना के समय स्त्यानमृद्ध (आलस्य) से सम्पृक्त होकर चञ्चल होने लगे तथा वह साधक उस स्त्यानमृद्ध से मुक्त होने का उपाय भी न जानता हो, तब उस साधक को पूजनीय भिक्षु के पास जाकर यों निवेदन करना चाहिये—आयुष्मन्! मेरा चित्त ...पूर्ववत्...। तब वह पूजनीय भिक्षु उसको स्त्यानमृद्ध से मुक्ति हेतु धर्मदेशना करता है। भिक्षु! यह **तीसरा अवसर** है जब किसी साधक को पूजनीय भिक्षु के दर्शनहेतु उसके पास जाना चाहिये। (३)

५. ''पुनः, भिक्षु! जिस समय किसी साधक भिक्षु का चित्त साधना के समय औद्धत्य कौकृत्य (अविनय) से सम्पृक्त होकर चञ्चल होने लगे...पूर्ववत्...। तब वह पूजनीय भिक्षु उसको औद्धत्य कौकृत्य से मुक्ति हेतु धर्मदेशना करता है। भिक्षु! यह **चतुर्थ अवसर** है जब किसी साधक को पूजनीय भिक्षु के दर्शन हेतु उसके पास जाना चाहिये। (४)

६. ''पुनः. भिक्षु! जिस समय किसी साधक भिक्षु का चित्त साधना के समय किसी विचिकित्सा (सन्देह) से सम्पृक्त होने के कारण चञ्चल होने लगे ...पूर्ववत्...। तब वह पूजनीय

तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं, आवुसो, विचिकिच्छापरियुट्ठितेन चेतसा विहरामि विचिकिच्छापरेतेन, उप्पन्नाय च विचिकिच्छाय निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानामि। साधु वत मे आयस्मा विचिकिच्छाय पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु विचिकिच्छाय पहानाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, पञ्चमो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

७. ''पुन च परं, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो अनन्तरा आसवानं खयो होति तं निमित्तं नप्पजानाति तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—'अहं खो, आवुसो, यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो अनन्तरा आसवानं खयो होति, तं निमित्तं नप्पजानामि। साधु वत मे आयस्मा आसवानं खयो धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु आसवानं खयाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, छट्ठो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। इमे खो, भिक्खु, छ समया मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति॥ ●

[N.38,B.282,R.320] **८. दुतियसमयसुत्तं** : १. एकं समयं सम्बहुला थेरा भिक्खू बाराणसियं विहरन्ति, इसिपतने मिगदाये। अथ खो तेसं थेरानं भिक्खूनं पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तानं मण्डलमाळे सन्निसिन्नानं सन्निपतितानं अयमन्तराकथा उदपादि— ''को नु खो, आवुसो, समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति?

२. एवं वुत्ते अञ्ञतरो भिक्खु थेरे भिक्खू एतदवोच—''यस्मिं, आवुसो, समये

---

भिक्षु उसकी विचिकित्सा की निवृत्ति हेतु उसको धर्मदेशना करता है। भिक्षु! यह **पञ्चम अवसर** है जब ...पूर्ववत्... उसके पास जाना चाहिये। (५)

७. ''पुनः, भिक्षु! जिस समय कोई साधक किसी निमित्त का आलम्बन कर या उसको स्वचित्त में बैठाकर अपने आश्रवों का क्षय करना चाहे, परन्तु वह उस निमित्त को ही न जानता हो, उस समय उस साधक को पूजनीय भिक्षु के पास ...पूर्ववत्...। तब वह पूजनीय भिक्षु उस निमित्त की अधिगति कराने हेतु उसको धर्मदेशना करता है। भिक्षु! यह **षष्ठ अवसर** है जब ...पूर्ववत्... उसके पास जाना चाहिये।

''भिक्षु ये छह अवसर हैं जब किसी साधक भिक्षु को पूजनीय भिक्षु के पास जाना चाहिये॥'' ●

**८. द्वितीय समयसूत्र : : पूज्य भिक्षु के पास जाने के छह अवसर**

१. एक समय बहुत से स्थविर भिक्षु वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब कभी भिक्षाकर्म के बाद वृत्ताकारमण्डप में एकत्र बैठे उन भिक्षुओं में आध्यात्मिक वार्तालाप में यह प्रसङ्ग उठ गया—''आयुष्मानो! किसी पूज्य गुरु के पास जाने का कौन सा उचित अवसर है?''

२. यह प्रसङ्ग उठने पर एक भिक्षु ने अन्य उपस्थित भिक्षुओं से यह कहा—''जिस समय,

मनोभावनीयो भिक्खु पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो पादे पक्खालेत्वा निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति।

३. एवं वुत्ते अञ्ञतरो भिक्खु तं भिक्खु एतदवोच—''न खो, आवुसो, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। यस्मिं, आवुसो, समये मनोभावनीयो भिक्खु पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो पादे पक्खालेत्वा निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, चारित्तकिलमथो पिस्स तस्मिं समये अप्पटिप्पस्सद्धो होति, भत्तकिलमथो पिस्स तस्मिं समये अप्पटिप्पस्सद्धो होति। तस्मा सो असमयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। यस्मिं, आवुसो समये मनोभावनीयो भिक्खु सायन्हसमयं पटिल्लाना वुट्ठितो विहारपच्छायाय निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति।

४. एवं वुत्ते अञ्ञतरो भिक्खु तं भिक्खुं एतदवोच—''न खो, आवुसो, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। यस्मिं, आवुसो, समये मनो- [R.321] भावनीयो भिक्खु सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो विहारपच्छायायं निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, यदेवस्स दिवा समाधिनिमित्तं मनसिकतं होति तदेवस्स तस्मिं समये समुदाचरति। तस्मा सो असमयो मनो- [B.283] भावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। यस्मिं, आवुसो, समये मनोभावनीयो [N.39] भिक्खु रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति।

---

आयुष्मानो! पूज्य भिक्षु भिक्षाचर्या के बाद भोजनकर्म से निवृत्त होकर, पैर धोकर, आसन लगाकर, शरीर को सरल कर स्मृतिपूर्वक विराजमान हो—वह समय उनके दर्शन करने का सबसे उचित है''। (१)

३. ऐसा कहे जाने पर कोई दूसरा भिक्षु बोला—''आयुष्मानो! उन पूज्य गुरु के दर्शन का वह उचित समय नहीं हैं जब वे भोजनक्रिया से निवृत्त होकर विराजमान हों; क्योंकि हो सकता है उनका उस समय धर्मदेशना का स्वाभाविक अभ्यास न हो, या भुक्त भोजन का मद उनको कुछ कष्ट दे रहा हो। अत: उस समय पूजनीय भिक्षु का दर्शन करना अनुचित ही होगा। अच्छा तो यह होगा कि जब वे पूजनीय भिक्षु सायङ्काल एकान्त साधना से निवृत्त होकर साधनास्थल के बाहर सुख एवं स्मृतिपूर्वक आसन पर बैठे हों उस समय उनका दर्शन करना उचित होगा।'' (२)

४. ऐसा कहे जाने पर कोई तीसरा भिक्षु बोला—''नहीं, आयुष्मानो! यह समय भी मुझको उचित नहीं लगता; क्योंकि उस समय उन पूजनीय भिक्षु का शरीर अपेक्षाकृत अधिक ओज:सम्पन्न रहता है, अत: उस समय वे स्वयं बुद्धोपदेशों का चिन्तन-मनन करते हैं, ऐसे पवित्र कार्य में किसी

५. एवं वुत्ते अञ्ञतरो भिक्खु तं भिक्खुं एतदवोच—"न खो, आवुसो, सो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। यस्मिं, आवुसो, समये मनोभावनीयो भिक्खु रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय निसिन्नो होति पल्लङ्कं आभुजित्वा उजुं कायं पणिधाय परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा, ओजट्ठायिस्स तस्मिं समये कायो होति फासुस्स होति बुद्धानं सासनं मनसि कातुं। तस्मा सो असमयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं" ति।

६. एवं वुत्ते आयस्मा महाकच्चानो थेरे भिक्खू एतदवोच—"सम्मुखा मेतं, आवुसो, भगवतो सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं—'छयिमे, भिक्खु समया मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं। कतमे छ? इध, भिक्खु, यस्मिं समये भिक्खु कामराग-परियुट्ठितेन चेतसा विहरति कामरागपरेतेन, उप्पन्नस्स च कामरागस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति, तस्मिं समये मनोभावनीयो भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—अहं [R.322] खो, आवुसो, कामरागस्स निस्सरणं यथाभूतं नप्पजानाति। साधु वत मे आयस्मा कामरागस्स पहानाय धम्मं देसेतू' ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु कामरागस्स पहानाय धम्मं देसेति। अयं भिक्खु पठमो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं।

७. 'पुन च परं, भिक्खु यस्मिं समये भिक्खु ब्यापादपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति ...पे०... थीनमिद्धपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति... उद्धच्चकुक्कुच्चपरियुट्ठितेन चेतसा विहरति ... विचिकिच्छापरियुट्ठितेन चेतसा विहरति... यं निमित्तं आगम्म यं निमित्तं मनसिकरोतो अनन्तरा आसवानं खयो होति, तं निमित्तं न जानाति न पस्सति, तस्मिं समये मनोभावनीयो [B.284] भिक्खु उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—अहं खो, आवुसो, यं निमित्तं आगम्म [N.40] यं निमित्तं मनसिकरोतो अनन्तरा आसवानं खयो होति तं निमित्तं न जानामि न पस्सामि। साधु वत मे आयस्मा आसवानं खयाय धम्मं देसेतू ति। तस्स मनोभावनीयो भिक्खु आसवानं खयाय धम्मं देसेति। अयं, भिक्खु, छट्ठो समयो मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं'।

---

के द्वारा विघ्न डालना उचित नहीं कहलायगा। अत: वह समय भी उन पूजनीय भिक्षु के दर्शन का उचित अवसर नहीं है।"

६. ऐसा कहे जाने पर आयुष्मान् महाकात्यायन उन स्थविर भिक्षुओं से यों बोले—"आयुष्मानो! मैंने भगवान् को देशना करते हुए स्वयं सुना है तथा उनही के सम्मुख मैंने इस प्रसङ्ग को समझा है। इस विषय में उनकी देशना यह है—'भिक्षु! पूजनीय भिक्षु के दर्शन करने के छह उचित अवसर हैं। ...पूर्ववत्...[१]। भिक्षुओ! यह छठा उचित अवसर उस पूजनीय भिक्षु के पास जाने का।

७. ...पूर्ववत्... *(उपर्युक्त छठे उपबन्ध का पुन: विस्तार कर लें।)*॥ •

---

१. यहाँ अनुपद में वर्णित **प्रथम समयसूत्र** के अविकल पाठ का विस्तार कर लें।

८. ''सम्मुखा मेतं, आवुसो, भगवतो सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं—'इमे खो, भिक्खु, छ समया मनोभावनीयस्स भिक्खुनो दस्सनाय उपसङ्कमितुं''' ति॥ ●

**९. उदायीसुत्तं :** १. अथ खो भगवा आयस्मन्तं उदायिं आमन्तेसि—''कति नु खो, उदायि, अनुस्सतिट्ठानानी'' ति? एवं वुत्ते आयस्मा उदायी तुण्ही अहोसि। दुतियं पि खो भगवा आयस्मन्तं उदायिं आमन्तेसि—''कति नु खो, उदायि, अनुस्सतिट्ठानानी'' ति? दुतियं पि खो आयस्मा उदायी तुण्ही अहोसि। ततियं पि खो भगवा आयस्मन्तं उदायिं आमन्तेसि—''कति नु खो, उदायि, अनुस्सतिट्ठानानी'' ति? ततियं पि खो आयस्मा उदायी तुण्ही अहोसि।

२. अथ खो आयस्मा आनन्दो आयस्मन्तं उदायिं एतदवोच—''सत्था तं, आवुसो उदायि, आमन्तेसी'' ति?

''सुणोमहं, आवुसो आनन्द, भगवतो। इध, भन्ते, भिक्खु अनेकविहितं [R.323] पुब्बेनिवासं अनुस्सरति—सेय्यथीदं एकं पि जातिं द्वे पि जातियो ...पे०...। इति साकारं सउद्देसं अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं'' ति।

३. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''अञ्ञासिं खो अहं, आनन्द—'नेवायं उदायी मोघपुरिसो अधिचित्तं अनुयुत्तो विहरती' ति। कति नु खो, आनन्द, अनुस्सतिट्ठानानी'' ति?

४. ''पञ्च, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानानि। कतमानि पञ्च? इध, भन्ते, भिक्खु विविच्चेव कामेहि ...पे०... ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं एवं भावितं एवं बहुलीकतं दिट्ठधम्मसुखविहाराय संवत्तति।

---

**९. उदायिसूत्र : : छह अनुस्मृतिस्थान**

१. तब भगवान् ने आयुष्मान् उदायी से पूछा—'उदायि! अनुस्मृतिस्थान कितने होते हैं?' प्रश्न सुनकर भी आयुष्मान् उदायी चुप ही रहा। तब भगवान् ने दूसरी बार ...पूर्ववत्... तीसरी बार भी यही प्रश्न किया, तब भी आयुष्मान् उदायी चुप ही रहा।

२. तब आयुष्मान् आनन्द आयुष्मान् उदायी से बोले—''आयुष्मान् उदायि! भगवान् तुमसे कुछ पूछ रहे हैं!''

''हाँ, आयुष्मान् आनन्द! मैं भगवान् का प्रश्न सुन रहा हूँ। भन्ते! यहाँ कोई भिक्षु अपने पूर्व जन्मों का स्मरण करता है; जैसे—एक जन्म को भी, दो जन्मों को भी ...पूर्ववत्... यों वह आकार एवं उद्देशसहित अपने अनेक जन्मों का स्मरण करता है। भन्ते! यही 'अनुस्मृतिस्थान' कहलाता है।''

३. तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा—''आनन्द! मैं जानता था कि यह मूर्ख उदायी मन लगाकर साधना नहीं कर रहा है। अच्छा, आनन्द! तुम बताओ—अनुस्मृतिस्थान कितने होते हैं?''

४. ''भन्ते! अनुस्मृतिस्थान पाँच होते हैं। कौन से पाँच? यहाँ, भन्ते! कोई भिक्षु कामभोगों

[N.41] ५. ''पुन च परं, भन्ते, भिक्खु आलोकसञ्ञं मनसि करोति, दिवा सञ्ञं अधिट्ठाति, यथा दिवा तथा रत्तिं, यथा रत्तिं तथा दिवा; इति विवटेन चेतसा अपरियोनद्धेन [B.285] सप्पभासं चित्तं भावेति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं एवं भावितं एवं बहुलीकतं ञाणदस्सनप्पटिलाभाय संवत्तति।

६. ''पुन च परं, भन्ते, भिक्खु इममेव कायं उद्धं पादतला अधो केसमत्थका तचपरियन्तं पूरं नानप्पकारस्स असुचिनो पच्चवेक्खति—'अत्थि इमस्मिं काये केसा लोमा नखा दन्ता तचो मंसं न्हारु अट्ठि अट्ठिमिञ्जं वक्कं हदयं यकनं किलोमकं पिहकं पप्फासं अन्तं अन्तगुणं उदरियं करीसं पित्तं सेम्हं पुब्बो लोहितं सेदो मेदो अस्सु वसा खेळो सिङ्घाणिका लसिका मुत्तं' ति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं एव भावितं एवं बहुलीकतं कामरागप्पहानाय संवत्तति।

[R.324] ७. ''पुन च परं, भन्ते, भिक्खु सेय्यथापि पस्सेय्य सरीरं सीवथिकाय छड्डितं एकाहमतं वा द्वीहमतं वा तीहमतं वा उद्धुमातकं विनीलकं विपुब्बकजातं, सो इममेव कायं एवं उपसंहरति—'अयं पि खो कायो एवंधम्मो एवंभावी एवंअनतीतो' ति।

८. ''सेय्यथापि वा पन पस्सेय्य सरीरं सीवथिकाय छड्डितं काकेहि वा खज्जमानं कुललेहि वा खज्जमानं गिज्झेहि वा खज्जमानं सुनखेहि वा खज्जमानं सिङ्गालेहि वा

---

से दूर रहकर ...पूर्ववत्... तृतीय ध्यान प्राप्त कर साधना करता है। भन्ते! इस अनुस्मृतिस्थान की भावना एवं अभ्यास सत्य के साक्षात्कार में बहुत अधिक उपयोगी होते हैं। (१)

५. ''पुनः, भन्ते! साधक भिक्षु आलोकसंज्ञा की मन में भावना करता है, दिवासंज्ञा की भावना करता है। 'जैसे दिन वैसी रात्रि या जैसी रात्रि वैसा दिन'—इस प्रकार खुले एवं स्वतन्त्र मन से आलोकमय चित्त की भावना करता है। भन्ते! यह भी एक अनुस्मृतिस्थान है, जिसकी साधना ज्ञानदर्शन की प्राप्ति में अत्यधिक उपयोगी होती है। (२)

६. ''पुनः, भन्ते! साधक भिक्षु अपनी काया में विविध अशुचि का, ऊपर से पैरों तक तथा नीचे से केशमस्तक तक, प्रत्यवेक्षण करता है—'इस काया में केश, लोम, नख, दाँत, त्वचा, मांस, स्नायु, अस्थि, मज्जा, वृक्क, हृदय, यकृत् क्लोम, प्लीहा, फुफ्फुस, छोटी आँत, बड़ी आँत, उदर में पड़ा मल, पित्त, कफ, पूय, रक्त, स्वेद, मेद, आँसू क्ष्वेड़ (खंखार) सिङ्घाणिका (नाक का मल), लसीका एवं मूत्र हैं। भन्ते! ऐसा प्रत्यवेक्षण भी एक अनुस्मृतिस्थान होता है, जिसकी साधना एवं अभ्यास कामराग के प्रहाण में अतिशय उपयोगी होते हैं।' (३)

७. ''पुनः, भन्ते! साधक भिक्षु कभी किसी श्मशान में फेंका हुआ एक दिन, दो दिन या तीन दिन पूर्व मरे हुए मानव का शरीर देखे, जो फूला हुआ, नीला पड़ा हुआ, मवाद (पूय) से भरा हुआ हो। वह उस शरीर की अपने शरीर से तुलना करता हुआ यह निष्कर्ष निकाले—'यह शरीर भी इसी स्वभाव वाला, इसी धर्मवाला, इसी गतिवाला है। इसकी भी गति इसके विपरीत नहीं हो सकती।'

८. ''अथवा, भिक्षुओ! कोई साधक मानव के मृत शरीर को कहीं पड़ा हुआ देखे, जो कौओं से खाया जा रहा हो, चील, गिद्ध या कुत्तों या गीदड़ों से नोंचा जा रहा हो या नाना प्रकार के जीवों

खज्जमानं विविधेहि वा पाणकजातेहि खज्जमानं, सो इममेव कायं एवं उपसंहरति—'अयं पि खो कायो एवंधम्मो एवंभावी एवंअनतीतो' ति।

९. "सेय्यथापि वा पन पस्सेय्य सरीरं सीवथिकाय छड्डितं अट्ठिकसङ्खलिकं समंसलोहितं न्हारुसम्बन्धं ...पे०... अट्ठिकसङ्खलिकं निम्मंसलोहितमक्खितं न्हारुसम्बन्धं ... अट्ठिकसङ्खलिकं अपगतमंसलोहितं न्हारुसम्बन्धं। अट्ठिकानि अपगतसम्बन्धानि दिसाविदिसाविक्खित्तानि, अञ्ञेन हत्थट्ठिकं अञ्ञेन पादट्ठिकं अञ्ञेन जङ्घट्ठिकं अञ्ञेन ऊरुट्ठिकं अञ्ञेन कटिट्ठिकं अञ्ञेन फासुट्ठिकं अञ्ञेन पिट्ठिकण्टकट्ठिकं [N.42,B.286] अञ्ञेन खन्धट्ठिकं अञ्ञेन गीवट्ठिकं अञ्ञेन हनुकट्ठिकं अञ्ञेन दन्तकट्ठिकं अञ्ञेन सीसकटाहं, अट्ठिकानि सेतानि सङ्खवण्णप्पटिभागानि अट्ठिकानि पुञ्जकितानि [R.325] तेरोवस्सिकानि अट्ठिकानि पूतीनि चुण्णकजातानि, सो इममेव कायं एवं उपसंहरति—'अयं पि खो कायो एवंधम्मो एवंभावी एवंअनतीतो' ति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं एवं भावितं एवं बहुलीकतं अस्मिमानसमुग्घाताय संवत्तति।

१०. "पुन च परं, भन्ते, भिक्खु सुखस्स च पहाना ...पे०... चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं, भन्ते, अनुस्सतिट्ठानं एवं भावितं एवं बहुलीकतं अनेकधातुपटिवेधाय संवत्तति। इमानि खो, भन्ते, पञ्च अनुस्सतिट्ठानानी" ति।

११. ""साधु, साधु, आनन्द! तेन हि त्वं, आनन्द, इदं पि छट्ठं अनुस्सतिट्ठानं धारेहि। इधानन्द, भिक्खु सतो व अभिक्कमति सतो व पटिक्कमति सतो व तिट्ठति सतो व निसीदति सतो व सेय्यं कप्पेति सतो व कम्मं अधिट्ठाति। इदं, आनन्द, अनुस्सतिट्ठानं एवं भावितं एवं बहुलीकतं सतिसम्पजञ्ञाय संवत्तती" ति॥ ●

---

से खाया जा रहा हो। उसे देखकर उससे अपने शरीर की तुलना करें और यह निष्कर्ष निकाले ...पूर्ववत्... इसकी भी उसके विपरीत गति नहीं हो सकती।

९. "या जैसे वह किसी ऐसे मृत शरीर को देखे जिसका अस्थिसमूह मांस, रक्त एवं स्नायुओं से बँधा हो... या जिसका अस्थिसमूह (कङ्काल) मांस, रक्त एवं स्नायुओं से रहित हो। उसकी हड्डियाँ इधर उधर ऐसी बिखरी हों, जैसे—कहीं पैर की, कहीं हाथ की, कहीं घुटने की, कहीं जङ्घा की... कहीं कटि की, कहीं पीठ की, कहीं गले की, कहीं ठोड़ी (हनु) की, कहीं दाँतों की, और कहीं सिर का कपाल। वह इस बिखरे हुए श्वेत शङ्खतुल्य चूर्ण, विचूर्ण अस्थिसमूह से अपने शरीर की तुलना कर यही निष्कर्ष निकालता है कि एक दिन उसके शरीर की भी यही दशा होगी, इसके विपरीत नहीं। भन्ते! यह भी एक अनुस्मृतिस्थान है इसकी साधना एवं अभ्यास भी संसार के प्रति ममत्व (अभिमान) के नाश के लिये अतिशय उपयोगी होता है। (४)

१०. "पुनः, भन्ते! कोई साधक भिक्षु सुख के प्रहाण से ...पूर्ववत्... चतुर्थ ध्यान प्राप्त कर साधना करता है। भन्ते! यह अनुस्मृतिस्थान भी इस तरह साधना एवं अभ्यास करने पर अनेक धातुओं (मानसिक अवस्थाओं) के प्रतिवेध के लिये अत्यधिक उपयोगी होता है।" (५)

११. "साधु साधु, आनन्द! साधु! तुमने बहुत उचित कहा। अब तुम एक छठे अनुस्मृति-

**१०. अनुत्तरियसुत्तं :** १. ''छयिमानि, भिक्खवे, अनुत्तरियानि। कतमानि छ? दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं, लाभानुत्तरियं, सिक्खानुत्तरियं, पारिचरियानुत्तरियं, अनुस्सतानुत्तरियं ति।

२. ''कतमं च, भिक्खवे, **दस्सनानुत्तरियं**? इध, भिक्खवे, एकच्चो हत्थिरतनं पि दस्सनाय गच्छति, अस्सरतनं पि दस्सनाय गच्छति, मणिरतनं पि दस्सनाय गच्छति, उच्चावचं वा पन दस्सनाय गच्छति, समणं वा ब्राह्मणं वा मिच्छादिट्ठिकं मिच्छापटिपन्नं दस्सनाय गच्छति। अत्थेतं, भिक्खवे, दस्सनं; नेतं नत्थी ति वदामि। तं च खो एतं, भिक्खवे, दस्सनं हीनं गम्मं पोथुज्जनिकं अनरियं अनत्थसंहितं, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय
[N.43] न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। यो च खो,
[R.326] भिक्खवे, तथागतं वा तथागतसावकं वा दस्सनाय गच्छति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो
[B.287] एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, एतदानुत्तरियं, भिक्खवे, दस्सनानं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागतं वा तथागतसावकं वा दस्सनाय गच्छति निविट्ठ-सद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं वुच्चति, भिक्खवे, दस्सनानुत्तरियं। इति दस्सनानुत्तरियं।



---

स्थान को और जोड़ लो। इसकी भी साधना करो। साधक भिक्षु अथवा अभिक्रमण, प्रतिक्रमण, खड़े रहना, बैठना, सोना—आदि सभी क्रियाएँ स्मृतिपूर्वक ही करे। आनन्द! इस अनुस्मृतिस्थान की साधना साधक के स्मृतिसम्प्रजन्य को बढ़ाती है॥''

**१०. अनुत्तर्यसूत्र : : छह अनुत्तर्य धर्म**

१. ''भिक्षुओ! ये छह अनुत्तर्य धर्म होते हैं। कौन से छह? (१) दर्शनानुत्तर्य, (२) श्रवणा-नुत्तर्य, (३) लाभानुत्तर्य, (४) शिक्षानुत्तर्य, (५) परिचर्यानुत्तर्य, एवं (६) अनुस्मृतानुत्तर्य।

२. ''भिक्षुओ! इनमें **दर्शनानुत्तर्य** क्या होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई अच्छा हाथी देखने जाता है, कोई अच्छा घोड़ा देखने जाता है, कोई अच्छा मणिरत्न, कोई ऊँची-नीची चीजों को देखने जाता है, कोई मिथ्यादृष्टि और मिथ्यासाधना में रत श्रमण या ब्राह्मण के दर्शन करने जाता है। भिक्षुओ! ये सब भी 'दर्शन' हैं। 'ये 'दर्शन' नहीं हैं'—ऐसा मैं नहीं कहता; परन्तु ये उपर्युक्त दर्शन निकृष्ट, ग्राम्य (अलक्ष्मीकर), मूर्खों द्वारा ही करणीय तथा अनार्यों द्वारा सेवित एवं अनर्थबहुल हैं। ये दर्शन न संसार से ग्लानि या वैराग्य कराने में समर्थ हैं, न चित्त को शान्त कराने वाले हैं, न चित्तनिरोध, न चित्त की शान्ति, न अभिज्ञा, न सम्बोधि (बुद्धत्व), या निर्वाण की ओर ले जाने वाले हैं। परन्तु, भिक्षुओ! जो श्रावक तथागत या तथागतशिष्य में श्रद्धा कर लेता है, वह वैसा श्रद्धालु, प्रेमी, एकान्तवासी और तथागत का धर्मश्रवण कर सर्वथा प्रसन्न होता है। उस आर्यश्रावक की श्रद्धालाभ की यह अनुत्तरता (अद्वितीयता) ही, भिक्षुओ! प्राणियों की चित्त-विशुद्धि के लिये, सांसारिक शोक विलाप को दूर करने के लिये, दु:ख एवं दौर्मनस्य के नाश के लिये, ज्ञान की प्राप्ति के लिये, निर्वाण के साक्षात्कार के लिये उपयोगी है। अत: तथागत या तथागतश्रावक में श्रद्धा, स्नेह

३. "**सवनानुत्तरियं** च कथं होति? इध, भिक्खवे, एकच्चो भेरिसद्दं पि सवनाय गच्छति, वीणासद्दं पि सवनाय गच्छति, गीतसद्दं पि सवनाय गच्छति, उच्चावचं वा पन सवनाय गच्छति, समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा मिच्छादिट्ठिकस्स मिच्छापटिपन्नस्स धम्मस्सवनाय गच्छति। अत्थेतं, भिक्खवे, सवनं; नेतं नत्थी ति वदामि। तं च खो एतं, भिक्खवे, सवनं हीनं गम्मं पोथुज्जनिकं अनरियं अनत्थसंहितं, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। यो च खो, भिक्खवे, तथागतस्स वा तथागतसावकस्स वा धम्मस्सवनाय गच्छति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, एतदानुत्तरियं, भिक्खवे, सवनानं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागतस्स वा तथागतसावकस्स वा धम्मस्सवनाय गच्छति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं, वुच्चति, भिक्खवे, सवनानुत्तरियं। इति दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं।

४. "**लाभानुत्तरियं** च कथं होति? इध, भिक्खवे, एकच्चो पुत्तलाभं पि लभति, दारलाभं पि लभति, धनलाभं पि लभति, उच्चावचं वा पन लाभं लभति, समणे वा ब्राह्मणे वा मिच्छादिट्ठिके मिच्छापटिपन्ने सद्धं पटिलभति। अत्थेसो, भिक्खवे, लाभो; नेसो [R.327] नत्थी ति वदामि। सो च खो एसो, भिक्खवे, लाभो हीनो गम्मो पोथुज्जनिको अनरियो अनत्थसंहितो, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न [N.44] सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। यो च खो, भिक्खवे, तथागते वा तथागतसावके [B.288] वा सद्धं पटिलभति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, एतदानुत्तरियं भिक्खवे, लाभानं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्खदोमनस्सानं

---

तथा ऐकान्तिक प्रेम ही भिक्षुओ! 'अनुपम लाभ' कहलाता है। इस प्रकार दर्शनानुत्तर्य का व्याख्यान समझना चाहिये। (१)

३. "**श्रवणानुत्तर्य** कैसे होता है? भिक्षुओ! यहाँ कोई पुरुष भेरी (ढोल) या वीणा का वादन अथवा किसी का गायन सुनने जाता है, या कुछ ऊँचा-नीचा (अच्छा बुरा) सुनने जाता है, अथवा किसी मिथ्यादृष्टि श्रमण या ब्राह्मण से धर्मश्रवण करने जाता है। भिक्षुओ! यह भी कहने को 'श्रवण' ही है। मैं नहीं कहता कि यह श्रवण नहीं है। परन्तु यह श्रवण ...पूर्ववत्...। जो तथागत या तथागतश्रावक से धर्मश्रवण करने जाता है ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! यह कहलाता है श्रवणानुत्तर्य। इस प्रकार दर्शनानुत्तर्य एवं श्रवणानुत्तर्य का व्याख्यान समाप्त हुआ। (२)

४. "**लाभानुत्तर्य** कैसे होता है? भिक्षुओ! यहाँ कोई पुत्रलाभ करता है, कोई स्त्रीलाभ, कोई धनलाभ या कोई ऊँचा नीचा लाभ करता है, मिथ्यादृष्टि श्रमण एवं ब्राह्मणों में श्रद्धालाभ करता है। भिक्षुओ! कहने को तो ये सब भी लाभ हैं, ये लाभ नहीं हैं—ऐसा मैं नहीं कहता। यह लाभ ...पूर्ववत्...। परन्तु जो तथागत या तथागतश्रावक में श्रद्धालाभ करता है ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! यह

अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागते वा तथागतसावके वा सद्धं पटिलभति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं वुच्चति, भिक्खवे, लाभानुत्तरियं। इति दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं, लाभानुत्तरियं।

५. "**सिक्खानुत्तरियं** च कथं होति? इध, भिक्खवे, एकच्चो हत्थिस्मिं पि सिक्खति, अस्सस्मिं पि सिक्खति, रथस्मिं पि सिक्खति, धनुस्मिं पि सिक्खति, थरुस्मिं पि सिक्खति, उच्चावचं वा पन सिक्खति, समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा मिच्छादिट्ठिकस्स मिच्छापटिपन्नस्स सिक्खति। अत्थेसा, भिक्खवे, सिक्खा; नेसा नत्थी ति वदामि। सा च खो एसा, भिक्खवे, सिक्खा हीना गम्मा पोथुज्जनिका अनरिया अनत्थसंहिता, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति। यो च खो, भिक्खवे, तथागतप्पवेदिते धम्मविनये अधिसीलं पि सिक्खति, अधिचित्तं पि सिक्खति, अधिपञ्ञं पि सिक्खति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, एतदानुत्तरियं, भिक्खवे, सिक्खानं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्ख- [R.328] दोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागतप्पवेदिते धम्मविनये अधिसीलं पि सिक्खति, अधिचित्तं पि सिक्खति, अधिपञ्ञं पि सिक्खति, निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं वुच्चति, भिक्खवे, सिक्खानुत्तरियं। इति दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं, लाभानुत्तरियं, सिक्खानुत्तरियं।

६. "**पारिचरियानुत्तरियं** च कथं होति? इध, भिक्खवे, एकच्चो खत्तियं पि परिचरति, ब्राह्मणं पि परिचरति, गहपतिं पि परिचरति, उच्चावचं वा पन परिचरति, समणं वा ब्राह्मणं वा मिच्छादिट्ठिकं मिच्छापटिपन्नं परिचरति। अत्थेसा, भिक्खवे, पारिचरिया; नेसा नत्थी ति वदामि। सा च खो एसा, भिक्खवे, पारिचरिया हीना गम्मा पोथुज्जनिका अनरिया

---

कहलाता है लाभानुत्तर्य। इस प्रकार दर्शनानुत्तर्य, श्रवणानुत्तर्य एवं लाभानुत्तर्य का व्याख्यान सम्पन्न हुआ। (३)

५. **शिक्षानुत्तर्य** कैसे होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई हाथियों का सञ्चालन, कोई अश्वों का, कोई रथों का सञ्चालन सीखता है, कोई धनुष् का, कोई तलवार का सञ्चालन या कोई ऐसी ही ऊँची नीची कला सीखता है। या कोई मिथ्यादृष्टि एवं मिथ्यासाधनारत श्रमण या ब्राह्मण से कुछ सीखता है। भिक्षुओ! ये सब भी शिक्षाएँ ही हैं, ये शिक्षा नहीं हैं—ऐसा मैं नहीं कहता। परन्तु यह शिक्षा ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! जो तथागत द्वारा उपदिष्ट धर्मविनय में, शील के विषय में, चित्त के विषय में, प्रज्ञा के विषय में श्रद्धा, प्रेम एवं एकान्त निष्ठा के साथ शिक्षा ग्रहण करता है, ऐसी अद्वितीय शिक्षा ही प्राणियों की चित्तविशुद्धि के लिये ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! यह कहलाती है अद्वितीय शिक्षा। इस प्रकार दर्शनानुत्तर्य, श्रवणानुत्तर्य, लाभानुत्तर्य एवं शिक्षानुत्तर्य का व्याख्यान सम्पन्न हुआ। (४)

६. "**परिचर्यानुत्तर्य** कैसे होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई क्षत्रिय की, कोई ब्राह्मण की, कोई गृहपति की सेवा करता है। यों लोग ऊँची नीची सेवा में लगे रहते हैं। या कोई मिथ्यादृष्टि एवं मिथ्यासाधक श्रमण ब्राह्मण की सेवा करता है। यद्यपि, भिक्षुओ! यह परिचर्या (सेवा) भी परिचर्या

अनत्थसंहिता, न निब्बिदाय ...पे०... न निब्बानाय संवत्तति। यो च खो, भिक्खवे, तथागतं वा तथागतसावकं वा परिचरति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, [N.45] एतदानुत्तरियं, भिक्खवे, पारिचरियानं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्क- [B.289] माय दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागतं वा तथागतसावकं वा परिचरति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं वुच्चति, भिक्खवे, पारिचरियानुत्तरियं। इति दस्सनानुत्तरियं, सवनानुत्तरियं, लाभानुत्तरियं, सिक्खानुत्तरियं, पारिचरियानुत्तरियं।

७. "**अनुस्सतानुत्तरियं** च कथं होति? इध, भिक्खवे, एकच्चो पुत्तलाभं पि अनुस्सरति, दारलाभं पि अनुस्सरति, धनलाभं पि अनुस्सरति, उच्चावचं वा पन लाभं अनुस्सरति, समणं वा ब्राह्मणं वा मिच्छादिट्ठिकं मिच्छापटिपन्नं अनुस्सरति। अत्थेसा, भिक्खवे, अनुस्सति; नेसा नत्थी ति वदामि। सा च खो एसा, भिक्खवे, अनुस्सति हीना गम्मा पोथुज्जनिका अनरिया अनत्थसंहिता, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। यो च खो, भिक्खवे, तथागतं वा तथागतसावकं वा अनुस्सरति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो, [R.329] एतदानुत्तरियं, भिक्खवे, अनुस्सतीनं सत्तानं विसुद्धिया सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय ञायस्स अधिगमाय निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, यदिदं तथागतं वा तथागतसावकं वा अनुस्सरति निविट्ठसद्धो निविट्ठपेमो एकन्तगतो अभिप्पसन्नो। इदं वुच्चति, भिक्खवे, अनुस्सतानुत्तरियं। इमानि खो, भिक्खवे, छ अनुत्तरियानी ति॥

"ये दस्सनानुत्तरं लद्धा, सवनं च अनुत्तरं।

---

ही है; यह परिचर्या नहीं है—ऐसा मैं नहीं कहता। परन्तु ये परिचर्याएँ हीन ...पूर्ववत्... निर्वाण के साक्षात्कार के लिये उपयोगी नहीं है। हाँ, श्रद्धा, प्रेम एवं एकान्तनिष्ठा के साथ जो तथागत या तथागतश्रावक की परिचर्या करता है भिक्षुओ! यह परिचर्या अद्वितीय (श्रेष्ठ) होती है। भिक्षुओ! यह परिचर्यानुत्तर्य कहलाता है। इस प्रकार दर्शनानुत्तर्य, श्रवणानुत्तर्य, लाभानुत्तर्य, शिक्षानुत्तर्य एवं परिचर्यानुत्तर्य का व्याख्यान सम्पन्न हुआ। (५)

७. "**अनुस्मृतानुत्तर्य** कैसे होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई पुत्रलाभ का अनुस्मरण (पुनः पुनः स्मरण) करता है, कोई स्त्रीलाभ का, कोई धनलाभ का; यों प्रत्येक साधारण जन किसी न किसी ऊँचे नीचे लाभ का अनुस्मरण करता रहता है। या फिर कोई मिथ्यादृष्टि एवं मिथ्यासाधक श्रमण ब्राह्मण का अनुस्मरण करता है। भिक्षुओ! इन सब साधारण लाभों की अनुस्मृति भी अनुस्मृति ही होती है; मैं नहीं कहता कि ये अनुस्मृति नहीं होती। परन्तु ये ...पूर्ववत्... निर्वाण के साक्षात्कार के लिये उपयोगी नहीं है। जो श्रद्धा, भक्ति एवं एकान्त निष्ठा के साथ तथागत या तथागत श्रावक का अनुस्मरण करता है, वही अनुस्मरण अद्वितीय कहलाता है। भिक्षुओ! यह कहलाता है—अनुस्मृतानुत्तर्य। भिक्षुओ! ये छह अनुत्तर्य कहलाते हैं॥ (६)

लाभानुत्तरियं लद्धा, सिक्खानुत्तरिये रता॥
"उपट्ठिता पारिचरिया, भावयन्ति अनुस्सतिं।
विवेकप्पटिसंयुत्तं, खेमं अमतगामिनिं॥
"अप्पमादे पमुदिता, निपका सीलसंवुता।
ते वे कालेन पच्चेन्ति, यत्थ दुक्खं निरुज्झती" ति॥ ●

अनुत्तरियवग्गो ततियो॥

### तस्सुद्दानं

[N.46,B.290] सामको अपरिहानियो, भयं हिमवानुस्सति।
कच्चानो द्वे च समया, उदायी अनुत्तरियेना ति॥ ●

## ४. देवतावग्गो

**१. सेखसुत्तं :** १. "छयिमे, भिक्खवे, धम्मा सेखस्स भिक्खुनो परिहानाय [R.330] संवत्तन्ति। कतमे छ? कम्मारामता, भस्सारामता, निद्दारामता, सङ्गणिकारामता,

---

"जो साधक दर्शनानुत्तर्य को प्राप्त कर, अनुत्तर (अद्वितीय) श्रवण को प्राप्त करता है, तदनन्तर वह लाभानुत्तर्य को प्राप्त कर शिक्षानुत्तर्य से सम्पृक्त होते हैं॥

"वे परिचर्यानुस्मृति में परिनिष्ठित हो जाते हैं, इस के बाद वे विवेकयुक्त क्षेमदायक एवं निर्वाण मार्ग में आरूढ करने वाली अनुस्मृति की भावना करते हैं॥

"ऐसे बुद्धिमान् साधक अप्रमाद युक्तआचरण में ही हर्ष मानते हुए, शील से संवृत रहते हुए यथासमय उस सत्य का साक्षात्कार करने में समर्थ हो जाते हैं, जहाँ पहुँचने पर दुःखनिरोध हो जाता है॥ ●

अनुत्तर्यवर्ग तृतीय सम्पन्न॥

### इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची

१. सामकसूत्र, २. अपरिहाणीयसूत्र, ३. भयसूत्र, ४. हिमवत्सूत्र, ५. अनुस्मृतिस्थानसूत्र, ६. महाकात्यायनसूत्र, ७. प्रथमसमयसूत्र, ८. द्वितीयसमयसूत्र, ९. उदायिसूत्र, १०. अनुत्तर्यसूत्र॥●

## ४. देवतावर्ग

**१. शैक्ष्य सूत्र : : छह धर्मों से भिक्षु का अधःपात**

१. "भिक्षुओ! ये छह धर्म शैक्ष्य भिक्षु के अधःपतन के हेतु होते हैं। कौने से छह? (१) कर्मारामता, (२) भाष्यारामता, (३) निद्रारामता, (४) सङ्गणिकारामता, (५) इन्द्रियों की

इन्द्रियेसु अगुत्तद्वारता, भोजने अमत्तञ्ञुता—इमे खो, भिक्खवे, छ धम्मा सेखस्स भिक्खुनो परिहानाय संवत्तन्ति।

२. "छयिमे, भिक्खवे, धम्मा सेखस्स भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे छ? न कम्मारामता, न भस्सारामता, न निद्दारामता, न सङ्गणिकारामता, इन्द्रियेसु गुत्तद्वारता, भोजने मत्तञ्ञुता—इमे खो, भिक्खवे, छ धम्मा सेखस्स भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती" ति॥ ●

**२. पठमअपरिहानसुत्तं** : १. अथ खो अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो सा देवता भगवन्तं एतदवोच—

२. "छयिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे छ? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, अप्पमादगारवता, पटिसन्थारगारवता—इमे खो, भन्ते, छ धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती" ति।

३. इदमवोच सा देवता। समनुञ्ञो सत्था अहोसि। अथ खो सा देवता "समनुञ्ञो मे सत्था" ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायि।

४. अथ खो भगवा तस्मा रत्तिया अच्चयेन भिक्खू आमन्तेसि—[N.47,B.291]

---

अगुप्तद्वारता एवं (६) भोजन की मात्रा का न जानना—भिक्षुओ! ये छह धर्म शैक्ष्य भिक्षु के अध:पात के कारण होते हैं।

२. परन्तु, भिक्षुओ! इन छह धर्मों का पालन शैक्ष्य भिक्षु के अध:पात को रोकता है। कौन से छह धर्म? कर्मारामता से, भाष्यारामता से, निद्रारामता से, सङ्गणिकारामता से, इन्द्रियों की अगुप्तद्वारता से एवं भोजन की मात्रा न जानने से दूर रहना—भिक्षुओ! ये छह धर्म शैक्ष्य भिक्षु के अध:पात को रोकते हैं॥" ●

**२. प्रथम अपरिहाणसूत्र : : छह अपरिहाणीय धर्म**

१. तब उस चाँदनी रात में सुन्दर रूप-आकार वाला कोई देवता प्राय: प्रकाशमान जेतवन को और अधिक प्रकाशित करते हुए भगवान् के सम्मुख आया, तथा उन को प्रणाम कर एक ओर खड़ा हो गया। एक ओर खड़ा वह देवता भगवान् से यों निवेदन करने लगा—

२. "भन्ते! ये छह धर्म भिक्षु की अपरिहानि (अभ्युन्नति) के कारण होते हैं। कौन से छह? (१) शास्ता के प्रति गौरव, (२) धर्म के प्रति गौरव, (३) सङ्घ के प्रति गौरव, (४) बुद्धोपदिष्ट शिक्षा के प्रति गौरव, (५) अप्रमाद (साधना में सावधानी) के प्रति गौरव एवं (६) प्रतिसंस्तार (आगत का स्वागत सत्कार) के प्रति गौरव (सम्मानप्रदर्शन)—भन्ते! ये छह धर्म भिक्षु की अभ्युन्नति में सर्वथा सहायक होते हैं।"

३. उस देवता ने यह कहा। शास्ता ने भी उसके कथन को स्वीकृति दी। तब वह देवता भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गया।

४. तदनन्तर, भगवान् ने उस रात्रि के बीतने पर भिक्षुओं को बुलाया तथा उनको यह उपदेश

"इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो, भिक्खवे, सा देवता मं एतदवोच—'छयिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे छ? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खा- [R.331] गारवता, अप्पमादगारवता, पटिसन्थारगारवता—इमे खो, भन्ते, छ धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति।

"सत्थुगरु धम्मगरु, सङ्घे च तिब्बगारवो।
अप्पमादगरु भिक्खु, पटिसन्थारगारवो।
अभब्बो परिहानाय, निब्बानस्सेव सन्तिके" ति॥ ●

**३. दुतियअपरिहानसुत्तं** : १. "इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो, भिक्खवे, सा देवता मं एतदवोच—'छयिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे छ? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, हिरिगारवता, ओत्तप्पगारवता—इमे खो, भन्ते, छ धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति॥

"सत्थुगरु धम्मगरु, सङ्घे च तिब्बगारवो।

---

दिया—"भिक्षुओ! विगत रात्रि में कोई देवता चाँदनी रात में प्राय: प्रकाशित जेतवन को विशेषत: प्रकाशित करता हुआ मेरे पास आया, तथा मुझ को प्रणाम कर एक ओर खड़े हो कर यह कहने लगा—"भन्ते! ...पूर्ववत्... अभ्युन्नतिकारक ही होते हैं।" यह कह कर वह देवता ...पूर्ववत्... अन्तर्धान हो गया।

"शास्ता, धर्म एवं सङ्घ का पूर्णत: सम्मान करने वाला, साधना में सर्वथा सावधान (अप्रमत्त) रहने वाला तथा आये गये का हृदय से स्वागत करने वाला भिक्षु स्वकर्तव्य से कथमपि च्युत नहीं हो सकता। वह इन धर्मों का पालन करते हुए निर्वाण के समीप ही पहुँच गया—ऐसा समझो॥" ●

**३. द्वितीय अपरिहाणसूत्र : : दूसरे छह अपरिहाणीय धर्म**

१. ...भिक्षुओ! विगत रात्रि में कोई सुन्दर देवता चाँदनी रात में प्राय: प्रकाशित जेतवन को विशेषरूप से प्रकाशित करता हुआ मेरे पास आया, तथा मुझ को प्रणाम कर एक ओर खड़े हुए उसने मुझ से यह कहा—'भन्ते! शास्ता के प्रति, धर्म के प्रति, सङ्घ के प्रति, बुद्धोपदिष्ट शिक्षा के प्रति, लज्जा के प्रति एवं पापभीरूता के प्रति गौरव—ये छह धर्म भिक्षु की अभ्युन्नति में ही हेतु होते हैं।' वह देवता, भिक्षुओ! यह कह कर, मुझको प्रणाम प्रदक्षिणा करते हुए वहीं अन्तर्धान हो गया।

हिरिओत्तप्पसम्पन्नो, सप्पतिस्सो सगारवो।
अभब्बो परिहानाय, निब्बानस्सेव सन्तिके" ति॥ ●

**४. महामोग्गल्लानसुत्तं** : १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स रहोगतस्स [B.292] पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"कतमेसानं देवानं एवं ञाणं [N.48] होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति? [R.332]

२. तेन खो पन समयेन तिस्सो नाम भिक्खु अधुनाकालङ्कतो अञ्ञतरं ब्रह्मलोकं उपपन्नो होति। तत्र पि नं एवं जानन्ति—"तिस्सो ब्रह्मा महिद्धिको महानुभावो" ति।

३. अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—जेतवने अन्तरहितो तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अद्दसा खो तिस्सो ब्रह्मा आयस्मन्तं महोमोग्गल्लानं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वान आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—"एहि खो, मारिस मोग्गल्लान; स्वागतं, मारिस मोग्गल्लान; चिरस्सं खो, मारिस मोग्गल्लान, इमं परियायमकासि, यदिदं इधागमनाय। निसीद, मारिस मोग्गल्लान, इदमासनं पञ्ञत्तं" ति। निसीदि खो आयस्मा महामोग्गल्लानो पञ्ञत्ते आसने। तिस्सो पि खो ब्रह्मा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो तिस्सं ब्रह्मानं आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—

---

"शास्ता, धर्म एवं सङ्घ का पूर्णतः सम्मान करने वाला ...पूर्ववत्... निर्वाण के समीप ही पहुँच गया— ऐसा समझो॥" ●

**४. महामौद्गल्यायनसूत्र** : :

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती स्थित अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। तब एकान्तसाधनारत आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के मन में यह विचार आया—"किन देवताओं को यह ज्ञान होता है—स्रोतआपन्न साधक धर्म से च्युत न होते हुए निश्चय ही सम्बोधि (ज्ञान) को आधार बना लेते हैं?"

२. उस समय तिष्य नामक भिक्षु कुछ ही समय पूर्व इस देह से च्युत होकर किसी ब्रह्मलोक में उत्पन्न हुआ। वहाँ (उस लोक में) भी वह महान् ऋद्धि एवं प्रताप से सम्पन्न तिष्य ब्रह्मा ही कहलाता था।

३. तब वे आयुष्मान् महामौद्गल्यायन, जैसे कोई बलवान् पुरुष सिकुडी हुई बाहु को सरलता से पसार लेता है या पसरी हुई बाहु को सिकोड़ (सङ्कुचित कर) लेता है वैसे ही जेतवन से अन्तर्हित होकर उस ब्रह्मलोक में प्रादुर्भूत हुए। वहाँ उस ब्रह्मा ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को दूर से आते हुए देख लिया। आयुष्मान् को देखकर वह ब्रह्मा उन से यों बोला—"आइये, मार्ष मौद्गल्यायन! आप का स्वागत है, मार्ष मौद्गल्यायन! आपने इधर आने का, बहुत समय बाद, अवसर निकाला। विराजिये मार्ष मौद्गल्यायन! आसन बिछा हुआ है।" आयुष्मान् महामौद्गल्यायन प्रज्ञप्त आसन पर

४. "कतमेसानं खो, तिस्स, देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति?

"चातुमहाराजिकानं खो, मारिस मोग्गल्लान, देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति।

५. "सब्बेसञ्ञेव नु खो, तिस्स, चातुमहाराजिकानं देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति?

"न खो, मारिस मोग्गल्लान, सब्बेसं चातुमहाराजिकानं देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा' ति। ये खो ते, मारिस मोग्गल्लान, चातुमहाराजिका देवा बुद्धे अवेच्चप्पसादेन असमन्नागता धम्मे अवेच्चप्पसादेन [B.293] असमन्नागता सङ्घे अवेच्चप्पसादेन असमन्नागता अरियकन्तेहि सीलेहि [N.49,R.333] असमन्नागता न तेसं देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपात-धम्मा नियता सम्बोधिपरायणा' ति। ये च खो ते, मारिस मोग्गल्लान, चातुमहाराजिका देवा बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता धम्मे अवेच्चप्पसादेन सङ्घे समन्नागता अवेच्चप्पसादेन समन्नागता अरियकन्तेहि सीलेहि समन्नागता तेसं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति।

६. "चातुमहाराजिकानञ्ञेव नु खो, तिस्स, देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा' ति उदाहु तावतिंसानं पि देवानं ...पे०...

---

विराजे। तिष्य ब्रह्मा भी आयुष्मान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस तिष्य ब्रह्मा से आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने यह पूछा—

४. "तिष्य! किन देवताओं को ऐसा ज्ञान होता है—'स्रोतआपन्न साधक धर्म से च्युत हुए विना निश्चय ही सम्बोधिपरायण होते है?'''

"मार्ष मौद्गल्यायन! चातुर्महाराजिक देवताओं को ऐसा ज्ञान होता है—'स्रोतआपन्न ...पूर्ववत्... परायण होते हैं।'''

५. "तिष्य! क्या सभी चातुर्महाराजिक देवताओं को ऐसा ज्ञान हो जाता है—'स्रोतआपन्न ...पूर्ववत्... परायण होते हैं?'''

"नहीं, मार्ष मौद्गल्यायन! ऐसा उपर्युक्त ज्ञान सभी चातुर्महाराजिक देवताओं को नहीं होता; अपि तु मार्ष मौद्गल्यायन! जो बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति स्थायी एवं अचल श्रद्धा से युक्त नहीं हैं, उत्तम आर्यजनोचित शील (सदाचार) से सम्पन्न नहीं है उन देवताओं को यह ज्ञान नहीं होता; पर चातुर्महाराजिक देवताओं में भी जो बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति स्थायी एवं अचल श्रद्धा प्रकट करते हैं तथा जो उत्तम आर्यजनोचित शील से सम्पन्न होते हैं, उनको ही यह ज्ञान होता है—'स्रोतआपन्न साधक धर्म से च्युत न होते हुए निश्चय ही सम्बोधिपरायण होते हैं।'''

६. "तिष्य! क्या चातुर्महाराजिक देवताओं को यह उपर्युक्त ज्ञान हो पाता है? या त्रायस्त्रिंश देवताओं को... या याम देवताओं को... तुषित देवताओं को... निर्माणरति देवताओं को...

यामानं पि देवानं... तुसितानं पि देवानं... निम्मानरतीनं पि देवानं... परनिम्मितवसवत्तीनं पि देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति?

"परनिम्मितवसवत्तीनं पि खो, मारिस मोग्गल्लान, देवानं, एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति?

"न खो, मारिस मोग्गल्लान, सब्बेसं परनिम्मितवसवत्तीनं देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा' ति। ये खो ते, मारिस मोग्गल्लान, परनिम्मितवसवत्ती देवा बुद्धे अवेच्चप्पसादेन असमन्नागता धम्मे अवेच्चप्पसादेन असमन्नागता सङ्घे अवेच्चप्पसादेन असमन्नागता अरियकन्तेहि सीलेहि असमन्नागता न तेसं देवानं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा' ति। ये च खो ते, मारिस मोग्गल्लान, परनिम्मितवसवत्ती देवा बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता सङ्घे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता अरियकन्तेहि सीलेहि समन्नागता तेसं एवं ञाणं होति—'सोतापन्ना नाम अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा''' ति।

८. अथ खो आयस्मा महोमोग्गल्लानो तिस्सस्स ब्रह्मुनो भासितं अभि-[N.50] नन्दित्वा अनुमोदित्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, [R.334] पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—ब्रह्मलोके अन्तरहितो जेतवने पातुरहोसी ति॥ ●

**५. विज्जाभागियसुत्तं** : १. "छयिमे, भिक्खवे, धम्मा विज्जाभागिया। [B.294]

---

परनिर्मितवशवर्ती देवताओं को भी यह ज्ञान होता है—'स्रोतआपन्न साधक धर्म से च्युत न होकर सम्बोधिपरायण हो जाते हैं?' "

"मार्ष मौद्गल्यायन! परनिर्मितवशवर्ती देवताओं को भी ऐसा (उपर्युक्त) ज्ञान होता है।"

७. "क्या, तिष्य! सभी परनिर्मितवशवर्ती देवताओं को ऐसा (उपर्युक्त) ज्ञान होता है?"

"नहीं, मार्ष मौद्गल्यायन! सभी परनिर्मितवशवर्ती देवताओं को यह (उपर्युक्त) ज्ञान नहीं होता। मार्ष मौद्गल्यायन! उनमें जो बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति स्थायी एवं अविचल श्रद्धा नहीं रखते, या जो उत्तम, आर्यजनोचित शील से सम्पन्न नहीं होते उनको यह ज्ञान नहीं होता; अपितु जो परनिर्मितवशवर्ती देवता बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति स्थायी एवं अविचल श्रद्धा से युक्त तथा उत्तम आर्यजनोचित शील से सम्पन्न होते हैं उनको ही यह ज्ञान होता है—'स्रोतआपन्न साधक धर्म से च्युत न होते हुए निश्चय ही सम्बोधिपरायण होते हैं।' "

८. तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन तिष्य ब्रह्मा के इस उपर्युक्त कथन का अभिनन्दन एवं अनुमोदन कर, जैसे कोई बलवान् पुरुष सङ्कुचित बाहु को प्रसारित कर दे, या प्रसारित बाहु को सङ्कुचित कर दे, उसी प्रकार उस ब्रह्मलोक से अन्तर्हित होकर जेतवन में पुनः प्रकट हुए॥ ●

**५. विद्याभागीयसूत्र : : छह विद्यभागीय सूत्र**

१. "भिक्षुओ! ये छह धर्म विद्या से सम्बद्ध हैं। कौन से छह? (१) अनित्यसंज्ञा, (२)

कतमे छ? अनिच्चसञ्ञा, अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, दुक्खे अनत्तसञ्ञा, पहानसञ्ञा, विरागसञ्ञा, निरोधसञ्ञा—इमे खो, भिक्खवे, छ धम्मा विज्जाभागिया'' ति॥ ●

६. **विवादमूलसुत्तं :** १. ''छयिमानि, भिक्खवे, विवादमूलानि। कतमानि छ? इध, भिक्खवे, भिक्खु कोधनो होति उपनाही। यो सो, भिक्खवे, भिक्खु कोधनो होति उपनाही सो सत्थरि पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, धम्मे पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सङ्घे पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सिक्खाय पि न परिपूरकारी होति। यो सो, भिक्खवे, भिक्खु सत्थरि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, धम्मे अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सङ्घे अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सिक्खाय पि न परिपूरकारी। सो सङ्घे विवादं जनेति, यो होति विवादो बहुजनाहिताय बहुजनासुखाय बहुनो जनस्स अनत्थाय अहिताय दुक्खाय देवमनुस्सानं। एवरूपं चे तुम्हे, भिक्खवे, विवादमूलं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा समनुपस्सेय्याथ, तत्र तुम्हे, भिक्खवे, तस्सेव पापकस्स विवादमूलस्स पहानाय वायमेय्याथ। एवरूपं चे तुम्हे, भिक्खवे, विवादमूलं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा न [R.335] समनुपस्सेय्याथ, तत्र तुम्हे, भिक्खवे, तस्सेव पापकस्स विवादमूलस्स आयतिं अनवस्सवाय पटिपज्जेय्याथ। एवमेतस्स पापकस्स विवादमूलस्स पहानं होति। एवमेतस्स पापकस्स विवादमूलस्स आयतिं अनवस्सवो होति।

२. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु मक्खी होति पळासी ...पे०... इस्सुकी होति मच्छरी... सठो होति मायावी... पापिच्छो होति मिच्छादिट्ठि... सन्दिट्ठिपरामासी होति

---

अनित्य में दुःखसंज्ञा, (३) दुःख में अनात्मसंज्ञा, (४) प्रहाणसंज्ञा, (५) विरागसंज्ञा एवं (६) निरोधसंज्ञा। भिक्षुओ! ये छह धर्म विद्या के कारण हैं॥'' ●

**६. विवादमूलसूत्र : : विवादमूलक छह धर्म**

१. ''भिक्षुओ! ये छह धर्म विवादमूल (विवादकारक) होते हैं। कौन से छह? (१) यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु क्रोधी एवं वैरभाव रखने वाला होता है। ऐसा भिक्षु क्रोधी एवं वैरभाव वाला होने के कारण शास्ता का भी सम्मान नहीं करता, अपितु उनका विद्रोही (अप्पतिस्स) बन जाता है। धर्म का भी .... सङ्घ का भी सम्मान नहीं करता, अपितु उसका विद्रोही बन जाता है। बुद्धशासन (सिक्खा) का पालन नहीं करता, अपितु सङ्घ में विवाद करता रहता है। ऐसा विवाद बहुत जनों के लिये अहितकर एवं असुखकर हो जाता है। साथ ही वह विवाद देवता और मनुष्यों को अहित एवं अनर्थ तथा दुःख का दायक हो जाता है। अतः, भिक्षुओ! यदि तुम ऐसा विवाद बाहर या अन्दर देखो तो, तुमको उसके शमन के लिये तत्काल कोई प्रयास करना चाहिये। यदि, भिक्षुओ! ऐसा विवाद तुम बाहर या अन्दर न देखो तो, भिक्षुओ, वैसा विवाद कभी भविष्य में सामने न आ पड़े—एतदर्थ तुम्हें सावधान रहना चाहिये। इस प्रकार इस विवादमूल का तत्काल प्रहाण हो सकता है तथा भविष्य में उसके होने की सम्भावना भी समाप्त हो जाती है। (१)

२. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु म्रक्षी (दूसरे के गुणों को कम महत्त्व देने वाला) एवं प्रदासी (ईर्ष्यालु) होता है...पूर्ववत्... ईर्ष्यालु एवं मत्सरी (स्वार्थी एवं अभिमानी) होता है...शठ (धूर्त)

आधानग्गाही दुप्पटिनिस्सग्गी। यो सो, भिक्खवे, भिक्खु सन्दिट्ठिपरामासी होति [N.51] आधानग्गाही दुप्पटिनिस्सग्गी सो सत्थरि पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, धम्मे पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सङ्घे पि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सिक्खाय पि न परिपूरकारी होति। यो सो, भिक्खवे, भिक्खु सत्थरि अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, धम्मे... सङ्घे अगारवो विहरति अप्पतिस्सो, सिक्खाय न परिपूरकारी· सो सङ्घे विवादं जनेति, यो होति विवादो बहुजनाहिताय बहुजनासुखाय बहुनो जनस्स अनत्थाय अहिताय [B.295] दुक्खाय देवमनुस्सानं। एवरूपं चे तुम्हे, भिक्खवे, विवादमूलं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा समनुपस्सेय्याथ, तत्र तुम्हे, भिक्खवे, तस्सेव पापकस्स विवादमूलस्स पहानाय वायमेय्याथ। एवरूपं चे तुम्हे, भिक्खवे, विवादमूलं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा न समनुपस्सेय्याथ, तत्र तुम्हे, भिक्खवे, तस्सेव पापकस्स विवादमूलस्स आयतिं अनवस्सवाय पटिपज्जेय्याथ। एवमेतस्स पापकस्स विवादमूलस्स पहानं होति। एवमेतस्स पापकस्स विवादमूलस्स आयतिं अनवस्सवो होति। इमानि खो, भिक्खवे, छ विवादमूलानी'' ति॥ ●

**७. दानसुत्तं** : १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समये वेळुकण्डकी नन्दमाता उपासिका [R.336] सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखे भिक्खुसङ्घे छळङ्गसमन्नागतं दक्खिणं पतिट्ठापेति। अद्दसा खो भगवा दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन वेळुकण्डकिं नन्दमातरं उपासिकं सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखे भिक्खुसङ्घे छळङ्गसमन्नागतं दक्खिणं पतिट्ठापेन्तिं। दिस्वा भिक्खू आमन्तेसि—''एसा, भिक्खवे, वेळुकण्डकी नन्दमाता उपासिका सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखे भिक्खुसङ्घे छळङ्गसमन्नागतं दक्खिणं पतिट्ठापेति।

२. ''कथं च, भिक्खवे, छळङ्गसमन्नागता दक्खिणा होति? इध, भिक्खवे,

---

एवं मायावी (चालबाज) होता है... पापेच्छु (प्रतिक्षण पाप की बातें मन में रखने वाला) एवं मिथ्यादृष्टि (मिथ्यामतानुयायी)... सन्दृष्टिपरामर्शक (नास्तिक) एवं आधानग्राही (दुराग्रही) तथा दुष्प्रतिनिसर्गी (महान् कंजूस) होता है। भिक्षुओ! जो ऐसा सन्दृष्टिपरामर्शक, आधानग्राही एवं दुष्प्रतिनिसर्गी होता है वह बुद्ध का भी .... धर्म का भी... सङ्घ का भी सम्मान नहीं करता ...पूर्ववत्... तथा भविष्य में उस (विवाद) के होने की सम्भावना भी समाप्त हो जाती है॥'' ●

**७. दानसूत्र** : : **छह अङ्गों से युक्त दान**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती स्थित अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय वेणुकण्टकी नन्दमाता उपासिका सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन सहित भिक्षुसङ्घ को छह अङ्गों से युक्त दान कर रही थी। उस समय भगवान् ने अपने मानवदुर्लभ, विशुद्ध दिव्यचक्षुओं से वेणुकण्टकी नन्दमाता द्वारा दिया जा रहा यह दानकर्म देखा। देखकर भगवान् ने इस दानकर्म के विषय में वहाँ उपस्थित भिक्षुओं को बताया कि कैसे वह वेणुकण्टकी नन्दमाता भिक्षुओं को षडङ्गयुक्त दान कर रही है। (तदनन्तर उनने भिक्षुओं से पूछा)

२. ''कैसे, भिक्षुओ! कोई दान छह अङ्गों से युक्त होता है? (इसका उत्तर उनने स्वयं

दायकस्स तीणङ्गानि होन्ति, पटिग्गाहकानं तीणङ्गानि। कतमानि दायकस्स तीणङ्गानि? [N.52] इध, भिक्खवे, दायको पुब्बेव दाना सुमनो होति, ददं चित्तं पसादेति, दत्वा अत्तमनो होति। इमानि दायकस्स तीणङ्गानि।

३. "कतमानि पटिग्गाहकानं तीणङ्गानि? इध, भिक्खवे, पटिग्गाहका वीतरागा वा होन्ति रागविनयाय वा पटिपन्ना, वीतदोसा वा होन्ति दोसविनयाय वा पटिपन्ना, वीतमोहा वा होन्ति मोहविनयाय वा पटिपन्ना। इमानि पटिग्गाहकानं तीणङ्गानि। इति दायकस्स तीणङ्गानि, पटिग्गाहकानं तीणङ्गानि। एवं खो, भिक्खवे, छळङ्गसमन्नागता दक्खिणा होति।

[B.296] ४. "एवं छळङ्गसमन्नागताय, भिक्खवे, दक्खिणाय न सुकरं पुञ्ञस्स पमाणं गहेतुं—'एत्तको पुञ्ञाभिसन्दो कुसलाभिसन्दो सुखस्साहारो सोवग्गिको सुखविपाको सग्गसंवत्तनिको इट्ठाय कन्ताय मनापाय हिताय सुखाय संवत्तती' ति। अथ खो असङ्ख्येय्यो अप्पमेय्यो महापुञ्ञक्खन्धो त्वेव सङ्ख्यं गच्छति।

[R.337] ५. "सेय्यथापि, भिक्खवे, महासमुद्दे न सुकरं उदकस्स पमाणं गहेतुं—'एत्तकानि उदकाळ्हकानी ति वा एत्तकानि उदकाळ्हकसतानी ति वा एत्तकानि उदकाळ्हकसहस्सानी ति वा एत्तकानि उदकाळ्हकसतसहस्सानी' ति वा। अथ खो असङ्ख्येय्यो अप्पमेय्यो महा-उदकक्खन्धो त्वेव सङ्ख्यं गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, एवं छळङ्गसमन्नागताय दक्खिणाय

---

दिया—). "यहाँ, भिक्षुओ! इन छह अङ्गों में दाता के तीन अङ्ग होते हैं तथा प्रतिग्राहक (दान लेनेवाले) के तीन अङ्ग होते हैं। दाता के तीन अङ्ग कौन से होते हैं? यहाँ, भिक्षुओ! (१) दाता को दान देने से पूर्व ही सौमनस्य सम्पन्न होता है, (२) दान करता हुआ अपने मन में प्रतिग्राहक के प्रति श्रद्धा रखता है, (३) तथा दान देने के बाद उस दानक्रिया से प्रसन्न एवं सन्तुष्ट होता है। ये दाता के तीन अङ्ग होते हैं।

३. "पुनः, भिक्षुओ! प्रतिग्राहक (दान लेने वाले) के तीन अङ्ग कौन से होते हैं? यहाँ, भिक्षुओ! दान लेने वाले वीतराग (आसक्तिरहित) होते हैं, या आसक्ति को दबाये रखने के अभ्यासी होते हैं; द्वेषरहित होते हैं, या द्वेष को दबाये रखने के अभ्यासी होते हैं; मोहरहित होते हैं, या मोह को दबाये रखने के अभ्यासी होते हैं—भिक्षुओ! दान लेनेवालों के ये तीन अङ्ग होते हैं। भिक्षुओ! मैंने दाता तथा प्रतिग्राहक के तीन तीन अङ्ग—यों दान के छह अङ्ग बता दिये।

४. "इस प्रकार, भिक्षुओ! छह अङ्गों से युक्त दान के पुण्य का सङ्ख्या से वर्णन करना सम्भव नहीं है कि यह दान इतना पुण्य, इतना कुशल (शुभ) इतना सुख, इतने काल तक स्वर्गसुख का मिलना, इतने काल तक इससे इतने सुख की प्राप्ति, या यह (दान) इतना इष्ट, इतना प्रिय, इतना मनःप्रसादक, या इतना हितकर या सुखवर्धक है। ऐसे दान के लिये यही समझो कि यह पुण्य की एक असङ्ख्य, अप्रमेय एवं विशाल राशि है।

५. "भिक्षुओ! जैसे महासमुद्र के जल का परिमाण किसी तरह मापकर नहीं बताया जा सकता कि इसमें इतने आढक, इतने सौ आढक, इतने हज़ार आढक या इतने लाख आढक जल है। अपितु उसमें वह जलराशि सङ्ख्यारहित अतएव अप्रमेय ही मानी जाती है; इसी प्रकार, भिक्षुओ!

न सुकरं पुञ्ञस्स पमाणं गहेतुं—'एत्तको पुञ्ञाभिसन्दो कुसलाभिसन्दो सुखस्साहारो सोवग्गिको सुखविपाको सग्गसंवत्तनिको इट्ठाय कन्ताय मनापाय हिताय सुखाय संवत्तती' ति। अथ खो असङ्ख्येय्यो अप्पमेय्यो महापुञ्ञक्खन्धो त्वेव सङ्ख्यं गच्छती ति।

"पुब्बेव दाना सुमनो, ददं चित्तं पसादये।
दत्वा अत्तमनो होति, एसा यञ्ञस्स सम्पदा॥
"वीतरागा वीतदोसा, वीतमोहा अनासवा।
खेत्तं यञ्ञस्स सम्पन्नं, सञ्ञता ब्रह्मचारयो॥
"सयं आचमयित्वान, दत्वा सकेहि पाणिभि।
अत्तनो परतो चेसो, यञ्ञो होति महप्फलो॥
"एवं यजित्वा मेधावी, सद्धो मुत्ते चेतसा। [N.53]
अब्यापज्जं सुखं लोकं, पण्डितो उपपज्जती" ति॥

**८. अत्तकारीसुत्तं** : १. अथ खो अञ्ञतरो ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अहं हि, भो गोतम, एवंवादी एवंदिट्ठि—'नत्थि अत्तकारो नत्थि परकारो'" ति। [B.297]

"माहं, ब्राह्मण, एवंवादिं एवंदिट्ठिं अद्दसं वा अस्सोसिं वा। कथं हि नाम सयं

---

इन छह अङ्गों से युक्त दानक्रिया के पुण्य का परिमाण भी नहीं बताया जा सकता कि इसमें इतना पुण्य, इतना कुशल ...पूर्ववत्... यह पुण्य की असङ्ख्य, अप्रमेय एवं विशाल राशि है।

"दान देने से पूर्व दाता को अपने मन में प्रसन्नता लानी चाहिये, दान देते समय मन में श्रद्धा रखनी चाहिये तथा दान देने के बाद प्रसन्न एवं सन्तुष्ट होना चाहिये—यह इस दानयज्ञ की सम्पत्ति है॥

"राग, द्वेष एवं मोह से रहित, इन्द्रियसंयमी एवं स्वयं धर्मसाधक प्रतिग्रहीता ही इस दानयज्ञ की उपजाऊ भूमि हैं॥

"स्वयं (दान सङ्कल्प हेतु) आचमन कर, स्वयं अपने हाथों से दान देकर (दाता का) यह दानयज्ञ अपने एवं पराये—सभी के लिये महान् फलदायी होता है॥

"इस प्रकार बुद्धिमान् पुरुष श्रद्धासहित एवं दोषमुक्त चित्त से यह यज्ञ कर इसके पुण्यफल से दुःखरहित सुखमय लोक में उत्पन्न होता है॥"

**८. आत्मकारिसूत्र** : :

१. तब कोई ब्राह्मण, जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा। पहुँच कर उनसे कुशल-मङ्गल पूछ कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे हुए उसने भगवान् से यह कहा—"भो गौतम! मैं इस सिद्धान्त का मानने वाला हूँ, मेरा यह अभिमत है—'न कोई आत्मक्रिया (स्वकृत कर्म) है और न कोई परक्रिया' (परकृत कर्म)।

"ब्राह्मण! आज तक मैंने ऐसा कहने वाला या ऐसी दृष्टि (अभिमत) वाला कोई पुरुष न

[R.338] अभिक्कमन्तो सयं पटिक्कमन्तो एवं वक्खति—'नत्थि अत्तकारो नत्थि परकारो' ति!

२. "तं किं मञ्ञसि, ब्राह्मण, अत्थि आरब्भधातू" ति? "एवं, भो"।

"आरब्भधातुया सति आरब्भवन्तो सत्ता पञ्ञायन्ती" ति? "एवं भो"।

"यं खो, ब्राह्मण, आरब्भधातुया सति आरब्भवन्तो सत्ता पञ्ञायन्ति, अयं सत्तानं अत्तकारो अयं परकारो।

३. "तं किं मञ्ञसि, ब्राह्मण, अत्थि निक्कमधातु ...पे०... अत्थि परक्कमधातु ... अत्थि थामधातु ... अत्थि ठितिधातु ... अत्थि उपक्कमधातू" ति?

"एवं भो"।

"उपक्कमधातुया सति उपक्कमवन्तो सत्ता पञ्ञायन्ती" ति? "एवं भो"।

"यं खो, ब्राह्मण, उपक्कमधातुया सति उपक्कमवन्तो सत्ता पञ्ञायन्ति, अयं सत्तानं अत्तकारो अयं परकारो।

[N.54] ४. "माहं, ब्राह्मण, एवंवादिं एवंदिट्ठिं अद्दसं वा अस्सोसिं वा। कथं हि नाम सयं अभिक्कमन्तो सयं पटिक्कमन्तो एवं वक्खति—'नत्थि अत्तकारो नत्थि परकारो''' ति।

५. "अभिक्कन्तं, भो गोतम ...पे०... अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति!॥ ●

---

देखा न सुना। कैसे तुम आगे बढ़ना, पीछे हटना—आदि क्रियाएँ करते हुए भी ऐसा कहने का साहस कर रहे हो कि न कोई आत्मक्रिया है, न परक्रिया।

२. "तो क्या मानते हो, ब्राह्मण! कोई आरम्भधातु (आरम्भक्रिया) है?" "हाँ, भन्ते! है।"

"तब तो आरम्भक्रिया के होने पर उसके करने वाले प्राणी भी दिखायी देंगे?"

"हाँ, भन्ते!"

"अत:, ब्राह्मण! आरम्भक्रिया के होने पर, ये जो उसके करने वाले प्राणी दिखायी देते हैं, ये ही आत्मकारी एवं परकारी हैं।

३. "तो क्या मानते हो, ब्राह्मण! कोई निष्क्रमधातु हैं? ...पूर्ववत्... पराक्रमधातु हैं?... कोई स्थामधातु है?... कोई स्थितिधातु है?... कोई उपक्रमधातु है? "हाँ, भन्ते! है।"

"उपक्रमधातु (क्रिया) के होने पर उस क्रिया के करने वाले प्राणी भी दिखायी देंगे?"

"हाँ, भन्ते!"

"तो, ब्राह्मण! यह जो उपक्रमक्रिया के होने पर उस क्रिया के करनेवाले प्राणी पहचान में आते हैं वही आत्मक्रिया एवं परक्रिया है।

४. "ब्राह्मण! आज तक मैंने ऐसा कहने वाला या ऐसी दृष्टि वाला कोई पुरुष न देखा, न सुना। कैसे तुम आगे बढ़ना, पीछे हटना—आदि क्रियाएँ करते हुए भी ऐसा कहने का साहस कर रहे हो कि न कोई आत्मक्रिया है, न परक्रिया!"

५. "भन्ते! आपने बहुत उत्तम कहा ...पूर्ववत्... आज से प्राण रहने तक मुझको आप शरणागत उपासक समझें॥" ●

**९. निदानसुत्तं** : १. ''तीणिमानि, भिक्खवे, निदानानि कम्मानं समुदयाय। कतमानि तीणि? लोभो निदानं कम्मानं समुदयाय, दोसो निदानं कम्मानं समुदयाय, मोहो निदानं कम्मानं समुदयाय। न, भिक्खवे, लोभा अलोभो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, लोभा लोभो व समुदेति। न, भिक्खवे, दोसा अदोसो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, दोसा दोसो व समुदेति। न, भिक्खवे, मोहा अमोहो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, मोहा मोहो व [R.339] समुदेति। न, भिक्खवे, लोभजेन कम्मेन दोसजेन कम्मेन मोहजेन कम्मेन देवा पञ्ञायन्ति, मनुस्सा पञ्ञायन्ति, या वा पनञ्ञा पि काचि सुगतियो। अथ खो, भिक्खवे, लोभजेन कम्मेन दोसजेन कम्मेन मोहजेन कम्मेन निरयो पञ्ञायति तिरच्छानयोनि [B.298] पञ्ञायति पेत्तिविसयो पञ्ञायति, या वा पनञ्ञा पि काचि दुग्गतियो। इमानि खो, भिक्खवे, तीणि निदानानि कम्मानं समुदयाय।

२. ''तीणिमानि, भिक्खवे, निदानानि कम्मानं समुदयाय। कतमानि तीणि? अलोभो निदानं कम्मानं समुदयाय, अदोसो निदानं कम्मानं समुदयाय, अमोहो निदानं कम्मानं समुदयाय। न, भिक्खवे, अलोभा लोभो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, अलोभा अलोभो व समुदेति। न, भिक्खवे, अदोसा दोसो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, अदोसा अदोसो व समुदेति। न, भिक्खवे, अमोहा मोहो समुदेति; अथ खो, भिक्खवे, अमोहा अमोहो व समुदेति। न, भिक्खवे, अलोभजेन कम्मेन अदोसजेन कम्मेन अमोहजेन कम्मेन निरयो पञ्ञायति तिरच्छानयोनि पञ्ञायति पेत्तिविसयो पञ्ञायति, या वा पनञ्ञा पि काचि दुग्गतियो। अथ खो, भिक्खवे, अलोभजेन कम्मेन अदोसजेन कम्मेन अमोहजेन कम्मेन

---

**९. निदानसूत्र : : कर्मोत्पत्ति के छह कारण**

१. ''भिक्षुओ! कर्मों की उत्पत्ति में तीन कारण होते हैं। कौन से तीन? (१) लोभ, (२) द्वेष एवं (३) मोह—ये तीन धर्म कर्मों की उत्पत्ति में कारण हैं। भिक्षुओ! लोभ से अलोभ नहीं उत्पन्न होता, अपितु लोभ ही उत्पन्न होता है। भिक्षुओ! द्वेष से अद्वेष उत्पन्न नहीं होता, अपितु द्वेष ही उत्पन्न होता है। तथा, भिक्षुओ! मोह से अमोह उत्पन्न नहीं होता, अपितु मोह ही उत्पन्न होता है। इसी प्रकार, भिक्षुओ! लोभजन्य, द्वेषजन्य एवं मोहजन्य कर्मों से देवता नहीं बनते, मनुष्य नहीं बनते, और न कोई अन्य सुगतिमय प्राणी ही बनते हैं। अपितु, भिक्षुओ! लोभजन्य, द्वेषजन्य एवं मोहजन्य कर्मों से निरय (नरक), तिरश्चीनयोनि, प्रेतयोनि या ऐसी ही अन्य कोई दुर्गतिमय योनि ही प्राप्त होती है। भिक्षुओ! कर्मों की उत्पत्ति में ये तीन कारण होते हैं। (१)

२. ''भिक्षुओ! कर्मों की उत्पत्ति में ये तीन कारण भी होते हैं। कौन से तीन? (१) अलोभ, (२) अद्वेष, एवं (३) अमोह—ये तीन धर्म कर्मों की उत्पत्ति में कारण होते हैं। भिक्षुओ! अलोभ से लोभ उत्पन्न नहीं होता, अपितु अलोभ से अलोभ ही उत्पन्न होता है। भिक्षुओ! अद्वेष से द्वेष उत्पन्न नहीं होता, अपितु अद्वेष ही होता है। इसी प्रकार, भिक्षुओ! अमोह से मोह उत्पन्न नहीं होता, अपितु अमोह ही उत्पन्न होता है। भिक्षुओ! अलोभजन्य, अद्वेषजन्य एवं अमोहजन्य कर्म से निरय (नरक), तिरश्चीनयोनि, प्रेतयोनि या ऐसी ही अन्य कोई दुर्गतिमय योनि नहीं प्राप्त होती। अपितु,

[N.55] देवा पञ्ञायन्ति, मनुस्सा पञ्ञायन्ति, या वा पनञ्ञा पि काचि सुगतियो। इमानि खो, भिक्खवे, तीणि निदानानि कम्मानं समुदयाया'' ति॥

**१०. किमिलसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा किमिलायं विहरति वेळुवने। अथ खो आयस्मा किमिलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा किमिलो भगवन्तं [R.340] एतदवोच—''को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो न चिरट्ठितिको होती'' ति?

''इध, किमिल, तथागते परिनिब्बुते भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो सत्थरि अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, धम्मे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सङ्घे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सिक्खाय अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, अप्पमादे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, पटिसन्थारे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा। अयं खो, किमिल, हेतु अयं पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो न चिरट्ठितिको होति''।

[B.299] २. ''को पन, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो चिरट्ठितिको होती'' ति?

''इध, किमिल, तथागते परिनिब्बुते भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो सत्थरि सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, धम्मे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सङ्घे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सिक्खाय सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, अप्पमादे सगारवा विहरन्ति

---

भिक्षुओ! अलोभजन्य, अद्वेषजन्य एवं अमोहजन्य कर्म से प्राणी देवता, मनुष्य बनते हैं, या उनको कोई अन्य सुगति प्राप्त होती है। भिक्षुओ! कर्मों की उत्पत्ति में ये तीन कारण हैं॥''

**१०. किमिलसूत्र : : सद्धर्म की चिरस्थिति में छह कारण**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) किमिला के वेणुवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब आयुष्मान् किमिल भगवान् के सम्मुख गये, तथा उनको प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् किमिल ने भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—''भन्ते! क्या हेतु एवं क्या प्रत्यय है कि भगवान् के परिनिर्वृत्त होने पर सद्धर्म चिरस्थायी नहीं रह पाता?''

''यहाँ, किमिल! तथागत के परिनिर्वृत होने पर भिक्षु, भिक्षुणियाँ, उपासक, उपासिकाएँ (१) शास्ता के प्रति, (२) धर्म के प्रति, (३) सङ्घ के प्रति (४) तथागतोपदिष्ट शिक्षा के प्रति, (५) अनुशासन में सावधानी के प्रति तथा (६) आये गये अतिथि के प्रति सम्मान (गौरव) नहीं दिखाते, अपितु उनसे विरोध प्रकट करते हैं। किमिल! ये हेतु तथा ये प्रत्यय हैं, कि भगवान् के परिनिर्वृत होने पर सद्धर्म चिरस्थायी नहीं रह पाता।

२. ''पुनः, भन्ते! कौन हेतु या कौन प्रत्यय है कि भगवान् (तथागत) के परिनिर्वृत होने पर सद्धर्म बहुत काल तक ठहरा रहता है?''

''यहाँ किमिल! तथागत के परिनिर्वृत होने पर भी भिक्षु, भिक्षुणियाँ, उपासक, उपासिकाएँ (१) शास्ता के प्रति ...पूर्ववत्... तथा (६) अतिथि के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं, विरोध प्रकट

सप्पतिस्सा। अयं खो, किमिल, हेतु अयं पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो चिरट्ठितिको होती'' ति॥ ●

**११. दारुक्खन्धसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं आयस्मा सारिपुत्तो राजगहे विहरति गिज्झकूटे पब्बते। अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सम्बहुलेहि भिक्खूहि सद्धिं गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दस [N.56] अञ्ञतरस्मिं पदेसे महन्तं दारुक्खन्धं। दिस्वा भिक्खू आमन्तेसि—''पस्सथ नो, आवुसो, तुम्हे अमुं महन्तं दारुक्खन्धं'' ति? ''एवमावुसो'' ति।

२. ''आकङ्खमानो, आवुसो, भिक्खु इद्धिमा चेतोवसिप्पत्तो अमुं दारुक्खन्धं पथवी त्वेव अधिमुच्चेय्य। तं किस्स हेतु? अत्थि, आवुसो, अमुम्हि दारुक्खन्धे [R.341] पथवीधातु, यं निस्साय भिक्खु इद्धिमा चेतोवसिप्पत्तो अमुं दारुक्खन्धं पथवी त्वेव अधिमुच्चेय्य। आकङ्खमानो, आवुसो, भिक्खु इद्धिमा चेतोवसिप्पत्तो अमुं दारुक्खन्धं आपो त्वेव अधिमुच्चेय्य ...पे०... तेजो त्वेव अधिमुच्चेय्य... वायो त्वेव अधिमुच्चेय्य... सुभं त्वेव अधिमुच्चेय्य... असुभं त्वेव अधिमुच्चेय्य। तं किस्स हेतु? अत्थि, आवुसो, अमुम्हि दारुक्खन्धे असुभधातु, यं निस्साय भिक्खु इद्धिमा चेतोवसिप्पत्तो अमुं दारुक्खन्धं असुभं त्वेव अधिमुच्चेय्या'' ति॥ ●

**१२. नागितसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा कोसलेसु चारिकं चरमानो महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन इच्छानङ्गलं नाम कोसलानं ब्राह्मणगामो तदवसरि। तत्र सुदं

---

नहीं करते। किमिल! ये हेतु या ये प्रत्यय हैं कि तथागत के परिनिर्वृत होने पर भी सद्धर्म चिरस्थायी रहता है॥'' ●

**११. दारुस्कन्धसूत्र : : अधिमुक्ति के छह कारण**

१. ऐसा मैने सुना है। एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर साधना हेतु ठहरे हुए थे। तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने प्रात: वस्त्रों को व्यवस्थित कर, पात्र चीवर लेकर बहुत से भिक्षुओं के साथ गृध्रकूट से उतरते हुए किसी स्थान पर काष्ठ का एक विशाल स्कन्ध (लट्ठा) देखा। देखकर उन ने भिक्षुओं से पूछा—''भिक्षुओ! क्या तुम काष्ठ के इस विशाल स्कन्ध को देख रहे हो?'' ''हाँ, आयुष्मन्!''

२. ''आयुष्मानो! यदि कोई ऋद्धिमान् एवं निगृहीतचित्त भिक्षु चाहे तो इस दारुस्कन्ध को पृथ्वी धातु समझ ले। ऐसा किस कारण? ऐसा इस लिये, आयुष्मानो! कि इस दारुस्कन्ध में पृथ्वी धातु विद्यमान है। अत: वह भिक्षु इस दारुस्कन्ध को पृथ्वी धातु समझ सकता है। यदि कोई ऋद्धिमान् भिक्षु चाहे तो इस दारुस्कन्ध को जल धातु... तेजो धातु... वायु धातु... शुभ धातु... अशुभ धातु समझ सकता है। वह किस कारण? क्योंकि इस दारुस्कन्ध में अशुभधातु विद्यमान है, अत: वह ऋद्धिमान् एवं निगृहीतचित्त भिक्षु इस दारुस्कन्ध को अशुभ धातु भी मान सकता है''॥ ●

**१२. नागितसूत्र : :**

१. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) कोसल प्रदेश में चारिका करते हुए विशाल

[B.300] भगवा इच्छानङ्गले विहरति इच्छानङ्गलवनसण्डे। अस्सोसुं खो इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका—"समणो खलु, भो, गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो इच्छानङ्गलं अनुप्पत्तो इच्छानङ्गले विहरति इच्छानङ्गलवनसण्डे। तं खो पन भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो ...पे०... बुद्धो भगवा' ति। सो इमं लोकं सदेवकं ...पे०... अरहतं दस्सनं होती" ति। अथ खो इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका तस्सा रत्तिया अच्चयेन पहूतं खादनीयं भोजनीयं आदाय येन इच्छानङ्गलवनसण्डो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा बहिद्वारकोट्ठके अट्ठंसु उच्चासद्दा महासद्दा।

[N.57] २. तेन खो पन समयेन आयस्मा नागितो भगवतो उपट्ठाको होति। अथ खो भगवा [R.342] आयस्मन्तं नागितं आमन्तेसि—"के पन ते, नागित, उच्चासद्दा महासद्दा केवट्टा मञ्ञे मच्छविलोपे" ति?

"एते, भन्ते, इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका पहूतं खादनीयं भोजनीयं आदाय बहिद्वारकोट्ठके ठिता भगवन्तंयेव उद्दिस्स भिक्खुसङ्घं चा" ति।

"माहं, नागित, यसेन समागमं, मा च मया यसो। यो खो, नागित, नयिमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अस्स अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, सो तं मीळ्हसुखं मिद्धसुखं लाभसक्कारसिलोकसुखं सादियेय्या" ति!

---

भिक्षुसङ्घ के साथ कोसल प्रदेश के इच्छानङ्गल के इच्छानङ्गलवनषण्ड में साधनाहेतु विराजे। तब इच्छानङ्गलग्रामवासी ब्राह्मण गृहपतियों ने सुना—"शाक्य कुल से प्रव्रजित, शाक्यपुत्र श्रमण गौतम इस इच्छानङ्गल ग्राम में आकर ग्राम के बाहर इच्छानङ्गल वनषण्ड में साधनाहेतु विराजमान हैं। उन पूज्य श्रमण गौतम के विषय में ऐसा मङ्गलमय यश:शब्द सुना जा रहा है—'ऐसा भी है कि वे भगवान् अर्हन्, सम्यक्सम्बुद्ध ...पूर्ववत्... बुद्ध भगवान् हैं'। वे देवलोक सहित इस लोक को ...पूर्ववत्... अर्हतों का दर्शन होता है।" तब वे इच्छानङ्गलवासी ब्राह्मणगृहपति, उस रात्रि के बीतने पर, इच्छानङ्गलवनप्रदेश में पहुँचे तथा बाहरी द्वार पर खड़े होकर कोलाहल करने लगे।

२. उस समय आयुष्मान् नागित भगवान् के उपस्थायक (परिचारक) थे। तब भगवान् ने आयुष्मान् नागित से पूछा—"नागित! ये बाहर कौन कोलाहल कर रहे हैं, मानो मछली बाजार में मछुआरे मछली बेच रहे हों?"

"भन्ते! ये इच्छानङ्गलवासी ब्राह्मण गृहपति प्रभूत खाद्यसामग्री ले कर भगवान् तथा सङ्घ को देने के उद्देश्य से ही बाहर दरवाजे पर खड़े हैं।"

"नागित! मैने कभी लौकिक यश को गले नहीं लगाया, न वह यश ही कभी मेरे पीछे लगा। इस लौकिक सुख को वह स्वीकार करे जिस को इस नैष्काम्यसुख का, एकान्तसाधना के सुख का, शान्तिसुख का, सम्बोधिसुख का लाभ अत्यधिक सरलता से तथा कठिनाई के विना न मिला हो;

३. ''अधिवासेतु दानि, भन्ते, भगवा; अधिवासेतु, सुगतो; अधिवासनकालो दानि, भन्ते, भगवतो। येन येनेव दानि, भन्ते, भगवा गमिस्सति, तन्निन्ना व भविस्सन्ति ब्राह्मणगहपतिका नेगमा चेव जानपदा च। सेय्यथापि, भन्ते थुल्लफुसितके देवे वस्सन्ते यथानिन्नं उदकानि पवत्तन्ति; एवमेव खो, भन्ते, येन येनेव दानि भगवा गमिस्सति, तन्निन्ना व भविस्सन्ति ब्राह्मणगहपतिका नेगमा चेव जानपदा च। तं किस्स हेतु? तथा हि, भन्ते, भगवतो सीलपञ्ञाणं'' ति।

४. ''माहं, नागित, यसेन समागमं, मा च मया यसो। यो खो, नागित, नयिमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी [B.301] अस्स अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, सो तं मीळ्हसुखं मिद्धसुखं लाभसक्कारसिलोकसुखं सादियेय्य।

५. ''इधाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि गामन्तविहारिं समाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानिमं आयस्मन्तं आरामिको वा समणुद्देसो वा सहधम्मिको [R.343] वा तम्हा समाधिम्हा चावेस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो न अत्तमनो [N.58] होमि गामन्तविहारेन। इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे पचलायमानं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा इमं निद्दाकिलमथं पटिविनोदेत्वा अरञ्ञसञ्ञंयेव मनसि करिस्सति एकत्तं' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

---

मैं तो इस नैष्काम्य सुख का, एकान्तसुख का, शान्तिसुख का, सम्बोधिसुख का लाभ अतिशय, सरलता से, विना किसी कठिनाई के प्राप्त करता रहता हूँ तो मैं इस पुरुषमल (मीळ्ह) जैसे निकृष्ट लौकिक यश:सुख को क्यों पाना चाहूँगा!''

३. भन्ते! भगवान् इसे भी स्वीकार करें, सुगत! इसे भी स्वीकार करें; क्योंकि आप जैसा (लौकिक) व्यवहार करेंगे जनता भी उसी का अनुकरण करेगी। ये निगम एवं जनपद वासी ब्राह्मण गृहपति भी उसी का अनुकरण करेंगे। भन्ते! जैसे भारी वर्षा का जल नीची भूमि की ओर बहता है; वैसे ही, आप जैसा व्यवहार करेंगे ये निगम या जनपद वासी भी वैसा ही आचरण करेंगे। वह किस लिये? क्यों कि आपका आचार लोक में सर्वोत्तम है।''

४. ''नागित! मैने कभी लौकिक यश को गले नहीं लगाया... निकृष्ट लौकिक यश:सुख को क्यों पाना चाहूँगा!''

५. ''नागित! जब मैं यहाँ किसी भिक्षु को ग्राम से एकान्त में समाधिनिष्ठ देखता हूँ, तो नागित! मुझको यह विचार होता है—'इस आयुष्मान् को कोई विहारवासी श्रमणप्रत्याशी या इस का कोई साथी आकर इसकी साधना में कुछ विघ्न न डाल दे'। अत: नागित! मैं उस भिक्षु की ग्राम के पास ही एकान्त में की जा रही साधना से सन्तुष्ट या प्रसन्न नहीं होता। परन्तु, नागित! जब मैं किसी भिक्षु को अरण्य में एकान्त में बैठ कर साधना करते हुए देखता हूँ, तब, नागित! मुझ को यह

६. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे असमाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा इमं असमाहितं वा चित्तं समादहिस्सति, समाहितं वा चित्तं अनुरक्खिस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

७. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे समाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा अविमुत्तं वा चित्तं विमोचेस्सति, विमुत्तं वा चित्तं अनुरक्खिस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

८. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खूं पस्सामि गामन्तविहारिं लाभिं चीवरपिण्डपात-[R.344] सेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं। सो तं लाभसक्कारसिलोकं निकामयमानो रिञ्चति पटिसल्लानं रिञ्चति अरञ्ञवनपत्थानि पन्तानि सेनासनानि; गामनिगमराजधानिं ओसरित्वा वा सङ्कप्पेति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो न अत्तमनो होमि गामन्तविहारेन।

[B.302] ९. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं लाभिं चीवरपिण्डपात-

---

विचार होता है—'अब यह आयुष्मान् निद्रा की विश्रान्ति से दूर रह कर अरण्यसाधना से अपने असमाहित चित्त को समाहित एवं एकाग्र कर लेगा।' अतः नागित! उस अरण्यसाधक भिक्षु को देखकर मैं प्रसन्न एवं सन्तुष्ट होता हूँ।''

६. ''इसी प्रकार, नागित! जब मैं किसी अरण्यसाधक भिक्षु को अरण्यसाधना में असमाहित चित्त हुए बैठे देखता हूँ, तब मुझ को यह विचार होता है—'अब यह आयुष्मान् अपने असमाहित चित्त को समाहित कर लेगा, तथा समाहित चित्त की रक्षा कर लेगा।' अतः, नागित! मैं उस आरण्यक साधक भिक्षु को देख कर प्रसन्न होता हूँ।''

७. ''और, नागित! जब मैं किसी आरण्यक भिक्षु को वहाँ समाहितचित्त होकर साधना करते हुए देखता हूँ, तब मुझको यों विचार होता है—'अब यह अपने अविमुक्त चित्त को विमुक्त कर लेगा या विमुक्तचित्त की रक्षा करता रहेगा'। अतः नागित! मैं उस आरण्यक भिक्षु की साधना से प्रसन्न होता हूँ।''

८. ''और, नागित! जब मैं किसी भिक्षु को ग्राम की सीमा के पास ही साधना करते देखता हूँ, तथा जब मुझे उसके विषय में ज्ञात होता है कि उसको, उस समीपता के कारण, चीवर, पिण्डपात, शयनासन एवं रुग्णावस्था के समय की ओषधियाँ—आदि सभी का अतिशय लाभ है। वह उक्त वस्तुओं के लाभ सत्कार में ही आसक्त होकर एकान्त साधना की उपेक्षा करने लगता है, और एकान्त साधना में उपयोगी आरण्यक स्थानों का त्याग कर बैठता है, तथा वह उक्त वस्तुओं की अतिरिक्त प्राप्ति हेतु उससे भी सम्पन्न ग्राम, निगम एवं राजधानियों की ओर बढ़ने का सङ्कल्प करता है। नागित! मैं ऐसे साधक भिक्षु के इस क्रियाकलाप से प्रसन्न नहीं होता।

९. ''परन्तु जो आरण्यक साधक भिक्षु चीवर, पिण्डपात आदि वस्तुओं के लाभ सत्कार में

सेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं। सो तं लाभसक्कारसिलोकं पटिपणा-मेत्वा न रिञ्चति पटिसल्लानं न रिञ्चति अरञ्ञवनपत्थानि पन्तानि सेनासनानि। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन। यस्माहं, नागित, समये [N.59] अद्धानमग्गप्पटिपन्नो न कञ्चि पस्सामि पुरतो वा पच्छतो वा, फासु मे, नागित, तस्मिं समये होति अन्तमसो उच्चारपस्सावकम्माया'' ति॥ ●

देवतावग्गो चतुत्थो॥

तस्सुद्दानं

सेखा द्वे अपरिहानि, मोग्गल्लान विज्जाभागिया।
विवाददानत्तकारी निदानं, किमिलदारुक्खन्धेन नागितो ति॥ ●

## ५. धम्मिकवग्गो

**१. नागसुत्तं :** १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थियं पिण्डाय पाविसि। सावत्थियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो आयस्मन्तं आनन्दं

---

ही रमा नहीं रहता, तथा एकान्त साधना की उपेक्षा नहीं करता, अपितु एकान्त साधना-स्थलों में अनुराग रखता है, तो नागित! मैं उस भिक्षु की इस कुशल चर्या से प्रसन्न होता हूँ। नागित! मैं भी जब चारिका के समय मार्ग में चलता हूँ तब भी मुझको एकान्त अच्छा लगता है, यहाँ तक कि मूत्रोत्सर्ग आदि नित्य क्रियाओं में भी सुविधा रहती है॥'' ●

**देवतावर्ग चतुर्थ सम्पन्न॥**

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. शैक्ष्यसूत्र, २. प्रथम अपरिहाणसूत्र, ३. द्वितीय अपरिहाणसूत्र, ४. महामौद्गल्यायनसूत्र, ५. विद्याभागीयसूत्र, ६. विवादमूलसूत्र, ७. दानसूत्र, ८. आत्मकारीसूत्र, ९. निदानसूत्र, १०. किमिलसूत्र, ११. दारुस्कन्धसूत्र एवं १२. नागितसूत्र॥ ●

## ५. धार्मिक वर्ग

**१. नागसूत्र : : 'नाग' का विशद वर्णन**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती स्थित, अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी भगवान् पूर्वाह्ण में वस्त्र सुव्यवस्थित कर, पात्र चीवर लेकर श्रावस्ती में भिक्षाचर्याहेतु प्रविष्ट हुए। वहाँ भिक्षाचर्या कर भोजन क्रिया से निवृत्त होकर उनने आयुष्मान् आनन्द को बुलाया—''आओ, आनन्द! आज दैवसिक साधनाहेतु पूर्वाराम के

[R.345] आमन्तेसि—''आयामानन्द, येन पुब्बारामो मिगारमातुपासादो तेनुपसङ्कमिस्साम दिवाविहाराया'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि।

२. अथ खो भगवा आयस्मता आनन्देन सद्धिं येन पुब्बारामो मिगारमातुपासादो तेनुपसङ्कमि। अथ खो भगवा सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''आयामानन्द, येन पुब्बकोट्ठको तेनुपसङ्कमिस्साम गत्तानि परिसिञ्चितुं'' ति। [B.303] ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा आयस्मता आनन्देन सद्धिं येन पुब्बकोट्ठको तेनुपसङ्कमि गत्तानि परिसिञ्चितुं। पुब्बकोट्ठके गत्तानि परिसिञ्चित्वा पच्चुत्तरित्वा एकचीवरो अट्ठासि गत्तानि पुब्बापयमानो।

३. तेन खो पन समयेन रञ्ञो पसेनदिस्स कोसलस्स सेतो नाम नागो महातूरियताळितवादितेन पुब्बकोट्ठका पच्चुत्तरति। अपिस्सु तं जनो दिस्वा एवमाह— [N.60] ''अभिरूपो वत, भो, रञ्ञो नागो; दस्सनीयो वत, भो, रञ्ञो नागो; पासादिको वत, भो, रञ्ञो नागो; कायुपपन्नो वत, भो, रञ्ञो नागो'' ति! एवं वुत्ते आयस्मा उदायी भगवन्तं एतदवोच—''हत्थिमेव नु खो, भन्ते, महन्तं ब्रहन्तं कायुपपन्नं जनो दिस्वा एवमाह—'नागो वत, भो, नागो' ति, उदाहु अञ्ञं पि कञ्चि महन्तं ब्रहन्तं कायुपपन्नं जनो दिस्वा एवमाह—'नागो वत, भो, नागो''' ति?

---

मृगारमातृप्रसाद चलेंगे।'' आयुष्मान् आनन्द ने ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर भगवान् की आज्ञा का स्वीकार किया।

२. तब भगवान् आयुष्मान् आनन्द के साथ पूर्वाराम के मृगारमातृप्रासाद में दिवाकालीन साधनाहेतु गये। तथा सायङ्काल तक वहाँ दिवाकालीन साधना कर, साधना से निवृत्त होकर आयुष्मान् आनन्द से बोले—''चलो, आनन्द! पूर्वकोष्ठक (जलाशय) चलें वहाँ स्नान करेंगे। ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आनन्द ने भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य की। तब भगवान् आयुष्मान् आनन्द के साथ पूर्वकोष्ठक जलाशय गये। वहाँ जलाशय में स्नान कर, वहाँ से निकल कर, शरीर से जल सुखाने के लिये एक चीवर धारण कर खड़े हो गये।

३. उस समय राजा प्रसेनजित् कौसल का श्वेत हाथी नगाड़े आदि बाजे बजाकर उस पूर्वकोष्ठक जलाशय से निकाला जा रहा था। वह श्वेत हाथी इतना सुन्दर था कि उसे देखकर किसी मार्ग चलते साधारण आदमी के मुख से यह वचन निकला—''अरे यह राजा का हाथी तो बहुत सुन्दर है, यह अतिशय दर्शनीय है, इसे देखकर चित्त प्रसन्न हो जाता है, इस हाथी ने अच्छा (सुपुष्ट) शरीर पाया है।'' उस पुरुष द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् उदायी[१] ने भगवान् से यों जिज्ञासा प्रकट की—''भन्ते! क्या कोई पुरुष किसी बलिष्ठ, सुन्दर एवं नयनाभिराम शरीर वाले हाथी को देखकर ही यह कहता है—'अरे! यह हाथी तो वस्तुतः हाथी है'; या किसी अन्य बलिष्ठ, सुन्दर एवं नयनाभिराम शरीर वाले प्राणी को देखकर भी वह यह कह सकता है—'अरे! यह तो हाथी है'?''

---

१. संवाद में उदायी कैसे आ गये? भगवान् के साथ तो स्नानहेतु आयुष्मान् आनन्द चले थे। —सं०

"हत्थिं पि खो, उदायि, महन्तं ब्रहन्तं कायुपपन्नं जनो दिस्वा एवमाह—'नागो वत, भो, नागो' ति! अस्सं पि खो, उदायि, महन्तं ब्रहन्तं ...पे०... गोणं पि खो, उदायि, [R.346] महन्तं ब्रहन्तं ...पे०... उरगं पि खो, उदायि, महन्तं ब्रहन्तं ...पे०... रुक्खं पि खो, उदायि, महन्तं ब्रहन्तं ...पे०... मनुस्सं पि खो, उदायि, महन्तं ब्रहन्तं कायुप्पन्नं जनो दिस्वा एवमाह—'नागो वत, भो, नागो' ति! अपि च, उदायि, यो सदेवके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय आगुं न करोति कायेन वाचाय मनसा, तमहं 'नागो' ति ब्रूमी" ति।

४. "अच्छरियं, भन्ते, अब्भुतं, भन्ते! याव सुभासितं चिदं, भन्ते, भगवता—'अपि च, उदायि, यो सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय आगुं न करोति कायेन वाचाय मनसा, तमहं नागो ति ब्रूमी' ति।

"इदं च पनाहं, भन्ते, भगवता सुभासितं इमाहि गाथाहि अनुमोदामि—

"मनुस्सभूतं सम्बुद्धं, अत्तदन्तं समाहितं।
इरियमानं ब्रह्मपथे, चित्तस्सूपसमे रतं॥
"यं मनुस्सा नमस्सन्ति, सब्बधम्मान पारगुं। [B.304]
देवा पि तं नमस्सन्ति, इति मे अरहतो सुतं॥
"सब्बसंयोजनातीतं, वना निब्बनमागतं।

---

"हाँ, उदायि! कोई पुरुष पुष्ट एवं बलवान् शरीर वाले हाथी को देखकर...पूर्ववत्... अश्व को देखकर... ऊँट को देखकर... वृषभ को देखकर... तथा सुपुष्ट एवं बलिष्ठ शरीर वाले किसी पुरुष को देखकर भी यह कह सकता है—'अरे! यह तो हाथी जैसा लगता है।' परन्तु, उदायि! मेरी दृष्टि में तो वही 'नाग' कहलाने योग्य है जो देवताओं सहित इस मारलोक एवं ब्रह्मलोक में देव-मनुष्य, श्रमण एवं ब्राह्मणी प्रजा सहित किसी के प्रति मन, वचन या कर्म से कोई अपराध न करता हो।"

४. "आश्चर्य है, भन्ते! आपका यह कथन बहुत ही अच्छा और अद्भुत है कि 'मेरी दृष्टि में वही 'नाग' कहलाने योग्य हैं जो देवताओं सहित इन मारलोक और ब्रह्मलोक में देव, मनुष्य, श्रमण एवं ब्राह्मण प्रजासहित किसी के प्रति मन वचन या कर्म से कोई अपराध न करता हो। मैं उसी को 'नाग' कहता हूँ।

"भन्ते! भगवान् के इस सुभाषित का इन (अधोलिखित) गाथाओं से मैं भी अनुमोदन करता हूँ।

"जिस आत्मसंयमी, समाधिनिष्ठ, निर्वाणपथ पर आरूढ़, स्वकीय चित्तशान्ति में लगे हुए, सभी धर्मों के अन्तस्तल तक पहुँचे हुए, मनुष्य रूप में अवतरित सम्बुद्ध को जो मनुष्य प्रणाम करेंगे, देवता भी उसी को प्रणाम करेंगे—ऐसा मैंने ज्ञानी जनों से सुना है॥

"वे सम्बुद्ध सभी संयोजनों (भवबन्धनों) से दूर हुए, तृष्णा से तृष्णारहित स्थिति में पहुँचे हुए तथा कामभोगों से दूर रहकर प्रव्रज्यासुख का भोग करते हुए संसार में ऐसे शोभित होते हैं जैसे कोई सुवर्णखण्ड पर्वत से नीचे आ गिरा हो॥

कामेहि नेक्खम्मरतं, मुत्तं सेला व कञ्चनं॥

[N.61] "सब्बे अच्चरुची नागो, हिमवाञ्ञे सिलुच्चये।
सब्बेसं नागनामानं, सच्चनामो अनुत्तरो॥

"नागं वो कित्तयिस्सामि, न हि आगुं करोति सो।
सोरच्चं अविहिंसा च, पादा नागस्स ते दुवे॥

"तपो च ब्रह्मचरियं, चरणा नागस्स त्यापरे।
सद्धाहत्थो महानागो, उपेक्खासे तदन्तवा॥

"सति गीवा सिरो पञ्ञा, वीमंसा धम्मचिन्तना।
धम्मकुच्छिसमातपो, विवेको तस्स वालधि॥

"सो झायी अस्सासरतो, अज्झत्तं सुसमाहितो।
गच्छं समाहितो नागो, ठितो नागो समाहितो॥

"सेय्यं समाहितो नागो, निसिन्नो पि समाहितो।
[R.347] सब्बत्थ संवुतो नागो, एसा नागस्स सम्पदा॥

"भुञ्जति अनवज्जानि, सावज्जानि न भुञ्जति।
घासमच्छादनं लद्धा, सन्निधिं परिवज्जयं॥

"संयोजनं अणुं थूलं, सब्बं छेत्वान बन्धनं।
येन येनेव गच्छति, अनपेक्खो व गच्छति॥

"यथा पि उदके जातं, पुण्डरीकं पवड्ढति।

---

"यों तो सभी नाग ऐसे ज्वलन्त देदीप्यमान लगते हैं मानो हिमालय पर्वत का कोई चमकीला शिखर हो; परन्तु इन सभी नागों में 'सत्य' नामक नाग अनुपम (अद्वितीय) है॥

"अब मैं उस 'नाग' का सविस्तर करूँगा, जो किसी प्रकार का पाप नहीं करता। उस नाग के दो चरण होते हैं—१. विनम्रता (सोरच्च) एवं २. दया (अविहिंसा)॥

"तथा उस नाग के दो चरण ये हैं—१. तप एवं २. ब्रह्मचर्य (धर्मसाधना) और उस हाथी की सूँड़ श्रद्धा और उसका पृष्ठभाग उपेक्षा का प्रतीक हैं॥

"स्मृति ही उसकी ग्रीवा है, प्रज्ञा उसका शिर है, धर्मचिन्तन उसका सोचना विचारना है तथा धर्म की कोंख उसका पेट एवं मीमांसा उसकी पूँछ है॥

"वह सतत ध्यानरत, निर्वाण के लिये आश्वस्त, आध्यात्मिक रूप से भलीभाँति समाहित (एकाग्रचित्त) रहता है—भले ही वह चल रहा हो या खड़ा हो; सोया हो या बैठा हो। इस प्रकार वह नाग सर्वथा सब प्रकार से संयत रहता है। यही उस (सत्य नामक) नाग की सम्पदा है।

"यह निर्दोष वस्तु का ही उपभोग करता है, सदोष का नहीं। शरीर धारण मात्र के लिये ही भोजन पाकर वह सन्तुष्ट रहता है। वह किसी भी प्रकार का संग्रह (सन्निधि) नहीं करता।

"वह अपने सभी प्रकार के छोटे या बड़े संयोजनों एवं भवबन्धनों को काट कर जिधर भी जाता है किसी प्रकार की प्राप्ति की आशा त्याग कर ही जाता है॥

नुपलिप्पति तोयेन, सुचिगन्धं मनोरमं॥
"तथेव लोके सुजातो, बुद्धो लोके विहरति।
नुपलिप्पति लोकेन, तोयेन पदुमं यथा॥
"महागिनी व जलितो, अनाहारूपसम्मति। [B.305]
सङ्खारेसूपसन्तेसु, निब्बुतो ति पवुच्चति॥
"अत्थस्सायं विञ्ञापनी, उपमा विञ्ञूहि देसिता।
विञ्ञस्सन्ति महानागा, नागं नागेन देसितं॥
"वीतरागो वीतदोसो, वीतमोहो अनासवो। [N.62]
सरीरं विजहं नागो, परिनिब्बिस्सति अनासवो" ति॥ ●

**२. मिगसालासुत्तं** : १. अथ खो आयस्मा आनन्दो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन मिगसालाय उपासिकाय निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो मिगसाला उपासिका येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्ना खो मिगसाला उपासिका आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—

२. "कथं कथं नामायं, भन्ते आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं? [R.348]

---

"जैसे जल में उत्पन्न सुन्दर एवं सुगन्धियुक्त कमल जल से वृद्धि पाकर भी उसमें कभी लिप्त नहीं होता; उसी प्रकार उच्च जाति वाला ज्ञानी लोक में किसी प्रकार की आसक्ति न रखता हुआ वहाँ विचरण करता है, जैसे जल में कमल वास करता है॥

"जैसे भयङ्कर रूप से प्रज्वलित अग्नि भी आहार (इन्धन) न पाने पर स्वयं शान्त हो जाती है; उसी प्रकार वह भी, सर्वविध संस्कारों के शान्त होने पर, 'निर्वृत हो गया' कहलाता है।

विद्वानों ने इस उपमा (दृष्टान्त) को अर्थ (वास्तविकता) बताने वाली कहा है। इस (उपरिवर्णित) नाग को वे महानाग (महान् ज्ञानी) ही जान सकेंगे, जो नाग (भगवान् बुद्ध) द्वारा उपदेश प्राप्त कर चुके हैं।

जो राग, द्वेष एवं मोह को सर्वथा त्याग चुका है, आश्रव (विकार) रहित हो चुका है, ऐसा नाग (ज्ञानी साधक) देहत्याग के बाद आश्रवरहित रहता हुआ ही परिनिर्वृत होगा॥" ●

**२. मृगशालासूत्र : : छह प्रकार के पुद्गल**

१. तब आयुष्मान् आनन्द पूर्वाह्ण काल में वस्त्रों को व्यवस्थित कर, पात्रचीवर लेकर, मृगशाला उपासिका के घर पहुँचे। पहुँचकर वहाँ प्रज्ञप्त आसन पर बैठे। तब मृगशाला उपासिका आनन्द के सम्मुख आयी। आकर आयुष्मान् आनन्द को प्रणाम कर एक ओर बैठ गयी। एक ओर बैठी उस मृगशाला उपासिका ने आयुष्मान् आनन्द से यह जिज्ञासा प्रकट की—

२. "भन्ते आनन्द! आपके भगवान् यह कैसा कैसा उपदेश करते हैं जो समझ में ही नहीं आता! वे उपदेश में कहते हैं कि ब्रह्मचारी एवं अब्रह्मचारी—दोनों की ही, देहपात के बाद, समान

पिता मे, भन्ते, पुराणो ब्रह्मचारी अहोसि आराचरी विरतो मेथुना गामधम्मा। सो कालङ्कतो भगवता ब्याकतो सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। पेत्तेय्यो पि मे, भन्ते, इसिदत्तो अब्रह्मचारी अहोसि सदारसन्तुट्ठो। सो पि कालङ्कतो भगवता ब्याकतो सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। कथं कथं नामायं, भन्ते, आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं'' ति?

''एवं खो पनेतं, भगिनि, भगवता ब्याकतं'' ति।

[B.306] ३. अथ खो आयस्मा आनन्दो मिगसालाय उपासिकाय निवेसने पिण्डपातं गहेत्वा उट्ठायासना पक्कामि। अथ खो आयस्मा आनन्दो पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—

४. ''इधाहं, भन्ते, पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन मिगसालाय उपासिकाय निवेसनं तेनुपसङ्कमिं; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदिं। अथ खो, भन्ते, मिगसाला उपासिका येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। [N.63] एकमन्तं निसिन्ना खो, भन्ते, मिगसाला उपासिका मं एतदवोच—'कथं कथं नामायं, भन्ते आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं। पिता मे, भन्ते, पुराणो ब्रह्मचारी अहोसि आराचारी विरतो मेथुना गामधम्मा। सो कालङ्कतो भगवता ब्याकतो सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। पेत्तेय्यो पि मे, भन्ते, इसिदत्तो अब्रह्मचारी अहोसि सदारसन्तुट्ठो। सो पि

---

ही गति होती है। १. भन्ते, मेरे पिता पुराण धर्मसाधक थे, वे ग्राम्यधर्म एवं मैथुनधर्म से सर्वथा दूर रहते थे। उनके देहपात के बाद, भगवान् ने उनके विषय में बताया कि वे सकृदागामिता की स्थिति प्राप्त कर तुषित लोक में उत्पन्न हुए हैं। २. उधर मेरा पितृभक्त (भाई) ऋषिदत्त धर्मसाधक तो नहीं था, पर व्यभिचारी भी नहीं था; क्योंकि अपनी पत्नीमात्र से सन्तुष्ट रहता था। उसके देहपात के बाद, उसके विषय में पूछने पर भी यही बताया कि वह भी सकृदागामिता की भूमिका प्राप्त कर तुषित लोक में उत्पन्न हुआ है। भन्ते आनन्द! भगवान् ने यह कैसी धर्मदेशना की कि जिसमें ब्रह्मचारी एवं अब्रह्मचारी दोनों को ही देहपातानन्तर समानगतिक बता दिया?''

''हाँ, बहन! भगवान् ने ऐसी ही देशना की है।''

३. तब आयुष्मान् आनन्द मृगशाला उपासिका के घर भिक्षान्न ग्रहण कर आसन से उठकर चले आये। तब आयुष्मान् आनन्द भोजन के बाद भगवान् के सम्मुख आये। आकर, प्रणाम कर, एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से यह निवेदन किया—

४. ''यहाँ, भन्ते! मैं आज पूर्वाह्न काल में...पूर्ववत्... समानगतिक बता दिया? इसके उत्तर में भन्ते! मैंने कहा—'भगवान् ने ऐसी ही देशना की है'।''

कालङ्कतो भगवता ब्याकतो सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। कथं कथं [R.349] नामायं, भन्ते आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं' ति? एवं वुत्ते अहं, भन्ते, मिगसालं उपासिकं एतदवोचं—'एवं खो पनेतं, भगिनि, भगवता ब्याकतं''' ति।

५. "का चानन्द, मिगसाला उपासिका बाला अब्यत्ता अम्मका अम्मकसञ्ञा, के च पुरिसपुग्गलपरोपरियञाणे? छयिमे, आनन्द, पुग्गला सन्तो संविज्जमाना लोकस्मिं। कतमे छ?

६. "इधानन्द, एकच्चो पुग्गलो सोरतो होति सुखसंवासो, अभिनन्दन्ति सब्रह्मचारी एकत्तवासेन। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा [B.307] परं मरणा हानाय परेति नो विसेसाय, हानगामीयेव होति नो विसेसगामी।

७. "इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो सोरतो होति सुखसंवासो, अभिनन्दन्ति सब्रह्मचारी एकत्तवासेन। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति नो हानाय, विसेसगामीयेव होति नो हानगामी।

८. "तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति—'इमस्स पि तेव धम्मा अपरस्स पि तेव धम्मा, कस्मा तेसं एको हीनो एको पणीतो' ति! तं हि तेसं, आनन्द, होति दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय।

---

५. (भगवान् बोले—) "आनन्द! कहाँ वह मूर्ख मन्दमति नारी, नारी की कोंख से जन्मी मृगशाला उपासिका और कहाँ ये पुरुष पुद्गल की पहुँच से ऊपर के दोनों ज्ञान! आनन्द! लोक में ये छह प्रकार के पुद्गल होते हैं। कौन से छह?

६. "आनन्द! यहाँ कोई पुद्गल विनम्र होता है, सुख से जीवन बिताने वाले स्वभाव वाला होता है। उसके साथी उसके इस अनुकूल एवं एकाकी जीवन की प्रशंसा करते हैं। उसको धर्मश्रवण से भी कोई प्रयोजन नहीं रहता, न अधिक विद्वत्ता से उसका कोई प्रयोजन होता है, न वह सम्यग्दृष्टि में ही गहरा प्रविष्ट हुआ रहता है, न वह सामायिक विमुक्ति को ही प्राप्त हुआ रहता है। वह अपने इस देहपात के बाद मरणानन्तर, हानि ही प्राप्त करता है, विशेष लाभ नहीं। (१)

७. "और, आनन्द! यहाँ कोई दूसरा पुद्गल भी विनम्र होता है, सुख से जीवन बिताने वाला होता है। उसके साथी भी उसके इस अनुकूल एवं एकाकी जीवन की प्रशंसा करते हैं। परन्तु उसको धर्मश्रवण से भी प्रयोजन रहता है, अधिक विद्वत्ता से भी; वह सम्यग्दृष्टिपूर्वक साधना में गम्भीर प्रवेश भी रखता है, और वह सामायिक विमुक्ति को भी प्राप्त हुआ रहता है। अतः वह, अपने देहपात के बाद, मरणानन्तर विशेष लाभ ही प्राप्त करता है, कोई हनि नहीं। (२)

८. "वहाँ, आनन्द! विचारक जन विचारने लगते हैं—'इनमें एक के भी वही धर्म (आचरण) हैं, दूसरे के भी वही आचरण हैं, फिर उनमें से एक हानि प्राप्त करता है और दूसरा

[N.64] ९. ''तत्रानन्द, य्वायं पुग्गलो सोरतो होति सुखसंवासो, अभिनन्दन्ति सब्रह्मचारी एकत्तवासेन, तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं [R.350] होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। अयं, आनन्द, पुग्गलो अमुना पुरिमेन पुग्गलेन अभिक्कन्ततरो च पणीततरो च। तं किस्स हेतु? इमं हानन्द, पुग्गलं धम्मसोतो निब्बहति, तदन्तरं को जानेय्य अञ्ञत्र तथागतेन! तस्मातिहानन्द, मा पुग्गलेसु पमाणिका अहुवत्थ; मा पुग्गलेसु पमाणं गण्हित्थ। खञ्ञति हानन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हन्तो। अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

१०. ''इध पनानन्द, एकच्चस्स पुग्गलस्स कोधमानो अधिगतो होति, समयेन समयं चस्स लोभधम्मा उप्पज्जन्ति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति नो विसेसाय, हानगामीयेव होति नो विसेसगामी।

११. ''इध पनानन्द, एकच्चस्स पुग्गलस्स कोधमानो अधिगतो होति, समयेन समयं चस्स लोभधम्मा उप्पज्जन्ति। तस्स सवनेन पि कतं होति ...पे०... नो हानगामी।

[B.308] १२. ''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति ...पे०... यो वा पनस्स मादिसो।

१३. ''इध, पनानन्द, एकच्चस्स पुग्गलस्स कोधमानो अधिगतो होति, समयेन

---

लाभ। ऐसा क्यों?' आनन्द! इन विचारकों का ऐसा विचार करना उनके लिये दीर्घकाल तक अहितकर एवं दुःखप्रद ही होता है।

९. ''वहाँ, आनन्द! जो पुद्गल विनम्र एवं सुख से जीवन बिताने वाला होकर भी, धर्मश्रवण, विद्वत्ता, सम्यग्दृष्टिपूर्वक साधना में गम्भीर प्रवेश, एवं सामायिक विमुक्ति प्राप्त कर चुका है, वह यह दूसरा पुद्गल उस पहले पुद्गल से अपेक्षाकृत योग्य है, अच्छा है। वह किस कारण? वह इसलिये कि इस दूसरे पुद्गल को उसका धर्मस्रोत प्रथम पुद्गल से पृथक् किये हुए हैं। इस अन्तर (भेद) को तथागत के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं जान सकेगा। अतः आनन्द! वैसे विचारक इन पुद्गलों की ओर न देखें और न इनपर कोई विचार करें। ऐसे पुद्गलों पर विचार करने वाला विचारक अपना नाश ही करता है। उनपर विचार करने का एकमात्र अधिकार मेरा है, या मेरे ही समान किसी अन्य ज्ञानी का।

१०. ''पुनः, आनन्द! यहाँ कोई पुद्गल क्रोधी एवं अभिमानी होता है, और समय समय पर उसको लोभधर्म भी उत्पन्न होते रहते हैं। उसको न धर्मश्रवण से...पूर्ववत्... उसकी हानि ही होती है, वह यहाँ कुछ विशेष प्राप्त नहीं कर पाता। (३)

११. ''पुनः, आनन्द! यहाँ कोई दूसरा पुद्गल भी यद्यपि क्रोधी, अभिमानी होता है, समय समय पर उसको लोभधर्म भी उत्पन्न होते रहते हैं; परन्तु वह धर्मश्रवण भी करता है...पूर्ववत्... वह विशेष (लाभ) ही प्राप्त करता है उसकी हानि नहीं होती। (४)

१२. ''वहाँ, आनन्द! विचारक जब विचार करने लगते हैं कि ...पूर्ववत्... या मेरे ही समान किसी अन्य ज्ञानी का।

समयं चस्स वचीसङ्खारा उप्पज्जन्ति। तस्स सवनेन पि अकतं होति ...पे०... सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति नो विसेसाय, हानगामीयेव होति नो विसेसगामी।

१४. ''इध पनानन्द, एकच्चस्स पुग्गलस्स कोधमानो अधिगतो होति, समयेन समयं चस्स वचीसङ्खारा उप्पज्जन्ति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं [R.351] मरणा विसेसाय परेति नो हानाय, विसेसगामीयेव होति नो हानगामी।

१५. ''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति--'इमस्स पि तेव धम्मा, अपरस्स [N.65] पि तेव धम्मा। कस्मा तेसं एको हीनो, एको पणीतो' ति ? तं हि तेसं, आनन्द, होति दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय।

१६. ''तत्रानन्द, यस्स पुग्गलस्स कोधमानो अधिगतो होति, समयेन समयं चस्स वचीसङ्खारा उप्पज्जन्ति, तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। अयं, आनन्द, पुग्गलो अमुना पुरिमेन पुग्गलेन अभिक्कन्ततरो च पणीततरो च। तं किस्स हेतु? इमं हानन्द, पुग्गलं धम्मसोतो निब्बहति। तदन्तरं को जानेय्य अञ्ञत्र तथागतेन! तस्मातिहानन्द, मा पुग्गलेसु पमाणं गण्हन्तो। अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं, यो वा पनस्स मादिसो।

१७. ''का चानन्द, मिगसाला उपासिका बाला अब्यत्ता अम्मका अम्मकसञ्ञा, के च पुरिसपुग्गलपरोपरियञाणे! इमे खो, आनन्द, छ पुग्गला सन्तो संविज्जमाना लोकस्मिं।

---

१३. ''पुनः, आनन्द! यहाँ कोई पुद्गल क्रोधी एवं अभिमानी होता है, तथा समय समय पर उसको वाक्संस्कार भी उत्पन्न होते रहते हैं। उसको न धर्मश्रवण से ...पूर्ववत्... हानि ही होती है, वह विशेष प्राप्त नहीं कर पाता। (५)

१४. ''पुनः आनन्द! यहाँ कोई दूसरा पुद्गल क्रोधी एवं अभिमानी होता है, तथा समय समय पर उसके वाक्संस्कार भी उत्पन्न होते रहते हैं; परन्तु वह धर्मश्रवण भी करता है ...पूर्ववत्... वह विशेष ही प्राप्त करता है, उसकी हानि नहीं होती। (६)

१५. ''वहाँ, आनन्द! विचारक जन विचार करने लगते हैं— ...पूर्ववत्... ऐसा विचार करना उनको चिरकाल के लिये अहितकर एवं दुःखप्रद ही होगा।

१६. ''वहाँ, आनन्द! जो पुद्गल क्रोधी एवं अभिमानी होता है... पूर्ववत्... या मेरे जैसे किसी अन्य ज्ञानी का।

१७. ''आनन्द! कहाँ वह मूर्ख, मन्दगति, नारी की कोंख से पैदा हुई नारी मृगशाला उपासिका और कहाँ पुरुष॰पुद्गल की पहुँच से ऊपर के ये दोनों ज्ञान! आनन्द! लोक में ये छह उपर्युक्त प्रकार के पुद्गल उपलब्ध होते हैं।

१८. "यथारूपेन, आनन्द, सीलेन पुराणो समन्नागतो अहोसि, तथारूपेन सीलेन इसिदत्तो समन्नागतो अभविस्स। नयिध पुराणो इसिदत्तस्स गतिं पि अञ्ञस्स। यथारूपाय च, आनन्द, पञ्ञाय इसिदत्तो समन्नागतो अहोसि, तथारूपाय पञ्ञाय पुराणो समन्नागतो [B.309] अभविस्स। नयिध इसिदत्तो पुराणस्स गतिं पि अञ्ञस्स। इति खो, आनन्द, इमे पुग्गला उभो एकङ्गहीना" ति॥ ●

**३. इणसुत्तं :** १. "दालिद्दियं, भिक्खवे, दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो" ति।

"एवं, भन्ते"।

"यं पि, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको इणं आदियति, इणादानं पि, [R.352] भिक्खवे, दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो" ति। "एवं, भन्ते"।

[N.66] "यं पि, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको इणं आदियित्वा वड्ढिं पटिस्सुणाति, वड्ढिं पि, भिक्खवे, दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो" ति। "एवं, भन्ते"।

"यं पि, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको वड्ढिं पटिस्सुणित्वा कालाभतं वड्ढिं न देति, चोदेन्ति पि नं। चोदना पि, भिक्खवे, दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो" ति।

"एवं, भन्ते"।

"यं पि, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको चोदियमानो न देति, अनुचरन्ति पि नं। अनुचरिया पि, भिक्खवे, दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो" ति। "एवं, भन्ते"।

---

१८. "आनन्द! मृगशाला का पिता जिस प्रकार के शील से सम्पन्न था, उसी प्रकार के शील से सम्पन्न ऋषिदत्त भी होता (तब उन दोनों में समानता मानी जाती)। परन्तु उसका पिता ऋषिदत्त की साधना को नहीं जान पाया। या फिर, आनन्द! ऋषिदत्त जैसी प्रज्ञा से युक्त था वैसी ही प्रज्ञा पिता में भी होती (तब उन दोनों में समानता होती)। परन्तु ऋषिदत्त भी पिता की साधनापद्धति को नहीं जान पाया। इस प्रकार, आनन्द! ये दोनों ही पुद्गल (साधना के एक-) एक अङ्ग से हीन थे। (अतः उन दोनों का सकृदागामी की स्थिति तक पहुँचना ही उचित था।)॥ ●

**३. ऋणसूत्र** : :

१. "भिक्षुओ! लोक में कामभोगी (इन्द्रियसुखों को भोगनेवाले) के लिये दरिद्रता दुःखरूप है।" "हाँ, भन्ते!"

"भिक्षुओ! जो (कामभोगी) दरिद्र है, निर्धन है, सम्पत्तिरहित है, ऋण लेता है; यह ऋण लेना, भिक्षुओ! उस कामभोगी के लिये दुःखप्रद ही है।" "हाँ, भन्ते!"

"भिक्षुओ! जो (कामभोगी) दरिद्र है, निर्धन है, सम्पत्तिरहित है, ऋण लेता है; तथा उस ऋण पर चक्रवृद्धि व्याज भी चुकाने की प्रतिज्ञा करता है; भिक्षुओ! यह चक्रवृद्धि भी यहाँ उस कामभोगी के लिये दुःखरूप ही है।" "हाँ, भन्ते!"

"और, भिक्षुओ! जो दरिद्र, निर्धन, सम्पत्तिरहित है, ऋण लेता है, ऋण पर चक्रवृद्धि व्याज देने की प्रतिज्ञा करता है; परन्तु व्याज न देने पर साहूकार उससे बलपूर्वक व्याज माँगते हैं, भिक्षुओ! इस प्रकार बलपूर्वक व्याज माँगा जाना भी उस ऋणी कामभोगी के लिये दुःखप्रद ही होता है।"

''यं पि, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको अनुचरियमानो न देति, बन्धन्ति पि नं। बन्धनं पि, भिक्खवे, दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो'' ति। ''एवं, भन्ते''।

२. ''इति खो, भिक्खवे, दालिद्दियं पि दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो, इणादानं पि दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो, वड्ढि पि दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो, चोदना पि दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो, अनुचरिया पि दुक्खा लोकस्मिं कामभोगिनो, बन्धनं पि दुक्खं लोकस्मिं कामभोगिनो; एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि सद्धा नत्थि कुसलेसु धम्मेसु, हिरी नत्थि कुसलेसु धम्मेसु, ओत्तप्पं नत्थि कुसलेसु धम्मेसु, विरियं नत्थि कुसलेसु धम्मेसु, पञ्ञा नत्थि कुसलेसु धम्मेसु—अयं वुच्चति, भिक्खवे, अरियस्स विनये दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको।

३. ''स खो सो, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको सद्धाय असति कुसलेसु धम्मेसु, हिरिया असति कुसलेसु धम्मेसु, ओत्तप्पे असति कुसलेसु धम्मेसु, विरिये [B.310] असति कुसलेसु धम्मेसु, पञ्ञाय असति कुसलेसु धम्मेसु, कायेन दुच्चरितं चरति, वाचाय दुच्चरियं चरति, मनसा दुच्चरितं चरति। इदमस्स इणादानस्मिं वदामि।

४. ''सो तस्स कायदुच्चरितस्स पटिच्छादनहेतु पापिकं इच्छं पणिदहति। [R.353] 'मा मं जञ्ञू' ति इच्छति, 'मा मं जञ्ञू' ति सङ्कप्पति, 'मा मं जञ्ञू' ति वाचं [N.67] भासति, 'मा मं जञ्ञू' ति कायेन परक्कमति। सो तस्स वचीदुच्चरितस्स पटिच्छादनहेतु

---

''हाँ, भन्ते!''

''और, भिक्षुओ! जो ...पूर्ववत्... साहूकार उसका पीछा (उसपर मुकदमा आदि) करते हैं। भिक्षुओ! साहूकार का इस तरह उसका पीछा किया जाना भी उसके लिये दुःखद ही होता है।''

''हाँ, भन्ते!''

''और, भिक्षुओ! जो ...पूर्ववत्... पीछा किये जाने पर भी जो ऋण नहीं चुका पाता तो अन्त में उसको कारावास (बन्धन) हो जाता है; भिक्षुओ! यह कारावास भी उस ऋणग्रस्त कामभोगी के लिये दुःखप्रद ही होता है।'' ''हाँ, भन्ते!''

२. ''इस प्रकार, भिक्षुओ! जैसे किसी दरिद्र कामभोगी के लिये ऋण, चक्रवृद्धि व्याज, उसको देने की प्रेरणा (तकाजा), तब मुकदमा तथा अन्त में कारावास—ये सब कर्म दुःखदायी होते हैं; उसी प्रकार, भिक्षुओ! जिस किसी पुद्गल की कुशल धर्मों के प्रति श्रद्धा, लज्जा, पापभीरुता, वीर्य (साधना की शक्ति) एवं प्रज्ञा नहीं है, भिक्षुओ! ऐसा भिक्षु भी 'दरिद्र', 'निर्धन' एवं 'सम्पत्तिविहीन' ही कहलाता है।

३. ''भिक्षुओ! ऐसा दरिद्र, निर्धन एवं सम्पत्तिविहीन भिक्षु कुशल धर्मों के प्रति श्रद्धा, लज्जा, पापभीरुता, वीर्य एवं प्रज्ञा के न रहने पर काय, वाणी एवं मन से दुराचार करने लगता है। भिक्षुओ! मैं भिक्षु के इन कर्मों को उस लौकिक पुद्गल के 'ऋण लेने' के कृत्य के समान समझता हूँ। (१)

४. तदनन्तर, वह भिक्षु अपने इन कायिक दुश्चरितों को दूसरों से छिपाने की इच्छा करता है। वह चाहता है कि दूसरे लोग मेरे इन दुष्कृत्यों को न जाने—ऐसी इच्छा करता है, ऐसा सङ्कल्प करता

...पे०... सो तस्स मनोदुच्चरितस्स पटिच्छादनहेतु ...पे०... 'मा मं जञ्ञू' ति कायेन परक्कमति। इदमस्स वड्डिया वदामि।

५. "तमेनं पेसला सब्रह्मचारी एवमाहंसु—'अयं च सो आयस्मा एवंकारी एवंसमाचारो' ति। इदमस्स चोदनाय वदामि।

६. "तमेनं अरञ्ञगतं वा रुक्खमूलगतं वा सुञ्ञागारगतं वा विप्पटिसारसहगता पापका अकुसलवितक्का समुदाचरन्ति। इदमस्स अनुचरियाय वदामि।

७. "स खो सो, भिक्खवे, दलिद्दो अस्सको अनाळ्हिको कायेन दुच्चरितं चरित्वा वाचाय दुच्चरितं चरित्वा मनसा दुच्चरितं चरित्वा कायस्स भेदा परं मरणा निरयबन्धने वा बज्झति तिरच्छानयोनिबन्धने वा। नाहं, भिक्खवे, अञ्ञं एकबन्धनं पि समनुपस्सामि एवंदारुणं एवंकटुकं एवंअन्तरायकरं अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय, यथयिदं, भिक्खवे, निरयबन्धनं वा तिरच्छानयोनिबन्धनं वा ति।

"दालिद्दियं दुक्खं लोके, इणादानं च वुच्चति।
दलिद्दो इणमादाय, भुञ्जमानो विहञ्ञति॥
"ततो अनुचरन्ति नं, बन्धनं पि निगच्छति।
एतं हि बन्धनं दुक्खं, कामलाभाभिजप्पिनं॥

---

है, 'दूसरे लोग न जानें'—ऐसी वाणी बोलता है, शरीर से पराक्रम करता है। इसी प्रकार अपने वाग्दुश्चरितों को ...पूर्ववत्... मनोदुश्चरितों को छिपाने के लिये 'मेरे इन मनोदुश्चरितों को दूसरा कोई न जानें'—ऐसी इच्छा, सङ्कल्प... वाणी... शरीर से पराक्रम करता है। भिक्षुओ! मैं भिक्षु के इस कर्म को लौकिक दरिद्र के समान 'चक्रवृद्धि व्याज स्वीकार करना' मानता हूँ।

५. तदनन्तर, वहाँ उसके कुछ समझदार साथी उसके विषय में कहने लगते हैं—'यह ऐसा है', 'इसके ऐसे आचरण हैं' आदि। उनका उसके प्रति ऐसा कहना उस लौकिक दरिद्र पर 'साहूकार द्वारा किये गये तकाजे' के समान है।

६. तदनन्तर उस भिक्षु को किसी अरण्य में, किसी वृक्ष के नीचे या किसी शून्यागार में साधना करते समय उसके ये दुश्चरित प्रायश्चित के साथ उसके सम्मुख आते हैं। इन दुश्चरितों का इस प्रकार आना भिक्षुओ! मैं उस लौकिक दरिद्र के समान इसकी 'अनुचरिया' (मुकद्दमा) समझता हूँ।

७. भिक्षुओ! ऐसा दरिद्र, निर्धन एवं सम्पत्तिरहित भिक्षु काय, वाक् एवं मन से दुश्चरित कर, देहपात के बाद, मरणानन्तर नरक या पशुपक्षियों की योनि के बन्धन में बँध जाता है। भिक्षुओ! मैं भिक्षु के इस बन्धन को लौकिक दरिद्र के कारागर में जाने के समान समझता हूँ; क्योंकि भिक्षुओ! मैं लोक में ऐसा कोई एक बन्धन नहीं देखता जो निर्वाणप्राप्ति में इतना कठोर, इतना कष्टप्रद तथा विघ्नकारक हो, जैसा नरकगमन या पशुपक्षियोनि में जन्म लेना होता है।

"भिक्षुओ! लोक में दरिद्रता एवं उसकी निवृत्ति के लिये ऋण लेना—ये दोनों ही 'दुःख' कहलाते हैं। ऐसा ऋण लेकर लोक में सुख भोगाने वाला दरिद्र अन्त में विनाश को ही प्राप्त होता है॥

''तथेव अरियविनये, सद्धा यस्स न विज्जति।
अहिरीको अनोत्तप्पी, पापकम्मविनिब्बयो॥ [R.354]
''कायदुच्चरितं कत्वा, वचीदुच्चरितानि च।
मनोदुच्चरितं कत्वा, 'मा मं जञ्ञू' ति इच्छति॥
''सो संकप्पति कायेन, वाचाय उद चेतसा। [B.311]
पापकम्मं पवड्ढेन्तो, तत्थ तत्थ पुनप्पुनं॥
''सो पापकम्मो दुम्मेधो, जानं दुक्कटमत्तनो।
दलिद्दो इणमादाय, भुञ्जमानो विहञ्ञति॥
''ततो अनुचरन्ति नं, सङ्कप्पा मानसा दुखा। [N.68]
गामे वा यदि वारञ्ञे, यस्स विप्पटिसारजा॥
''सो पापकम्मो दुम्मेधो, जानं दुक्कटमत्तनो।
योनिमञ्ञतरं गन्त्वा, निरये वा पि बज्झति॥
''एतं हि बन्धनं दुक्खं, यम्हा धीरो पमुच्चति।
धम्मलद्धेहि भोगेहि, ददं चित्तं पसादयं॥
''उभयत्थ कटग्गाहो, सद्धस्स घरमेसिनो।

---

''अन्त में उस पर मुकद्दमा चलता है, कारागार भोगना पड़ता है। यह कारागार-बन्धन उस कामराग की पूर्ति न होने की अपेक्षा अधिक कष्टप्रद है॥

''उसी प्रकार, भिक्षुओ! आर्यविनय (बुद्धशासन) में जिसकी श्रद्धा, लज्जा या पापभीरुता न हो, और जो कायदुश्चरित, वाग्दुश्चरित एवं मनोदुश्चरित करके भी जो यह इच्छा करे कि मेरे इस दुश्चरित को दूसरा कोई न जाने। वह इन तीनों दुश्चरितों को करता हुआ उनको पुनः पुनः करने के लिये सङ्कल्प करता है॥

''इस प्रकार वह पापकर्मा दुर्बुद्धि साधक स्वकृत दुष्कर्मों की वास्तविकता जानने के बाद उसी प्रकार विनष्ट हो जायगा जैसे कोई कामभोगी ऋण के सहारे सुखभोग की कामना करता हुआ अन्त में विनष्ट हो जाता है॥

''तब ग्राम के बाहर या अरण्य में साधना करते समय उसके दुःखमय मानसिक सङ्कल्प एवं प्रायश्चितयुक्त उसका पीछा करते हैं। इसके परिणामस्वरूप वह पापी दुर्बुद्धि अपने पापमय कर्मों का स्मरण करता हुआ देहपात के बाद मरणानन्तर नरक अथवा किसी पशुपक्षियोनि में जाकर बँध जाता है॥

''यह बन्धन अत्यन्त कष्टप्रद है, इससे कोई धीर गम्भीर साधक ही छुटकारा पा सकता है। यदि वह अपने धर्मप्राप्त भोगों में से कुछ का दान करता हुआ तथागत के प्रति श्रद्धा प्रकट करे॥

''अन्यथा, उपर्युक्त पापात्मा मन्दबुद्धियों के लिये तो यह बन्धन दोनों ओर से गले की फाँस (गाँठ) ही है। अतः साधक गृहस्थ अपने लौकिक एवं पारमार्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए इन पापमय कर्मों का त्याग करके ही पुण्य प्राप्त कर सकता है॥ (क)

दिट्ठधम्महितत्थाय, सम्परायसुखाय च।
एवमेतं गहट्ठानं, चागो पुञ्ञं पवड्ढति॥ (क)
"तथेव अरियविनये, सद्धा यस्स पतिट्ठिता।
हिरीमनो च ओत्तप्पी, पञ्ञवा सीलसंवुतो॥
"एसो खो अरियविनये, 'सुखजीवी' ति वुच्चति।
निरामिसं सुखं लद्धा, उपेक्खं अधितिट्ठति॥
"पञ्च नीवरणे हित्वा, निच्चं आरद्धविरियो।
झानानि उपसम्पज्ज, एकोदि निपको सतो॥
"एवं ञत्वा यथाभूतं, सब्बसंयोजनक्खये।
सब्बसो अनुपादाय, सम्मा चित्तं विमुच्चति॥
"तस्स सम्माविमुत्तस्स, ञाणं चे होति तादिनो।
'अकुप्पा मे विमुत्ती' ति, भवसंयोजनक्खये॥
"एतं खो परमं ञाणं, एतं सुखमनुत्तरं।
असोकं विरजं खेमं, एतं आणण्यमुत्तमं" ति॥ (ख) ●

[B.312,R.355] **४. महाचुन्दसुत्तं** : १. एवं मे सुतं। एकं समयं आयस्मा महाचुन्दो चेतीसु विहरति सयंजातियं। तत्र खो आयस्मा महाचुन्दो भिक्खू आमन्तेसि—"आवुसो भिक्खवे" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महाचुन्दस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महाचुन्दो एतदवोच—

---

इसी प्रकार, जिस साधक की आर्यविनय में स्थिर श्रद्धा है, जो इसके प्रति लज्जालु एवं पापभीरु है, प्रज्ञावान् एवं शील (सदाचार) से युक्त है॥

"ऐसा साधक ही इस आर्यविनय में 'सुखजीवी' कहलाने योग्य है निरामिष (अभौतिक=दिव्य) सुख का प्रापक एवं उपेक्षा ध्यान का लाभी होता है॥

"पाँचों नीरवणों (ध्यान सम्पत्ति के आवरणों) का त्याग कर ध्यान भावना में सतत उद्योगरत रहता है तथा सभी ध्यान भावनाओं को प्राप्त कर, स्मृति एवं बुद्धिसहित एकाग्रता में प्रवृत्त रहता है॥

"इस प्रकार जो (साधना का) यथार्थ जानकर सभी संयोजनों का क्षय हो जाने पर सर्वत्र अनासक्त रहता हुआ चित्त को सांसारिक कर्मों से पूर्णत: विमुक्त कर लेता है॥

"वैसे सम्यग्विमुक्त को, भवसंयोजन क्षीण हो जाने पर 'मेरी यह चित्तविमुक्ति अब अकोप्य है'—ऐसा ज्ञान हो जाता है॥

**८. पठमपरिहानिसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"सत्तिमे, भिक्खवे, धम्मा सेखस्स भिक्खुनो परिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? कम्मारामता, भस्सारामता, निद्दारामता, सङ्गणिकारामता, इन्द्रियेसु अगुत्तद्वारता, भोजने अमत्तञ्ञुता, सन्ति खो पन सङ्घे सङ्घकरणीयानि; तत्र सेखो भिक्खु इति पटिसञ्चिक्खति—'सन्ति खो पन सङ्घे थेरा रत्तञ्ञू चिरपब्बजिता भारवाहिनो, न ते तेन पञ्ञायिस्सन्ती' ति अत्तना तेसु योगं आपज्जति। इमे खो, भिक्खवे, सत्त धम्मा सेखस्स भिक्खुनो परिहानाय संवत्तन्ति।

२. "सत्तिमे, भिक्खवे, धम्मा सेखस्स भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? न कम्मारामता, न भस्सारामता, न निद्दारामता, न सङ्गणिकारामता, इन्द्रियेसु [R.25] गुत्तद्वारता, भोजने मत्तञ्ञुता, सन्ति खो पन सङ्घे सङ्घकरणीयानि; तत्र सेखो भिक्खु इति पटिसञ्चिक्खति—'सन्ति खो पन सङ्घे थेरा रत्तञ्ञू चिरपब्बजिता भारवाहिनो, ते तेन पञ्ञायिस्सन्ती' ति अत्तना न तेसु योगं आपज्जति। इमे खो, भिक्खवे, सत्त धम्मा सेखस्स भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती" ति॥ ●

**९. दुतियपरिहानिसुत्तं :** १. "सत्तिमे, भिक्खवे, धम्मा उपासकस्स परिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? भिक्खुदस्सनं हापेति, सद्धम्मस्सवनं पमज्जति, अधिसीले [B.416] न सिक्खति, अप्पसादबहुलो होति, भिक्खूसु थेरेसु चेव नवेसु च मज्झिमेसु च [N.172] उपारम्भचित्तो धम्मं सुणाति रन्धगवेसी, इतो बहिद्धा दक्खिणेय्यं गवेसति, तत्थ च पुब्बकारं करोति। इमे खो, भिक्खवे, सत्त धम्मा उपासकस्स परिहानाय संवत्तन्ति।

---

**८. प्रथम परिहाणिसूत्र : : सात परिहाणीय (त्याज्य) धर्म**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय भगवान् ने भिक्षुओं को यह देशना की—"भिक्षुओ! शैक्ष्य भिक्षु के लिये इन सात धर्मों को त्याग देना ही उचित है। कौन से सात धर्म? १. कर्मारामता, २. भस्सारामता, ३. निद्रारामता, ४. सङ्गणिकारामता, ५. इन्द्रियों में असंयम, ६. भोजन की मात्रा का अज्ञान एवं ७. जो सङ्घ के कृत्यों के विषय में वह शैक्ष्य भिक्षु सोचता है—'ये सङ्घ में पुराने दीर्घायु चिरप्रव्रजित जीवन का भार ढोनेवाले स्थविर भिक्षु हैं, वे इन (सङ्घकृत्यों) का क्या करेंगे'—यह सोचकर उन (कृत्यों) से अपना ही सम्बन्ध जोड़ लेता है। भिक्षुओ! ये सात धर्म शैक्ष्य भिक्षु को त्याग देने चाहिये।

२. (परन्तु) "भिक्षुओ! ये सात धर्म उस शैक्ष्य भिक्षु को कभी नहीं त्यागने चाहिये। कौन से सात? १. न कर्मारामता ...पूर्ववत्... इनसे अपना सम्बन्ध नहीं जोड़ना चाहिये। भिक्षुओ! ये सात धर्म उस शैक्ष्य भिक्षु को नहीं त्यागने चाहिये॥" ●

**९. द्वितीय परिहाणिसूत्र : : उपासक के लिये सात धर्म त्याज्य एवं अत्याज्य**

१. "भिक्षुओ! किसी भी उपासक की हानि के लिये ये सात धर्म होते हैं। कौन से सात? (१) जो भिक्षुदर्शन नहीं करता, (२) सद्धर्म श्रवण की उपेक्षा करता है, (३) सदाचार-विषयक

२. "सत्तिमे, भिक्खवे, धम्मा उपासकस्स अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? भिक्खुदस्सनं न हापेति, सद्धम्मस्सवनं नप्पमज्जति, अधिसीले सिक्खति, पसादबहुलो होति, भिक्खूसु थेरेसु चेव नवेसु च मज्झिमेसु च अनुपारम्भचित्तो धम्मं सुणाति न रन्धगवेसी, न इतो बहिद्धा दक्खिणेय्यं गवेसति, इध च पुब्बकारं करोति। इमे खो, भिक्खवे, सत्त धम्मा उपासकस्स अपरिहानाय संवत्तन्ती" ति।

३. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था—

[R.26] "दस्सनं भावितत्तानं, यो हापेति उपासको।
सवनं च अरियधम्मानं, अधिसीले न सिक्खति॥
"अप्पसादो च भिक्खूसु, भिय्यो भिय्यो पवड्ढति।
उपारम्भकचित्तो च, सद्धम्मं सोतुमिच्छति॥
"इतो बहिद्धा अञ्ञं च, दक्खिणेय्यं गवेसति।
तत्थेव च पुब्बकारं, यो करोति उपासको॥
"एते खो परिहानिये, सत्त धम्मे सुदेसिते।
उपासको सेवमानो, सद्धम्मा परिहायति॥ (क)
"दस्सनं भावितत्तानं, यो न हापेति उपासको।
सवनं च अरियधम्मानं, अधिसीले न सिक्खति॥

---

शिक्षा ग्रहण नहीं करता, (४) उसमें श्रद्धा नहीं रखता, (५) स्थविर मध्यम एवं नव भिक्षुओं द्वारा उपदेश किये जाते समय उस उपदेश में छिद्र (दोष) खोजने के लिये उसको उपालम्भ देता हुआ सुनता है, (६) सङ्घ के बाहर किसी अन्य सम्प्रदाय वाले को दान के लिये खोजता है, (७) तथा उसी के लिये पूर्वकृत्य करता है। भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात धर्म त्याज्य (अग्राह्य) होते हैं।

२. "तथा भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात धर्म अत्याज्य (ग्राह्य) होते हैं। कौन से सात? जो भिक्षुदर्शन मनोयोगपूर्वक करता है, सद्धर्म श्रवण में उपेक्षा नहीं करता है, सदाचार विषयक शिक्षा ग्रहण करता है, उसमें श्रद्धा रखता है, स्थविर, मध्यम एवं नवीन भिक्षुओं का धर्मोपदेश छिद्रान्वेषण हेतु या उपालम्भ देने के लिये नहीं सुनता, सङ्घ के बाहर किसी अन्य सम्प्रदायावलम्बी को दान के लिये नहीं खोजता न उसी के लिये पूर्वकृत्य करता है। भिक्षुओ! ये सात धर्म उपासक को कभी नहीं छोड़ने चाहिये।"

३. भगवान् ने यह देशना की। तथा यह कहकर सुगत ने (गाथा के माध्यम से) यह भी कहा—

(१) "जो उपासक महात्माओं का दर्शन छोड़ देता है, (२) आर्यधर्म का श्रवण त्याग देता है, (३) सदाचार की शिक्षा ग्रहण नहीं करता, (४) भिक्षुओं में श्रद्धा नहीं रखता, (५) सुनकर उपालम्भ देने का मन बनाकर धर्मश्रवण करता है, (६) दानहेतु सङ्घ से बाहर किसी अन्य सम्प्रदायावलम्बी को खोजता है, तथा (७) उसी के लिये दान का पूर्वकृत्य जो उपासक करता है।

"पसादो चस्स भिक्खूसु, भिय्यो भिय्यो पवड्ढति।
अनुपारम्भचित्तो च, सद्धम्मं सोतुमिच्छति॥
"न इतो बहिद्धा अञ्ञं, दक्खिणेय्यं गवेसति।
इधेव च पुब्बकारं, यो करोति उपासको॥
"एते खो अपरिहानिये, सत्त धम्मे सुदेसिते। [B.417]
उपासको सेवमानो, सद्धम्मा न परिहायती" ति॥ (ख) ●

**१०. विपत्तिसुत्तं :** १. सत्तिमा, भिक्खवे, उपासकस्स विपत्तियो [N.173] ...पे०...। सत्तिमा, भिक्खवे, उपासकस्स सम्पदा ...पे०... ॥ ●

**११. पराभवसुत्तं :** १. "सत्तिमे, भिक्खवे उपासकस्स पराभवा ...पे०...। सत्तिमे, भिक्खवे, उपासकस्स सम्भवा। कतमे सत्त? भिक्खुदस्सनं न हापेति, सद्धम्मस्सवनं नप्पमज्जति, अधिसीले सिक्खति, पसादबहुलो होति, भिक्खूसु थेरेसु चेव नवेसु च मज्झिमेसु च अनुपारम्भचित्तो धम्मं सुणाति न रन्धगवेसी, न इतो बहिद्धा दक्खिणेय्यं गवेसति, इध च पुब्बकारं करोति। इमे खो, भिक्खवे, सत्त उपासकस्स सम्भवा ति।

"दस्सनं भावितत्तानं, यो हापेति उपासको। [R.27]
सवनं च अरियधम्मानं, अधिसीले न सिक्खति॥
"अप्पसादो च भिक्खूसु, भिय्यो भिय्यो पवड्ढति।
उपारम्भकचित्तो च, सद्धम्मं सोतुमिच्छति॥
"इतो च बहिद्धा अञ्ञं, दक्खिणेय्यं गवेसति।
तत्थेव च पुब्बकारं, यो करोति उपासको॥

---

इस प्रकार मेरे द्वारा अनुपदिष्ट इन परिहाणीय सात धर्मों पर जो उपासक आचरण करता है वह सद्धर्म से निश्चय ही च्युत हो जायगा। (क)

"(परन्तु) जो महात्मा भिक्षुओं का दर्शन नहीं त्यागता, आर्यधर्मों का श्रवण तथा सदाचार की शिक्षा का त्याग नहीं करता तथा भिक्षुओं में श्रद्धा रखता है, तथा क्रमशः इसको बढ़ाता रहता है, उनसे धर्मश्रवण भी उनको उपालम्भ देने की दृष्टि से न सुनता। तथा सङ्घ के बाहर किसी अन्य धर्मावलम्भी को दान देने हेतु न चुनता है न उसके लिये पूर्वकृत्य (भोजनदान आदि) करता है— इस प्रकार ये सात धर्म उपासकों के लिये मेरे द्वारा उपदिष्ट हैं। जो उपासक इन पर आचरण करेगा वह सद्धर्म से कभी च्युत नहीं होगा॥ (ख) ●

**१०. विपत्तिसूत्र : : उपासक के लिये सात विपत्तियाँ एवं सम्पत्तियाँ**

"भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात विपत्तियाँ कही गयी हैं ...पूर्ववत्...। तथा, भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात सम्पत्तियाँ कही गयी हैं ...पूर्ववत्...।

*[पूर्वसूत्र के समान ही इस सूत्र का भी विस्तार कर लें।]* ●

**११. पराभवसूत्र : : सात पराभव एवं सात सम्भव**

१. "भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात पराभव (कारक धर्म) हैं ...पूर्वसूत्रवत्...।

"एते खो परिहानिये, सत्त धम्मे सुदेसिते।
उपासको सेवमानो, सद्धम्मा परिहायति॥ (क)
"दस्सनं भावितत्तानं, यो न हापेति उपासको।
सवनं च अरियधम्मानं, अधिसीले न सिक्खति॥
"पसादो चस्स भिक्खूसु, भिय्यो भिय्यो पवड्ढति।
अनुपारम्भचित्तो च, सद्धम्मं सोतुमिच्छति॥
[B.418] "न इतो बहिद्धा अञ्ञं, दक्खिणेय्यं गवेसति।
इधेव च पुब्बकारं, यो करोति उपासको॥
"एते खो अपरिहानिये, सत्त धम्मे सुदेसिते।
उपासको सेवमानो, सद्धम्मा न परिहायती" ति॥ (ख)

**वज्जिसत्तकवग्गो ततियो॥**

**तस्सुद्दानं**

[N.174] सारन्ददवस्सकारो च, तिसत्तकानि भिक्खुका।
बोधिसञ्ञा द्वे च हानि, विपत्ति च पराभवो ति॥

## ४. देवतावग्गो

**१. अप्पमादगारवसुत्तं :** १. अथ खो अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया
[R.28] अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि;

---

२. "और, भिक्षुओ! उपासक के लिये ये सात सम्भव (उद्धव=उन्नति) कारक धर्म हैं। कौन से सात? ...पूर्ववत्... ॥

*[पूर्ववर्णित द्वितीय परिहाणिसूत्र के समान ही इस सूत्र का विस्तार कर लें।]*

**वज्जिसप्तकवर्ग सप्तम सम्पन्न॥**

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. सारन्दद सूत्र, २. वर्षकारसूत्र, ३. प्रथम सप्तकसूत्र, ४. द्वितीय सप्तकसूत्र, ५. तृतीय सप्तकसूत्र, ६. बोध्यङ्गसूत्र, ७. संज्ञासूत्र, ८. प्रथमपरिहाणिसूत्र, ९. द्वितीय परिहाणिसूत्र, १०. विपत्तिसूत्र, एवं ११. पराभवसूत्र॥

## ४. देवतावर्ग

**१. अप्रमाद गौरवसूत्र : : सात अपरिहेय धर्म**

१. तब कोई अतिशय तेजस्वी देवता चाँदनी रात में पहले से ही प्रकाशमय जेतवन को कुछ

उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो सा देवता भगवन्तं एतदवोच—

२. ''सत्तिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, समाधिगारवता, अप्पमादगारवता, पटिसन्थारगारवता—इमे खो, भन्ते, सत्त धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती'' ति। इदमवोच सा देवता। समनुञ्ञो सत्था अहोसि। अथ खो सा देवता ''समनुञ्ञो मे सत्था'' ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायि।

३. अथ खो भगवा तस्सा रत्तिया अच्चयेन भिक्खू आमन्तेसि—''इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं [B.419] ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो, भिक्खवे, सा देवता मं एतदवोच—'सत्तिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, समाधिगारवता, अप्पमादगारवता, पटिसन्थारगारवता—इमे खो, भन्ते, सत्त धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति॥

''सत्थुगरु धम्मगरु, सङ्घे च तिब्बगारवो। [N.175]
समाधिगरु आतापी, सिक्खाय तिब्बगारवो॥
''अप्पमादगरु भिक्खु, पटिसन्थारगारवो।

---

अधिक प्रकाशित करता हुआ भगवान् के सम्मुख आया। आकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर खड़ा हो गया। एक ओर खड़े हुए उसने भगवान् से यह निवेदन किया—

२. ''भन्ते! किसी भी भिक्षु के लिये ये सात अपरिहाणीय धर्म होते हैं। कौन से सात? (१) शास्ता के प्रति गौरव, (२) धर्म के प्रति..., (३) सङ्घ के प्रति गौरव..., (४) धर्म शिक्षा के प्रति... (५) समाधि के प्रति... (६) अप्रमाद के प्रति... तथा (७) मैत्रीपूर्ण स्वागत के प्रति गौरव—भन्ते! ये सात धर्म किसी भी भिक्षु के लिये अपरिहाणीय होते हैं।'' उस देवता ने यह कहा। शास्ता ने भी देवता के इस कथन का अनुमोदन किया। तब वह देवता, यह जानकर कि भगवान् ने भी मेरी बात का अनुमोदन कर दिया, भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्हित हो गया।

३. तब भगवान् ने, उस रात्रि के व्यतीत होने पर, भिक्षुओं को यह बताया—''भिक्षुओ! विगत रात्रि में ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गया।

''प्रत्येक भिक्षु को शास्ता के प्रति, धर्म के प्रति, सङ्घ के प्रति अतिशय गौरव रखना चाहिये। इसी प्रकार वह समाधि तथा शिक्षाप्राप्ति के प्रति अतिशय गौरव रखता हुआ उनके लिये प्रयत्नशील (अस्थायी) बने। साथ ही वह धर्मसाधना में अप्रमाद तथा आगन्तुकों के मैत्रीपूर्ण स्वागत के प्रति गौरवपूर्ण रहे। ऐसा भिक्षु, इन धर्मों को न त्यागता हुआ, समझ लो कि वह निर्वाण के समीप ही पहुँच गया॥''

●

अभब्बो परिहानाय, निब्बानस्सेव सन्तिके'' ति॥

**२. हिरीगारवसुत्तं :** १. ''इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता अभिक्कन्ताय [R.29] रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं जेतवनं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठिता खो, भिक्खवे, सा देवता मं एतदवोच—'सत्तिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, समाधिगारवता, हिरिगारवता, ओत्तप्पगारवता—इमे खो, भन्ते, सत्त धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति॥

''सत्थुगरु धम्मगरु, सङ्घे च तिब्बगारवो।
समाधिगरु आतापी, सिक्खाय तिब्बगारवो॥
''हिरि ओत्तप्पसम्पन्नो, सप्पतिस्सो सगारवो।
अभब्बो परिहानाय, निब्बानस्सेव सन्तिके'' ति॥

[B.420] **३. पठमसोवचस्सतासुत्तं :** १. ''इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता ...पे०... मं एतदवोच—'सत्तिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, समाधिगारवता, सोवचस्सता, कल्याणमित्तता—इमे खो, भन्ते, सत्त धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति।

''सत्थुगरु धम्मगरु, सङ्घे च तिब्बगारवो।
समाधिगरु आतापी, सिक्खाय तिब्बगारवो॥
[N.176] ''कल्याणमित्तो सुवचो, सप्पतिस्सो सगारवो।
अभब्बो परिहानाय, निब्बानस्सेव सन्तिके'' ति॥

---

**२. ह्रीगौरवसूत्र : : सात अपरिहाणीय धर्म**

''भिक्षुओ! इस विगत रात्रि में कोई देवता ...पूर्ववत्... 'भन्ते! ये सात धर्म भिक्षु के लिये अपरिहेय होते हैं। कौन से सात? शास्ता के प्रति गौरव ...पूर्ववत्... समाधि के प्रति गौरव तथा लज्जा के प्रति गौरव एवं पापभीरुता के प्रति गौरव ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गया।

''प्रत्येक भिक्षु को शास्ता के प्रति... लज्जा एवं पापभीरुता से सम्पन्न रहना चाहिये। ...पूर्ववत्... समझ लो कि वह निर्वाण के समीप ही पहुँच गया॥''

**३. प्रथम सौवचस्यसूत्र : : भिक्षु के लिये सात अपरिहेय धर्म**

१. ''भिक्षुओ! इस विगत रात्रि में कोई देवता ...पूर्ववत्... मुझसे यों बोला—भन्ते! शास्ता के प्रति गौरव ...पूर्ववत्... समाधि के प्रति गौरव... आज्ञाकारिता के प्रति गौरव... तथा कल्याणमित्रता ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गया।

''प्रत्येक भिक्षु को शास्ता के प्रति... आज्ञाकारिता के प्रति... कल्याणमित्रता से सम्पन्न रहना चाहिये ...पूर्ववत्... समझ लो कि वह निर्वाण के समीप ही पहुँच गया॥''

**४. दुतियसोवचस्सतासुत्तं :** १. ''इमं, भिक्खवे, रत्तिं अञ्ञतरा देवता [R.30] अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा ...पे०... 'सत्तिमे, भन्ते, धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ति। कतमे सत्त? सत्थुगारवता, धम्मगारवता, सङ्घगारवता, सिक्खागारवता, समाधिगारवता, सोवचस्सता, कल्याणमित्तता—इमे खो, भन्ते, सत्त धम्मा भिक्खुनो अपरिहानाय संवत्तन्ती' ति। इदमवोच, भिक्खवे, सा देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी'' ति।

२. एवं वुत्ते आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—''इमस्स खो अहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामि। इध, भन्ते, भिक्खु अत्तना च सत्थुगारवो होति, सत्थुगारवताय च वण्णवादी। ये चञ्ञे भिक्खू न सत्थुगारवा ते च सत्थुगारवताय समादपेति। ये चञ्ञे भिक्खू सत्थुगारवा तेसं च वण्णं भणति भूतं तच्छं कालेन। अत्तना च धम्मगारवो होति ...पे०... सङ्घगारबो होति... सिक्खागारवो होति ...समाधिगारवो होति... सुवचो होति... कल्याणमित्तो होति, कल्याणमित्तताय च वण्णवादी। ये चञ्ञे भिक्खू न कल्याणमित्ता ते च कल्याणमित्तताय समादपेति। ये [B.421] चञ्ञे भिक्खू कल्याणमित्ता तेसं च वण्णं भणति भूतं तच्छं कालेना ति। इमस्स खो अहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामी'' ति।

३. ''साधु साधु, सारिपुत्त! साधु खो त्वं, सारिपुत्त, इमस्स मया सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानासि। इध, सारिपुत्त, भिक्खु अत्तना च सत्थुगारवो होति, सत्थुगारवताय च वण्णवादी। ये चञ्ञे भिक्खू न सत्थुगारवा ते च [R.31] सत्थुगारवताय समादपेति। ये चञ्ञे भिक्खू सत्थुगारवा तेसं च वण्णं भणति भूतं तच्छं

---

**४. द्वितीय सौवचस्यसूत्र : : भिक्षु के लिये सात अपरिहेय धर्म**

१. ''भिक्षुओ! इस विगत रात्रि में कोई देवता ...पूर्ववत्... कल्याणमित्रता के प्रति गौरव ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गया।''

२. भगवान् के द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् सारिपुत्र ने भगवान् से यह निवेदन किया—''भन्ते! आपके इस कथन का अभिप्राय मैं इस प्रकार समझा हूँ—''यहाँ, भन्ते! कोई भिक्षु स्वयं शास्ता का गौरव करता है, शास्ता के गौरव की प्रशंसा करता है, जो भिक्षु शास्ता का गौरव नहीं करता उसको वैसा करने हेतु समय-समय पर प्रेरित करता है, तथा जो भिक्षु शास्ता का गौरव करता है उसकी लोगों में यथासमय प्रशंसा करता रहता है। स्वयं धर्म का गौरव करता है... स्वयं सङ्घ का गौरव करता है... स्वयं शिक्षा का गौरव करता है... स्वयं समाधि का गौरव करता है... स्वयं समाधि का गौरव करता है... स्वयं आज्ञाकारी होता है... स्वयं कल्याणमित्र होता है, कल्याणमित्रता की प्रशंसा करता है, जो भिक्षु कल्याणमित्र नहीं होते उनको कल्याणमित्र बनने के लिये प्रेरित करता है, तथा जो कल्याणमित्र होते हैं उनकी समय समय पर लोगों में प्रशंसा करता है'। भन्ते! आपके इस संक्षिप्त कथन का अभिप्राय मैं इस प्रकार विस्तारपूर्वक समझा हूँ।''

३. ''साधु साधु सारिपुत्र! तुम मेरे संक्षिप्त कथन का विस्तृत अर्थ बहुत उचित समझ रहे हो।

[N.177] कालेन। अत्तना च धम्मगारवो होति ...पे०... सङ्घगारवो होति... सिक्खागारवो होति... समाधिगारवो होति... सुवचो होति... कल्याणमित्तो होति, कल्याणमित्तताय च वण्णवादी। ये चञ्ञे भिक्खू न कल्याणमित्ता ते च कल्याणमित्तताय समादपेति। ये चञ्ञे भिक्खू कल्याणमित्ता तेसं च वण्णं भणति भूतं तच्छं कालेना ति। इमस्स खो, सारिपुत्त, मया सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थो दट्ठब्बो'' ति॥ ●

**५. पठममित्तसुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो मित्तो सेवितब्बो। कतमेहि सत्तहि? दुद्दं ददाति, दुक्करं करोति, दुक्खमं खमति, गुय्हस्स आवि करोति, गुय्हस्स परिगूहति, आपदासु न जहाति, खीणेन नातिमञ्ञति। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि अङ्गेहि समन्नागतो मित्तो सेवितब्बो ति।

''दुद्दं ददाति मित्तो, दुक्करं चा पि कुब्बति।
अथोपिस्स दुरुत्तानि, खमति दुक्खमानि च॥
''गुय्हं च तस्स अक्खाति, गुय्हस्स परिगूहति।
आपदासु न जहाति, खीणेन नातिमञ्ञति॥
''यम्हि एतानि ठानानि, संविज्जन्तीध पुग्गले।
सो मित्तो मित्तकामेन, भजितब्बो तथाविधो'' ति॥ ●

[B.422, R.32] **६. दुतियमित्तसुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु मित्तो सेवितब्बो भजितब्बो पयिरुपासितब्बो अपि पनुज्जमानेन पि। कतमेहि सत्तहि? पियो

---

यहाँ, सारिपुत्र! कोई भिक्षु स्वयं शास्ता का गौरव करता है ...पूर्ववत्... जो भिक्षु स्वयं कल्याणमित्र होते हैं वह समाज में उनकी प्रशंसा करता है। सारिपुत्र! मेरे इस संक्षिप्त कथन का यही विस्तृत अर्थ समझना चाहिये॥'' ●

**५. प्रथम मित्रसूत्र : : सात अङ्गों से युक्त को मित्र बनावे**

''भिक्षुओ! सात अङ्गों से युक्त पुरुष का मित्ररूप में साथ करना चाहिये। कौन से सात? (१) जो दुर्लभ का भी दान कर देता है, (२) दुष्कर कार्य भी पूर्ण कर देता है, (३) दुःसह बात को भी सहन कर लेता है, (४) अपनी गोपनीय बात भी बता देता है, (५) दूसरों की गोपनीय बात को छिपाये रखता है, (६) आपत्ति (सङ्कट) में भी साथ नहीं छोड़ता, तथा (७) सम्पत्ति से क्षीण का भी अपमान नहीं करता। भिक्षुओ! इन सात अङ्गों (गुणों) से युक्त का मित्ररूप में साथ करना चाहिये।

''जो दुर्लभ का भी दान कर देता है, दुष्कर कार्य भी पूर्ण कर देता है। तथा जो दुःसह दुर्वचनों को भी क्षमा कर देता है॥

''अपना गोपनीय बता देता है, (परन्तु) दूसरों के गोपनीय की रक्षा करता है। आपत्ति में भी साथ नहीं छोड़ता, सम्पत्ति से क्षीण का अपमान नहीं करता॥

''जिस पुद्गल में ये गुण विद्यमान हों, मित्रता चाहने वाले को ऐसे ही पुरुष से मित्रता करनी चाहिये॥'' ●

च होति मनापो च गरु च भावनीयो च वत्ता च वचनक्खमो च गम्भीरं च कथं कत्ता होति नो च अट्ठाने नियोजेति। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु मित्तो सेवितब्बो भजितब्बो पयिरुपासितब्बो अपि पनुज्जमानेन पी ति।

''पियो गरु भावनीयो, वत्ता च वचनक्खमो।
गम्भीरं च कथं कत्ता, नो चट्ठाने नियोजको॥
''यम्हि एतानि ठानानि, संविज्जन्तीध पुग्गले। [N.178]
सो मित्तो मित्तकामेन, अत्थकामानुकम्पतो।
अपि नासियमानेन, भजितब्बो तथाविधो'' ति॥ ●

**७. पठमपटिसम्भिदासुत्तं** : १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु नचिरस्सेव चतस्सो पटिसम्भिदा सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्य। कतमेहि सत्तहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु 'इदं मे चेतसो लीनत्तं' ति यथाभूतं पजानाति; अज्झत्तं सङ्खित्तं वा चित्तं 'अज्झत्तं मे सङ्खित्तं चित्तं' ति यथाभूतं पजानाति; बहिद्धा विक्खित्तं वा चित्तं 'बहिद्धा मे विक्खित्तं चित्तं' ति यथाभूतं पजानाति; तस्स विदिता वेदना उप्पज्जन्ति, विदिता उपट्ठहन्ति, विदिता अब्भत्थं गच्छन्ति; विदिता सञ्ञा उप्पज्जन्ति, विदिता उपट्ठहन्ति, [R.33] विदिता अब्भत्थं गच्छन्ति; विदिता वितक्का उप्पज्जन्ति, विदिता उपट्ठहन्ति, विदिता

---

**६. द्वितीय मित्रसूत्र : : सात अङ्गों से युक्त को मित्र माने**

१. ''भिक्षुओ! सात अङ्गों से युक्त भिक्षु की मित्र के रूप में सेवा करनी चाहिये, उपासना करनी चाहिये, भले ही वह दूर भगाने का प्रयास करता रहे। किन सात अङ्गों से? (१) जो प्रिय हो, (२) मनोनुकूल हो, (३) अपने से गौरवास्पद हो, (४) पूजनीय हो, (५) हितकर बातों का उपदेश करता हो, (६) गम्भीरवक्ता हो तथा (७) कुपथ में जाने से रोकता हो। भिक्षुओ! इन सात अङ्गों से युक्त भिक्षु की मित्र के रूप में सेवा तथा उपासना करनी चाहिये, भले ही वह दूर भगाता रहे।

''मैत्री के इच्छुक पुरुष को जो प्रिय, गुरु, पूजनीय, वक्ता, व्याख्यानचतुर, गम्भीरोपदेशक तथा कुपथ में प्रवृत्त न होने देनेवाला हो—ऐसे गुण जिस सज्जन में विद्यमान हों, ऐसा ही पुरुष अपने प्रयोजन की पूर्ति तथा हित की दृष्टि से, मित्र बनाना उचित है भले ही वह उपेक्षा दिखाता हुआ उसको दूर ही भगाना चाहता हो॥'' ●

**७. प्रथम प्रतिसंविदासूत्र : : प्रतिसंविदा के लिये सात धर्म**

१. ''भिक्षुओ! सात धर्मों से युक्त भिक्षु शीघ्र ही चारों प्रतिसंविदाओं (मीमांसायुक्त ज्ञान) को स्वयं जानकर, साक्षात् कर प्राप्त कर साधना करे। किन सातों से? (१) यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु 'यह मेरे चित्त का सङ्कोच है'—यह यथार्थतः जानता है; (२) वह अपने अध्यात्म संक्षिप्त चित्त को 'मेरा चित्त अध्यात्म संक्षिप्त है'—ऐसा यथार्थतः जानता है; (३) वह अपने बाह्य विक्षिप्त चित्त को 'मेरा चित्त इस समय बाह्य विषयों में विक्षिप्त है'—यह यथार्थतः जानता है; (४) उसके द्वारा ज्ञात वेदनाएँ उत्पन्न होती है, ज्ञात वेदनाएँ ही ठहरती हैं, तथा ज्ञात वेदनाएँ ही नष्ट होती हैं; (५) उसके

अब्भत्थं गच्छन्ति; सप्पायासप्पायेसु खो पनस्स धम्मेसु हीनप्पणीतेसु कण्हसुक्क-सप्पतिभागेसु निमित्तं सुग्गहितं होति सुमनसिकतं सूपधारितं सुप्पटिविद्धं पञ्ञाय। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु नचिरस्सेव चतस्सो पटिसम्भिदा सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्या'' ति॥ ●

[B.423] **८. दुतियपटिसम्भिदासुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो सारिपुत्तो चतस्सो पटिसम्भिदा सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। कतमेहि सत्तहि? इध, भिक्खवे, सारिपुत्तो 'इदं मे चेतसो लीनत्तं' ति यथाभूतं पजानाति; अज्झत्तं सङ्खित्तं वा चित्तं 'अज्झत्तं मे सङ्खित्तं चित्तं' ति यथाभूतं पजानाति; बहिद्धा विक्खित्तं वा चित्तं 'बहिद्धा मे विक्खित्तं चित्तं' ति यथाभूतं पजानाति; तस्स विदिता वेदना उप्पज्जन्ति, विदिता उपट्ठहन्ति, विदिता अब्भत्थं गच्छन्ति; विदिता सञ्ञा ...पे०... वितक्का उप्पज्जन्ति, विदिता उपट्ठहन्ति, विदिता अब्भत्थं गच्छन्ति; सप्पायासप्पायेसु खो पनस्स धम्मेसु हीनप्पणीतेसु [N.179] कण्हसुक्कसप्पटिभागेसु निमित्तं सुग्गहितं सुमनसिकतं सूपधारितं सुप्पटिविद्धं पञ्ञाय। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो सारिपुत्तो चतस्सो पटिसम्भिदा सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरती'' ति॥ ●

**९. पठमवससुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु चित्तं वसे [R.34] वत्तेति, नो च भिक्खु चित्तस्स वसेन वत्तति। कतमेहि सत्तहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु समाधिकुसलो होति, समाधिस्स समापत्तिकुसलो होति, समाधिस्स ठितिकुसलो होति, समाधिस्स वुट्ठानकुसलो होति, समाधिस्स कल्याणकुसलो होति, समाधिस्स

---

द्वारा ज्ञात संज्ञाएँ ही उत्पन्न होती हैं... स्थिर रहती हैं... नष्ट होती हैं; (६) उसके द्वारा ज्ञात वितर्क ही उत्पन्न होते हैं... स्थिर रहते हैं; नष्ट होते हैं; (७) वह लाभप्रद या हानिकारक और अच्छे बुरे पापमय पुण्यमय धर्मों को निमित्तों को प्रज्ञा द्वारा मन में भलीभाँति बैठा लेता है, निश्चय कर लेता है। भिक्षुओ! इन सात धर्मों से युक्त भिक्षु शीघ्र ही चारों प्रतिसंविदाओं को स्वयं जानकर, साक्षात् कर, प्राप्त कर साधना करे॥'' ●

**८. द्वितीय प्रतिसंविदासूत्र : : प्रतिसंविदा के लिये सारिपुत्र के सात धर्म**

१. ''भिक्षुओ! सात धर्मों से युक्त सारिपुत्र चार प्रतिसंविदाओं को स्वयं जानकर, साक्षात्कार, प्राप्त कर साधना करता है। कौन से सात धर्मों से?...पूर्ववत्... ॥

*[पूर्वसूत्र के समान ही इस सूत्र का भी, 'भिक्षु' के स्थान पर 'सारिपुत्र' शब्द लगाकर, विस्तार कर लें।]* ●

**९. प्रथम वशसूत्र : : सात धर्मों से भिक्षु का स्वचित्त पर नियन्त्रण**

१. सात धर्मों से युक्त भिक्षु स्वचित्त को अपने वश (नियन्त्रण) में रखता है, वह चित्त के अधीन नहीं हो पाता। किन सात से? यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु १. समाधिज्ञान में कुशल होता है; २. समाधि की प्राप्ति में...; ३. समाधि की स्थिति में...; ४. समाधि के व्युत्थान में...; ५. समाधि की

गोचरकुसलो होति, समाधिस्स अभिनीहारकुसलो होति। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु चित्तं वसे वत्तेति, नो च भिक्खु चित्तस्स वसेन वत्तती'' ति॥ ●

**१०. दुतियवससुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो सारिपुत्तो चित्तं वसे वत्तेति, नो च सारिपुत्तो चित्तस्स वसेन वत्तति। कतमेहि सत्तहि? इध, भिक्खवे, सारिपुत्तो समाधिकुसलो होति, समाधिस्स समापत्तिकुसलो, समाधिस्स ठितिकुसलो, समाधिस्स वुट्ठानकुसलो, समाधिस्स कल्याणकुसलो, समाधिस्स गोचरकुसलो, [B.424] समाधिस्स अभिनीहारकुसलो होति। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो सारिपुत्तो चित्तं वसे वत्तेति, नो च सारिपुत्तो चित्तस्स वसेन वत्तती'' ति॥ ●

**११. पठमनिद्दससुत्तं :** १. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसि। अथ खो आयस्मतो सारिपुत्तस्स एतदहोसि— ''अतिप्पगो खो ताव सावत्थियं पिण्डाय चरितुं। यन्नूनाहं येन अञ्ञतित्थियानं [R.35] परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमेय्यं'' ति। अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो येन अञ्ञ-तित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तेहि अञ्ञतित्थियेहि [N.180] परिब्बाजकेहि सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। तेन खो पन समयेन तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं सन्निसिन्नानं सन्निपतितानं अयमन्तराकथा उदपादि—''यो हि कोचि, आवुसो, द्वादसवस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाया'' ति।

२. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं भासितं नेव

---

दक्षता में...; ६. समाधि के क्षेत्र में...; ७. समाधि के अभिनीहार (सङ्कल्प=अधिष्ठान) में कुशल होता है। इन सात धर्मों से युक्त ...पूर्ववत्... ॥'' ●

**१०. द्वितीय वशसूत्र : : सात धर्मों से युक्त सारिपुत्त का चित्त**

१. ''भिक्षुओ! सात धर्मों से युक्त सारिपुत्र का चित्त उसके नियन्त्रण (वश) में रहता है। किन सात धर्मों से? ...पूर्वसूत्रवत्... ॥'' ●

*[इस सूत्र का भी 'भिक्षु' के स्थान पर 'सारिपुत्र' शब्द लगाकर पूर्वसूत्र के समान ही विस्तार कर लें।]* ●

**११. प्रथम निर्दशसूत्र : : सात निर्दश वस्तु**

१. तब कभी आयुष्मान् सारिपुत्र प्रात:काल शरीर पर वस्त्र व्यवस्थित कर पात्र चीवर लेकर श्रावस्ती में भिक्षाकर्म हेतु प्रविष्ट हुए। उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र को यह विचार हुआ— ''श्रावस्ती में भिक्षा के लिये प्रवेश हेतु बहुत समय शेष है, तो क्यों न मैं इतना समय किन्हीं अन्य तीर्थिक परिव्राजकों के आश्रम में बिता लूँ।'' यह विचार कर वे समीप के किसी आश्रम में चले गये। जाकर वहाँ के आश्रमवासियों से कुशल-मङ्गल प्रश्नानन्तर एक ओर बैठ गये। उस समय उन परिव्राजकों के बीच यह संवाद चल रहा था—''आयुष्मानो! जो कोई साधक बारह वर्ष तक निरन्तर परिशुद्ध धर्मसाधना कर लेता है, उसे 'निर्दश भिक्षु' कहा जा सकता है।''

अभिनन्दि नप्पटिक्कोसि। अनभिनन्दित्वा अप्पटिक्कोसित्वा उट्ठायासना पक्कामि ''भगवतो सन्तिके एतस्स भासितस्स अत्थं आजानिस्सामी'' ति।

३. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो सावत्थियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—

''इधाहं, भन्ते, पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सावत्थिं पिण्डाय पाविसिं। तस्स मय्हं, भन्ते, एतदहोसि—'अतिप्पगो खो ताव सावत्थियं पिण्डाय चरितुं। यन्नूनाहं येन अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमेय्यं' ति। अथ ख्वाहं, भन्ते, येन अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमिं; उपसङ्कमित्वा तेहि अञ्ञतित्थियेहि परिब्बाजकेहि सद्धिं सम्मोदिं। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं [R.36] निसीदिं। तेन खो पन, भन्ते, समयेन तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं सन्निसिन्नानं [B.425] सन्निपतितानं अयमन्तराकथा उदपादि—'यो हि कोचि, आवुसो, द्वादसवस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, निद्दसो भिक्खू ति अलं वचनाया' ति। अथ ख्वाहं, भन्ते, तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं भासितं नेव अभिनन्दिं नप्पटिक्कोसिं। अनभिनन्दित्वा अप्पटिक्कोसित्वा उट्ठायासना पक्कमिं—'भगवतो सन्तिके एतस्स अत्थं आजानिस्सामी' ति। सक्का नु खो, भन्ते, इमस्मिं धम्मविनये केवलं वस्सगणनमत्तेन निद्दसो भिक्खु पञ्ञापेतुं'' ति?

[N.181] ४. ''न खो, सारिपुत्त, सक्का इमस्मिं धम्मविनये केवलं वस्सगणनमत्तेन निद्दसो भिक्खु पञ्ञापेतुं। सत्त खो इमानि, सारिपुत्त, निद्दसवत्थूनि मया सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदितानि। कतमानि सत्त? इध, सारिपुत्त, भिक्खु सिक्खासमादाने तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च सिक्खासमादाने अविगतपेमो, धम्मनिसन्तिया तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च

---

२. तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने उन परिव्राजकों के इस संवाद का न तो अनुमोदन किया और न विरोध ही। अनुमोदन या विरोध न कर वे आसन से उठकर वहाँ से यह सोचकर चल दिये कि क्यों न इन संवाद का निर्णय भगवान् से सुन कर जान लिया जाय।

३. तब आयुष्मान् सारिपुत्र श्रावस्ती में भिक्षाकर्म कर, भोजन से निवृत्त होकर, भगवान् के सम्मुख आये। आकर उन को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक और बैठे हुए उन ने भगवान् से यह निवेदन किया—

''यहाँ, भन्ते! आज मैं प्रात:काल ...पूर्ववत्... क्यों न इस संवाद का निर्णय भगवान् से सुन कर जान लिया जाय। क्या, भन्ते! हमारे इस धर्मविनय में साधनावर्षों की गणनामात्र से किस भिक्षु को 'निर्दश भिक्षु' कहा जा सकता है?''

४. ''नहीं, सारिपुत्र! इस धर्मविनय में केवल धर्मसाधना के वर्षों की गणनामात्र से किसी भिक्षु को 'निर्दश भिक्षु'—ऐसा नहीं कहा जा सकता। अपितु सारिपुत्र! मैने सात निर्दश वस्तुएँ स्वयं साक्षात् कर उपदिष्ट की हैं। कौन सी सात? (१) यहाँ, सारिपुत्र! कोई भिक्षु भिक्षुनियमों के ग्रहण

धम्मनिसन्तिया अविगतपेमो, इच्छाविनये तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च इच्छाविनये अविगतपेमो, पटिसल्लाने तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च पटिसल्लाने अविगतपेमो, विरियारम्भे तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च विरियारम्भे अविगतपेमो, सतिनेपक्के तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च सतिनेपक्के अविगतपेमो, दिट्ठिपटिवेधे तिब्बच्छन्दो होति आयतिं च दिट्ठिपटिवेधे अविगतपेमो। इमानि खो, सारिपुत्त, सत्त निद्दसवत्थूनि मया सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदितानि। इमेहि खो, सारिपुत्त, सत्तहि निद्दसवत्थूहि समन्नागतो भिक्खु द्वादस चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाय; चतुब्बीसति चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाय; छत्तिंसति चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो [R.37] भिक्खू' ति अलं वचनाय, अट्ठचत्तारीसं चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाया'' ति॥

**१२. दुतियनिद्दससुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा कोसम्बियं विहरति घोसितारामे। अथ खो आयस्मा आनन्दो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय [B.426] कोसम्बिं पिण्डाय पाविसि। अथ खो आयस्मतो आनन्दस्स एतदहोसि—''अतिप्पगो खो ताव कोसम्बियं पिण्डाय चरितुं। यन्नूनाहं येन अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमेय्यं'' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो येन अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तेहि अञ्ञतित्थियेहि परिब्बाजकेहि सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि।

२. तेन खो पन समयेन तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं सन्निसिन्नानं [N.182] सन्निपतितानं अयमन्तराकथा उदपादि—''यो हि कोचि, आवुसो, द्वादस वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाया'' ति।

---

एवं पालन में अतिशय अनुराग वाला होता है, भविष्य में भी उन नियमों के ग्रहण एवं पालन में अनुरागरहित नहीं होता। ...पूर्ववत्[१]... सारिपुत्र इन सात निर्दशवस्तुओं को, मैंने स्वयं जानकर साक्षात् कर, उपदिष्ट किया है। इन सात निर्दश वस्तुओं से सम्पन्न भिक्षु बारह वर्ष भी निरन्तर साधना करे तो वह निर्दश कहला सकता है, चौबीस वर्ष... छत्तीस वर्ष... अड़तालीस वर्ष तक निरन्तर धर्मसाधना करे तो भी 'निर्दश भिक्षु' कहला सकता है॥'' ●

**१२. द्वितीय निर्दशसूत्र : : सात निर्दश वस्तुएँ**

१. ऐसा मैने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) कौशाम्बी के घोषिताराम में साधना हेतु विराजमान थे। उस समय आयुष्मान् आनन्द प्रातःकाल... पूर्वसूत्रवत्... अड़तालीस वर्ष तक निरन्तर धर्मसाधना करे तो भी 'निर्दश भिक्षु' कहला सकता है॥ ●

---

१. पीछे इसी निपात के **अनुशयवर्ग** में व्याख्यात दशम **निर्दशसूत्र** का ही अविकल विस्तार कर ले। साथ ही **दीघनिकाय** (बौ०भा०ग्र०मा० ३६), तृतीय भाग, पृ० ८०० की टिप्पणी भी देखें।—सं०।

३. अथ खो आयस्मा आनन्दो तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं भासितं नेव अभिनन्दि नप्पटिक्कोसि। अनभिनन्दित्वा अप्पटिक्कोसित्वा उट्ठायासना पक्कामि—''भगवतो सन्तिके एतस्स भासितस्स अत्थं आजानिस्सामी'' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो कोसम्बियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; [R.38] उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—

''इधाहं, भन्ते, पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय कोसम्बिं पिण्डाय पाविसिं। तस्स मय्हं, भन्ते, एतदहोसि—'अतिप्पगो खो ताव कोसम्बियं पिण्डाय चरितुं। यन्नूनाहं येन अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं आरामो तेनुपसङ्कमेय्यं' ति ...पे०... तेहि सद्धिं सम्मोदिं। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदिं। तेन खो पन, भन्ते, समयेन तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं सन्निसिन्नानं सन्निपतितानं अयमन्तराकथा उदपादि—'यो हि कोचि, आवुसो, द्वादसवस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, निद्दसो भिक्खू ति अलं वचनाया' ति। अथ ख्वाहं, भन्ते, तेसं अञ्ञतित्थियानं [B.427] परिब्बाजकानं भासितं नेव अभिनन्दिं नप्पटिक्कोसिं। अनभिनन्दित्वा, अप्पटिक्कोसित्वा उट्ठायासना पक्कमिं—'भगवतो सन्तिके एतस्स भासितस्स अत्थं आजानिस्सामी' ति। सक्का नु खो, भन्ते, इमस्मिं धम्मविनये केवलं वस्सगणनमत्तेन निद्दसो भिक्खु पञ्ञापेतुं'' ति?

४. ''न खो, आनन्द, सक्का इमस्मिं धम्मविनये केवलं वस्सगणनमत्तेन निद्दसो भिक्खु पञ्ञापेतुं। सत्त खो इमानि, आनन्द, निद्दसवत्थूनि मया सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदितानि। कतमानि सत्त? इधानन्द, भिक्खु, सद्धो होति, हिरीमा होति, ओत्तप्पी होति, [R.39] बहुस्सुतो होति, आरद्धविरियो होति, सतिमा होति, पञ्ञवा होति। इमानि खो, आनन्द, सत्त निद्दसवत्थूनि मया सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदितानि। इमेहि खो, आनन्द, [N.183] सत्तहि निद्दसवत्थूहि समन्नागतो भिक्खु द्वादस चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाय; चतुब्बीसति चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाय; छत्तिंसति चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाय, अट्ठचत्तारीसं चे पि वस्सानि परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, 'निद्दसो भिक्खू' ति अलं वचनाया'' ति॥ ●

देवतावग्गो चतुत्थो॥

---

[अनुपद में वर्णित प्रथम निर्दशसूत्र के समान ही, 'सारिपुत्र' के स्थान पर 'आनन्द' शब्द लगाकर इस सूत्र का अविकल विस्तार कर लें।]

देवतावर्ग चतुर्थ सम्पन्न॥

**तस्सुद्दानं**

अप्पमादो हिरी चेव, द्वे सुवचा दुवे मित्ता।
द्वे पटिसम्भिदा द्वे वसा, दुवे निद्दसवत्थुना ति॥

## ५. महायञ्ञवग्गो

**१. सत्तविञ्ञाणट्ठितिसुत्तं :** १. "सत्तिमा, भिक्खवे, विञ्ञाणट्ठितियो। कतमा सत्त? सन्ति, भिक्खवे, सत्ता नानत्तकाया नानत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि मनुस्सा एकच्चे च देवा एकच्चे च विनिपातिका। अयं पठमा विञ्ञाणट्ठिति।

२. "सन्ति, भिक्खवे, सत्ता नानत्तकाया एकत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा [R.40] ब्रह्मकायिका पठमाभिनिब्बत्ता। अयं दुतिया विञ्ञाणट्ठिति।

३. "सन्ति, भिक्खवे सत्ता एकत्तकाया नानत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा [B.428] आभस्सरा। अयं ततिया विञ्ञाणट्ठिति।

४. "सन्ति, भिक्खवे, सत्ता एकत्तकाया एकत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा सुभकिण्हा। अयं चतुत्थी विञ्ञाणट्ठिति।

---

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. अप्रमादगौरवसूत्र, २. ह्रीगौरवसूत्र, ३. प्रथम सौवचस्यसूत्र, ४. द्वितीय सौवचस्यसूत्र, ५. प्रथम मित्रसूत्र, ६. द्वितीय मित्रसूत्र ७. प्रथम प्रतिसंविदासूत्र, ८. द्वितीय प्रतिसंविदासूत्र, ९. प्रथम वशसूत्र, १०. द्वितीय वशसूत्र, ११. प्रथम निर्दशसूत्र, एवं १२. द्वितीय निर्दशसूत्र॥

## ५. महायज्ञवर्ग

**१. सप्तविज्ञानस्थितिसूत्र : : सात विज्ञानस्थितियाँ**

१. "भिक्षुओ! ये सात विज्ञानस्थितियाँ हैं? कौन सी सात? भिक्षुओ! कोई प्राणी नाना शरीर वाले, नाना संज्ञा (नाम) वाले होते हैं; जैसे—मनुष्य, कोई कोई देव या कोई कोई वैनिपातिक (प्रेतयोनिवाले)—यह प्रथम विज्ञानस्थिति है। (१)

२. "(परन्तु) भिक्षुओ! कोई कोई प्राणी नाना शरीर वाले, किन्तु एक ही नाम (संज्ञा) वाले होते हैं; जैसे—प्रथम उत्पन्न ब्रह्मकायिक देवता—यह द्वितीय विज्ञानस्थिति है। (२)

३. "भिक्षुओ! कोई कोई प्राणी एक ही शरीर वाले, किन्तु अनेक नाम वाले होते हैं, जैसे—आभास्वर देवता—यह तृतीय विज्ञानस्थिति है। (३)

४. "भिक्षुओ! कोई कोई प्राणी एक ही शरीर वाले तथा एक ही संज्ञा वाले भी होते हैं; जैसे—शुभकृत्स्न देवता—यह चतुर्थ विज्ञानस्थिति है। (४)

५. ''सन्ति, भिक्खवे, सत्ता सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनूपगा। अयं पञ्चमी विञ्ञाणट्ठिति।

[N.184] ६. ''सन्ति, भिक्खवे, सत्ता सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनूपगा। अयं छट्ठी विञ्ञाणट्ठिति।

७. ''सन्ति, भिक्खवे, सत्ता सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनूपगा। अयं सत्तमी विञ्ञाणट्ठिति।

इमा खो, भिक्खवे, सत्त विञ्ञाणट्ठितियो'' ति॥ ●

**२. समाधिपरिक्खारसुत्तं :** १. ''सत्तिमे, भिक्खवे, समाधिपरिक्खारा। कतमे सत्त? सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मा-वायामो, सम्मासति। या खो, भिक्खवे, इमेहि सत्तहङ्गेहि चित्तस्सेकग्गता परिक्खता, अयं वुच्चति, भिक्खवे, अरियो सम्मासमाधि सउपनिसो इति पि सपरिक्खारो इति पी'' ति॥ ●

[R.41] **३. पठमअग्गिसुत्तं :** १. ''सत्तिमे, भिक्खवे, अग्गी। कतमे सत्त? रागग्गि, दोसग्गि, मोहग्गि, आहुनेय्यग्गि, गहपतग्गि, दक्खिणेय्यग्गि, कट्ठग्गि—इमे खो, भिक्खवे, सत्त अग्गी'' ति॥ ●

**४. दुतियअग्गिसुत्तं :** १. तेन खो पन समयेन उग्गतसरीरस्स ब्राह्मणस्स

---

५. ''भिक्षुओ! कोई कोई प्राणी रूप एवं संज्ञा—दोनों का ही अतिक्रमण कर, प्रतिघसंज्ञाओं के अस्त (नष्ट) हो जाने से, नानात्व संज्ञा को मन में न करने से 'आकाश अनन्त है'—इस आकाशान्त्यायतन को प्राप्त होता है—यह पञ्चम विज्ञानस्थिति है। (५)

६. (पुनः) भिक्षुओ! कोई प्राणी आकाशानन्त्यायतन से भी आगे बढ़कर 'विज्ञान अनन्त है'—इस विज्ञानान्त्यायतन को प्राप्त होता है—यह षष्ठ विज्ञानस्थिति है। (६)

७. ''भिक्षुओ! कोई प्राणी विज्ञानानन्त्यायतन स्थिति को भी पीछे छोड़कर 'कुछ नहीं है'—इस आकिञ्चन्यायतन को प्राप्त होता है—यह सप्तम विज्ञानस्थिति है। (७)

''भिक्षुओ! ये सात विज्ञानस्थितियाँ है॥'' ●

**२. समाधिपरिष्कारसूत्र : : सात समाधिपरिष्कार**

१. ''भिक्षुओ! ये सात धर्म (साधन) समाधि में आवश्यक होते हैं। कौन से सात? १. सम्यग्दृष्टि, २. सम्यक्सङ्कल्प, ३. सम्यग्वाक्, ४. सम्यक्कर्मान्त, ५. सम्यगाजीव, ६. सम्यग्व्यायाम (सम्यक् प्रयत्न), एवं ७. सम्यक्स्मृति। भिक्षुओ! इन सात अङ्गों से चित्त की जो एकाग्रता तथा नियन्त्रण होता है, यही भिक्षुओ! उत्तम समाधि साधन तथा उपकरण सहित कहलाती है।'' ●

**३. प्रथम अग्निसूत्र : : सप्तविध अग्नि**

१. ''भिक्षुओ! ये सात अग्नि हैं। कौन सी सात? १. रागाग्नि, २. द्वेषाग्नि, ३. मोहाग्नि, ४. आहवनीयाग्नि, ५. गार्हपत्याग्नि, ६. दाक्षिणेयाग्नि एवं ७. काष्ठाग्नि। भिक्षुओ! लोक में यह सप्तविध अग्नि है॥'' ●

महायञ्ञो उपक्खटो होति। पञ्च उसभसतानि थूणूपनीतानि होन्ति यञ्ञत्थाय, पञ्च वच्छतरसतानि थूणूपनीतानि होन्ति यञ्ञत्थाय, पञ्च वच्छतरिसतानि थूणूपनीतानि [B.429] होन्ति यञ्ञत्थाय, पञ्च अजसतानि थूणूपनीतानि होन्ति यञ्ञत्थाय, पञ्च उरब्भसतानि थूणूपनीतानि होन्ति यञ्ञत्थाय। अथ खो उग्गतसरीरो ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो उग्गतसरीरो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—

२. ''सुतं मेतं, भो गोतम, अग्गिस्स आदानं यूपस्स उत्सापनं महप्फलं [N.185] होति महानिसंसं'' ति।

''मया पि खो एतं, ब्राह्मण, सुतं अग्गिस्स आदानं यूपस्स उस्सापनं महप्फलं होति महानिसंसं'' ति। दुतियं पि खो उग्गतसरीरो ब्राह्मणो ...पे०... ततियं पि खो उग्गतसरीरो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—''सुतं मेतं, भो गोतम, अग्गिस्स आदानं यूपस्स उस्सापनं महप्फलं होति महानिसंसं'' ति।

''मया पि खो एतं, ब्राह्मण, सुतं अग्गिस्स आदानं यूपस्स उस्सापनं महप्फलं होति महानिसंसं'' ति।

''तयिदं, भो गोतम, समेति भोतो चेव गोतमस्स अम्हाकं च, यदिदं सब्बेन [R.42] सब्बं''।

३. एवं वुत्ते आयस्मा आनन्दो उग्गतसरीरं ब्राह्मणं एतदवोच—''न खो, ब्राह्मण,

---

**४. द्वितीय अग्निसूत्र** : :

१. उस समय उद्गतशरीर ब्राह्मण के घर किसी महायज्ञ का उपक्रम होने वाला था। उस यज्ञ की पूर्ति के लिये पाँच सौ बैल खूँटों से बँधे हुए थे, पाँच सौ बछड़े... पाँच सौ बछड़ियाँ... पाँच सौ बकरा बकरियाँ तथा पाँच सौ भेड़ा तथा भेड़ खूँटों से बँधे हुए थे। तब वह उद्गतशरीर ब्राह्मण, जहाँ भगवान् (बुद्ध) विराजमान थे वहाँ पहुँचा। वहाँ पहुँचकर भगवान् से कुशल मङ्गल पूछकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ हुए उस उद्गतशरीर ब्राह्मण ने भगवान् से यह निवेदन किया—

२. ''भो गौतम! मैने सुना है—'अग्नि का आधान एवं यज्ञस्तम्भ का गाड़ना अतिशय फलदायक होता है'।''

''ब्राह्मण! मैने भी सुना है—'अग्नि का आधान एवं यज्ञस्तम्भ का गाड़ना अतिशय फलदायक होता है'।''

दूसरी बार भी उद्गतशरीर ब्राह्मण... तीसरी बार भी उद्गतशरीर ब्राह्मण ने भगवान् से यह कहा—

''भो गौतम! मैने सुना है—'अग्नि का आधान ...पूर्ववत्... फलदायक होता है'।''

''हाँ ब्राह्मण! मैने भी सुना है—अग्नि का आधान ...पूर्ववत्... फलदायक होता है।''

''तब तो, भो गौतम! आप और हम—दोनों ही इस बात पर सर्वथा सहमत हैं?''

३. ब्राह्मण द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् आनन्द ने उद्गतशरीर ब्राह्मण से यह कहा—

तथागता एवं पुच्छितब्बा—'सुतं मेतं, भो गोतम, अग्गिस्स आदानं यूपस्स उस्सापनं महप्फलं होति महानिसंसं' ति। एवं खो, ब्राह्मण, तथागता पुच्छितब्बा—'अहं हि, भन्ते, अग्गिं आदातुकामो यूपं उस्सापेतुकामो। ओवदतु मं, भन्ते, भगवा। अनुसासतु मं, भन्ते, भगवा यं मम अस्स दीघरत्तं हिताय सुखाया' '' ति।

४. अथ खो उग्गतसरीरो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—''अहं हि, भो गोतम, अग्गिं आदातुकामो यूपं उस्सापेतुकामो। ओवदतु मं भवं गोतमो। अनुसासतु मं भवं गोतमो यं मम अस्स दीघरत्तं हिताय सुखाया'' ति।

५. ''अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा तीणि सत्थानि उस्सापेति अकुसलानि दुक्खुद्रयानि दुक्खविपाकानि। कतमानि तीणि? कायसत्थं, [B.430] वचीसत्थं, मनोसत्थं। अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा एवं चित्तं उप्पादेसि—'एत्तका उसभा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका वच्छतरा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका वच्छतरियो हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका अजा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका उरब्भा [N.186] हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाया' ति। सो 'पुञ्ञं करोमी' ति अपुञ्ञं करोति, 'कुसलं करोमी' [R.43] ति अकुसलं करोति, 'सुगतिया मग्गं परियेसामी' ति दुग्गतिया मग्गं परियेसति। अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा इदं पठमं मनोसत्थं उस्सापेति अकुसलं दुक्खुद्रयं दुक्खविपाकं।

६. ''पुन च परं, ब्राह्मण, अग्गिं आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा एवं वाचं

---

''ब्राह्मण! तथागत से प्रश्न करने की यह विधि नहीं है—'मैने सुना है, भो गौतम! कि अग्नि का आधान ...पूर्ववत्... फलदायक होता है', अपितु यही प्रश्न इस प्रकार करना चाहिये—'भन्ते! मैं अग्नि का आधान करना चाहता हूँ, यज्ञस्तम्भ का उत्सारण करना चाहता हूँ। मुझे आप भगवान् ऐसा उचित परामर्श दें जो मेरे लिये चिरकाल तक हितकर या सुखप्रद हो।'''

४. तब उद्गतशरीर ब्राह्मण ने भगवान् से यह निवेदन किया—''भो गौतम! मैं यज्ञ करना चाहता हूँ, यज्ञस्तम्भ का... पूर्ववत्... सुखप्रद हो!''

५. ''ब्राह्मण! अग्नि का आधान (यज्ञ) करने वाला, यज्ञस्तम्भ का उत्सारण करने वाला यज्ञ आरम्भ करने से पूर्व ही तीन शस्त्र उठा लेता है—१. कायशस्त्र, २. वाक्शस्त्र एवं मन:शस्त्र, जो कि पापमय हैं, दु:खवर्धक हैं तथा दु:खमय फल देने वाले हैं। ब्राह्मण! यज्ञारम्भक पुरुष सर्वप्रथम अपने मन में यह सोचता है—'इतने वृषभ (बैल) यज्ञ में बलि चढाये जायँ, इतने बछड़े... इतनी बछड़ियाँ... इतने बकरे... इतनी भेड़ यज्ञ में बलि चढायी जायँ।' वह 'पुण्य करूँगा'—यह सोचता हुआ वस्तुत: अपुण्य ही करता है, 'कुशल कर्म करूँगा'—यह सोचता हुआ भी अकुशल कर्म ही करता है, 'मेरी सद्गति होगी'—यह सोचता हुआ भी अपनी असद्गति के साधन ही एकत्र करता है। इस प्रकार ब्राह्मण! वह यज्ञारम्भक पुरुष, यज्ञ आरम्भ करने से पूर्व ही, अपना ऐसा मन:शस्त्र उठा लेता है जो उसके लिये पापमय, दु:खवर्धक तथा दु:खमय फल देने वाला होता है। (१)

६. ''पुन:, ब्राह्मण! अग्नि का आधान करने वाला, यज्ञस्तम्भ का उत्सारक, यज्ञ आरम्भ

भासति—'एत्तका उसभा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका वच्छतरा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका वच्छतरियो हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका अजा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाय, एत्तका उरब्भा हञ्ञन्तु यञ्ञत्थाया' ति। सो 'पुञ्ञं करोमी' ति अपुञ्ञं करोति, 'कुसलं करोमी' ति अकुसलं करोति, 'सुगतिया मग्गं परियेसामी' ति दुग्गतिया मग्गं परियेसति। अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा इदं दुतियं वचीसत्थं उस्सापेति अकुसलं दुक्खुद्रयं दुक्खविपाकं।

७. ''पुन च परं, ब्राह्मण, अग्गिं आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा सयं पठमं समारम्भति उसभा हन्तुं यञ्ञत्थाय, सयं पठमं समारम्भति वच्छतरा हन्तुं यञ्ञत्थाय, सयं पठमं समारम्भति वच्छतरियो हन्तुं यञ्ञत्थाय, सयं पठमं समारम्भति अजा हन्तुं यञ्ञत्थाय, सयं पठमं समारम्भति उरब्भा हन्तुं यञ्ञत्थाय। सो 'पुञ्ञं करोमी' ति अपुञ्ञं करोति, 'कुसलं करोमी' ति अकुसलं करोति, 'सुगतिया मग्गं परियेसामी' ति दुग्गतिया मग्गं परियेसति। अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा इदं ततियं कायसत्थं उस्सापेति अकुसलं दुक्खुद्रयं दुक्खविपाकं। अग्गिं, ब्राह्मण, आदेन्तो यूपं उस्सापेन्तो पुब्बेव यञ्ञा इमानि तीणि सत्थानि उस्सापेति अकुसलानि दुक्खुद्रयानि दुक्खविपाकानि।

८. ''तयोमे, ब्राह्मण, अग्गी पहातब्बा परिवज्जेतब्बा, न सेवितब्बा। [B.431,R.44] कतमे तयो? रागग्गि, दोसग्गि, मोहग्गि।

९. ''कस्मा चायं, ब्राह्मण, रागग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो? रत्तो

---

करने से पूर्व अपनी वाणी से यह बोलता है—'इतने वृषभ... इतने बछड़े... इतनी बछड़ियाँ... इतने बकरे... इतनी भेड़ें यज्ञ में बलि चढायी जायँ। यह बोलता हुआ वह पुण्य के बदले अपुण्य, कुशल के बदले अकुशल तथा सद्गति के बदले में असद्गति ही अपने शिर ले लेता है। इस प्रकार, ब्राह्मण! वह यज्ञारम्भक यज्ञ प्रारम्भ करने से पूर्व ही यह द्वितीय वाक्शस्त्र उठा लेता है जो कि उसके लिये पापमय, दुःखवर्धक तथा दुःखमय फल देने वाला होता है। (२)

७. ''पुनः, ब्राह्मण! अग्नि का आधान करने वाला, यज्ञस्तम्भ का उत्सारक यज्ञ आरम्भ करने से पूर्व यह कायशस्त्र उठा लेता है और यज्ञ के लिये पशुबलि चढाते समय स्वयं सर्वप्रथम वृषभों... बछड़ों... बछड़ियों... बकरों... भेड़ों का वध करना आरम्भ करता है। इस प्रकार वह पुण्य करना चाहता हुआ अपुण्य कर बैठता है, कुशल करना चाहता हुआ अकुशल एवं सुगति चाहता हुआ असद्गति की ओर चलने लगता है। इस तरह, ब्राह्मण! वह यज्ञारम्भक, यज्ञ आरम्भ करने से पूर्व ही यह तृतीय कायशस्त्र उठा लेता है जो अकुशलोत्पादक, दुःखमय एवं दुःखफल देने वाला है। इस प्रकार ब्राह्मण! वह यज्ञारम्भक, यज्ञ आरम्भ करने से पूर्व ही, अपने हाथ में ये उपर्युक्त तीन शस्त्र ग्रहण कर लेता है, जो कि अकुशल, दुःखमय एवं दुःखफलप्रद हैं। (३)

८. ''ब्राह्मण! इन तीन अग्नियों का त्याग कर देना चाहिये, दूर हटा देना चाहिये। कौन सी तीन? (१) रागाग्नि, (२) द्वेषाग्नि एवं (३) मोहाग्नि।

९. ''ब्राह्मण! यह रागाग्नि क्या है, जिसका त्याग एवं परिवर्तन कर देना चाहिये? ब्राह्मण!

खो, ब्राह्मण, रागेन अभिभूतो परियादिन्नचित्तो कायेन दुच्चरितं चरति, वाचाय दुच्चरितं चरति, मनसा दुच्चरितं चरति! सो कायेन दुच्चरितं चरित्वा, वाचाय दुच्चरितं चरित्वा, मनसा [N.187] दुच्चरितं चरित्वा कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जति। तस्मायं रागग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो।

१०. ''कस्मा चायं, ब्राह्मण, दोसग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो? दुट्ठो खो, ब्राह्मण, दोसेन अभिभूतो परियादिन्नचित्तो कायेन दुच्चरितं चरति, वाचाय दुच्चरितं चरति, मनसा दुच्चरितं चरति। सो कायेन दुच्चरितं चरित्वा, वाचाय दुच्चरितं चरित्वा, मनसा दुच्चरितं चरित्वा कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जति। तस्मायं दोसग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो।

११. ''कस्मा चायं, ब्राह्मण, मोहग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो? मूळ्हो खो, ब्राह्मण, मोहेन अभिभूतो परियादिन्नचित्तो कायेन दुच्चरितं चरति, वाचाय दुच्चरितं चरति, मनसा दुच्चरितं चरति। सो कायेन दुच्चरितं चरित्वा, वाचाय दुच्चरितं चरित्वा, मनसा दुच्चरितं चरित्वा कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जति। तस्मायं मोहग्गि पहातब्बो परिवज्जेतब्बो, न सेवितब्बो। इमे खो तयो, ब्राह्मण, अग्गी पहातब्बा परिवज्जेतब्बा, न सेवितब्बा।

१२. ''तयो खो, ब्राह्मण, अग्गी सक्कत्वा गरुं कत्वा मानेत्वा पूजेत्वा सम्मा सुखं [R.45] परिहातब्बा। कतमे तयो? आहुनेय्यग्गि, गहपतग्गि, दक्खिणेय्यग्गि।

---

ऐसा पुरुष जो किसी विषय में अनुरक्त हो, उसमें मन लगाये हो, वह काय से, वाणी से एवं मन से दुराचार करने लगता है। वह काय, वाक् एवं मन से दुराचार करता हुआ, देहपात के बाद मरणानन्तर अपायभूत, दुर्गतिमय नरक में जा गिरता है, अत: इस रागाग्नि का सर्वथा त्याग एवं परिवर्जन कर देना चाहिये। (१)

१०. ''ब्राह्मण! और वह द्वेषाग्नि क्यों छोड़नी चाहिये? दूर हटानी चाहिये? क्यों इसका आसेवन (प्रयोग) नहीं करना चाहिये? क्योंकि, ब्राह्मण! कोई द्वेषी पुरुष किसी के प्रति द्वेषाभिभूत होता हुआ, उसी द्वेष से उत्साहित होकर काय, वाक् एवं मन से दुश्चरित करने लगता है। वह ऐसा करता हुआ, देहपात के बाद, मरणानन्तर अपायभूत, दुर्गतिमय नरक में जा गिरता है। अत:, ब्राह्मण! इस द्वेषाग्नि का भी सर्वथा त्याग एवं परिवर्जन किये रखना चाहिये।

११. ''ब्राह्मण! उस मोहाग्नि का त्याग क्यों करना चाहिये? क्यों दूर हटाना चाहिये? कोई मुग्ध पुरुष किसी विषय में मोह से अभिभूत होकर, उसी मोह में मन लगाता हुआ काय, वाक् एवं मन से दुश्चरित करता हुआ, देहपात के बाद, मरणानन्तर... अत:, ब्राह्मण! इस मोहाग्नि का भी... परिवर्जन किये रहना चाहिये।

१२. (इसके विपरीत) ''इन तीन अग्नियों का सत्कार, गौरव, सम्मान, एवं पूजा करते हुए उनको भलीभाँति सुविधापूर्वक ग्रहण करना चाहिये। कौन सी तीन अग्नि? (१) आहवनीय (भेंट देने योग्य) अग्नि, (२) गृहपति अग्नि, (३) एवं दक्षिणेयाग्नि।

१३. "कतमो च, ब्राह्मण, आहुनेय्यग्गि? इध, ब्राह्मण, यस्स ते होन्ति माता ति वा पिता ति वा, अयं वुच्चति, ब्राह्मण, आहुनेय्यग्गि। तं किस्स हेतु? अतोहयं, ब्राह्मण, आहुतो सम्भूतो, तस्मायं आहुनेय्यग्गि सक्कत्वा गरुं कत्वा मानेत्वा पूजेत्वा सम्मा सुखं [B.432] परिहातब्बो।

१४. "कतमो च, ब्राह्मण, गहपतग्गि? इध, ब्राह्मण, यस्स ते होन्ति पुत्ता ति वा दारा ति वा दासा ति वा पेस्सा ति वा कम्मकरा ति वा, अयं वुच्चति, ब्राह्मण, गहपतग्गि। तस्मायं गहपतग्गि सक्कत्वा गरुं कत्वा मानेत्वा पूजेत्वा सम्मा सुखं परिहातब्बो।

१५. "कतमो च, ब्राह्मण, दक्खिणेय्यग्गि? इध, ब्राह्मण, ये ते समण- [N.188] ब्राह्मणा परप्पवादा पटिविरता खन्तिसोरच्चे निविट्ठा एकमत्तानं दमेन्ति, एकमत्तानं समेन्ति, एकमत्तानं परिनिब्बापेन्ति, अयं वुच्चति, ब्राह्मण, दक्खिणेय्यग्गि। तस्मायं दक्खिणेय्यग्गि सक्कत्वा गरुं कत्वा मानेत्वा पूजेत्वा सम्मा सुखं परिहातब्बो। इमे खो, ब्राह्मण, तयो अग्गी सक्कत्वा गरुं कत्वा मानेत्वा पूजेत्वा सम्मा सुखं परिहातब्बा।

१६. "अयं खो पन, ब्राह्मण, कट्ठग्गि कालेन कालं उज्जलेतब्बो, कालेन कालं अज्झुपेक्खितब्बो, कालेन कालं निब्बापेतब्बो, कालेन कालं निक्खिपितब्बो" ति।

१७. "एवं वुत्ते उग्गतसरीरो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम, अभिक्कन्तं, भो गोतम ...पे०... उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं ति। एसाहं, भो गोतम, पञ्च उसभतसानि मुञ्चामि जीवितं देमि, पञ्च [R.46]

---

१३. "ब्राह्मण! यह 'आहवनीयाग्नि' कौन है? ब्राह्मण! यहाँ उसके जो माता पिता है, वे ही 'आहवनीयाग्नि' कहलाते हैं। वह क्यों? क्योंकि उनको भेंट दी जाती है, सत्कार किया जाता है, अत: इस आहवनीयाग्नि का सत्कार कर... पूजा कर उनको भलीभाँति सुखपूर्वक स्वीकार करना चाहिये। (१)

१४. "ब्राह्मण! यह 'गृहपति-अग्नि' क्या कहलाती है? ब्राह्मण! यहाँ जो उसके पुत्र, स्त्री, दास, कर्मकर हैं वे गृहपति-अग्नि कहलाते हैं। अत: इस गृहपति-अग्नि का सत्कार, गौरव, मान एवं पूजा कर उनको भलीभाँति सुखपूर्वक स्वीकारना चाहिये। (२)

१५. "ब्राह्मण! यह 'दक्षिणेयाग्नि' कौन कहलाती है? ब्राह्मण! यहाँ जो दूसरों की निन्दा-स्तुति से दूर रहने वाले, क्षमा एवं नम्रता की प्रतिमूर्ति, एकमात्र स्वयं पर संयम करने वाले होते हैं, एकान्तत: स्वयं को परिनिर्वाण की ओर ले जाने वाले होते हैं—ये कहलाते हैं दक्षिणेयाग्नि। अत: इस दक्षिणेयाग्नि का भी सत्कार... कर भलीभाँति सुखूपूर्वक स्वीकारना चाहिये। (२)

१६. "ब्राह्मण! इस साधारण काष्ठ से जलायी जाने वाली अग्नि को समय समय पर प्रज्वलित किये रखना चाहिये, तथा समय समय पर बुझाये रखना चाहिये, और समय समय पर एक ओर रख देना चाहिये।" (३)

१७. (भगवान् द्वारा) ऐसा कहे जाने पर वह उद्गतशरीर ब्राह्मण बोला—"भो गौतम! आपने बहुत ही उचित कहा, भो गौतम ...पूर्ववत्... आज से आप मुझे, मेरे शरीर में प्राण रहने तक अपना

वच्छतरसतानि मुञ्चामि जीवितं देमि, पञ्च वच्छतरिसतानि मुञ्चामि जीवितं देमि, पञ्च अजसतानि मुञ्चामि जीवितं देमि, पञ्च उरब्भसतानि मुञ्चामि जीवितं देमि। हरितानि चेव तिणानि खादन्तु, सीतानि च पानीयानि पिबन्तु, सीतो च नेसं वातो उपवायतं'' ति॥ ●

५. **पठमसञ्ञासुत्तं** : १. ''सत्तिमा, भिक्खवे, सञ्ञा भाविता बहुलीकता महप्फला होन्ति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना। कतमा सत्त? असुभसञ्ञा, [B.433] मरणसञ्ञा, आहारे पटिकूलसञ्ञा, सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, अनिच्चसञ्ञा, अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, दुक्खे अनत्तसञ्ञा—इमा खो, भिक्खवे, सत्त सञ्ञा भाविता बहुलीकता महप्फला होन्ति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना'' ति॥ ●

६. **दुतियसञ्ञासुत्तं** : १. ''सत्तिमा, भिक्खवे, सञ्ञा भाविता बहुलीकता महप्फला होन्ति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना। कतमा सत्त? असुभसञ्ञा, [N.189] मरणसञ्ञा, आहारे पटिकूलसञ्ञा, सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, अनिच्चसञ्ञा, अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, दुक्खे अनत्तसञ्ञा—इमा खो, भिक्खवे, सत्त सञ्ञा भाविता बहुलीकता महप्फला होन्ति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना ति॥

२. ''असुभसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति। इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? असुभसञ्ञा- [R.47] परिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो मेथुनधम्मसमापत्तिया चित्तं

---

शरणागत उपासक समझें। भो गौतम! मैं अब इन पाँच सौ वृषभों को छोड़ता हूँ, जीवनदान देता हूँ; पाँच सौ बछड़ों को.. पाँच सौ बछड़ियों को... पाँच सौ बकरे-बकरियों को... पाँच सै भेड़ों को मुक्त करता हूँ, जीवनदान देता हूँ। ये स्वच्छन्द होकर हरा घास चरें, स्रोतों का स्वच्छ जल पीयें तथा शीतल मन्द सुगन्ध वायु का सेवन करें॥'' ●

**५. प्रथम संज्ञासूत्र : : सात शुभफलप्रद संज्ञाएँ**

१. ''भिक्षुओ! इन सात संज्ञाओं की भावना किये जाने पर, अभ्यास किये जाने पर ये अतिशय फलप्रद होती हैं तथा ये अमृत (निर्वाण) की ओर ले जाने वाली तथा निर्वाण तक पहुँचाने वाली हैं। कौन सी सात? (१) (काया में) अशुभ संज्ञा, एवं (२) मरणसंज्ञा; ३. आहार में प्रतिकूलसंज्ञा, ४. सर्वत्र लोक में अनभिरति (अरुचि) संज्ञा, ५. अनित्यसंज्ञा, ६. अनित्य (धर्मों) में दुःखसंज्ञा एवं ७. दुःख में अनात्मसंज्ञा—भिक्षुओ! ये सात संज्ञाएँ, भावना तथा अभ्यास किये जाने पर, अतिशय शुभफलप्रद होती हैं; निर्वाण की ओर ले जाने वाली तथा निर्वाण तक पहुँचाने वाली होती हैं॥'' ●

**६. द्वितीय संज्ञासूत्र : : सात संज्ञाएँ**

१. ''भिक्षुओ! ये सात संज्ञाएँ ...पूर्ववत्... निर्वाण तक पहुँचाने वाली होती हैं।

२. ''भिक्षुओ! '**अशुभ संज्ञा,** साधना किये जाने पर, भावना किये जाने पर, अभ्यास किये जाने पर अतिशय फलप्रद, निर्वाण की ओर ले जाने वाली तथा निर्वाण तक पहुँचाने वाली होती है'—यह जो कहा गया, वह किसलिये कहा गया? भिक्षुओ! प्रायः अशुभसंज्ञा से परिचित चित्त

पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति, उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति। सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटपत्तं वा न्हारुदद्दुलं वा अग्गिम्हि पक्खित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति; एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो असुभ-सञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो मेथुनधम्मसमापत्तिया चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति।

''सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो असुभसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो मेथुन-धम्मसमापत्तिया चित्तं अनुसन्दहति अप्पटिकुल्यता सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे असुभसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो असुभसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो मेधुनधम्मसमापत्तिया चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे असुभसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। [B.431] इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'असुभसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

३. ''मरणसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति [R.48] महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? मरणसञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो जीवित- [N.190]

---

से साधना करने वाले भिक्षु का चित्त मैथुन धर्म से विरत हो जाता है, उससे दूर रहने लगता है, उधर उसका चित्त नहीं लगता, वह उससे उपेक्षा करने लगता है, चिढ़ने लगता है। भिक्षुओ! जैसे मुर्गे का पंख अग्नि में डालने पर चिटचिटाने लगता है, सङ्कुचित होने लगता है, वहाँ फैलता नहीं है; इसी प्रकार अशुभसंज्ञा से परिचित चित्त से साधना करने वाले भिक्षु का चित्त ...पूर्ववत्... उपेक्षा करने लगता है, उससे चिढ़ने लगता है।

''यदि, भिक्षुओ! अशुभ संज्ञा से परिचित चित्त से साधक भिक्षु का चित्त मैथुन धर्म से विरत न हो तो, भिक्षुओ! उस भिक्षु को समझ लेना चाहिये कि उसके द्वारा कृत अशुभ संज्ञा की साधना पूर्णतः सफल नहीं हुई है; क्योंकि उसमें पहले की अपेक्षा कोई विशेषता नहीं आयी है, उसे इस साधना से कोई अतिरिक्त सामर्थ्य प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसा वह समझ भी जाता है। हाँ, यदि इस अशुभसंज्ञा की साधना सफल हो जाती है तो उसे मैथुन धर्म से विरति हो जाती है तब उसे ज्ञात हो जाता है कि उसकी वह साधना सफल हो गयी; क्योंकि उसको उस साधना का विशेष फल मिलने लगता है। भिक्षुओ! 'अशुभ संज्ञा की साधना करने पर, अभ्यास करने पर वह अतिशय फलवती होती है...' यह जो कहा था, यह इसी आशय से कहा था। (१)

३. ''भिक्षुओ! '**मरणसंज्ञा** साधना किये जाने पर...' यह जो कहा था, यह किस आशय से कहा था? भिक्षुओ! प्रायः मरणसंज्ञा से परिचित चित्त से ...पूर्ववत्... जीने की इच्छा रूप तृष्णा से विरत हो जाता है, उससे दूर रहने लगता है... उसे चिढ़ने लगता है।

निकन्तिया चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति। सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटपत्तं वा न्हारुदद्दुलं वा अग्गिम्हि पक्खित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो मरणसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो जीवितनिकन्तिया चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति।

"सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो मरणसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो जीवितनिकन्तिया चित्तं अनुसन्दहति अप्पटिकुल्यता सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे मरणसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो मरणसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो जीवितनिकन्तिया चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे [R.49] मरणसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'मरणसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

४. "आहारे पटिकूलसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? [B.435] आहारे पटिकूलसञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो रसतण्हाय चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति। सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटपत्तं वा न्हारुदद्दुलं वा अग्गिम्हि पक्खित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो आहारे पटिकूलसञ्ञा-परिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो रसतण्हाय चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति।

"सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो आहारे पटिकूलसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो

---

"यदि, भिक्षुओ! मरणसंज्ञा की साधना करने वाले भिक्षु का चित्त जीने की इच्छा में आसक्त ही रहता है, उससे दूर नहीं होता तो वह समझ लेता है कि उसकी मरणसंज्ञा पूर्ण नहीं हुई। हाँ, यदि उसका चित्त मरणसंज्ञा की साधना करते करते जीने की इच्छा में निरासक्त हो जाता है... तो वह समझ लेता है कि उसकी मरणसंज्ञा की भावना पूर्ण हो गयी है...। 'मरणसंज्ञा की साधना निर्वाण तक पहुँच देती है'—यह जो कहा था, यह इसी उद्देश्य से कहा था। (२)

४. "भिक्षुओ! '**आहार में प्रतिकूलसंज्ञा...** निर्वाण तक पहुँचाने वाली है'—यह जो कहा था वह किसलिये कहा था? आहार में प्रतिकूल संज्ञा से परिचित चित्त से प्राय: साधना करने वाले भिक्षु का चित्त रसतृष्णा से दूर होने लगता है... उससे चिढ़ने लगता है। जैसे भिक्षुओ! मुर्गे का पङ्ख ...पूर्ववत्... दूर होने लगता है, उससे चिढ़ने लगता है।

रसतण्हाय चित्तं अनुसन्दहति अप्पटिकुल्यता सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, [N.191] भिक्खुना 'अभाविता मे आहारे पटिकूलसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो आहारे पटिकूलसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो रसतण्हाय चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे आहारे पटिकूलसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'आहारे पटिकूलसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला [R.50] होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

५. ''सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? सब्बलोके अनभिरतसञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो लोकचित्रेसु चित्तं पतिलीयति ...पे०... सेय्यथापि, भिक्खवे ...पे०... पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो सब्बलोके अनभिरतसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो लोकचित्रेसु चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति।

''सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो सब्बलोके अनभिरतसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो लोकचित्रेसु चित्तं अनुसन्दहति अप्पटिकुल्यता सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, [B.436] अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, [R.51] भिक्खुनो सब्बलोके अनभिरतसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो लोकचित्रेसु चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे

---

''यदि, भिक्षुओ! आहार में प्रतिकूल संज्ञा की साधना करने वाले भिक्षु का चित्त रसतृष्णा से दूर नहीं होता... वह समझ लेता है कि मेरी यह साधना अभी पूर्ण नहीं हुई ...पूर्ववत्... आहार में प्रतिकूलसंज्ञा... यह इसी उद्देश्य से कहा था। (३)

५. ''भिक्षुओ! '**समस्त लोक में अनभिरतसंज्ञा...** निर्वाण तक पहुँचाने वाली है'—यह जो कहा था, वह किस आशय से कहा था? सर्वत्र लोक में अनभिरतसंज्ञा (अरुचि) से परिचित चित्त से प्राय: साधना करने वाले भिक्षु का चित्त शनै: शनै: लोक की विचित्रताओं के विषय में अनासक्त होने लगता है ...पूर्ववत्... जैसे भिक्षुओ ...पूर्ववत्... दूर होने लगता है, इसी प्रकार, भिक्षुओ! सर्वलोक में अनभिरतसंज्ञा से परिचित चित्त से... दूर होने लगता है, उससे चिढ़ने लगता है।

''यदि, भिक्षुओ! भिक्षु को सर्वलोक में अनभिरत संज्ञा से परिचित चित्त से... लोक के विषय में अनासक्त ...पूर्ववत्... सर्वलोक में अनभिरतसंज्ञा... इसीलिये कहा था। (४)

भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'सब्बलोके अनभिरतसञ्ञा, भिक्खवे, [N.192] भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

६. "अनिच्चसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? अनिच्च-सञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो लाभसक्कारसिलोके चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति। सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटपत्तं वा न्हारुदद्दुलं वा अग्गिम्हि पक्खित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो अनिच्चसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो लाभसक्कारसिलोके चित्तं पतिलीयति ...पे०... उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति।

"सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो अनिच्चसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो लाभसक्कारसिलोके चित्तं अनुसन्दहति अप्पटिकुल्यता सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे अनिच्चसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो अनिच्चसञ्ञापरिचितेन [R.52] चेतसा बहुलं विहरतो लाभसक्कारसिलोके चित्तं पतिलीयति पतिकुटति पतिवत्तति, न सम्पसारियति उपेक्खा वा पाटिकुल्यता वा सण्ठाति; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे अनिच्चसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'अनिच्चसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

[B.437] ७. "अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? अनिच्चे दुक्खसञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो आलस्से कोसज्जे

---

६. "भिक्षुओ! '**अनित्यसंज्ञा...** निर्वाण तक पहुँचाने वाली है'—यह जो कहा था, यह किसलिये कहा था? अनित्यसंज्ञा से परिचित चित्त से प्राय: साधना करने वाले भिक्षु का चित्त लौकिक लाभ सत्कार से शनै: शनै: विरत होने लगता है ...पूर्ववत्... जैसे, भिक्षुओ! ... दूर होने लगता है, उससे चिढ़ने लगता है।

"यदि, भिक्षुओ! अनित्य संज्ञा से परिचित चित्त से प्राय: साधना करने वाले भिक्षु का चित्त लाभ सत्कार की ही आकांक्षा करता रहता है ...पूर्ववत्... 'अनित्य संज्ञा... निर्वाण तक पहुँचाने वाली है'—यह जो कहा था, इसी उद्देश्य से कहा था। (५)

७. "भिक्षुओ! '**अनित्य में दु:खसंज्ञा** की भावना तथा अभ्यास...'—यह जो कहा था, किस उद्देश्य से कहा था? अनित्य में दु:खसंज्ञा से परिचित चित्त से भावना करने वाले भिक्षु के चित्त की आलस्य में, शिथिलता (सुस्ती) में, त्यागने योग्य प्रमाद में, साधना न करने योग्य धर्म में,

विस्सट्ठिये पमादे अननुयोगे अपच्चवेक्खणाय तिब्बा भयसञ्ञा पच्चुपट्ठिता होति, सेय्यथापि, भिक्खवे, उक्खित्तासिके वधके।

"सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो अनिच्चे दुक्खसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं [N.193] विहरतो आलस्ये बहुलं विहरतो आलस्ये कोसज्जे विस्सट्ठिये पमादे अननुयोगे अपच्च-वेक्खणाय तिब्बा भयसञ्ञा न पच्चुपट्ठिता होति, सेय्यथापि, भिक्खवे, उक्खित्तासिके वधके। वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो अनिच्चे दुक्खसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो आलस्ये कोसज्जे विस्सट्ठिये पमादे अननुयोगे अपच्चवेक्खणाय तिब्बा भयसञ्ञा पच्चुपट्ठिता होति, सेय्यथापि, भिक्खवे, उक्खित्तासिके वधके। वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'सुभाविता मे अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'अनिच्चे दुक्खसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला [R.53] होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

८. "दुक्खे अनत्तसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किं चेतं पटिच्च वुत्तं? दुक्खे अनत्तसञ्ञापरिचितेन, भिक्खवे, भिक्खुनो चेतसा बहुलं विहरतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानापगतं मानसं होति विधासमतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं।

---

उसके विवेचन में वैसी ही भयग्रस्त स्थिति हो जाती है जैसे किसी खड्गधारी हत्यारे को देखने पर हुआ करती है।

"यदि, भिक्षुओ! अनित्य में दुःखसंज्ञा से परिचित चित्त से प्रायः साधना करने वाले भिक्षु का चित्त आलस्य में ...पूर्ववत्... भय नहीं मानता है ...पूर्ववत्... 'अनित्य में दुःखसंज्ञा निर्वाण तक पहुँचाने वाली है' यह जो कहा था, इसी आशय से कहा था। (६)

८. भिक्षुओ! '**दुःख में अनात्मसंज्ञा** की भावना एवं अभ्यास किये जाने पर, वह महान् फलप्रद एवं निर्वाण की ओर बढ़ाने वाली तथा निर्वाण तक पहुँचाने वाली होती है'—यह जो कहा गया है वह किस आशय से कहा गया है? दुःख में अनात्मसंज्ञा से परिचित चित्त से प्रायः साधना करते हुए भिक्षु का चित्त इस विज्ञानसहित काय में सभी बाह्य निमित्तों (विषयों) में अहङ्कार ममत्व एवं मान समाप्त हो जाता है वह तृष्णारहित, शान्त एवं सुविमुक्त कहलाता है।

"यदि, भिक्षुओ! दुःख में अनात्मसंज्ञा से परिचित चित्त से प्रायः साधना करते हुए भिक्षु का चित्त इस लोक में अहङ्कार, ममत्व एवं मान से व्यपगत नहीं होता, तृष्णारहित शान्त नहीं होता तो भिक्षुओ! उस भिक्षु को समझ लेना चाहिये कि उसकी दुःख में अनात्मसंज्ञा की भावना समीचीनतया सिद्ध नहीं हुई है; क्योंकि उसके चित्त में पहले की अपेक्षा अभी कोई विशेषता नहीं आयी है, अतः उसने भावनाबल प्राप्त नहीं किया है। ऐसा वह समझ जाता है। परन्तु यदि, भिक्षुओ!

"सचे, भिक्खवे, भिक्खुनो दुक्खे अनत्तसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु न अहङ्कारममङ्कारमानापगतं मानसं होति विधासमतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना 'अभाविता मे [B.438] दुक्खे अनत्तसञ्ञा, नत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, अप्पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। सचे पन, भिक्खवे, भिक्खुनो दुक्खे अनत्तसञ्ञापरिचितेन चेतसा बहुलं विहरतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारमम-ङ्कारमानापगतं मानसं होति विधासमतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं; वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, [N.194] भिक्खुना 'सुभाविता मे दुक्खे अनत्तसञ्ञा, अत्थि मे पुब्बेनापरं विसेसो, पत्तं मे भावनाबलं' ति। इति ह तत्थ सम्पजानो होति। 'दुक्खे अनत्तसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता महप्फला होति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

९. "इमा खो, भिक्खवे, सत्त सञ्ञा भाविता बहुलीकता महप्फला होन्ति महानिसंसा अमतोगधा अमतपरियोसाना" ति॥ ●

[R.54] **७. मेथुनसुत्तं** : १. अथ खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"भवं पि नो गोतमो ब्रह्मचारी पटिजानाती" ति?

"यं हि तं, ब्राह्मण, सम्मा वदमानो वदेय्य—'अखण्डं अच्छिद्दं असबलं अकम्मासं परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरती' ति, ममेव तं, ब्राह्मण, सम्मा वदमानो वदेय्य--'अहं

---

इस संज्ञा की प्राय: निरन्तर साधना कर्ता भिक्षु के चित्त में काया के प्रति अहङ्कार, ममत्व एवं मान विनष्ट हो जायँ तो समझ लेना चाहिये कि उसकी यह (दु:ख में अनात्म-) संज्ञा की भावना पूर्णत: सम्पन्न हो चुकी है। तथा उसका चित्त शान्त एवं सुविमुक्त हो चुका है। अब उसके चित्त में पहले की अपेक्षा विशेषता भी आ गयी है—यह उसकी समझ में आ जाता है। अत:, भिक्षुओ! ' — दु:ख में अनात्मसंज्ञा की साधना एवं अभ्यास महान् फलप्रद होता है। यह साधना निर्वाण मार्ग पर आरूढ कराने वाली तथा निर्वाण तक पहुँचाने वाली हैं'—यह इसी आशय से कहा गया है। (७)

९. "भिक्षुओ! ये सात संज्ञाएँ, साधना एवं अभ्यास किये जाने पर, अतिशय फलदायिनी होती हैं... निर्वाण तक पहुँचाने वाली होती हैं॥" ●

**७. मैथुनसूत्र : : सप्तविध मैथुन**

१. तब जानुश्रोणि ब्राह्मण जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गया। जाकर भगवान् से कुशल मङ्गल पूछकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे हुए जानुश्रोणि ब्राह्मण ने भगवान् से पूछा—"आप भी अपने को ब्रह्मचारी मानते हैं?"

"ब्राह्मण! यदि कोई किसी के विषय में कहना चाहे—'यह अखण्ड, निश्छिद्र, अविभिन्न, निष्कलङ्क एवं परिपूर्ण तथा परिशुद्ध ब्रह्मचर्य का पालन करता है, तो, ब्रह्मण! वह मेरे लिये ही ऐसा

हि, ब्राह्मण, अखण्डं अच्छिद्दं असबलं अकम्मासं परिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरामी' '' ति।

२. ''किं पन, भो गोतम, ब्रह्मचरियस्स खण्डं पि छिद्दं पि सबलं पि कम्मासं पी'' ति?

''इध, ब्राह्मण, एकच्चो समणो वा ब्राह्मणो वा सम्मा ब्रह्मचारी पटिजानमानो न हेव खो मातुगामेन सद्धिं द्वयंद्वयसमापत्तिं समापज्जति; अपि च खो मातुगामस्स उच्छादन-परिमद्दन-न्हापन-सम्बाहनं सादियति। सो तं अस्सादेति, तं निकामेति, तेन च वित्तिं आपज्जति। इदं पि खो, ब्राह्मण, ब्रह्मचरियस्स खण्डं पि छिद्दं पि सबलं पि कम्मासं पि। अयं वुच्चति, ब्राह्मण, अपरिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, संयुत्तो मेथुनेन संयोगेन न परिमुच्चति [B.439] जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, न परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामि।

३. ''पुन च परं, ब्राह्मण, इधेकच्चो समणो वा ब्राह्मणो वा सम्मा ब्रह्मचारी [R.55] पटिजानमानो न हेव खो मातुगामेन सद्धिं द्वयन्द्वयसमापत्तिं समापज्जति; न पि मातुगामस्स उच्छादन-परिमद्दन-न्हापन-सम्बाहनं सादियति; अपि च खो मातुगामेन सद्धिं सञ्जग्घति सङ्कीळति सङ्केलायति ...पे०...। न पि मातुगामेन सद्धिं सञ्जग्घति सङ्कीळति सङ्केलायति; अपि च खो मातुगामेन चक्खुना चक्खुं उपनिज्झायति पेक्खति ...पे०...। न पि मातुगामस्स चक्खुना चक्खुं उपनिज्झायति पेक्खति; अपि च खो मातुगामेन सद्दं सुणाति तिरोकुड्डं वा तिरोपाकारं वा हसन्तिया वा भणन्तिया वा गायन्तिया वा रोदन्तिया वा ...पे०...। न पि

---

कह सकता है'—'मैं, ब्राह्मण! अखण्ड, अछिद्र, अविभिन्न, निष्कलङ्क, परिपूर्ण एवं परिशुद्ध ब्रह्मचर्य का पालन करता हूँ।''

२. ''क्या, भो गौतम! ब्रह्मचर्य में भी खण्ड, छिद्र एवं कलङ्क होता है?''

''यहाँ, ब्राह्मण! कोई श्रमण या ब्राह्मण किसी स्त्री के साथ 'दो का मिलना' (मैथुन) तो नहीं करता, परन्तु वह स्त्रियों द्वारा किये जाते हुए उत्सादन, परिमर्दन, स्नापन, एवं संवाहन को बहुत उत्सुकता से देखता है। वह इन कृत्यों को देखते रहना चाहता है, उनमें रस लेता है, उनमें प्रेम उत्पन्न करता है। यही, ब्राह्मण! उस ब्रह्मचर्य का खण्ड, छिद्र एवं कलङ्क होता है। ऐसे साधक के प्रति कहा जा सकता है कि वह अपरिशुद्ध ब्रह्मचर्य की साधना कर रहा है। वह भी एक प्रकार का मैथुन कर रहा होता है। इसके फलस्वरूप वह जन्म, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य तथा उपायास से मुक्त नहीं हो पाता—ऐसा मेरा मानना है। (१)

३. ''पुनः, ब्राह्मण! यहाँ कोई श्रमण या ब्राह्मण अपने को सर्वथा ब्रह्मचारी मानता हुआ भी यद्यपि किसी नारी के साथ मैथुन तो नहीं करता, और न किसी नारी के उत्सादन, परिमर्दन, स्नापन या संवाहन कर्म को देखने में उत्सुक रहता है; परन्तु वह किसी नारी के साथ हास-परिहास करता है, केलि करता है, किलोल करता है। ...पूर्ववत्...। (२)

मातुगामस्स सद्दं सुणाति तिरोकुड्डं वा तिरोपाकारं वा हसन्तिया वा भणन्तिया वा गायन्तिया वा रोदन्तिया वा; अपि च खो यानिस्स तानि पुब्बे मातुगामेन सद्धिं हसितलपितकीळितानि तानि अनुस्सरति ...पे०...। न पि यानिस्स तानि पुब्बे मातुगामेन सद्धिं हसितलपित-कीळितानि तानि अनुस्सरति; अपि च खो पस्सति गहपतिं वा गहपतिपुत्तं वा पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितं समङ्गीभूतं परिचारयमानं ...पे०...। न पि पस्सति गहपतिं वा गहपतिपुत्तं वा पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितं समङ्गीभूतं परिचारयमानं; अपि च खो अञ्ञतरं देवनिकायं पणिधाय ब्रह्मचरियं चरति इमिनाहं सीलेन वा वतेन वा तपेन वा ब्रह्मचरियेन वा देवो वा भविस्सामि देवञ्ञतरो वा ति। सो तं अस्सादेति, तं निकामेति, तेन च वित्तिं आपज्जति। इदं पि खो, ब्राह्मण, ब्रह्मचरियस्स खण्डं पि छिद्दं पि सबलं पि कम्मासं पि। अयं वुच्चति, ब्राह्मण, अपरिसुद्धं ब्रह्मचरियं चरति, संयुत्तो मेथुनेन संयोगेन, न [R.56] परिमुच्चति जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, न परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामि।

४. ''यावकीवञ्चाहं, ब्राह्मण, इमेसं सत्तन्नं मेथुनसंयोगानं अञ्ञतरञ्ञतर-

---

''...यद्यपि वह किसी नारी के साथ हास परिहास, केलि या किलोल भी नहीं करता, परन्तु वह किसी नारी से निरन्तर आँख मिलाता है। ...पूर्ववत्...। (३)

''...यद्यपि वह नारी के साथ निरन्तर आँख भी नहीं मिलाता; परन्तु वह किसी दीवार या प्राकार के पीछे छिपकर उसका गान सुनता है, उस हँसती हुई रोती हुई के शब्द सुनता है। ...पूर्ववत्...। (४)

''...यद्यपि वह किसी नारी के गायन, हास या रुदन शब्दों को सुनने में तो कोई उत्कण्ठा नहीं रखता, परन्तु वह अपने गृहस्थाश्रम की पूर्व स्त्री के गान, हास-परिहास एवं रुदन-शब्दों का अनुस्मरण करता रहता है। ...पूर्ववत्...। (५)

''...यद्यपि वह अपनी पूर्व स्त्री के गान, हास एवं रुदन-शब्दों में भी उत्कण्ठा नहीं रखता; परन्तु वह पाँचों कामगुणों में सम्पृक्त हुए किसी गृहपति या गृहपतिपुत्र को उत्सुकता से देखता है। ...पूर्ववत्...। (६)

''...यद्यपि वह ऐसे किसी गृहपति या गृपतिपुत्र को भी नहीं देखता; परन्तु वह देवनिकाय का सङ्कल्प कर ऐसी धर्मसाधना करने लगता है कि वह भी इस शील, व्रत, तप या ब्रह्मचर्य से अग्रिम जन्म में उस देवता के समान रूपवान्, वर्णवान् एवं सामर्थ्यवान् बने। वह उसके प्रति उत्सुकता रखता है, उसकी कामना (चाह) करता है, उससे स्नेह करने लगता है। ब्राह्मण! यह भी उसके ब्रह्मचर्य का खण्डित होना, छिद्रित होना, कलङ्कित होना कहलाता है। ब्राह्मण! ऐसे श्रमण या ब्राह्मण द्वारा साधित यह ब्रह्मचर्य खण्डित, छिद्रित, विभाजित एवं कलङ्कित कहलाता है। इसके फलस्वरूप, ब्राह्मण! वह साधक जन्म, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य एवं उपायास से मुक्त नहीं हो पाता। (७)

४. ''जब तक, ब्राह्मण! मैंने इन सप्तविध मैथुन-संयोगों में से किसी भी मैथुन-संयोग को

मेथुनसंयोगं अत्तनि अप्पहीनं समनुपस्सिं, नेव तावाहं, ब्राह्मण, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं।

५. ''यतो च खोहं, ब्राह्मण, इमेसं सत्तन्नं मेथुनसंयोगानं अञ्ञतरञ्ञतर- [B.440] मेथुनसंयोगं अत्तनि अप्पहीनं न समनुपस्सिं, अथाहं, ब्राह्मण, सदेवके लोके [N.196] समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं। 'ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि, अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो' '' ति।

६. एवं वुत्ते जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—''अभिक्कन्तं, भो गोतम; अभिक्कन्तं, भो गोतम ...पे०... उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति॥ ●

**८. संयोगसुत्तं** : १. ''संयोगविसंयोगं वो, भिक्खवे, धम्मपरियायं [R.57] देसेस्सामि। तं सुणाथ ...पे०... कतमो च सो, भिक्खवे, संयोगो विसंयोगो धम्मपरियायो?

२. ''इत्थी, भिक्खवे, अज्झत्तं इत्थिन्द्रियं मनसि करोति इत्थिकुत्तं इत्थाकप्पं इत्थिविधं इत्थिच्छन्दं इत्थिस्सरं इत्थालङ्कारं। सा तत्थ रज्जति तत्राभिरमति। सा तत्थ रत्ता तत्राभिरता बहिद्धा पुरिसिन्द्रियं मनसि करोति पुरिसकुत्तं पुरिसाकप्पं पुरिसविधं पुरिसच्छन्दं

---

अपने में अप्रहीण पाया, तब तक मैंने, ब्राह्मण! देवलोक सहित तथा मार ब्रह्मा सहित एस श्रमण-ब्राह्मण प्रजा के सम्मुख यह घोषणा नहीं की कि मैं अद्वितीय सम्यक्सम्बोधि प्राप्त कर अभिसम्बुद्ध (सर्वथा ज्ञानी) बन चुका हूँ।

५. ''परन्तु, ब्राह्मण! जब मैंने अपने में इन सातों मैथुनसंयोगों में से सभी को प्रहीण पाया, तब मैंने, ब्राह्मण! ...पूर्ववत्... 'मैं अभिसम्बुद्ध हो गया'—यह घोषणा की। इस ज्ञान का मैंने साक्षात्कार कर लिया कि अब मेरी यह विमुक्ति अकोप्य (अविचल) है, अब मेरा यह जन्म अन्तिम है, अब मेरा इस संसार में पुनर्जन्म नहीं होगा।''

६. भगवान् के द्वारा ऐसी देशना किये जाने पर जानुश्रोणि ब्राह्मण ने भगवान् से यह निवेदन किया—''बहुत उचित कहा, भो गौतम! बहुत ही उचित! ...पूर्ववत्... आज से आप मुझे, मेरे जीवनपर्यन्त, अपना शरणागत उपासक समझें॥'' ●

**८. संयोगसूत्र : : सप्तविध संयोग एवं विसंयोग**

१. ''भिक्षुओ! अब मैं तुमको 'संयोग' एवं 'विसंयोग' नामक धर्मों की व्याख्या बताऊँगा, उसे तुम सुनो!...पूर्ववत्...।

भिक्षुओ! इनमें 'संयोग' धर्म कौन सा है? और 'विसंयोग' धर्म कौन सा?

**संयोग :** २. भिक्षुओ! स्त्री १. आध्यात्मिक स्त्रीन्द्रिय में, २. स्त्री के आचरण का, ३. स्त्री की चाल-ढाल का, ४. स्त्री के तौर-तरीकों का, ५. स्त्री के सोच-विचार का, ६. स्त्री के ऐश्वर्य का तथा ७. स्त्री के अलङ्कारों का ध्यान करती है। उसका वहाँ राग हो जाता है, वह वहाँ रस लेती है। वह

पुरिसस्सरं पुरिसालङ्कारं। सो तत्थ रज्जति तत्राभिरमति। सा तत्थ रत्ता तत्राभिरता बहिद्धा संयोगं आकङ्खति। यं चस्सा संयोगपच्चया उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं तं च आकङ्खति। इत्थत्ते, भिक्खवे, अभिरता सत्ता पुरिसेसु संयोगं गता। एवं खो, भिक्खवे, इत्थी इत्थत्तं नातिवत्तति।

३. ''पुरिसो, भिक्खवे, अज्झत्तं पुरिसिन्द्रियं मनसि करोति पुरिसकुत्तं पुरिसाकप्पं पुरिसविधं पुरिसच्छन्दं पुरिसस्सरं पुरिसालङ्कारं। सो तत्थ रज्जति तत्राभिरमति। सो तत्थ रत्तो तत्राभिरतो बहिद्धा इत्थिन्द्रियं मनसि करोति इत्थिकुत्तं इत्थाकप्पं इत्थिविधं इत्थिच्छन्दं इत्थिस्सरं इत्थालङ्कारं। सो तत्थ रज्जति तत्राभिरमति। सो तत्थ रत्तो तत्राभिरतो बहिद्धा संयोगं आकङ्खति। यं चस्स संयोगपच्चया उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं तं च आकङ्खति। [N.197,B.441,R.58] पुरिसत्ते, भिक्खवे, अभिरता सत्ता इत्थीसु संयोगं गता। एवं खो, भिक्खवे, पुरिसो पुरिसत्तं नातिवत्तति। एवं खो, भिक्खवे, संयोगो होति।

४. ''कथं च, भिक्खवे, विसंयोगो होति? इत्थी, भिक्खवे, अज्झत्तं इत्थिस्सरं इत्थालङ्कारं। सा तत्थ न रज्जति, सा तत्र नाभिरमति। सा तत्थ अरत्ता तत्र अनभिरता बहिद्धा पुरिसिन्द्रियं न मनसि करोति पुरिसकुत्तं पुरिसाकप्पं पुरिसविधं पुरिसच्छन्दं पुरिसस्सरं पुरिसालङ्कारं। सा तत्थ न रज्जति, तत्र नाभिरमति। सा तत्थ अरत्ता तत्र अनभिरता बहिद्धा

---

वहाँ रस लेती हुई, अनुरक्त होती हुई बाह्य पुरुषेन्द्रिय का, पुरुष के आचरण का, पुरुष की चाल-ढाल का, पुरुष के तौर-तरीकों का, पुरुष के सोच-विचार का, पुरुष के ऐश्वर्य का तथा पुरुष के अलङ्कारों का मन में ध्यान करती है। वह वहाँ अनुरक्त होती हुई रस का अनुभव करती है। वह वहाँ अनुरक्त एवं रसानुभव करती हुई उससे बाह्य संयोग चाहती है। और उसके उस संयोग के कारण जो सुख सौमनस्य उत्पन्न होता है उसे चाहती है। भिक्षुओ! स्त्रीत्व में अभिरत प्राणी पुरुषों के साथ संयोग प्राप्त करते हैं। इस प्रकार, भिक्षुओ! स्त्री स्त्रीत्व का अतिक्रमण नहीं कर पाती।

३. भिक्षुओ! पुरुष भी आध्यात्मिक पुरुषेन्द्रिय में, पुरुष के आचरण का, पुरुष की चाल-ढाल का, पुरुष के तौर-तरीकों का, पुरुष के सोच-विचार का, पुरुष के ऐश्वर्य का, पुरुष के अलङ्कार प्रसाधन का मन में ध्यान करता है। उसका वहाँ राग हो जाता है, वह वहाँ रस लेता है। वह वहाँ अनुरक्त होता हुआ, बाह्य स्त्रीन्द्रिय का मन में ध्यान करता है, स्त्री के आचरण का स्त्री की चाल-ढाल का ...पूर्ववत्... स्त्री के अलङ्कारों का मन में ध्यान करता है। वह वहाँ रस लेता है, अनुरक्त होता है। यों वह वहाँ रस लेता हुआ अनुरक्त होता हुआ उससे बाह्य संयोग की आकांक्षा करता है तथा उस संयोग से जो सुख एवं सौमनस्य उत्पन्न होता है उसकी आकांक्षा करता है। भिक्षुओ! पुरुषत्व में अभिरत प्राणी स्त्रियों के साथ संयोग प्राप्त करता है। इस तरह पुरुष पुरुषत्व को कभी अतिक्रान्त नहीं कर पाता। भिक्षुओ! यह 'संयोग' कहलाता है। (क)

**विसंयोग :** ४. ''भिक्षुओ! 'विसंयोग' क्या होता है? स्त्री आध्यात्मिक स्त्री-इन्द्रिय में स्त्री के आचरण का, स्त्री की चाल ढाल का ...पूर्ववत्... स्त्री के अलङ्कारों का मानसिक ध्यान नहीं करती। वह वहाँ अनुरक्त नहीं होती न उसमें कोई रुचि ही लेती है, वह वहाँ अनुरक्त न होती हुई,

संयोगं नाकङ्खति। यं चस्सा संयोगपच्चया उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं तं च नाकङ्खति। इत्थत्ते, भिक्खवे, अनभिरता सत्ता पुरिसेसु विसंयोगं गता। एवं खो, भिक्खवे, इत्थी इत्थत्तं अतिवत्तति।

५. "पुरिसो, भिक्खवे, अज्झत्तं पुरिसिन्द्रियं न मनसि करोति पुरिसकुत्तं पुरिसाकप्पं पुरिसविधं पुरिसच्छन्दं पुरिसस्सरं पुरिसालङ्कारं। सो तत्थ न रज्जति, सो तत्र नाभिरमति। सो तत्थ अरत्तो तत्र अनभिरतो बहिद्धा इत्थिन्द्रियं न मनसि करोति इत्थिकुत्तं इत्थाकप्पं इत्थिविधं इत्थिच्छन्दं इत्थिस्सरं इत्थालङ्कारं। सो तत्थ रज्जति, तत्र नाभिरमति। सो तत्थ अरत्तो तत्र अनभिरतो बहिद्धा संयोगं नाकङ्खति। यं चस्स संयोगपच्चया उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं तं च नाकङ्खति। पुरिसत्ते, भिक्खवे, अनभिरता सत्ता इत्थीसु विसंयोगं गता। एवं खो, भिक्खवे, पुरिसो पुरिसत्तं अतिवत्तति। एवं खो, भिक्खवे, विसंयोगो होति। [R.59] अयं खो, भिक्खवे, संयोगो विसंयोगो धम्मपरियायो" ति॥ ●

**९. दानमहप्फलसुत्तं** : १. एकं समयं भगवा चम्पायं विहरति गग्गराय पोक्खरणिया तीरे। अथ खो सम्बहुला चम्पेय्यका उपासका येन आयस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं सारिपुत्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो चम्पेय्यका उपासका आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोचुं—[N.198,B.442] "चिरस्सुता नो, भन्ते, भगवतो सम्मुखा धम्मीकथा। साधु मयं, भन्ते, लभेय्याम भगवतो सम्मुखा धम्मिं कथं सवनाया" ति।

---

रुचि न लेती हुई बाह्य पुरुषेन्द्रिय का... पुरुषालङ्कारों का मन में ध्यान नहीं करती... न उससे बाह्य संयोग की आकांक्षा ही करती है। तथा उस संयोग के कारण प्राप्त होने वाले सुख सौमनस्य की भी आकांक्षा नहीं करती। भिक्षुओ! इस प्रकार स्त्रीत्व में अनुत्सुक प्राणी पुरुषों से विसंयुक्त (पृथक्) ही रहता है, अत: वैसी स्त्री स्त्रीत्व का अतिक्रमण करने में समर्थ है।

५. "भिक्षुओ! कोई पुरुष भी आध्यात्मिक पुरुषेन्द्रिय में ...पूर्ववत्... *(ऊपर के अनुबन्ध की तरह ही विस्तार कर लें।)* इस प्रकार, भिक्षुओ! पुरुषत्व में अनुत्सुक प्राणी स्त्रियों से विसंयुक्त (पृथक्) ही रहते हैं, अत: वैसा पुरुष पुरुषत्व का अतिक्रमण कर सकता है। इस प्रकार, भिक्षुओ! यह 'विसंयोग' कहलाता है। (ख)

यह, भिक्षुओ! 'संयोग' एवं 'विसंयोग' धर्मों की व्याख्या है। ●

**९. दानमहाफलसूत्र** : :

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) चम्पा नगरी की गग्गरा पुष्करिणी के तट पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय कभी चम्पावासी अनेक उपासक, जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र साधना कर रहे थे वहाँ, आये। आकर आयुष्मान् सारिपुत्र को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे हुए उन चम्पावासी उपासकों ने आयुष्मान् सारिपुत्र से यह निवेदन किया—"भन्ते! हम लोगों ने भगवान् के श्रीमुख से, बहुत समय हुआ, धार्मिक कथा नहीं सुनी, क्या ही अच्छा हो, अब हमको उनके श्रीमुख से कुछ धार्मिक सुनने को मिल जाय।"

"तेनहावुसो, तदहुपोसथे आगच्छेय्याथ, अप्पेव नाम लभेय्याथ भगवतो सम्मुखा धम्मिं कथं सवनाया" ति। "एवं, भन्ते" ति खो चम्पेय्यका उपासका आयस्मतो सारिपुत्तस्स पटिस्सुत्वा उट्ठायासना आयस्मन्तं सारिपुत्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कमिंसु।

२. अथ खो चम्पेय्यका उपासका तदहुपोसथे येनायस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं सारिपुत्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो तेहि चम्पेय्यकेहि उपासकेहि सद्धिं येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—

[R.60] ३. "सिया नु खो, भन्ते, इधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं न महप्फलं होति न महानिसंसं; सिया पन, भन्ते, इधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं महप्फलं होति महानिसंसं" ति?

"सिया, सारिपुत्त, इधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं न महप्फलं होति न महानिसंसं; सिया पुन, सारिपुत्त, इधेकच्चस्स तदिसंयेव दानं दिन्नं न महप्फलं होति महानिसंसं" ति।

४. "को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन मिधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं न महप्फलं होति न महानिसंसं; को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन मिधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं महप्फलं होति महानिसंसं" ति?

"इध, सारिपुत्त, एकच्चो सापेखो दानं देति, पतिबद्धचित्तो दानं देति, सन्निधिपेखो

---

"आयुष्मानो! हम लोग आगे आने वाले उपोसथ के दिन भगवान् के श्रीमुख से धार्मिक कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त कर सकेंगे। तब तुम आओ। तुम को भी यह सौभाग्य मिल जायगा!" यह सुनकर "अच्छा, भन्ते!" कहते हुए वे चम्पावासी उपासक अपने आसन से उठकर आयुष्मान् सारिपुत्र को प्रणाम-प्रदक्षिणा कर अपने अपने घरों को लौट गये।

२. तब वे चम्पावासी उपासक उपोसथ के दिन पुनः आयुष्मान सारिपुत्र के पास आये।... आयुष्मान् सारिपुत्र उन उपासकों को साथ लेकर भगवान् के सम्मुख पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् सारिपुत्र ने भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—

३. "भन्ते! ऐसा क्यों होता है कि दो पुरुषों द्वारा एक ही प्रकार का दान दिये जाने पर भी उनमें से एक पुरुष का दान महान् फलदायक एवं शुभ परिणाम वाला होता है, जबकि दूसरे पुरुष द्वारा दिया गया वही दान उतना अच्छा फलदायक एवं शुभ परिणाम वाला नहीं होता?"

"हाँ, सारिपुत्र! ऐसा होता है कि दो पुरुषों द्वारा एक ही ...पूर्ववत्... शुभ परिणामवाला नहीं होता।"

४. "भन्ते! ऐसा होने में क्या कारण है कि दो पुरुषों द्वारा एक ही ...पूर्ववत्... शुभ परिणाम वाला नहीं होता?"

दानं देति, 'इमं पेच्च परिभुञ्जिस्सामी' ति दानं देति। सो तं दानं समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्धविलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। तं किं मञ्ञसि, सारिपुत्त, ददेय्य इधेकच्चो एवरूपं दानं'' ति?

''एवं, भन्ते''।

५. ''तत्र, सारिपुत्त, य्वायं सापेखो दानं देति, पतिबद्धचित्तो दानं देति, [N.199] सन्निधिपेखो दानं देति, 'इमं पेच्च परिभुञ्जिस्सामी' ति दानं देति। सो तं दानं दत्वा [B.443] कायस्स भेदा परं मरणा चातुमहाराजिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। सो तं कम्मं [R.61] खेपेत्वा तं इद्धिं तं यसं तं आधिपच्चं आगामी होति आगन्ता इत्थत्तं।

६. ''इध पन, सारिपुत्त, एकच्चो न हेव खो सापेखो दानं देति, न पतिबद्धचित्तो दानं देति, न सन्निधिपेखो दानं देति, न 'इमं पेच्च परिभुञ्जिस्सामी' ति दानं देति; अपि च खो 'साहु दानं' ति दानं देति ...पे०... । न पि 'साहु दानं' ति दानं देति; अपि च खो 'दिन्नपुब्बं कतपुब्बं पितुपितामहेहि न अरहामि पोराणं कुलवंसं हापेतुं' ति दानं देति ...पे०... । न पि 'दिन्नपुब्बं कतपुब्बं पितुपितामहेहि न अरहामि पोराणं कुलवंसं हापेतुं' ति दानं देति; अपि च खो 'अहं पचामि, इमे न पचन्ति, नारहामि पचन्तो अपचन्तानं दानं अदातुं' ति दानं देति ...पे०... । न पि 'अहं पचामि, इमे न पचन्ति, नारहामि पचन्तो अपचन्तानं दानं अदातुं' ति

---

''यहाँ, सारिपुत्र! कोई पुरुष किसी अपेक्षा (आशा) से दान करता है, या किसी बात की पूर्ति मन में रखकर दान करता है, या फिर कुछ मिलने की बात सोचकर दान करता है, या फिर 'मरने के बाद इसके फल का उपभोग करूँगा'—यह सङ्कल्प कर दान करने की बात सोचता है तब वह किसी श्रमण या ब्राह्मण को अन्न, पान, वस्त्र, यान, माला गन्ध विलेपन, शय्या या प्रकाशयुक्त घर का दान करता है। तो क्या मानते हो, सारिपुत्र! किसी के द्वारा ऐसा दान दिया जाता है ना?''

''हाँ, भन्ते!''

५. ''वहाँ, सारिपुत्र! जो किसी अपेक्षा (आशा) से दान करता है ...पूर्ववत्... । वैसा दान कर वह चातुर्महाराजिक देवताओं के साथ उत्पन्न होता है। तब वहाँ कुछ कालक्षेप के बाद (उस कर्मफल के रूप में), यहाँ इस लोक में जन्म लेने पर उतनी सी ऋद्धि, उतना सा यश या उतना सा आधिपत्य (ऐश्वर्य) प्राप्त कर लेता है। (१)

६. ''पुनः, सारिपुत्र! यहाँ कोई दाता न किसी अपेक्षा से दान करता है ...पूर्ववत्... अपितु वह 'दान करना अच्छा होता है'—यह सोच कर दान करता है ...पूर्ववत्... । (२)

''... कोई दाता 'दान करना अच्छा होता है'—यह सोचकर भी दान नहीं करता, ...अपितु वह 'यह हमारे पिता, पितामह आदि द्वारा चलाया हुआ प्राचीन कुलक्रम है, इसे तोड़ना उचित नहीं है'—यह सोचकर दान करता है ...पूर्ववत्... । (३)

''...कोई दाता 'यह हमारे पिता-पितामह द्वारा चलाया हुआ पुराना कुलक्रम है, इसे तोड़ना उचित नहीं'—यह सोचकर भी दान नहीं करता... अपितु वह 'मैं कमा रहा हूँ, ये नहीं कमा रहे; न कमाने वाले को दान करना उचित है'—यह सोचकर दान करता है ...पूर्ववत्... । (४)

दानं देति; अपि च खो 'यथा तेसं पुब्बकानं इसीनं तानि महायञ्ञानि अहेसुं, सेय्यथीदं—अट्ठकस्स वामकस्स वामदेवस्स वेस्सामित्तस्स यमदग्गिनो अङ्गीरसस्स भारद्वाजस्स वासेट्ठस्स कस्सपस्स भगुनो, एवं मे अयं दानसंविभागो भविस्सती' ति दानं देति ...पे०... । न पि 'यथा तेसं पुब्बकानं इसीनं तानि महायञ्ञानि अहेसुं, सेय्यथीदं—अट्ठकस्स वामकस्स वामदेवस्स वेस्सामित्तस्स यमदग्गिनो अङ्गीरसस्स भारद्वाजस्स वासेट्ठस्स कस्सपस्स भगुनो, [R.62] एवं मे अयं दानसंविभागो भविस्सती' ति दानं देति; अपि च खो 'इमं मे दानं ददतो चित्तं पसीदति, अत्तमनता सोमनस्सं उपजायती' ति दानं देति ...पे०... । न पि 'इमं मे दानं ददतो चित्तं पसीदति, अत्तमनता सोमनस्सं उपजायती' ति दानं देति; अपि च खो चित्तालङ्कारचित्तपरिक्खारं दानं देति। सो तं दानं देति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्धविलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। तं किं मञ्ञसि, सारिपुत्त, ददेय्य इधेकच्चो एवरूपं दानं'' ति? ''एवं, भन्ते''।

[N.200] ७. ''तत्र, सारिपुत्त, य्वायं न हेव सापेखो दानं देति; न पतिबद्धचित्तो दानं देति; न सन्निधिपेखो दानं देति; न 'इमं पेच्च परिभुञ्जिस्सामी' ति दानं देति; न पि 'साहु दानं' ति [B.444] दानं देति; न पि 'दिन्नपुब्बं कतपुब्बं पितुपितामहेहि न अरहामि पोराणं कुलवंसं हापेतुं' ति दानं देति; न पि 'अहं पचामि, इमे न पचन्ति, नारहामि पचन्तो अपचन्तानं दानं अदातुं' ति दानं देति; न पि 'यथा तेसं पुब्बकानं इसीनं तानि महायञ्ञानि अहेसुं, सेय्यथीदं—अट्ठकस्स वामकस्स वामदेवस्स वेस्सामित्तस्स यमदग्गिनो अङ्गीरसस्स भारद्वाजस्स वासेट्ठस्स कस्सपस्स भगुनो, एवं मे अयं दानसंविभागो भविस्सती' ति दानं

---

''... कोई दाता 'मैं कमा रहा हूँ, ये नहीं कमा रहे; न कमानेवाले को दान करना उचित होता है',—यह सोचकर भी दान नहीं करता ...पूर्ववत्... अपितु वह 'जैसे हमारे पूर्वज ऋषि हुए थे—अष्टक, वामक, वामदेव, विश्वामित्र, यमदग्नि, अङ्गिरा, भारद्वाज, वसिष्ठ, कश्यप एवं भृगु—इन ऋषियों ने जो बड़े बड़े यज्ञ किये थे उनको जैसे उन यज्ञों का विशेष फल मिला था, वैसा ही इस दान का फल मुझको भी मिलेगा'—यह सोचकर दान करता है ...पूर्ववत्... । (५)

''...कोई दाता 'हमारे पूर्वज... इस दान का फल मुझको भी मिलेगा'—यह सोचकर भी दान नहीं करता... अपितु वह 'यह दान करने से मेरा चित्त प्रसन्न होगा, उसे सुख सौमनस्य होगा'—यह सोचकर दान करता है ...पूर्ववत्... । (६)

''... कोई दाता 'यह दान करने से मेरा चित्त प्रसन्न होगा, उसे सुख सौमनस्य होगा'—यह सोचकर दान नहीं करता... अपितु वह अपने चित्तालङ्कार एवं चित्तपरिष्कार के लिये दान करता है। वह यह किसी श्रमण ब्राह्मण को अन्न, पान, वस्त्र, यान, माला गन्धविलेपन, शय्या, तथा प्रकाशयुक्त घर-आदि का दान करता है। तो क्या मानते हो, सारिपुत्र, कोई दाता ऐसा दान करता है ना?'' (७) ''ऐसा ही है, भन्ते!''

७. ''वहाँ, सारिपुत्र! जो न किसी अपेक्षा से दान करता है, न उसमें आसक्त होकर दान करता है ...पूर्ववत्... न 'इस दान के करने से मेरा चित्त प्रसन्न होगा तथा सुख सौमनस्य प्राप्त

देति; न पि 'इमं मे दानं ददतो चित्तं पसीदति, अत्तमनता सोमनस्सं उपजायती' ति दानं देति; अपि च खो चित्तालङ्कारचित्तपरिक्खारं दानं देति। सो तं दानं दत्वा कायस्स भेदा परं [R.63] मरणा ब्रह्मकायिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। सो तं कम्मं खेपेत्वा तं इद्धिं तं यसं तं आधिपच्चं अनागामी होति अनागन्ता इत्थत्तं। अयं खो, सारिपुत्त, हेतु अयं पच्चयो येन मिधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं न महप्फलं होति न महानिसंसं। अयं पन, सारिपुत्त, हेतु अयं पच्चयो येन मिधेकच्चस्स तादिसंयेव दानं दिन्नं महप्फलं होति महानिसंसं'' ति॥ ●

**१०. नन्दमातासुत्तं** : १. एवं मे सुतं। एकं समयं आयस्मा च सारिपुत्तो आयस्मा च महामोग्गल्लानो दक्खिणागिरिस्मिं चारिकं चरन्ति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं। तेन खो पन समयेन वेळुकण्डकी नन्दमाता उपासिका रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय **पारायनं** सरेन भासति।

२. तेन खो पन समयेन वेस्सवणो महाराजा उत्तराय दिसाय दक्खिणं दिसं गच्छति केनचिदेव करणीयेन। अस्सोसि खो वेस्सवणो महाराजा नन्दमाताय उपासिकाय पारायनं सरेन भासन्तिया, सुत्वा कथापरियोसानं आगमयमानो अट्ठासि।

३. अथ खो नन्दमाता उपासिका पारायनं सरेन भासित्वा तुण्ही अहोसि। अथ खो वेस्सवणो महाराजा नन्दमाताय उपासिकाय कथापरियोसानं विदित्वा अब्भनुमोदि—''साधु भगिनि, साधु भगिनी'' ति! [N.201]

---

करेगा'—यह सोचकर दान करता है; अपितु वह चित्तालङ्कार एवं चित्तपरिष्कार हेतु दान करता है। वह यह दान कर, देहपात के बाद मरणानन्तर, ब्रह्मकायिक देवों के साथ मैत्रीभाव से उत्पन्न होता है। वह वहाँ कुछ समय व्यतीत कर इस मनुष्य लोक में किये दान के अनुरूप ऋद्धि, यश, ऐश्वर्य आदि प्राप्त करने के लिये नहीं आता, अपितु वहीं अनागामी हो जाता है। सारिपुत्र! यह हेतु या यह प्रत्यय है कि किसी का किया हुआ दान वैसा फलदायक तथा वैसा शुभ परिणाम देनेवाला होता है॥'' ●

**१०. नन्दमातासूत्र : : सात अद्भुत धर्म**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र एवं आयुष्मान् महामौद्गल्यायन विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ दक्षिणागिरि में चारिका कर रहे थे। उस समय वेणुकण्टकी नन्दमाता उपासिका रात्रि के अन्तिम प्रहार (ब्राह्म मुहूर्त) में निद्रा त्याग कर **सुत्तनिपात** के **पारायणवर्ग** का सस्वर (सङ्गीतमय) पाठ कर रही थी।

२. उस समय वैश्रवण महाराज उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा की ओर किसी कार्यविशेष से जा रहे थे। वैश्रवण महाराज ने नन्दमाता उपासिका द्वारा **सुत्तनिपात** के **पारायणवर्ग** का यह सस्वर पाठ किये जाते हुए सुना। सुन कर पाठसमाप्ति तक प्रतीक्षा करता हुआ वह वहीं ठहर गया।

३. अन्त में, नन्दमाता उपासिका पाठ समाप्त कर चुप हो गयी। तब वैश्रवण महाराज ने नन्दमाता उपासिका द्वारा पाठ की समाप्ति जान कर उसको यह साधुवाद (अभ्यनुमोदन) दिया—''बहुत अच्छा गाया, बहन! बहुत अच्छा!''

"को पनेसो, भद्रमुखा" ति ?

"अहं ते, भगिनि, भाता वेस्सवणो महाराजा" ति।

[B.445] "साधु, भद्रमुख, तेन हि यो मे अयं धम्मपरियायो भणितो इदं ते होतु आतिथेय्यं" ति।

"साधु, भगिनि, एतं चेव मे होतु आतिथेय्यं। स्वेव सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखो [R.64] भिक्खुसङ्घो अकतपातरासो वेळुकण्डकं आगमिस्सति, तं च भिक्खुसङ्घं परिविसित्वा मम दक्खिणं आदिसेय्यासि। एतं चेव मे भविस्सति आतिथेय्यं" ति।

४. अथ खो नन्दमाता उपासिका तस्सा रत्तिया अच्चयेन सके निवेसने पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेसि। अथ खो सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखो भिक्खुसङ्घो अकतपातरासो येन वेळुकण्डको तदवसरि। अथ खो नन्दमाता उपासिका अञ्ञतरं पुरिसं आमन्तेसि—"एहि त्वं, अम्भो पुरिस, आरामं गन्त्वा भिक्खुसङ्घस्स कालं आरोचेहि—'कालो, भन्ते, अय्याय नन्दमातुया निवेसने निट्ठितं भत्तं''' ति। "एवं, अय्ये" ति खो सो पुरिसो नन्दमाताय उपासिकाय पटिस्सुत्वा आरामं गन्त्वा भिक्खुसङ्घस्स कालं आरोचेसि—"कालो, भन्ते, अय्याय नन्दमातुया निवेसने निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो सारिपुत्त-मोग्गल्लानप्पमुखो भिक्खुसङ्घो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन नन्दमाताय उपासिकाय निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो नन्दमाता उपासिका सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेसि सम्पवारेसि।

---

"परन्तु, भद्रमुख! आप कौन है ?"

"बहन! मैं आपका भाई वैश्रवण महाराज हूँ।"

"साधु, भद्रमुख! तो यह जो मैने धर्मपाठ किया है यही आप अपना आतिथ्यसत्कार मान लें!"

"बहन! ठीक है, मैं यही आतिथ्य सत्कार मान लेता हूँ। परन्तु कल सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन की प्रमुखता में विशाल भिक्षुसङ्घ प्रातःकालीन कलेवा (जलपान) किये विना ही इस वेणुकण्टक ग्राम में आयगा। आप मेरी ओर से उन को स्वयं अपने हाथों से परोस कर भोजन करा देना, यही मेरी दक्षिणा होगी। तथा यही मेरा आतिथ्य होगा।"

४. तब, उस रात्रि के बीत जाने पर, नन्दमाता उपासिका ने अपने घर पर बहुत रुचिकर एवं स्वादिष्ठ भोजन बनवाया। तभी आयुष्मान् सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन भी विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ, विना कुछ कलेवा आदि किये ही उस वेणुकण्टक ग्राम में आ पहुँचे। तब नन्दमाता उपासिका ने एक पुरुष को बुलाया और उससे कहा—"अरे भाई! तुम विहार में जाकर भिक्षुसङ्घ को भोजन के समय की सूचना दो और कहो—"भन्ते! आर्य नन्दमाता के घर भोजन तय्यार है।" उस पुरुष ने "ठीक है, आर्ये!" कह कर विहार में जाकर भिक्षुसङ्घ को आर्या नन्दमाता का सन्देश सुना दिया। तब सारिपुत्र, मौद्गल्यायन सहित वह समस्त भिक्षुसङ्घ, वस्त्र सुव्यवस्थित कर, पात्रचीवर लेकर

५. अथ खो नन्दमाता उपासिका आयस्मन्तं सारिपुत्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो नन्दमातरं उपासिकं आयस्मा सारिपुत्तो एतदवोच— "को पन ते, नन्दमाते, भिक्खुसङ्घस्स अब्भागमनं आरोचेसी" ति?

६. "इधाहं, भन्ते, रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय पारायनं सरेन भासित्वा तुण्ही अहोसिं। अथ खो, भन्ते, वेस्सवणो महाराजा मम कथापरियोसानं विदित्वा [R.65] अब्भनुमोदि—'साधु, भगिनि, साधु भगिनी' ति! 'को पनेसो, भद्रमुखा' ति? [N.202] 'अहं ते, भगिनि, भाता वेस्सवणो महाराजा' ति। 'साधु, भद्रमुख, तेन हि यो मे [B.446] अयं धम्मपरियायो भणितो इदं ते होतु आतिथेय्यं' ति। 'साधु, भगिनि, एतं चेव मे होतु आतिथेय्यं। स्वेव सारिपुत्तमोग्गल्लानप्पमुखो भिक्खुसङ्घो अकतपातरासो वेळुकण्डकं आगमिस्सति, तं च भिक्खुसङ्घं परिविसित्वा मम दक्खिणं आदिसेय्यासि। एतं चेव मे भविस्सति आतिथेय्यं' ति। यदिदं, भन्ते, दाने पुञ्ञं च पुञ्ञमही च तं वेस्सवणस्स महाराजस्स सुखाय होतू" ति।

७. "अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते! यत्र हि नाम वेस्सवणेन महाराजेन एवंमहिद्धिकेन एवंमहेसक्खेन देवपुत्तेन सम्मुखा सल्लपिस्ससी" ति।

८. "न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। इध मे, भन्ते, नन्दो नाम एकपुत्तको पियो मनापो। तं राजानो किस्मिञ्चिदेव पकरणे ओकस्स पसय्ह जीविता वोरोपेसुं। तस्मिं खो पनाहं, भन्ते, दारके गहिते वा गय्हमाने वा वधे वा वज्झमाने वा हते वा हञ्ञमाने वा नाभिजानामि चित्तस्स अञ्ञथत्तं" ति।

---

नन्दमाता उपासिका के घर पहुँचा और प्रज्ञप्त आसनों पर बैठ गया। तब उस नन्दमाता उपासिका ने अच्छा अच्छा रुचिकर भोजन अपने हाथों से परोसते हुए सारिपुत्र मौद्गल्यायन आदि समस्त भिक्षुसमूह को खिलाया।

५. तब नन्दमाता उपासिका, सारिपुत्र मौद्गल्यायन सहित समस्त भिक्षुसङ्घ को पात्र से हाथ हटाये हुए देख कर 'ये भोजन से तृप्त हो चुके'—ऐसा जान कर, एक ओर बैठ गयी। एक ओर बैठी हुई नन्दमाता उपासिका से आयुष्मान् सारिपुत्र ने यह पूछा—"नन्दमाते! तुम को इस भिक्षुसङ्घ के आगमन की पूर्व सूचना किसने दी?"

६. "भन्ते! मैं आज रात्रि के ब्राह्ममुहूर्त में निद्रात्याग कर पारायण का सस्वर पाठ समाप्त कर ही चुकी थी कि वैश्रवण महाराज ने ...पूर्ववत्... यही मेरा आतिथ्य होगा। अत:, भन्ते! इस भोजन दान से प्राप्त पुण्य और पुण्यफल वैश्रवण महाराज के लिये ही हो।"

७. "उपासिके! यह बहुत आश्चर्य की बात है कि आप का ऐसे ऋद्धिमान् एवं प्रतापी वैश्रवण महाराज जैसे देवता से संवाद होता है।" (१)

८. "भन्ते! मुझ में यही एक आश्चर्य धर्म नहीं है, अपितु मेरा एक नन्द नामक अतिप्रिय पुत्र था। उस को किसी प्रकरण में राजपुरुषों ने बहुत कष्ट दे कर बलात् मार दिया था। उस समय भन्ते!

"अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं नन्दमाते! यत्र हि नाम चित्तुप्पादं पि परिसोधेस्ससी" ति।

[R.66] ९. "न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। इध मे, भन्ते, सामिको कालङ्कतो अञ्ञतरं यक्खयोनिं उपपन्नो। सो मे तेनेव पुरिमेन अत्तभावेन उद्दस्सेसि। न खो पनाहं, भन्ते, अभिजानामि ततोनिदानं चित्तस्स अञ्ञथत्तं" ति।

"अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते! यत्र हि नाम चित्तुप्पादं पि परिसोधेस्ससी" ति।

[N.203] १०. "न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। यतोहं, भन्ते, सामिकस्स दहरस्सेव दहरा आनीता नाभिजानामि सामिकं मनसा पि अतिचरिता, कुतो पन कायेना" ति!

"अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते! यत्र हि नाम चित्तुप्पादं पि परिसोधेस्ससी" ति।

[B.447] ११. "न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। यदाहं, भन्ते, उपासिका पटिदेसिता नाभिजानामि किञ्चि सिक्खापदं सञ्चिच्च वीतिक्कमिता" ति।

"अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते" ति!

१२. "न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। इधाहं, भन्ते, यावदे आकङ्खामि विविच्चेव कामेहि विविच्च

---

पुत्र के पकड़े जाने पर, मारने के लिये ले जाते समय, या मारते समय उसको देखकर मेरे चित्त में कोई विकार उत्पन्न हुआ हो—ऐसा मैं नहीं जानती।"

"आश्चर्य है, नन्दमाता कि आपने अपने चित्त पर ऐसा विशेष निग्रह कर रखा है!" (२)

९. "भन्ते! मुझ में यही अद्भुत धर्म नहीं है, अपितु मेरा इस जन्म का स्वामी प्रेतयोनि में उत्पन्न हुआ है। वह अब जब कभी मेरे सामने आता है तो उसे देखकर मेरे चित्त में कोई काम विकार उत्पन्न नहीं होता।"

"आश्चर्य है, नन्दमाता! कि आप में ऐसी आश्चर्यमय चित्तशुद्धि भी है।" (३)

१०. "भन्ते! मुझ में यही आश्चर्यजनक धर्म नहीं है, अपितु मेरा जब से मेरे स्वामी के साथ विवाह हुआ था तब से किसी अन्य के प्रति मेरे चित्त में कोई कामविकार उत्पन्न नहीं हुआ।"

"आश्चर्य है, नन्दमाता! कि आप में ऐसा आश्चर्यजनक गुण है।" (४)

११. "भन्ते! मुझ में यही अद्भुतधर्म नहीं है, अपितु जब से मैं भगवान् की उपासिका बनी हूँ, तब से मैने उन से गृहीत किसी भी शिक्षापद का अपने संज्ञान में अतिक्रमण नहीं किया।"

"आश्चर्य है, नन्दमाता! कि आप में ऐसा आश्चर्यमय गुण है।" (५)

१२. "भन्ते! मुझ में यही आश्चर्यमय गुण नहीं है, अपितु मुझ में एक अन्य आश्चर्यमय गुण

अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं विवेकजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। पीतिया च विरागा उपेक्खिका च विहरामि सता च सम्पजाना सुखं च कायेन पटिसंवेदेमि, यं तं अरिया आचिक्खन्ति 'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना पुब्बेव सोमनस्सदोमनस्सानं अत्थङ्गमा [R.67] अदुक्खमसुखं उपेक्खासतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरामी'' ति।

''अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते'' ति!

१३. ''न खो मे, भन्ते, एसेव अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। अत्थि मे अञ्ञो पि अच्छरियो अब्भुतो धम्मो। यानिमानि, भन्ते, भगवता देसितानि पञ्चोरम्भागियानि संयोजनानि नाहं तेसं किञ्चि अत्तनि अप्पहीनं समनुपस्सामी'' ति।

''अच्छरियं, नन्दमाते, अब्भुतं, नन्दमाते'' ति!

[N.204] १४. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो नन्दमातरं उपासिकं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामी ति॥ **महायञ्ञवग्गो पञ्चमो॥** ●

**तस्सुद्दानं**

ठिति च परिक्खारं द्वे, अग्गी सञ्ञा च द्वे परा।
मेथुना संयोगो दानं, नन्दमातेन ते दसा ति॥ ●

**पठमो पण्णासको समत्तो॥**

---

भी है। भन्ते! मैं जितना चाहती हूँ उतना ही कामभोगों से दूर रह कर वितर्क विचार सहित प्रीतिसुखमय प्रथम ध्यान को प्राप्त कर साधना करती हूँ। ...पूर्ववत्...। सुख-दु:ख के प्रहाण से, सौमनस्य दौर्मनस्य के अस्त हो जाने से अदु:ख असुखमय उपेक्षास्मृति परिशुद्धियुक्त चतुर्थ ध्यान को प्राप्त कर साधना करती हूँ।''

''आश्चर्य है, नन्दमाता! कि आप में यह भी आश्चर्यमय गुणधर्म है।'' (६)

१३. ''भन्ते! न केवल मुझ में यही अद्भुत धर्म है, अपितु मुझ में एक अन्य आश्चर्यमय धर्म भी है। भन्ते! भगवान् ने जिन पाँच अवरभागीय संयोजनों के प्रहाण का उपदेश किया है उन में से कोई भी संयोजन मेरे चित्त से प्रहीण न हुआ हो—ऐसा मुझे ज्ञात नहीं।''

''आश्चर्य है, नन्दमाता! कि आप में ऐसा भी अद्भुत धर्म है।'' (७)

१४. तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने नन्दमाता उपासिका को धार्मिक कथा कह कर धर्मसाधना के प्रति सन्तुष्ट एवं समुत्तेजित तथा सम्प्रहृष्ट किया॥ **महायज्ञ वर्ग पञ्चम सम्पन्न॥** ●

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. सप्तविज्ञानस्थितिसूत्र, २. समाधिपरिष्कारसूत्र, ३. प्रथम अग्निसूत्र, ४. द्वितीय अग्निसूत्र, ५. प्रथम संज्ञासूत्र, ६. द्वितीय संज्ञासूत्र, ७. मैथुनसूत्र, ८. संयोगसूत्र, ९. दानमहाफलसूत्र, एवं १०. नन्दमातासूत्र॥ **प्रथम पञ्चाशत्क सम्पन्न॥** ●

## ६. अब्याकतवग्गो

### दुतियो पण्णासको

[B.448] **१. अब्याकतसुत्तं :** १. अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा तेनुपसङ्कमि; [R.68] उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''को नु खो, हेतु को पच्चयो येन सुतवतो अरियासावकस्स विचिकिच्छा नुप्पज्जति अब्याकतवत्थूसू'' ति?

२. ''दिट्ठिनिरोधो खो, भिक्खु, सुतवतो अरियसावकस्स विचिकिच्छा नुप्पज्जति अब्याकतवत्थूसु। 'होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, दिट्ठिगतमेतं; 'न होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, दिट्ठिगतमेतं; 'होति च न च होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, दिट्ठिगतमेतं; 'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, दिट्ठिगतमेतं। अस्सुतवा, भिक्खु, पुथुज्जनो दिट्ठिं नप्पजानाति, दिट्ठिसमुदयं नप्पजानाति, दिट्ठिनिरोधं, नप्पजानाति, दिट्ठिनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानाति। तस्स सा दिट्ठि पवड्ढति, सो न परिमुच्चति जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, न परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामि।

[N.205] ३. ''सुतवा च खो, भिक्खु, अरियसावको दिट्ठिं पजानाति, दिट्ठिसमुदयं पजानाति, दिट्ठिनिरोधं पजानाति, दिट्ठिरोधगामिनिं पटिपदं पजानाति। तस्स सा दिट्ठि

---

## ६. अव्याकृतवर्ग

### द्वितीय पञ्चाशत्क

**१. अव्याकृतसूत्र : : अव्याकृत वस्तुओं में असन्देह**

१. तब कोई भिक्षु भगवान् के सम्मुख आया, आ कर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठा हुआ वह भगवान् से यह बोला—''भन्ते! कौन हेतु या कौन प्रत्यय है, जिससे श्रुतवान् आर्यश्रावक को अव्याकृत वस्तुओं में विचिकित्सा (सन्देह) नहीं होती?''

२. ''दृष्टिनिरोध के कारण, भिक्षु! श्रुतवान् आर्यश्रावक को अव्याकृत वस्तुओं में विचिकित्सा उत्पन्न नहीं होती। 'तथागत मरणोत्तर भी रहते हैं'—यह बात, भिक्षु! दृष्टिगत (मिथ्यामत) है; 'तथागत मरणोत्तर नहीं रहते'—यह बात भी, भिक्षु! मिथ्या है; 'तथागत मरणोत्तर होते भी हैं, नहीं भी होते'—यह बात भी, भिक्षु! मिथ्या है; 'तथागत मरणोत्तर नहीं होते, न नहीं होते'—यह बात भी, भिक्षु! मिथ्या है। भिक्षु! अश्रुतवान् पृथग्जन मिथ्यादृष्टिसमुदय, मिथ्यादृष्टिनिरोध एवं मिथ्यादृष्टिनिरोधगामी मार्ग को नहीं जानता। अतः उसकी वह मिथ्यादृष्टि बढ़ती रहती है; इस कारण, वह जन्म जरा मरण शोक परिदेव दुःख दौर्मनस्य से छुटकारा नहीं पाता। संक्षेप में, वह दुःख से मुक्त नहीं होता—ऐसा मेरा मानना है।''

३. ''भिक्षु! श्रुतवान् आर्यश्रावक दृष्टि, दृष्टिसमुदय, दृष्टिनिरोध एवं दृष्टिनिरोधगामी मार्ग को जानता है; अतः उसकी वह दृष्टि निरुद्ध हो जाती है, इस कारण वह जन्म जरा... दुःख दौर्मनस्य से

निरुज्झति, सो परिमुच्चति जातिया जराय मरणेन सोकेहिं परिदेवहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामि। एवं जानं खो, भिक्खु, सुतवा अरियसावको एवं पस्सं 'होति तथागतो परं मरणा' ति पि न ब्याकरोति; 'न होति तथागतो परं मरणा' ति पि न ब्याकरोति; 'होति च न च होति तथागतो परं मरणा' ति पि न व्याकरोति; 'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा' ति पि न ब्याकरोति। एवं जानं खो, भिक्खु, सुतवा अरियसावको एवं पस्सं एवं अब्याकरणधम्मो होति अब्याकतवत्थूसु। एवं जानं खो भिक्खु सुतवा अरियसावको एवं पस्सं न छम्भति, न कम्पति, न वेधति, न सन्तासं आपज्जति अब्याकतवत्थूसु।

४. '''होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, तण्हागतमेतं ...पे०... [B.449] सञ्ञागतमेतं ...पे०... मञ्ञितमेतं ...पे०... पपञ्चितमेतं ...पे०... उपादानगतमेतं [R.69] ...पे०...। 'होति तथागतो परं मरणा' ति खो भिक्खु विप्पटिसारो एसो; 'न होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, विप्पटिसारो एसो; 'होति च न च होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, विप्पटिसारो एसो; 'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा' ति खो, भिक्खु, विप्पटिसारो एसो। अस्सुतवा, भिक्खु, पुथुज्जनो विप्पटिसारं नप्पजानाति, विप्पटिसारसमुदयं नप्पजानाति, विप्पटिसारनिरोधं नप्पजानाति, विप्पटिसारनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानाति। तस्स सो विप्पटिसारो पवड्ढति, सो न परिमुच्चति जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, न परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामि।

५. ''सुतवा च खो, भिक्खु, अरियसावको विप्पटिसारं पजानाति, विप्पटिसार-

---

मुक्त हो पा जाता है। संक्षेप में, 'वह दुःख से मुक्त हो जाता है'—ऐसा मैं मानता हूँ। ऐसा जानता हुआ, ऐसा देखता हुआ वह श्रुतवान् आर्यश्रावक 'तथागत मरणानन्तर भी होते हैं'—ऐसा व्याख्यान नहीं करता; 'तथागत मरणानन्तर नहीं होते'—ऐसा व्याख्यान भी नहीं करता; 'तथागत मरणानन्तर होते भी हैं, नहीं भी होते'—ऐसा व्याख्यान भी नहीं करता; और न 'तथागत नहीं होते, न नहीं होते'—यही व्याख्यान करता है। ऐसा जानता हुआ, ऐसा देखता हुआ वह श्रुतवान् आर्यश्रावक इन अव्याकृत वस्तुओं के व्याख्यान में न स्तब्ध होता है, न काँपता है, न विंधता है, न सन्त्रासयुक्त ही होता है।''

४. ''भिक्षु! 'तथागत मरणानन्तर होते हैं'—यह बात तृष्णा के कारण... संज्ञा के कारण... मान्यता के कारण... प्रपञ्च के कारण... उपादान के कारण मन में उत्पन्न होती है। 'तथागत मरणानन्तर भी रहते हैं'—यह बात, भिक्षु! विप्रतिसार (खेद) मात्र है, 'तथागत मरणानन्तर नहीं होते', 'तथागत मरणानन्तर होते भी नहीं भी होते', और 'तथागत मरणानन्तर नहीं होते, न नहीं होते'—ये मत भी साधक के विप्रतिसारमात्र हैं। अश्रुतवान् पृथग्जन, भिक्षु! विप्रतिसार को, विप्रतिसारसमुदय को, विप्रतिसारनिरोध को, विप्रतिसारनिरोधगामी मार्ग को नहीं जानता। अतः उसका वह विप्रतिसार बढ़ता जाता है, इस कारण वह जाति जरा मरण... दुःख दौर्मनस्य से छुटकारा नहीं पाता। संक्षेप में 'वह दुःख से मुक्त नहीं होता'—ऐसा मैं मानता हूँ।''

समुदयं पजानाति, विप्पटिसारनिरोधं पजानाति, विप्पटिसारनिरोधगामिनिं पटिपदं पजानाति। तस्स सो विप्पटिसारो निरुज्झति, सो परिमुच्चति जातिया ...पे०... दुक्खस्मा ति वदामि। एवं जानं खो, भिक्खु, सुतवा अरियसावको एवं पस्सं 'होति तथागतो परं मरणा' ति पि न [N.206] ब्याकरोति ...पे०... 'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा' ति पि न ब्याकरोति। एवं जानं खो, भिक्खु, सुतवा अरियसावको एवं पस्सं एवं अब्याकरणधम्मो होति अब्याकतवत्थूसु। एवं जानं खो, भिक्खु, सुतवा अरियसावको एवं पस्सं न छम्भति, न कम्पति, [R.70] न वेधति, न सन्तासं आपज्जति अब्याकतवत्थूसु। अयं खो, भिक्खु, हेतु अयं पच्चयो येन सुतवतो अरियसावकस्स विचिकिच्छा नुप्पज्जति अब्याकतवत्थूसू'' ति॥ ●

**२. पुरिसगतिसुत्तं :** १. ''सत्त च, भिक्खवे, पुरिसगतियो देसेस्सामि अनुपादा च परिनिब्बानं। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—''कतमा च, भिक्खु, सत्त पुरिसगतियो? [B.450] २. ''इध, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—'नो चस्स नो च मे सिया, न भविस्सति न मे भविस्सति, यदत्थि यं भूतं तं पजहामी' ति उपेक्खं पटिलभति। सो भवे न रज्जति, सम्भवे न रज्जति, अत्थुत्तरि पदं सन्तं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। तं च ख्वस्स पदं न सब्बेन सब्बं सच्छिकतं होति, तस्स न सब्बेन सब्बं मानानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं

---

५. श्रुतवान् आयश्रावक, भिक्षु! विप्रतिसार को, विप्रतिसारसमुदय को, विप्रतिसारनिरोध को, विप्रतिसारनिरोधगामिनी प्रतिपदा को जानता है। अतः उसका वह विप्रतिसार निरुद्ध हो जाता है; इस कारण, वह जाति जरा मरण... 'दुःख से मुक्त हो जाता है'—ऐसा मैं मानता हूँ। ऐसा जानता हुआ, ऐसा देखता हुआ वह श्रुतवान् आर्यश्रावक 'तथागत मरणानन्तर होते हैं'— ...पूर्ववत्... इन मतों का व्याख्यान नहीं करता। भिक्षु! ऐसा जानता हुआ, ऐसा देखता हुआ वह आर्यश्रावक अव्याकृत वस्तुओं के व्याख्यान में कोई रुचि नहीं रखता। ऐसा जानता हुआ, ऐसा देखता हुआ वह श्रुतवान् आर्यश्रावक इन अव्याकृत वस्तुओं के व्याख्यान में न स्तब्ध होता है, न काँपता है; न विंधता है, न सन्त्रासयुक्त ही होता है।

''भिक्षुओ! यह कारण है, यह प्रत्यय है, जिससे श्रुतवान् आर्यश्रावक की अव्याकृत वस्तुओं में विचिकित्सा नहीं होती।'' ●

**२. पुरुषगतिसूत्र : : सात पुरुषगति**

१. ''भिक्षुओ! मैं तुम को सात पुरुष-गतियों तथा निर्वाण के विषय में बताऊँगा। उस को सुनो तथा अपने मन में भली भाँति बैठा लो। मैं बताता हूँ।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कह कर भिक्षुओं ने भगवान् का आदेश शिरोधार्य किया। भगवान् ने यह देशना की—''भिक्षुओ! सात पुरुषगतियाँ कौन सी होती हैं?

२. ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई साधक भिक्षु ऐसा जान लेता है—'न था, न होने की सम्भावना है, न होगा; और जो इस समय है, जो हो चुका, उस को मैं छोड़ रहा हूँ।' तब वह (सांसारिक व्यवहार के प्रति) उपेक्षावृत्ति धारण कर लेता है। उस समय वह भव में, उत्पन्न में राग नहीं रखता;

भवरागानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं अविज्जानुसयो पहीनो होति। सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—'नो चस्स नो च मे सिया, न भविस्सति न मे भविस्सति, यदत्थि यं भूतं तं पजहामी' ति उपेक्खं पटिलभति। सो भवे न रज्जति, सम्भवे न रज्जति, अत्थुत्तरिं पदं सन्तं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। तं च ख्वस्स पदं न सब्बेन [R.71] सब्बं सच्छिकतं होति, तस्स न सब्बेन सब्बं मानानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं भवरागानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं अविज्जानुसयो पहीनो होति। सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति।

३. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—'नो चस्स नो च मे [N.207] सिया, न भविस्सति न मे भविस्सति, यदत्थि यं भूतं तं पजहामी' ति उपेक्खं पटिलभति। सो भवे न रज्जति, सम्भवे न रज्जति, अत्थुत्तरिं पदं सन्तं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। तं च ख्वस्स पदं न सब्बेन सब्बं सच्छिकतं होति, तस्स न सब्बेन सब्बं मानानुसयो पहीनो होति, सब्बेन सब्बं भवरागानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं अविज्जानुसयो पहीनो होति। सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति।

४. ''इध पन भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया

---

अपितु इससे ऊपर जो शान्त निर्वाण पद है उसको जानकर उसके साक्षात्कार में लग जाता है। परन्तु जब तक उसको उस शान्त पद का सर्वथा सब तरह से साक्षात्कार नहीं होता, तब तक न उसका मानानुशय सर्वथा प्रहीण होता है, और न भवरागानुशय, न अविद्यानुशय ही सर्वथा प्रहीण हो पाता है। वह उस समय पाँच अवरभागीय संयोजन क्षीण हो जाने से निर्वाण के मध्यमार्ग में (अन्तरा परिनिर्वायी) ही रहता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपेय हुए किसी लौहकपाल पर चोट मारने पर उससे पपड़ियाँ (चिनगारियाँ) छूटने लगती हैं उसी प्रकार, भिक्षुओ! जब साधक भिक्षु यह जान लेता है—'न था, न होने की सम्भावना है, न होगा, और जो इस समय है, सत्ता में है उसको मैं छोड़ रहा हूँ', तब वह सांसारिक व्यवहार के प्रति उपेक्षावृत्ति धारण कर लेता है। उस समय वह न भव में, न सम्भव में राग रखता है, अपितु इस से ऊपर जो शान्त निर्वाण पद है उसको जानकर उसके साक्षात्कार में लग जाता है ...पूर्ववत्... निर्वाण के मध्यमार्ग में (अन्तरा परिनिर्वायी) ही रहता है।'' (१)

३. ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु ऐसा जान लेता है—'न मुझमें था, न होने की सम्भावना है, ...पूर्ववत्... संयोजनों के क्षीण होने से अन्तरापरिनिर्वायी ही रहता है। जैसे, भिक्षुओ! दिनभर धूप में तपे हुए किसी लोहकपाल पर चोट मारे जाने पर उससे पपड़ियाँ छूट कर, कुछ दूर उछलकर जाने

[B.451] ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा अनुपहच्च तलं निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति— [R.72] नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया अन्तरापरिनिब्बायी होति।

५. "इध पन भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया उपहच्चपरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा उपहच्च तलं निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया उपहच्चपरिनिब्बायी होति।

६. "इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया असङ्खारपरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा परित्ते तिणपुञ्जे वा कट्ठपुञ्जे वा निपतेय्य। सा तत्थ अग्गिं पि जनेय्य, धूमं पि जनेय्य, अग्गिं [N.208] पि जनेत्वा धूमं पि जनेत्वा तमेव परित्तं तिणपुञ्जं वा कट्ठपुञ्जं वा परियादियित्वा

---

पर वहाँ शान्त हो जाती हैं; उसी प्रकार, भिक्षुओ! वह भिक्षु यह जान लेता है ...पूर्ववत्... **अन्तरापरिनिर्वायी** ही रहता है।''' (२)

४. "यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु ऐसा जान लेता है—'न मुझमें था, न होने की सम्भावना है ...पूर्ववत्... संयोजनों के क्षीण होने से अन्तरापरिनिर्वायी ही रहता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपे हुए किसी लौहकपाल पर चोट मारे जाने पर उससे पपड़ियाँ छूट कर कुछ दूर उछलकर जाने पर कोई हानि पहुँचाये विना ही वहाँ शान्त हो जाती हैं; उसी प्रकार भिक्षुओ! वह भिक्षु यह जान लेता है ...पूर्ववत्... अन्तरापरिनिर्वायी ही रहता है।''' (३)

५. "यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु ऐसा जान लेता है—'न मुझमें था, न होने की सम्भावना है ...पूर्ववत्... संयोजनों के क्षीण होने से उपहत्य परिनिर्वायी हो जाता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपे हुए किसी लौहकपाल पर हथौड़े की चोट मारने पर, उससे पपड़ियाँ छूटकर उछलकर कुछ दूर जाकर साधारण हानि पहुँचाती हुई वहीं भूमि पर गिर जायँ; इसी प्रकार, भिक्षुओ! भिक्षु ...पूर्ववत्... **उपहत्य परिनिर्वायी** हो जाता है।''' (४)

६. "यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु जब ऐसा जान लेता है—'न था, न मुझमें होने की सम्भावना है ...पूर्ववत्... पाँचों अवरभागीय संयोजनों के क्षीण होने जाने से वह असंस्कारपरिनिर्वायी हो जाता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपे हुए किसी लौहकपाल पर चोट मारने से उसकी पपड़ियाँ छूट कर, उछल कर किसी छोटी सी तृणराशि या काष्ठराशि पर जा गिरे। वे वहाँ उस तृणराशि या काष्ठराशि को जला दें, धूआँ उठा दे, जलाकर तथा धूआँ उठाकर उस अल्प तृणराशि

अनाहारा निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया असङ्खारपरिनिब्बायी होति।

७. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे [R.73] सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया ससङ्खारपरिनिब्बायी होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा विपुले तिणपुञ्जे वा कट्ठपुञ्जे वा निपतेय्य। सा तत्थ अग्गिं पि जनेय्य, धूमं पि जनेय्य, अग्गिं पि जनेत्वा धूमं पि जनेत्वा तमेव विपुलं तिणपुञ्जं वा कट्ठपुञ्जं वा परियादियित्वा अनाहारा निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स [B.452] नो च मे सिया ...पे०... सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया ससङ्खार-परिनिब्बायी होति।

८. ''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—'नो चस्स नो च मे सिया, न भविस्सति, न मे भविस्सति, यदत्थि यं भूतं तं पजहामी' ति उपेक्खं पटिलभति। सो भवे न रज्जति, सम्भवे न रज्जति, अत्थुत्तरि पदं सन्तं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। तं च ख्वस्स पदं न सब्बेन सब्बं सच्छिकतं होति, तस्स न सब्बेन सब्बं मानानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं भवरागानुसयो पहीनो होति, न सब्बेन सब्बं अविज्जानुसयो पहीनो होति। सो पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया उद्धंसोतो होति अकनिट्ठगामी। सेय्यथापि, भिक्खवे,

---

या काष्ठराशि को जलाकर आगे अन्य इन्धन (आहार) न मिलने से वहीं बुझ जाती हैं; इसी प्रकार, भिक्षुओ! भिक्षु जब इस प्रकार जान लेता है— ...पूर्ववत्... वह **असंस्कारपरिनिर्वायी** हो जाता है।'' (५)

७. ''यहाँ, भिक्षुओ! जब कोई साधक भिक्षु यह जान लेता है—'न था, न मुझमें होने की सम्भावना है... पूर्ववत्... पाँचों अवरभागीय संयोजनों के क्षीण हो जाने से वह ससंस्कारपरिनिर्वायी हो जाता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपे हुए किसी लौहकपाल पर चोट मारने से उसकी पपड़ियाँ छूट कर, उछल कर किसी विशाल तृण राशि या काष्ठपुञ्ज पर जा गिरे। वह वहाँ अग्नि लगा दे, धूआँ उठा दे, इस तरह वह उस तृणराशि में अग्नि लगा कर, उसे जलाकर, आगे आहार (इन्धन) न मिलने से वहीं बुझ जाय। इसी प्रकार, भिक्षुओ! वह भिक्षु ...पूर्ववत्... **ससंस्कार परिनिर्वायी** हो जाता है।''' (६)

८. ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई साधक भिक्षु जब यह जान लेता है—'न था, न मुझमें होने की सम्भावना है, न होगा, मुझमें जो इस समय है, सत्ता में है, उसको छोड़ रहा हूँ।' तब वह (सांसारिक व्यवहार के प्रति) उपेक्षा धारण कर लेता है। उस समय वह न भव में, न सम्भव में राग रखता है, अपितु इससे आगे जो शान्त निर्वाण पद है उसके साक्षात्कार में लग जाता है। परन्तु वह पद उसको जब तक सर्वथा सब प्रकार से साक्षात् नहीं होता, तब तक उसके मानानुशय, भवरागानुशय तथा अविद्याशय सर्वथा सब प्रकार से क्षीण नहीं होते। तब वह पाँचों अवरभागीय संयोजनों के क्षीण

दिवसंसन्तत्ते अयोकपाले हञ्ञमाने पपटिका निब्बत्तित्वा उप्पतित्वा महन्ते तिणपुञ्जे वा [R.74] कट्ठपुञ्जे वा निपतेय्य। सा तत्थ अग्गिं पि जनेय्य, धूमं पि जनेय्य, अग्गिं पि जनेत्वा धूमं पि जनेत्वा तिणपुञ्जं वा कट्ठपुञ्जं वा परियादियित्वा गच्छं पि दहेय्य, दायं पि दहेय्य, गच्छं पि दहित्वा दायं पि दहित्वा हरितन्तं वा पथन्तं वा सेलन्तं वा उदकन्तं वा रमणीयं वा भूमिभागं आगम्म अनाहारा निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—नो चस्स नो च मे सिया ...पे०... पञ्चन्नं ओरम्भागियानं संयोजनानं परिक्खया उद्धंसोतो होति अकनिट्ठगामी। इमा खो, भिक्खवे, सत्त पुरिसगतियो।

[N.209] ९. "कतमं च, भिक्खवे, अनुपादापरिनिब्बानं? इध, भिक्खवे, भिक्खु एवं पटिपन्नो होति—'नो चस्स नो च मे सिया, न भविस्सति न मे भविस्सति, यदत्थि यं भूतं तं पजहामी' ति उपेक्खं पटिलभति। सो भवे न रज्जति, सम्भवे न रज्जति, अत्थुत्तरि पदं सन्तं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। तं च ख्वस्स पदं सब्बेन सब्बं सच्छिकतं होति, तस्स सब्बेन सब्बं मानानुसयो पहीनो होति, सब्बेन सब्बं भवरागानुसयो पहीनो होति, सब्बेन सब्बं अविज्जानुसयो पहीनो होति। सो आसवानं खया ...पे०... सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। इदं वुच्चति, भिक्खवे, अनुपादापरिनिब्बानं। इमा खो, भिक्खवे, सत्त पुरिसगतियो अनुपादा च परिनिब्बानं" ति। ●

---

हो जाने से ऊर्ध्वस्रोत अकनिष्ठगामी हो जाता है। जैसे, भिक्षुओ! दिन भर धूप में तपे हुए किसी लौहकपाल पर (हथौड़े से) चोट मारने पर उसकी पपड़ियाँ छूटकर, दूर स्थित किसी विशाल तृणराशि या काष्ठपुञ्ज पर जा गिरें। वहाँ वे अग्नि एवं धूआँ पैदा कर दें; ऐसा कर वे उस तृणपुञ्ज या काष्ठपुञ्ज को जला कर अन्य किसी छोटे पौधे को भी, वन को भी जला दे। उनको जला कर किसी हरित प्रदेश में, पृथ्वी (समतल), पर्वत या जल प्रदेश के किसी रमणीय भूभाग में पहुँचकर आगे अन्य आहार (इन्धन) न मिलने पर, स्वयं ही बुझ जाय। इसी प्रकार, भिक्षुओ! जो साधक भिक्षु यह जान लेता है ...पूर्ववत्... वह पाँचों अवरभागीय संयोजनों के क्षीण हो जाने से **ऊर्ध्वस्रोत अकनिष्ठगामी** हो जाता है। (७)

"इस प्रकार, भिक्षुओ! पुरुष की ये **सात गतियाँ** होती हैं॥

९. "पुनः भिक्षुओ! यह 'अनुपादा (अनासक्त) परिनिर्वाण' क्या होता है? यहाँ भिक्षुओ! कोई भिक्षु यह जान लेता है—'न था, न मुझमें होने की सम्भावना है ...पूर्ववत्... तब वह संसार के प्रति क्रमशः उपेक्षा भाव प्रदर्शित करने लगता है। न उसका भव में राग रहता है, न सम्भव (उत्पत्ति) में। परन्तु वह इससे ऊपर जो शान्त पद है उसको यथार्थतः जानकर उसका साक्षात्कार करने लगता है। उसको उस पद का क्रमशः सर्वथा सर्व प्रकार से साक्षात्कार होने लगता है और साथ ही उसके मानानुशय, भवरागानुशय एवं अविद्यानुशय भी सर्वथा क्षीण हो जाते हैं। वह इस प्रकार, आश्रवों के क्षीण होने से ...पूर्ववत्... साक्षात्कार कर, प्राप्त कर साधना में लगा रहता है। इसे कहते हैं, भिक्षुओ! **अनुपादा परिनिर्वाण**।

"इस प्रकार, भिक्षुओ! पुरुष की ये सात गतियाँ एवं 'अनुपादा परिनिर्वाण' होते हैं॥" ●

**३. तिस्सब्रह्मासुत्तं** : १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति [B.453] गिज्झकूटे पब्बते। अथ खो द्वे देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं गिज्झकूटं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। एकमन्तं ठिता खो एका देवता भगवन्तं एतदवोच—''एता, भन्ते, [R.75] भिक्खुनियो विमुत्ता'' ति। अपरा देवता भगवन्तं एतदवोच—''एता, भन्ते, भिक्खुनियो अनुपादिसेसा सुविमुत्ता'' ति। इदमवोचुं ता देवता। समनुञ्ञो सत्था अहोसि। अथ खो ता देवता ''समनुञ्ञो सत्था'' ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायिंसु।

२. अथ खो भगवा तस्सा रत्तिया अच्चयेन भिक्खू आमन्तेसि—''इमं, भिक्खवे, रत्तिं द्वे देवता अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णा केवलकप्पं गिज्झकूटं ओभासेत्वा येनाहं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। एकमन्तं ठिता खो, भिक्खवे, एका देवता मं एतदवोच—'एता, भन्ते, भिक्खुनियो विमुत्ता' ति। अपरा देवता मं एतदवोच—'एता, भन्ते, भिक्खुनियो अनुपादिसेसा सुविमुत्ता' ति। इदमवोचुं, भिक्खवे, ता देवता। इदं वत्वा मं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायिंसू'' ति।

३. तेन खो पन समयेन आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवतो अविदूरे [N.210] निसिन्नो होति। अथ खो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स एतदहोसि—''कतमेसानं खो देवानं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो''' ति? तेन खो पन समयेन तिस्सो नाम भिक्खु अधुनाकालङ्कतो अञ्ञतरं ब्रह्मलोकं उपपन्नो होति। तत्रा पि नं एवं जानन्ति—''तिस्सो ब्रह्मा महिद्धिको महानुभावो'' ति।

---

**३. तिष्यब्रह्मासूत्र : : निर्वाण के ज्ञाता सप्तविध पुद्गल।**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृह में गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। तब एक चाँदनी रात्रि में तेजस्वी वर्णवाले दो देवता प्राय: प्रकाशमय गृध्रकूट को विशेषरूप से प्रकाशित करते हुए भगवान् के सम्मुख आये। वे आकर, भगवान् को प्रणाम कर एक ओर खड़े हो गये। एक ओर खड़े हुए उन देवताओं में से एक ने भगवान् से यह निवेदन किया—''ये भिक्षुणियाँ विमुक्त हो चुकी हैं।'' पुन: दूसरे ने कहा—''ये भिक्षुणियाँ अशेष उपधि के निरोध वाली मुक्ति (निर्वाण) प्राप्त कर चुकी है।'' उन देवताओं ने यह कहा। शास्ता ने भी उन देवताओं की बात का अनुमोदन किया। तब वे देवता भी ''भगवान् ने भी हमारे कथन का अनुमोदन कर दिया''—यह समझकर, भगवान् को प्रणाम-प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्हित हो गये।

२. तब भगवान् ने, उस रात्रि के व्यतीत होने पर, भिक्षुओं को बुलाकर उनको बताया—''भिक्षुओ! विगत रात्रि में दो तेजस्वी देवता ...पूर्ववत्... वहीं अन्तर्हित हो गये।''

३. उस समय आयुष्मान् महामौद्गल्यायन भगवान् के समीप ही बैठे थे। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को यह विचार हुआ—''किन देवताओं को यह ज्ञान होता है—सोपधिशेष (जिसमें रूप, वेदना, संज्ञा आदि स्कन्धों का ज्ञान अवशिष्ट हो) में सोपधिशेष, तथा अनुपधिशेष (जिसमें रूप, वेदना, संज्ञा आदि स्कन्धों का ज्ञान अवशिष्ट न हो) में अनुपधिशेष होता है?'' उस

४. अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—गिज्झकूटे पब्बते [B.454] अन्तरहितो तस्मिं ब्रह्मलोके पातुरहोसि। अद्दसा खो तिस्सो ब्रह्मा आयस्मन्तं [R.76] महामोग्गल्लानं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—"एहि खो, मारिस मोग्गल्लान; स्वागतं, मारिस मोग्गल्लान! चिरस्सं खो, मारिस मोग्गल्लान, इमं परियायमकासि, यदिदं इधागमनाय। निसीद, मारिस मोग्गल्लान, इदमासनं पञ्ञत्तं" ति। निसीदि खो आयस्मा महामोग्गल्लानो पञ्ञत्ते आसने। तिस्सो पि खो ब्रह्मा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो तिस्सं ब्रह्मानं आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—"कतमेसानं खो, तिस्स, देवानं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो'" ति?

"ब्रह्मकायिकानं खो, मारिस मोग्गल्लान, देवानं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो'" ति।

५. "सब्बेसञ्ञेव खो, तिस्स, ब्रह्मकायिकानं देवानं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो'" ति?

"न खो, मारिस मोग्गल्लान, सब्बेसं ब्रह्मकायिकानं देवानं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' ति।

६. "ये खो ते, मारिस मोग्गल्लान, ब्रह्मकायिका देवा ब्रह्मेन आयुना सन्तुट्ठा ब्रह्मेन [N.211] सुखेन ब्रह्मेन यसेन ब्रह्मेन आधिपतेय्येन सन्तुट्ठा, ते उत्तरि निस्सरणं यथाभूतं

---

समय तिष्य नामक भिक्षु अभी अब मरणभाव को प्राप्त कर ब्रह्मलोक में उत्पन्न हुए थे। वहाँ के रहने वाले अन्य प्राणी भी उनको महान् ऋद्धि एवं प्रताप से युक्त 'तिष्य ब्रह्मा' नाम से ही जानते थे।

४. तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन, जैसे कोई बलवान् पुरुष ...पूर्ववत्..., गृध्रकूट पर्वत पर अन्तर्हित होकर ब्रह्मलोक में प्रकट हुए। तब तिष्य ब्रह्मा ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को आते हुए दूर से ही देख लिया। देखकर वह तिष्य ब्रह्मा यह बोला—"आइये, मार्ष मौद्गल्यायन! आपका स्वागत है, मार्ष मौद्गल्यायन। बहुत समय बाद आपने इधर पधारने का अवसर निकाला। विराजिये, मार्ष मौद्गल्यायन! यह आसन बिछा हुआ है। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन प्रज्ञप्त आसन पर विराजे। वह तिष्य ब्रह्मा भी आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को अभिवादन कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे तिष्य ब्रह्मा को आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने यह पूछा—"किन देवताओं को सोपधिशेष में सोपधिशेष का तथा निरुपधिशेष में निरुपधिशेष का ज्ञान होता है?"

"ब्रह्मकायिक देवताओं को, मार्ष मौद्गल्यायन! ऐसा ज्ञान होता है—...पूर्ववत्...।"

५. "क्या तिष्य सभी ब्रह्मकायिक देवों को यह ज्ञान होता है—...पूर्ववत्... ?"

"नहीं, मार्ष मौद्गल्यायन! सभी ब्रह्मकायिक देवों को ऐसा ज्ञान नहीं होता है—...पूर्ववत्...।

६. "मार्ष मौद्गल्यायन! जो ब्रह्मकायिक देव ब्राह्म आयु से, ब्राह्म वर्ण से, ब्राह्म सुख से, ब्राह्म यश से, ब्राह्म ऐश्वर्य से सन्तुष्ट हैं, वे उससे ऊपर निस्सरण मार्ग नहीं जानते; अतः उनको वैसा ज्ञान

नप्पजानन्ति। तेसं न एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' ति। ये च खो ते, मारिस मोग्गल्लान, ब्रह्मकायिका देवा ब्रह्मेन आयुना असन्तुट्ठा, ब्रह्मेन वण्णेन ब्रह्मेन सुखेन ब्रह्मेन यसेन ब्रह्मेन आधिपतेय्येन असन्तुट्ठा ते [R.77] च उत्तरि निस्सरणं यथाभूतं पजानन्ति। तेसं एवं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुरादिसेसो' ति।

७. ''इध, मारिस मोग्गल्लान, भिक्खु उभतोभागविमुत्तो होति। तमेनं ते देवा एवं जानन्ति—'अयं खो आयस्मा उभतोभागविमुत्तो। यावस्स कायो ठस्सति ताव नं दक्खन्ति देवमनुस्सा। कायस्स भेदा न नं दक्खन्ति देवमनुस्सा' ति। एवं पि खो, मारिस [B.455] मोग्गल्लान, तेसं देवानं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' ति।

८. ''इध पन, मारिस मोग्गल्लान, भिक्खु पञ्ञाविमुत्तो होति। तमेनं ते देवा एवं जानन्ति—'अयं खो आयस्मा पञ्ञाविमुत्तो। यावस्स कायो ठस्सति ताव नं दक्खन्ति देवमनुस्सा। कायस्स भेदा न नं दक्खन्ति देवमनुस्सा' ति। एवं पि खो, मारिस मोग्गल्लान, तेसं देवानं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' ति।

९. ''इध पन, मारिस मोग्गल्लान, भिक्खु कायसक्खि होति। तमेनं देवा एवं जानन्ति—'अयं खो आयस्मा कायसक्खि। अप्पेव नाम अयमायस्मा अनुलोमिकानि सेनासनानि पटिसेवमानो कल्याणमित्ते भजमानो इन्द्रियानि समन्नानयमानो—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव

---

नहीं होता—...पूर्ववत्...। हाँ, मार्ष मौद्गल्यायन! जो ब्रह्मकायिक देव ब्राह्म आयु, वर्ण, सुख, यश एवं ऐश्वर्य से सन्तुष्ट नहीं हैं, वे उससे ऊपर निःसरण का मार्ग जानते हैं, उनको यह ज्ञान होता है—...पूर्ववत्...।

७. ''यहाँ, मार्ष मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु उभयभागविमुक्त (नामकाय एवं रूपकाय—दोनों भागों से विमुक्त) होता है, उसके विषय में वे देवता ऐसा जानते हैं—'यह आयुष्मान् **उभयतोभागविमुक्त** है। जब तक इसकी काया रहेगी तभी तक देवता या मनुष्य इसको देख पायेंगे। देहपात के बाद इसको न देवता देख पायेंगे न मनुष्य। इस प्रकार भी उन देवताओं को यह ज्ञान होता है—...पूर्ववत्...। (१)

८. ''पुनः, मार्ष मौद्गल्यायन! यहाँ कोई भिक्षु **प्रज्ञाविमुक्त** (प्रज्ञा द्वारा विमुक्ति प्राप्त) होता है। ...पूर्ववत्...। (२)

९. ''पुनः मार्ष मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु **कायसाक्षी** (शरीर से सत्य का साक्षात्कर्ता) होता है। उसके विषय में देवता यह जानते हैं—'यह आयुष्मान् कायसाक्षी है। हो सकता है यह आयुष्मान् अनुलोम शयनासन आदि का उपभोग करता हुआ, कल्याणमित्रों का सङ्ग करता हुआ, इन्द्रियों पर संयम रखता हुआ—जिसके लिये कुलपुत्र घर छोड़कर अनागारिक प्रव्रज्या ग्रहण करते हैं—उस

धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्या' ति। एवं पि खो, मारिस मोग्गल्लान, तेसं देवानं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' ति।

१०. "इध पन, मारिस मोग्गल्लान, भिक्खु दिट्ठिप्पत्तो होति ...पे०... सद्धाविमुत्तो होति ...पे०... धम्मानुसारी होति। तमेनं ते देवा एवं जानन्ति—'अयं खो [N.212,R.78] आयस्मा धम्मानुसारी। अप्पेव नाम अयमायस्मा अनुलोमिकानि सेनासनानि पटिसेवमानो कल्याणमित्ते भजमानो इन्द्रियानि समन्नानयमानो—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्या' ति। एवं पि खो, मारिस मोग्गल्लान, तेसं देवानं ञाणं होति—'सउपादिसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो''' ति।

११. अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो तिस्सस्स ब्रह्मुनो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—ब्रह्मलोके अन्तरहितो गिज्झकूटे पब्बते पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा [B.456] एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा महामोग्गल्लानो यावतको अहोसि तिस्सेन ब्रह्मुना सद्धिं कथासल्लापो तं सब्बं भगवतो अरोचेसि।

१२. "न हि पन ते, मोग्गल्लान, तिस्सो ब्रह्मा सत्तमं अनिमित्तविहारिं पुग्गलं देसेति"।

"एतस्स, भगवा, कोलो; एतस्स, सुगत, कालो! यं भगवा सत्तमं अनिमित्तविहारिं पुग्गलं देसेय्य। भगवतो सुत्वा भिक्खू धारेस्सन्ती" ति।

---

अनुपम धर्मसाधना की अनित्य अवस्था को स्वयं जानकर, साक्षात् कर प्राप्त कर साधना करे'। ऐसे भी, मार्ष मौद्गल्यायन! उन देवताओं को यह ज्ञान होता है—...पूर्ववत्...। (३)

१०. "पुनः यहाँ, मार्ष मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु **दृष्टिप्राप्त** (सम्यग्दृष्टिसम्पन्न) होता है...पूर्ववत्...। (४)

"पुनः यहाँ, मार्ष मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु **श्रद्धाविमुक्त** होता है...पूर्ववत्...। (५)

"पुनः यहाँ, मार्ष मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु **धर्मानुसारी** होता है। उसके विषय में देवता यह जानते हैं—यह आयुष्मान् धर्मानुसारी साधक है। हो सकता है, यह ...पूर्ववत्... सोपधिशेष में सोपधिशेष एवं अनुपधिशेष में अनुपधिशेष जानते हैं।" (६)

११. तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन उस तिष्य ब्रह्मा के इस व्याख्यान का अभिनन्दन एवं अनुमोदन कर ...पूर्ववत्... गृध्रकूट पर्वत पर प्रकट हुए। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ...पूर्ववत्... आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने तिष्य ब्रह्मा के साथ हुआ अपना संवाद भगवान् को सुनाया।

१२. (भगवान् बोले—) "परन्तु, मौद्गल्यायन! उस तिष्य ब्रह्मा ने तुमको सप्तम **अनिमित्तविहारी** पुद्गल के विषय में तो कुछ नहीं बताया।"

"तेन हि, मोग्गल्लान, सुणाहि, साधुकं मनसि करोहि; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

१३. "इध, मोग्गल्लान, भिक्खु सब्बनिमित्तानं अमनसिकारा अनिमित्तं चेतोसमाधिं उपसम्पज्ज विहरति। तमेनं ते देवा एवं जानन्ति—'अयं खो आयस्मा सब्बनिमित्तानं अमनसिकारा अनिमित्तं चेतोसमाधिं उपसम्पज्ज विहरति। अप्पेव नाम अयमायस्मा अनुलोमिकानि सेनासनानि पटिसेवमानो कल्याणमित्ते भजमानो इन्द्रियानि समन्नानयमानो—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज [N.213, R.79] विहरेय्या' ति। एवं खो, मोग्गल्लान, तेसं देवानं ञाणं होति—'सउपादिसेसे वा सउपादिसेसो ति, अनुपादिसेसे वा अनुपादिसेसो' " ति॥ ●

**४. सीहसेनापतिसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागारसालायं। अथ खो सीहो सेनापति येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सीहो सेनापति भगवन्तं एतदवोच—"सक्का नु खो, भन्ते, सन्दिट्ठिकं दानफलं पञ्ञापेतुं" ति?

२. "तेन हि, सीह, तञ्ञेवेत्थ पटिपुच्छिस्सामि, यथा ते खमेय्य तथा नं व्याकरेय्यासि। तं किं मञ्ञसि, सीह, इध द्वे पुरिसा—एको पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी

---

"भगवन्! यही सुअवसर है, इसी का, सुगत! उचित समय है कि भगवान् अनिमित्तविहारी पुद्गल के विषय में देशना करें। भिक्षु उसे आपसे सुनकर अपने मन में बैठा लेंगे।"

"तो, मौद्गल्यायन! सुनो, ठीक से मन में बैठा लो। मैं बताता हूँ।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर आयुष्मान् मौद्गल्यायन ने उत्तर दिया। भगवान् बोले—

१३. "यहाँ, मौद्गल्यायन! कोई भिक्षु सभी निमित्तों (कारणों) को मन से दूर हटाकर अनिमित्तक चित्तसमाधि को प्राप्त कर साधना करता है। उसके विषय में देवता यों जानते हैं—'यह आयुष्मान् सभी निमित्तों को मन से दूर हटाकर अनिमित्तक चित्तसमाधि प्राप्त कर साधना कर रहा है। हो सकता है, यह अनुलोम (अनुकूल) शयनासनादि का उपभोग करता हुआ ...पूर्ववत्... प्राप्त कर साधना करे।' इस प्रकार, मोग्गल्लान! वे देवता सोपाधिशेष में सोपधिशेष को तथा निरुपधिशेष में निरुपधिशेष को जानते हैं॥" (७) ●

**४. सिंहसेनापतिसूत्र : : सप्तविध दान**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) वैशाली के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे। तब सिंह सेनापति, जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गया। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे सिंह सेनापति से भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—"भन्ते! क्या ऐहलौकिक (सान्दृष्टिक) दान का फल प्रज्ञप्त किया जा सकता है?"

२. "तो, सिंह! मैं तुमसे ही पूछता हूँ, तुमको जो उचित लगे वैसा उत्तर दो। क्या मानते हो,

[B.457] कदरियो परिभासको, एको पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो। तं किं मञ्ञसि, सीह, कं नु खो अरहन्तो पठमं अनुकम्पन्ता अनुकम्पेय्युं—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' '' ति ?

''यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं तं अरहन्तो पठमं अनुकम्पन्ता अनुकम्पिस्सन्ति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो तंयेव अरहन्तो पठमं अनुकम्पन्ता अनुकम्पेय्युं''।

३. ''तं किं मञ्ञसि, सीह, कं नु खो अरहन्तो पठमं उपसङ्कमन्ता उपसङ्कमेय्युं—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति [R.80] अनुप्पदानरती' '' ति ?

''यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं तं अरहन्तो पठमं उपसङ्कमन्ता उपसङ्कमिस्सन्ति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो तंयेव अरहन्तो पठमं उपसङ्कमन्ता उपसङ्कमेय्युं''।

४. ''तं किं मञ्ञसि, सीह, कुस्स नु खो अरहन्तो पठमं पटिग्गण्हन्ता पटिग्गण्हेय्युं—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' '' ति ?

[N.214] ''यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं तं तस्स

---

सिंह! यहाँ दो पुरुष हों। उनमें एक पुरुष रत्नत्रय के प्रति अश्रद्धालु, अभिमानी, कंजूस (लोभी) तथा परनिन्दक हो; तथा दूसरा पुरुष श्रद्धापूर्वक दान करने में उत्साही एवं सतत दानशील हो। तो यहाँ क्या मानते हो, सिंह! अर्हत् जन कृपा करते हुए इन दोनों में से किस पर पहले कृपा करेंगे—क्या उस पर जो अश्रद्धा, अभिमान आदि दुर्गुणों से युक्त है, या जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानशील है ?''

''भन्ते! अर्हत् जन अनुकम्पा करते हुए उस पर क्या पहले अनुकम्पा करेंगे जो अश्रद्धा, अभिमान आदि दुर्गुणों से पूर्ण हो! वे तो अनुकम्पा करते हुए उसी पर पहले अनुकम्पा करेंगे जो पुरुष श्रद्धापूर्वक दानक्रियाओं में उत्साही एवं सतत दानशील है। (१)

३. ''तो क्या मानते हो, सिंह! वे अर्हत् जन किसी के पास जाते हुए पहले किसके पास जायेंगे? जो अश्रद्धालु अभिमानी आदि है या जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानशील है ?''

''भन्ते! जो पुरुष अश्रद्धालु, अभिमानी आदि है, अर्हत् जन अनुकम्पा करके पहले उसके पास क्या जायेंगे! वे तो पहले उसी के पास जायेंगे जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही तथा सतत दानशील हैं।'' (२)

४. ''तो क्या मानते हो, सिंह! वे अर्हत्जन अनुकम्पा करते हुए किससे पहले कुछ लेंगे? उससे जो अश्रद्धालु एवं अभिमानी आदि है या उससे जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानशील है ?''

अरहन्तो पठमं पटिग्गण्हन्ता पटिग्गण्हिस्सन्ति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो तस्सेव अरहन्तो पठमं पटिग्गण्हन्ता पटिग्गण्हेय्युं' ''।

'५. ''तं किं मञ्ञसि, सीह, कस्स नु खो अरहन्तो पठमं धम्मं देसेन्ता देसेय्युं—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' '' ति?

''यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं तं तस्स अरहन्तो पठमं धम्मं देसेन्ता देसेस्सन्ति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो तस्सेव अरहन्तो पठमं देसेन्ता देसेय्युं''।

६. ''तं किं मञ्ञसि, सीह, कस्स नु खो कल्याणो कित्तिसद्दो [B.458] अब्भुग्गच्छेय्य—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' '' ति?

''यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं तं तस्स कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छिस्सति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो तस्सेव कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छेय्य''।

७. ''तं किं मञ्ञसि, सीह, को नु खो यंयदेव परिसं उपसङ्कमेय्य, यदि खत्तियपरिसं यदि ब्राह्मणपरिसं यदि गहपतिपरिसं यदि समणपरिसं विसारदो उपसङ्कमेय्य अमङ्कुभूतो—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो [R.81] परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' '' ति?

---

''भन्ते! जो पुरुष अश्रद्धालु है, अभिमानी है... अर्हत् जन अनुकम्पा करते हुए पहले उससे क्या लेंगे? वे तो अनुकम्पा करते हुए श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही तथा सतत दानशील से ही कुछ लेना चाहेंगे।'' (३)

५. ''तो क्या मानते हो सिंह! वे अर्हत्जन धर्मदेशना की इच्छा कर अनुकम्पा करते हुए किसको पहले धर्मदेशना करेंगे? उसको जो अश्रद्धालु, अभिमानी है; अथवा उसको जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानक्रियाशील है?''

''भन्ते! वे कृपालु अर्हत् जन पहले उसको क्या धर्मदेशना करेंगे जो अश्रद्धालु एवं अभिमानी है! वे तो अनुकम्पा करते हुए पहले उसी को धर्मदेशना करेंगे जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानक्रियाशील है?'' (४)

६. ''तो क्या मानते हो, सिंह! लोक में किसका यश फैलेगा? जो अश्रद्धालु एवं अभिमानी आदि है उसका? या श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानशील का?

''भन्ते! लोक में उसका यश क्या फैलेगा जो अश्रद्धालु एवं अभिमानी है? लोकमें यश उसी का फैलता है जो श्रद्धापूर्वक, दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानक्रियाशील होता है।'' (५)

७. ''तो क्या मानते हो, सिंह! इनमें से कौन सा पुरुष जिस किसी परिषद् में जाय, भले ही वह क्षत्रियपरिषद् हो या ब्राह्मणपरिषद् हो, या फिर गृहपतिपरिषद् हो या श्रमणपरिषद् हो, अपना

"यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं सो यंयदेव परिसं उपसङ्कमिस्सति, यदि खत्तियपरिसं यदि ब्राह्मणपरिसं यदि गहपतिपरिसं यदि समणपरिसं विसारदो उपसङ्कमिस्सति अमङ्कुभूतो! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो सो यंयदेव परिसं उपसङ्कमेय्य, यदि खत्तियपरिसं यदि ब्राह्मणपरिसं [N.215] यदि गहपतिपरिसं यदि समणपरिसं विसारदो उपसङ्कमेय्य अमङ्कुभूतो"।

८. "तं किं मञ्ञसि, सीह, को नु खो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जेय्य—'यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, यो वा सो पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो' " ति?

"यो सो, भन्ते, पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको, किं सो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जिस्सति! यो च खो सो, भन्ते, पुरिसो सद्धो दानपति अनुप्पदानरतो सो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जेय्य।

९. "यानिमानि, भन्ते, भगवता सन्दिट्ठिकानि दानफलानि अक्खातानि, नाहं एत्थ भगवतो सद्धाय गच्छामि। अहं पि एतानि जानामि। अहं, भन्ते, दायको दानपति, मं अरहन्तो पठमं अनुकम्पन्ता अनुकम्पन्ति। अहं, भन्ते, दायको दानपति, मं अरहन्तो पठमं उपसङ्कमन्ता उपसङ्कमन्ति। अहं, भन्ते, दायको दानपति, मय्हं अरहन्तो पठमं पटिग्गण्हन्ता [B.459] पटिग्गण्हन्ति। अहं, भन्ते, दायको दानपति, मय्हं अरहन्तो पठमं धम्मं देसेन्ता देसेन्ति। अहं, भन्ते, दायको दानपति, मय्हं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—'सीहो

---

शिर ऊँचा उठाकर ही (निर्भीकतापूर्वक) जायगा? वह जो अश्रद्धालु, अभिमानी आदि है या वह जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही तथा सतत दानक्रियाशील है?"

"भन्ते! जो अश्रद्धालु है, अभिमानी है... वह इन उपर्युक्त परिषदों में क्या शिर ऊँचा करके जायेगा! यहाँ तो वही पुरुष शिर ऊँचा करके जायगा जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानक्रियाशील है।" (६)

८. "तो क्या मानते हो, सिंह! इन दोनों पुरुषों में से कौन सा पुरुष अपने देहपात के बाद, मरणानन्तर, सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होगा? वह जो रत्नत्रय के प्रति अश्रद्धालु, अभिमानी, कंजूस तथा परनिन्दक है या जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही तथा सतत दानक्रियाशील है?"

"भन्ते! जो पुरुष अश्रद्धालु, अभिमानी आदि है वह देहपात के बाद क्या सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होगा! ऐसे स्वर्गलोक में तो वही उत्पन्न होगा जो श्रद्धापूर्वक दानक्रिया में उत्साही एवं सतत दानक्रियाशील है। (७)

९. "भन्ते! ये जो आपने दानक्रिया के ऐहलौकिक फल बताये हैं, इनको सुनकर मेरी आपके प्रति कोई नयी श्रद्धा उत्पन्न नहीं हुई; क्योंकि आपकी कृपा से मैं भी इन को जानता हूँ। भन्ते! मैं भी ऐसा दानदाता हूँ, जिसपर अर्हत् जन अनुकम्पा करते हुए प्रथम अनुकम्पा करते हैं, पास आते हुए सर्वप्रथम मेरे पास ही आते हैं, किसी से ग्रहण करने की उनकी इच्छा होने पर सर्वप्रथम मुझसे ही ग्रहण करते हैं, धर्मदेशना के समय सर्वप्रथम मुझको ही धर्मदेशना करते हैं, मेरा ही कीर्तिशब्द लोक

सेनापति दायको कारको सङ्घुपट्ठाको' ति। अहं, भन्ते, दायको दानपति यंयदेव [R.82] परिसं उपसङ्कमामि, यदि खत्तियपरिसं ...पे०... यदि समणपरिसं विसारदो उपसङ्कमामि अमङ्कुभूतो। यानिमानि, भन्ते, भगवता सन्दिट्ठिकानि दानफलानि अक्खातानि, नाहं एत्थ भगवतो सद्धाय गच्छामि। अहं पि एतानि जानामि। यं च खो मं, भन्ते, भगवा एवमाह—'दायको, सीह, दानपति कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती' ति। एताहं न जानामि, एत्थ च पनाहं, भगवतो सद्धाय गच्छामी'' ति।

१०. ''एवमेतं, सीह; एवमेतं, सीह! दायको, सीह, दानपति कायस्स भेदा परं परणा सुगतिं सग्गं लोकं उपप्जती'' ति॥

**५. अरक्खेय्यसुत्तं** : १. ''चत्तारिमानि, भिक्खवे, तथागतस्स [N.216] अरक्खेय्यानि, तीहि च अनुपवज्जो। कतमानि चत्तारि तथागतस्स अरक्खेय्यानि? परिसुद्धकायसमाचारो, भिक्खवे, तथागतो; नत्थि तथागतस्स कायदुच्चरितं यं तथागतो रक्खेय्य—'मा मे इदं परो अञ्ञासी' ति। परिसुद्धवचीसमाचारो, भिक्खवे, तथागतो; नत्थि तथागतस्स वचीदुच्चरितं यं तथागतो रक्खेय्य—'मा मे इदं परो अञ्ञासी' ति। परिसुद्धमनोसमाचारो, भिक्खवे, तथागतो; नत्थि तथागतस्स मनोदुच्चरितं यं तथागतो रक्खेय्य—'मा मे इदं परो अञ्ञासी' ति। परिसुद्धाजीवो, भिक्खवे, तथागतो; नत्थि तथागतस्स मिच्छाआजीवो यं तथागतो रक्खेय्य—'मा मे इदं परो अञ्ञासी' ति। इमानि चत्तारि तथागतस्स अरक्खेय्यानि।

---

में सर्वाधिक फैला हुआ है; तथा, भन्ते, मैं जिस किसी भी परिषद् में जाता हूँ, भले ही वह क्षत्रियपरिषद् हो, ब्राह्मणपरिषद् हो, गृहपतिपरिषद् हो या श्रमणपरिषद् हो, मैं सर्वत्र शिर ऊँचा कर निर्भीकतापूर्वक जाता हूँ। अत:, भन्ते! आपने जो दान के ऐहलौकिक फल बताये हैं, वे सब मुझमें भी चरितार्थ होते हैं। अत: इनके सुनने से आपमें मेरी कोई नयी श्रद्धा नहीं जगी। हाँ,आपने जो यह कहा—'सिंह! दानी पुरुष, देहपात के बाद, मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होता है', इसे मैं नहीं जानता था। इसको सुनकर आपमें मेरी श्रद्धा पूर्वापेक्षया दृढ हो गयी है।''

१०. ''सिंह! तुम उचित ही कह रहे हो कि दानदाता मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होता है॥''

**५. अरक्षणीयसूत्र : : भगवान् के चार अरक्षणीय एवं तीन निर्दोष धर्म**

१. ''भिक्षुओ! तथागत के ये चार धर्म अरक्षणीय (न छिपाने योग्य) तथा तीन अनुपवद्य (निर्दोष) धर्म है। तथागत के चार अरक्षणीय धर्म कौन हैं? (१) परिशुद्ध कायसमाचार। भिक्षुओ! तथागत का ऐसा कोई कायदुश्चरित नहीं है कि जिसे तथागत लोक में छिपाकर रखें कि कोई इसे जान न जाय। (२) परिशुद्ध वाक्-समाचार। भिक्षुओ! तथागत की वाणी का ऐसा कोई दुश्चरित नहीं है कि जिसे तथागत लोक से छिपाकर रखें कि इसे कोई जान न जाय। (३) परिशुद्ध मन:समाचार। तथागत का ऐसा कोई मनोदुश्चरित नहीं है कि जिसे वे लोक से छिपाकर रखना चाहें कि इसे कोई जान न जाय। (४) भिक्षुओ! तथागत परिशुद्धाजीव हैं। तथागत की ऐसी कोई

[R.83] २. ''कतमेहि तीहि अनुपवज्जो? स्वाक्खातधम्मो, भिक्खवे, तथागतो। तत्र वत मं समणो वा ब्राह्मणो वा देवो वा मारो वा ब्रह्मा वा कोचि वा लोकस्मिं सहधम्मेन पटिचोदेस्सति—'इति पि त्वं न स्वाक्खातधम्मो' ति। निमित्तमेतं, भिक्खवे, न [B.460] समनुपस्सामि। एतमहं, भिक्खवे, निमित्तं असमनुपस्सन्तो खेमप्पत्तो अभयप्पत्तो वेसारज्जप्पत्तो विहरामि।

३. ''सुपञ्ञत्ता खो पन, मे भिक्खवे, सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। यथापटिपन्ना मम सावका आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति। तत्र वत मं समणो वा ब्राह्मणो वा देवो मा मारो वा ब्रह्मा वा कोचि वा लोकस्मिं सहधम्मेन पटिचोदेस्सति—'इति पि ते न सुपञ्ञत्ता सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। यथापटिपन्ना तव सावका आसवानं खया ...पे०... सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती' ति। निमित्तमेतं, भिक्खवे, न समनुपस्सामि। एतमहं, भिक्खवे, निमित्तं असमनुपस्सन्तो खेमप्पत्तो अभयप्पत्तो वेसारज्जप्पत्तो विहरामि।

४. ''अनेकसता खो पन मे, भिक्खवे, सावकपरिसा आसवानं खया ...पे०... सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति। तत्र वत मं समणो वा ब्राह्मणो वा देवो मा मारो वा ब्रह्मा [N.217] वा कोचि वा लोकस्मिं सहधम्मेन पटिचोदेस्सति—'इति पि ते न अनेकसता सावकपरिसा आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती' ति। निमित्तमेतं, भिक्खवे, न समनुपस्सामि। एतमहं,

---

मिथ्या आजीविका (जीवनयात्रा का साधन) नहीं है जिसे वे लोक से छिपाकर रखें कि इसे अन्य कोई जान न जाय।

''भिक्षुओ! तथागत के ये चार अरक्षणीय धर्म हैं। (१-४)

२. ''किन तीन से तथागत निर्दोष हैं? तथागत ने अपने धर्म का व्याख्यान बहुत स्पष्ट किया है। वहाँ मुझको कोई भी श्रमण, ब्राह्मण, देव, मार, ब्रह्मा या कोई अन्य इस लोक में किसी भी प्रसङ्ग में यह उपालम्भ नहीं दे सकता कि आपने यहाँ अपने धर्म का स्पष्ट व्याख्यान नहीं किया है! ऐसे उपालम्भ का मैं कोई कारण नहीं देखता। ऐसा कोई कारण न देखता हुआ मैं सकुशल, निर्भय एवं दक्षता के साथ (धर्मोपदेश करता हुआ) विचरण करता हूँ।

३. ''भिक्षुओ! मैंने अपने श्रावकों को निर्वाण तक पहुँचाने वाला मार्ग (उपाय) भी भली भाँति बतलाया है। जिसके अनुसार साधना करते हुए मेरे श्रावक आश्रवों के क्षय से अनाश्रवा चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में जानकर, साक्षात् कर, प्राप्तकर साधना में लगे रहते हैं। वहाँ मुझको ...पूर्ववत्... कि आपने श्रावकों निर्वाण तक पहुँचाने वाला मार्ग यहाँ स्पष्ट रूप से नहीं बताया है।... ऐसे उपालम्भ का मैं कोई कारण नहीं देखता। ऐसा कोई कारण न देखता हुआ मैं ...पूर्ववत्... विचरण करता हूँ।

४. ''भिक्षुओ! मेरी हजारों श्रावकपरिषदें आश्रवों के क्षय से ...पूर्ववत्... साक्षात् कर साधना में लगी हुई हैं। वहाँ मुझको ...पूर्ववत्... वे साधना में नहीं लगी हुई हैं—ऐसे उपालम्भ का मैं कोई

भिक्खवे, निमित्तं असमनुपस्सन्तो खेमप्पत्तो अभयप्पत्तो वेसारज्जप्पत्तो विहरामि। [R.84] इमेहि तीहि अनुपवज्जो।

५. "इमानि खो, भिक्खवे, चत्तारि तथागतस्स अरक्खेय्यानि, इमेहि च तीहि अनुपवज्जो" ति॥ ●

६. **किमिलसुत्तं** : १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा किमिलायं विहरति निचुलवने। अथ खो आयस्मा किमिलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा किमिलो भगवन्तं एतदवोच—"को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो चेन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो न चिरट्ठितिको होती" ति?

२. "इध, किमिल, तथागते परिनिब्बुते भिक्खू भिक्खुनियो उपासका [B.461] उपासिकायो सत्थरि अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, धम्मे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सङ्घे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सिक्खाय अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, समाधिस्मिं अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, अप्पमादे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, पटिसन्थारे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा। अयं खो, किमिल, हेतु अयं पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो न चिरट्ठितिको होती" ति।

३. "को पन, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो चिरट्ठितिको होती" ति?

"इध, किमिल, तथागते परिनिब्बुते भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो

---

कारण नहीं देखता। ऐसा कारण न देखता हुआ मैं सकुशल, निर्भय एवं दक्षता के साथ लोक में विचरण करता हूँ। इन तीनों ही धर्मों में मैं निर्दोष हूँ। (५-७)

५. "इस प्रकार, भिक्षुओ! तथागत के ये चार धर्म अरक्षणीय हैं, तथा इन तीन धर्मों से तथागत निर्दोष हैं।" ●

**६. किमिलसूत्र : : सद्धर्मवृद्धिकारक सात धर्म**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) किमिला के निचुलवन में साधनहेतु विराजमान थे। तब (कभी) आयुष्मान् किमिल, जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ आये। आकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् किमिल ने भगवान् से यह पूछा—"भन्ते! क्या हेतु तथा क्या प्रत्यय है कि जिससे तथागत के परिनिर्वृत होने पर सद्धर्म चिरकाल तक नहीं ठहर पाता?"

२. "किमिल! तथागत के परिनिर्वृत होने पर जब भिक्षु, भिक्षुणियाँ, उपासक, उपासिकाएँ शास्ता में गौरव नहीं रखते, अपितु उसके अनुशासन से बाहर हो जाते हैं, उसके उपदिष्ट धर्म के प्रति... सङ्घ के प्रति... शिक्षा के प्रति... आवश्यक कर्तव्यों के प्रति गौरवविहीन एवं विद्रोही हो जाते हैं। किमिल! यह हेतु तथा यह प्रत्यय है जिसके कारण तथागत के परिनिर्वृत होने पर सद्धर्म चिरस्थायी नहीं रह पाता।" (१)

सत्थरि अगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, धम्मे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सङ्घे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सिक्खाय सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, समाधिस्मिं सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, अप्पमादे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, पटिसन्थारे सगारवा [N.218] विहरन्ति सप्पतिस्सा। अयं खो, किमिल, हेतु अयं पच्चयो येन तथागते परिनिब्बुते सद्धम्मो न चिरट्ठितिको होती'' ति। ●

[R.85] **७. सत्तधम्मसुत्तं :** १. ''सत्तहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु नचिरस्सेव आसवानं खया ...पे०... सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्य। कतमेहि सत्तहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु सद्धो होति, सीलवा होति, बहुस्सुतो होति, पटिसल्लीनो होति, आरद्धविरियो होति, सतिमा होति, पञ्ञवा होति। इमेहि खो, भिक्खवे, सत्तहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु नचिस्सेव आसवानं खया ...पे०... सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरेय्या'' ति॥ ●

**८. पचलायमानसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा भग्गेसु विहरति सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये। तेन खो पन समयेन आयस्मा महामोग्गल्लानो मगधेसु [B.462] कल्लवाळपुत्तगामे पचलायमानो निसिन्नो होति। अद्दसा खो भगवा दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं मगधेसु कल्लवाळपुत्तगामे पचलायमानं निसिन्नं। दिस्वा सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—भग्गेसु सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये

---

३. ''भन्ते! फिर क्या कारण तथा क्या प्रत्यय है कि तथागत के परिनिर्वृत होनेपर सद्धर्म चिरकाल तक वृद्धिङ्गत होता रहता है?''

''किमिल! तथागत के परिनिर्वृत होने पर जब भिक्षु... शास्ता में... धर्म में... सङ्घ में... शिक्षा में... समाधि में... अप्रमाद में... आवश्यक कर्तव्यों में गौरव रखते हुए अनुशासनपूर्वक साधनारत रहते हैं। किमिल! यह कारण तथा यह प्रत्यय है कि तथागत के परिनिर्वृत होने पर भी सद्धर्म चिरस्थितिक रह जाता है॥'' ●

**७. सप्तधर्मसूत्र** : :

१. ''भिक्षुओ! सात धर्मों से युक्त भिक्षु शीघ्र ही आश्रवों के क्षय से ...पूर्ववत्... साक्षात् कर, प्राप्त कर साधनारत रहे। किन सात धर्मों से? यहाँ, भिक्षुओ! वह भिक्षु श्रद्धालु रहे, शीलवान् रहे, बहुश्रुत... एकान्तरत... उद्योगरत..., स्मृतिमान्... प्रज्ञावान् रहे। भिक्षुओ! इन सात धर्मों से युक्त भिक्षु शीघ्र ही आश्रवों के क्षय से ...पूर्ववत्... साक्षात् कर, प्राप्त कर साधनारत रहे॥'' ●

**८. प्रचलायमानसूत्र** : :

१. ऐसा मैंने सुना है कि एक समय भगवान् (बुद्ध) भर्ग प्रदेश के सुंसुमार गिरि के भेषकड़ावनस्थित मृगदाव में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय आयुष्मान् महामौद्गल्यायन मगध देश के कल्लवाडपुत्र ग्राम में साधना करते हुए ऊँघ रहे (तन्द्रामग्न) थे। उस समय भगवान् ने अपने मानवदुर्लभ दिव्य चक्षुरिन्द्रिय से आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को मगध प्रदेश कल्लवाड़पुत्तग्राम में

अन्तरहितो मगधेसु कल्लवाळपुत्तगामे आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स सम्मुखे पातुरहोसि। निसीदि भगवा पञ्ञत्ते आसने। निसज्ज खो भगवा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—

२. "पचलायसि नो त्वं, मोग्गल्लान, पचलायसि नो त्वं, मोग्गल्लाना" ति?

"एवं, भन्ते!"

"तस्मातिह, मोग्गल्लान, यथासञ्ञिस्स ते विहरतो तं मिद्धं ओक्कमति, तं सञ्ञं मा मनसाकासि, तं सञ्ञं मा बहुलमकासि। ठानं खो पनेतं, मोग्गल्लान, [N.219, R.86] विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

३. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, यथासुतं यथापरियत्तं धम्मं चेतसा अनुवितक्केय्यासि अनुविचारेय्यासि, मनसा अनुपेक्खेय्यासि। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

४. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, यथासुतं यथापरियत्तं धम्मं वित्थारेन सज्झायं करेय्यासि। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

५. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, उभो कण्णसोतानि आविञ्छेय्यासि, पाणिना गत्तानि अनुमज्जेय्यासि। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

६. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, उट्ठायासना उदकेन अक्खीनि अनुमज्जित्वा दिसा अनुविलोकेय्यासि, नक्खत्तानि तारकरूपानि [B.463] उल्लोकेय्यासि। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

---

साधना के समय तन्द्रामग्न देखा। देखकर, जैसे कोई बलवान् पुरुष ...पूर्ववत्... महामौद्गल्यायन से यह बोले—

२. "मौद्गल्यायन! तुम तन्द्रामग्न हो? तुम ऊँघ रहे हो?" "हाँ, भन्ते!"

"मौद्गल्यायन! जिस कारण से तुमको यह आलस्य (तन्द्रा) सता रहा है, उस कारण के साथ साधना करना त्याग दो। तुम्हारे लिये यही उचित रहेगा, मौद्गल्यायन! ऐसा करने से तुम्हारा यह आलस्य प्रहीण हो जायगा।"

३. "यदि इस प्रकार साधना करने से तुम्हारा यह आलस्य विनष्ट न हो तो, मौद्गल्याययन! तुमने गुरुमुख से जो धर्म जैसा सुना है, जैसा तुमको स्मरण है उसकी स्वचित्त से वितर्कणा, विचारणा एवं ध्यान करो, इस प्रकार साधना करने से तुम्हारा यह आलस्य विनष्ट हो जायगा। (१)

४. "यदि इस प्रकार साधना करने से भी तुम्हारा यह आलस्य न निवृत्त हो तो तुम अपने उस यथाश्रुत यथाधीत धर्म का स्वाध्याय करो, इस प्रकार भी तुम्हारा यह आलस्य विनष्ट हो सकता है। (२)

५. यदि इस प्रकार साधना करने से भी न विनष्ट हो तो तुम अपने दोनों कानों को हाथों से मसलो, शरीर को हाथों से थपथपाओ। ऐसा करने से तुम्हारा यह आलस्य दूर हो जायगा। (३)

७. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, आलोकसञ्ञं मनसि करेय्यासि, दिवासञ्ञं अधिट्ठहेय्यासि—यथा दिवा तथा रत्तिं यथा रत्तिं तथा दिवा। इति विवटेन चेतसा अपरियोनद्धेन सप्पभासं चित्तं भावेय्यासि। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

[R.87] ८. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, पच्छापुरेसञ्ञी चङ्कमं अधिट्ठहेय्यासि अन्तोगतेहि इन्द्रियेहि अबहिगतेन मानसेन। ठानं खो पनेतं विज्जति यं ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ।

९. "नो चे ते एवं विहरतो तं मिद्धं पहीयेथ, ततो त्वं, मोग्गल्लान, दक्खिणेन पस्सेन सीहसेय्यं कप्पेय्यासि पादे पादं अच्चाधाय सतो सम्पजानो उट्ठानसञ्ञं मनसि करित्वा। पटिबुद्धेन च ते, मोग्गल्लान, खिप्पञ्ञेव पच्चुट्ठातब्बं—'न सेय्यसुखं न [N.220] पस्ससुखं न मिद्धसुखं अनुयुत्तो विहरिस्सामी' ति। एवं हि ते, मोग्गल्लान, सिक्खितब्बं।

१०. "तस्मातिह, मोग्गलान, एवं सिक्खितब्बं—'न उच्चासोण्डं पग्गहेत्वा कुलानि उपसङ्कमिस्सामी' ति। एवं हि ते, मोग्गल्लान, सिक्खितब्बं। सचे, मोग्गल्लान, भिक्खु उच्चासोण्डं पग्गहेत्वा कुलानि उपसङ्कमति, सन्ति हि, मोग्गल्लान, कुलेसु किच्चकरणीयानि। येहि मनुस्सा आगतं भिक्खुं न मनसि करोन्ति, तत्र भिक्खुस्स एवं

---

६. "यदि ऐसा करने से भी तुम्हारा यह आलस्य दूर न हो तो अपने नेत्रों पर जल के छींटे दो, फिर चारों ओर देखो, तब तुम्हें आकाश के तारे नक्षत्र के समान बृहदाकार में दिखायी देने लगेंगे। हो सकता है, इस उपाय से तुम्हारा यह आलस्य नष्ट हो जाय। (४)

७. "यदि इस उपाय से भी तुम्हारा आलस्य दूर न हो तो मन में एक विशेष प्रकाश की कल्पना करो, जैसे दिन का प्रकाश होता है। जैसे दिन वैसे ही (प्रकाशमय) रात्रि की कल्पना करो। इस प्रकार खुले चित्त से आलोकमय चित्त की भावना करो। सम्भव है, इस उपाय से ही तुम्हारा यह आलस्य दूर हो जाय। (५)

८. "यदि ऐसा करने से भी तुम्हारा यह आलस्य दूर न हो तो, मौद्गल्यायन! तुम आगे पीछे टहलना आरम्भ कर दो, उस समय तुम्हारी इन्द्रियाँ तथा मन बाह्य विषयों की ओर न दौड़ें। हो सकता है, इस उपाय से तुम्हारा यह आलस्य विनष्ट हो जाय। (६)

९. "यदि इस उपाय से भी तुम्हारा यह आलस्य दूर न हो तो तुम सिंहशय्या से लेट जाओ, स्मृतिसम्प्रजन्यपूर्वक पैर पर पैर रखकर मन में उत्थानसंज्ञा की भावना करो। इस प्रकार, मौद्गल्यायन! तुम प्रतिबुद्ध चित्त से यह निश्चय करो—'अब मैं शय्यासुख, पार्श्वसुख, आलस्य सुख से सम्पृक्त होकर साधना नहीं करूँगा।' मौद्गल्यायन! तुम ऐसी शिक्षा ग्रहण करो। (७)

१०. "अत:, मौद्गल्यायन! तुम्हें यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—'मैं शिर ऊँचा कर गृहस्थों के घरों में नहीं जाऊँगा।' मौद्गल्यायन! ऐसा तुमको सीखना चाहिये; क्योंकि, मौद्गल्यायन! घरों में अनेक प्रकार के कार्य होते रहते हैं, हो सकता है, वे लोग उनके कारण, आगत भिक्षु को न देख

होति—'कोसु नाम इदानि मं इमस्मिं कुले परिभिन्दि, विरत्तरूपा दानिमे मयि मनुस्सा' ति। इतिस्स अलाभेन मङ्कुभावो, मङ्कुभूतस्स उद्धच्चं, उद्धतस्स असंवरो, असंवुतस्स आरा चित्तं समाधिम्हा।

११. ''तस्मातिह, मोग्गलान, एवं सिक्खितब्बं—'न विग्गाहिककथं कथेस्सामी' ति। एवं हि ते, मोग्गल्लान, सिक्खितब्बं। विग्गाहिकाय, मोग्गल्लान, कथाय सति [B.464] कथाबाहुल्लं पाटिकङ्खं, कथाबाहुल्ले सति उद्धच्चं, उद्धतस्स असंवरो, असंवुतस्स [R.88] आरा चित्तं समाधिम्हा। नाहं, मोग्गल्लान, सब्बेहेव संसग्गं वण्णयामि। न पनाहं, मोग्गल्लान, सब्बेहेव संसग्गं न वण्णयामि। सगहट्ठपब्बजितेहि खो अहं, मोग्गल्लान, संसग्गं न वण्णयामि। यानि च खो तानि सेनासनानि अप्पसद्दानि अप्पनिग्घोसानि विजनवातानि मनुस्सराहस्सेय्यकानि पटिसल्लानसारुप्पानि तथारूपेहि सेनासनेहि संसग्गं वण्णयामी'' ति।

१२. एवं वुत्ते आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवन्तं एतदवोच—''कित्तावता नु खो, भन्ते, भिक्खु सङ्खित्तेन तण्हासङ्खयविमुत्तो होति अच्चन्तनिट्ठो अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्तब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसानो सेट्ठो देवमनुस्सानं'' ति?

''इध, मोग्गल्लान, भिक्खुनो सुतं होति—'सब्बे धम्मा नालं अभिनिवेसाया' ति; एवं चेतं, मोग्गल्लान, भिक्खुनो सुतं होति—'सब्बे धम्मा नालं अभिनिवेसाया' ति, सो

---

पावें। तब उस भिक्षु के मन में यह विचार हो—'अरे! यहाँ मुझको किसने भेज दिया, यहाँ तो सब मेरी उपेक्षा कर रहे हैं!' इस प्रकार प्राप्य की अप्राप्ति से चित्त में विषाद, विषाद से औद्धत्य, औद्धत्य से असंयम होने लगे। इस असंयम से साधक का चित्त समाधि से दूर होने लगता है।

११. ''और, मौद्गल्यायन! तुमको यह भी सीखना चाहिये—'कलह कराने वाली बात नहीं करूँगा।' ऐसा तुमको सीखना चाहिये; क्योंकि कलहकारक बातों से, मौद्गल्यायन! विविध प्रकार की नयी बातें होने लगती हैं, उनके होने से औद्धत्य, औद्धत्य से असंयम होने लगता है। यह असंयम साधक को समाधि से दूर कर देता है। परन्तु, मौद्गल्यायन! सभी के साथ सम्बन्ध रखने का भी मैं उपदेश नहीं करता, और न गृहस्थ एवं प्रव्रजितों में से किसी एक के साथ सम्बन्ध न रखने का ही उपदेश करता हूँ। ऐसे शयनासन (निवास=सोने बैठने के स्थान), जहाँ शब्द कम हो, कोलाहल कम हो, जहाँ एकान्त हो, लोगों का आना जाना बहुत कम हो, जो ध्यान के लिये अनुकूल हों, ऐसे शयनासनों का उपयोग मेरे द्वारा अनुमत है।''

१२. ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने भगवान् से यह पूछा—''भन्ते! किस संक्षिप्त साधना से साधक अपनी तृष्णा का क्षय कर विमुक्त हो सकता है? एकान्तनिष्ठ, एकान्त योगक्षेम, एकान्त धर्मसाधना तथा एकान्ततः पूर्ण सीमा की साधना तक पहुँचकर देव-मनुष्यों में श्रेष्ठ कहला सकता है?''

''मौद्गल्यायन! यहाँ भिक्षु ने (शास्ता से) यह सुन रखा होता है—'सभी धर्मों में प्रवृत्ति उचित नहीं होती।' यह सुनकर वह सभी धर्मों का अभिज्ञान, परिज्ञान करता है। वह सभी धर्मों का

सब्बं धम्मं अभिजानाति, सब्बं धम्मं अभिञ्ञाय सब्बं धम्मं परिजानाति। सब्बं धम्मं परिञ्ञाय यं किञ्चि वेदनं वेदियति सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा। सो तासु वेदनासु अनिच्चानुपस्सी विहरति, विरागानुपस्सी विहरति, निरोधानुपस्सी विहरति, पटि- [N.221] निस्सग्गानुपस्सी विहरति। सो तासु वेदनासु अनिच्चानुपस्सी विहरन्तो विरागानुपस्सी विहरन्तो निरोधानुपस्सी विहरन्तो पटिनिस्सग्गानुपस्सी विहरन्तो न किञ्चि लोके उपादियति, अनुपादियं न परितस्सति, अपरितस्सं पच्चत्तंयेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाति। एत्तावता खो, मोग्गल्लान, भिक्खु सङ्खित्तेन तण्हासङ्खयविमुत्तो होति अच्चन्तनिट्ठो अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्तब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसानो सेट्ठो देवमनुस्सानं'' ति॥ ●

**९. मेत्तसुत्तं** : १. ''मा, भिक्खवे, पुञ्ञानं भायित्थ। सुखस्सेतं, भिक्खवे, [B.465, R.89] अधिवचनं यदिदं पुञ्ञानं ति। अभिजानामि खो पनाहं, भिक्खवे, दीघरत्तं कतानं पुञ्ञानं दीघरत्तं इट्ठं कन्तं मनापं विपाकं पच्चनुभूतं। सत्तवस्सानि मेत्तं चित्तं भावेसिं। सत्तवस्सानि मेत्तं चित्तं भावेत्वा सत्तसंवट्टविवट्टकप्पे नयिमं लोकं पुनागमासिं। संवट्टमाने सुदाहं, भिक्खवे, लोके आभस्सरूपगो होमि, विवट्टमाने लोके सुञ्ञं ब्रह्मविमानं उपपज्जामि।

२. ''तत्र सुदं, भिक्खवे, ब्रह्मा होमि महाब्रह्मा अभिभू अनभिभूतो अञ्ञदत्थुदसो वसवत्ती। छत्तिंसक्खत्तुं खो पनाहं, भिक्खवे, सक्को अहोसि देवानमिन्दो; अनेकसतक्खत्तुं राजा अहोसि चक्कवत्ती धम्मिको धम्मराजा चातुरन्तो विजितावी जनपदत्थावरियप्पत्तो सत्तरतनसमन्नागतो। तस्स मय्हं, भिक्खवे, इमानि सत्त रतनानि अहेसुं, सेय्यथीदं—

---

अभिज्ञान परिज्ञान कर जिस किसी भी वेदना का अनुभव करता है, भले ही वह सुखमय हो या दुःखमय या अदुःख-असुखमय; वह उन सभी वेदनाओं में अनित्यानुपश्यना की, विरागानुपशयना की, निरोधानुपश्यना की, प्रतिनिसर्गानुपश्यना की साधना करता है। ऐसी साधना करता हुआ वह लोक में किसी वस्तु का उपादान (ग्रहण) नहीं करता, या उसके न मिलने पर कोई खेद नहीं मानता। इस प्रकार खिन्न न होता हुआ अन्त में परिनिर्वाण प्राप्त कर लेता है। और वह जान जाता है—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो चुकी है, धर्मसाधना पूर्ण हो चुकी है, मेरा कर्तव्य पूर्ण हो चुका है, अब मेरा कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है।' इस प्रकार, मौद्गल्यायन! इस संक्षिप्त साधना से साधक अपनी तृष्णा का क्षय कर विमुक्त हो जाता है ...पूर्ववत्... देवमनुष्यों में श्रेष्ठ कहलाता है॥''●

**९. मैत्रसूत्र : : पुण्यकर्म का फल**

१. ''भिक्षुओ! पुण्यकर्म से न डरो। क्योंकि, भिक्षुओ! 'पुण्य' तो सुख का ही दूसरा नाम है। भिक्षुओ! मैंने दीर्घकाल तक किये हुए पुण्यों का जो इष्ट कान्त एवं मनोनुकूल फल भोगा है, उसको मैं जानता हूँ। मैने सात वर्ष तक निरन्तर मैत्रीचित्त की भावना की। उस के फलस्वरूप मैं सात संवर्त-विवर्त कल्प तक इस लोक में नहीं आया।

भिक्षुओ! मैं एक बार महा ब्रह्मा तथा छत्तीस (३६) बार देवराज इन्द्र के रूप में शक्र बन

चक्करतनं, हत्थिरतनं, अस्सरतनं, मणिरतनं, इत्थिरतनं, गहपतिरतनं, परिणायकरतनमेव सत्तमं। परोसहस्सं खो पन मे, भिक्खवे, पुत्ता अहेसुं सूरा वीरङ्गरूपा परसेनप्पमद्दना। सो इमं पथविं सागरपरियन्तं अदण्डेन असत्थेन धम्मेन अभिविजिय अज्झावसिं ति।

''पस्स पुञ्ञानं विपाकं, कुसलानं सुखेसिनो। [N.222]
मेत्तं चित्तं विभावेत्वा, सत्तवस्सानि भिक्खवे।
सत्त संवट्टविवट्टकप्पे, नयिमं लोकं पुनागमिं॥ [R.90]
''संवट्टमाने लोकम्हि, होमि आभस्सरूपगो।
विवट्टमाने लोकस्मिं, सुञ्ञब्रह्मूपगो अहुं॥
''सत्तक्खत्तुं महाब्रह्मा, वसवत्ती तदा अहुं।
छत्तिंसक्खत्तुं देविन्दो, देवरज्जमकारयिं॥
''चक्कवत्ती अहुं राजा, जम्बुमण्डस्स इस्सरो। [B.466]
मुद्धाभिसित्तो खत्तियो, मनुस्साधिपती अहुं॥
''अदण्डेन असत्थेन, विजेय्य पथविं इमं।
असाहसेन कम्मेन, समेन मनुसासि तं॥
''धम्मेन रज्जं कारेत्वा, अस्मिं पथविमण्डले।
महद्धने महोभोगे, अड्ढे अजायिहं कुले॥
''सब्बकामेहि सम्पन्ने, रतनेहि च सत्तहि।
बुद्धा सङ्गाहका लोके, तेहि एतं सुदेसितं॥

---

चुका हूँ। सैंकड़ों बार चक्रवर्ती सम्राट् बन चुका हूँ। जहाँ मैंने धर्मपूर्वक धर्मराज बनकर चारों दिशाओं के अन्त तक समस्त प्रदेश जीतकर चिरकाल तक एक स्थिर राज्य किया, तथा हस्तिरत्न आदि सातों रत्नों का स्वामी बना; उस समय मुझको हजारों पुत्र हुए जो सभी शूर, वीर, एवं शत्रुओं की बड़ी से बड़ी सेनाओं का मानमर्दन करनेवाले थे। इस प्रकार मैंने समुद्रपर्यन्त भूमण्डल को धर्मपूर्वक नियन्त्रित कर राज्य किया था।

''भिक्षुओ! मुझ सुखैषी के कुशलमय पुण्यकर्मों का फल देखो। मैंने सात वर्ष तक मैत्रीचित्त की भावना की। मैं सात संवर्त एवं विवर्त कल्पों तक इस लोक में पुन: नहीं आया॥

''जब इस लोक का संवर्त होता था तो आभस्वर देवलोक चला जाता था, और विवर्त होता था तो शून्य ब्रह्मलोक में चला जाता था॥

''मैं सात बार वशवर्ती ब्रह्मा हुआ तथा छत्तीस (३६) बार देवराज इन्द्र बना॥

''मैं इस समस्त जम्बूद्वीप के मनुष्यों का चक्रवर्ती मूर्धाभिषिक्त सम्राट् भी बना॥

''जबकि मैंने दण्ड एवं शस्त्र के विना ही इस समस्त पृथ्वी को जीतकर, विना कोई लूटपात किये ही, इसपर राज्य किया था॥

''इस समस्त भूमण्डल पर धर्मपूर्वक राज्य कर सम्पत्तिशाली एवं ऐश्वर्यसम्पन्न आढ्यकुल में भी मैं उत्पन्न हुआ॥

"एसो हेतु महन्तस्स, पथब्यो मे न विपज्जति।
पहूतवित्तूपकरणो, राजा होति पतापवा॥
"इद्धिमा यसवा होति, जम्बुमण्डस्स इस्सरो।
को सुत्वा नप्पसीदेय्य, अपि कण्हाभिजातियो॥
[R.91] "तस्मा हि अत्तकामेन, महत्तमभिकङ्खता।
सद्धम्मो गरुकातब्बो, सरं बुद्धानसासनं" ति॥

[N.223] **१०. भरियासुत्तं :** १. अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। तेन खो पन समयेन अनाथपिण्डिकस्स गहपतिस्स निवेसने मनुस्सा उच्चासद्दा महासद्दा होन्ति। अथ खो अनाथपिण्डिको गहपति येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो अनाथपिण्डिकं गहपतिं भगवा एतदवोच—

[B.467] २. "किं नु ते, गहपति, निवेसने मनुस्सा उच्चासद्दा महासद्दा केवट्टा मञ्ञे मच्छविलोपे" ति?

"अयं भन्ते, सुजाता घरसुण्हा अड्ढकुला आनीता। सा नेव सस्सुं आदियति, न ससुरं आदियति, न सामिकं आदियति, भगवन्तं पि न सक्करोति न गरुं करोति न मानेति न पूजेती" ति।

---

"सात रत्नों के माध्यम से अपनी सभी कामनाएँ पूर्ण कर मैं लोकसंग्राहक बुद्ध बना, जिसने यह अनुपम धर्मोपदेश किया॥

"इस भूमण्डल पर मेरे महत्त्व का यही कारण है, अत: इसका मुझे कोई खेद नहीं है। प्रभूत धन वाले साधनों वाला कोई प्रतापवान् ही राजा हुआ करता है॥

"जम्बूद्वीप का सम्राट् कोई ऋद्धिमान् एवं यशस्वी पुरुष ही हुआ करता है। इसे सुनकर कौन पापी से भी पापी प्रसन्न नहीं होगा॥

"अत: आत्महितैषी एवं महत्त्वाकांक्षी साधक को बुद्धोपदेशों का स्मरण करते हुए सद्धर्म का सम्मान करना चाहिये॥"

**१०. भार्यासूत्र : : सप्तविध भार्याएँ**

१. ...तब भगवान् (बुद्ध) प्रात:काल, वस्त्र सुव्यविस्थित कर, पात्र चीवर लेकर अनाथपिण्डिक गृहपति के घर पधारे। पधारकर प्रज्ञप्त आसन पर विराजे। उस समय अनाथपिण्डिक गृहपति के घर बहुत कोलाहल हो रहा था। तब अनाथपिण्डिक गृहपति भगवान् के सम्मुख आया। आकर, भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। इस प्रकार बैठे हुए उस अनाथपिण्डिक गृहपति से भगवान् ने पूछा—

२. "गृहपति! आज तुम्हारे घर में यह कैसा कोलाहल है, मानो मछली-बाजार लगा हो?"

"भन्ते! यह मेरी सुजाता नामक पुत्रवधू किसी आढ्यकुल से इस घर में आयी है। (उसी गर्व

३. अथ खो भगवा सुजातं घरसुण्हं आमन्तेसि—"एहि, सुजाते" ति! "एवं, भन्ते" ति खो सुजाता घरसुण्हा भगवतो पटिस्सुत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो सुजातं घरसुण्हं भगवा एतदवोच— [R.92]

४. "सत्त खो इमा, सुजाते, पुरिसस्स भरियायो। कतमा सत्त? वधकसमा, चोरीसमा, अय्यसमा, मातासमा, भगिनीसमा, सखीसमा, दासीसमा—इमा खो, सुजाते, सत्त पुरिसस्स भरियायो। तासं त्वं कतमा" ति?

"न खो अहं, भन्ते, इमस्स भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानामि। साधु मे, भन्ते, भगवा तथा धम्मं देसेतु यथाहं इमस्स भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं जानेय्यं" ति।

"तेन हि, सुजाते, सुणाहि, साधुकं मनसि करोहि; भासिस्सामी" ति।

[N.224] "एवं, भन्ते" ति खो सुजाता घरसुण्हा भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

५. "पदुट्ठचित्ता अहितानुकम्पिनी, अञ्ञेसु रत्ता अतिमञ्ञते पतिं।
धनेन कीतस्स वधाय उस्सुका, या एवरूपा पुरिस्स भरिया।
'वधा च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

---

में) यह न अपनी सास का आदर करती है, न श्वसुर का और न अपने स्वामी का ही आदर करती है, यहाँ तक कि यह भगवान् (आप) का भी न सम्मान करती है, न गौरव और न पूजा या प्रतिष्ठा ही करती है।"

३. तब भगवान् ने उस घर की पुत्रवधू सुजाता को यह कहकर अपने सम्मुख बुलाया—"सुजाते! यहाँ आओ!" "अच्छा, भन्ते!" कहती हुई सुजाता भगवान् के सम्मुख आयी। आकर, भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गयी। एक ओर बैठी उस सुजाता को भगवान् ने यह उपदेश किया—

४. "सुजाते! लोक में पुरुषों की सात प्रकार की भार्याएँ (पत्नियाँ) होती हैं। कौन सी सात? (१) वधक के समान, (२) चौर के समान, (३) आर्या के समान, (४) माता के समान, (५) बहन के समान, (६) सखी के समान तथा (७) दासी के समान—सुजाते! ये पुरुष को सात प्रकार की भार्याएँ होती हैं। इनमें तुम अपने को किस प्रकार की मानती हो?"

"भन्ते! मैं आपके संक्षिप्त कथन का अर्थ नहीं समझी हूँ। अच्छा हो, भन्ते! आप मुझको यह प्रकरण इस प्रकार स्पष्ट समझावें कि मैं आपके प्रश्न का उचित उत्तर दे सकूँ।"

"तो, सुजाते! सुनो, भलीभाँति मन में बैठा लो। बताता हूँ।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर सुजाता ने भगवान् की आज्ञा मान ली। भगवान् ने यह कहा—

५. "जो स्त्री पति के प्रति द्वेषभाव रखती हो, उसका अहित चिन्तन करती हो, परपुरुष में आसक्त हो, पति का अपमान करती हो, यदि उसका पति धन से क्रीत है तो उसका वध कराने में उत्सुक हो—ऐसी स्त्री '**वधक भार्या**' कहलाती है॥ (१)

६. "यं इत्थिया विन्दति सामिको धनं, सिप्पं वणिज्जं च कसिं अधिट्ठहं।
अप्पं पि तस्स अप्पहातुमिच्छति, या एवरूपा पुरिस्स भरिया।
'चौरी च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

[B.468] ७. "अकम्मकामा अलसा महग्घसा, फरुसा च चण्डी च दुरुत्तवादिनी।
उट्ठायकानं अभिभुय्य वत्तति, या एवरूपा पुरिस्स भरिया।
'अय्या च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

[R.93] ८. "या सब्बदा होति हितानुकम्पिनी, माता व पुत्तं अनुरक्खते पतिं।
ततो धनं सम्भतमस्स रक्खति, या एवरूपा पुरिस्स भरिया।
'माता च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

९. "यथा पि जेट्ठा भगिनी कनिट्ठका, सगारवा होति सकम्हि सामिके।
हिरीमना भत्तुवसानुवत्तिनी, या एवरूपा पुरिस्स भरिया।
'भगिनी च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

[N.225]१०. "या चीध दिस्वान पतिं पमोदति, सखी सखारं व चिरस्समागतं।
कोलेय्यका सीलवती पतिब्बता, या एवरूपा पुरिसस्स भरिया।
'सखी च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

११. "अक्कुद्धसन्ता वधदण्डतज्जिता, अदुट्ठचित्ता पतिनो तितिक्खति।
अक्कोधना भत्तुवसानुवत्तिनी, या एवरूपा पुरिसस्स भरिया।
'दासी च भरिया' ति च सा पवुच्चति॥

---

६. "पति जो धन शिल्प, व्यापार, कृषि के आलम्बन से अपनी स्त्री को लाकर देता है, जो स्त्री उसमें से कुछ भी अंश छिपाने की इच्छा करती है ऐसी वह किसी पुरुष की भार्या **'चौर भार्या'** कहलाती है॥ (२)

७. "घर का कोई भी कार्य करना न चाहने वाली आलसी, अत्यधिक खानेवाली, कठोर वचन बोलने वाली, अपने कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार करने वाली, एवं कटुभाषिणी स्त्री **'स्वामिनी भार्या'** कहलाती है॥ (३)

८. "जो सदा पति का हित ही चाहती हैं, जैसे कोई माता अपने पुत्र का निरन्तर हित चाहती हो; उससे प्राप्त धन को सुरक्षित (सम्हाल कर) रखती है, ऐसी स्त्री **'माता भार्या'** कहलाती है॥ (४)

९. "जैसे छोटी बहन बड़ी बहन का सम्मान करती है, वैसे ही जो अपने स्वामी का सम्मान करती हो वह लज्जालु एवं पति के अधीन रहने वाली स्त्री **'भगिनी भार्या'** कहलाती है॥ (५)

१०. "जो पति को देखकर प्रसन्न होती हो, जैसे कोई मित्र बहुत दिनों बाद मिलने वाले मित्र को देखकर प्रसन्न होता है, ऐसी कुलपरम्परा को निभाने वाली, शीलवती तथा पतिव्रता स्त्री **'सखी भार्या'** कहलाती है॥ (६)

११. "जो कभी क्रोध नहीं करती, सदा शान्त रहती है, वध एवं दण्ड का भय मानती है, पति

१२. "'या चीध भरिया वधका' ति वुच्चति, 'चोरी च अय्या' ति च या पवुच्चति।
दुस्सीलरूपा फरुसा अनादरा, कायस्स भेदा निरयं वजन्ति ता॥
[B.469] १३. "'या चीध माता भगिनी सखी' ति च, 'दासी च भरिया' ति च सा पवुच्चति।
सीले ठितत्ता चिररत्तसंवुता, कायस्स भेदा सुगतिं वजन्ति ता ति॥
१४. इमा खो, सुजाते, सत्त पुरिसस्स भरियायो। तासं त्वं कतमा" ति?
"अज्जतग्गे मं, भन्ते, भगवा दासीसमं सामिकस्स भरियं धारेतू" ति॥ [R.94] ●

**११. कोधनसुत्तं** : १. "सत्तिमे, भिक्खवे, धम्मा सपत्तकन्ता सपत्तकरणा कोधनं आगच्छन्ति इत्थिं वा पुरिसं वा। कतमे सत्त? इध, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति— 'अहो वतायं दुब्बण्णो अस्सा' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स वण्णवताय नन्दति। कोधनोयं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो कोधाभिभूतो कोधपरेतो, किञ्चा पि सो होति सुन्हातो सुविलित्तो कप्पितकेसमस्सु ओदातवत्थवसनो; अथ खो सो [N.226] दुब्बण्णो व होति कोधाभिभूतो। अयं, भिक्खवे, पठमो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

---

के प्रति कभी द्वेष नहीं रखती, पति की बातों को सहन करती है, अक्रोधी एवं पति के वश में रहने वाली स्त्री **'दासी भार्या'** कहलाती है॥ (७)

१२. "इन सात प्रकार की भार्याओं में जो **वधक भार्या** एवं **चौरी भार्या** के रूप में वर्णित हुई हैं वे दु:शील, कठोर बोलनेवाली तथा बड़े बूढ़ों का अपमान करने वाली स्त्रियाँ, देहपात के बाद, मरणानन्तर नरक में जा गिरती हैं॥

१३. "तथा **माता भार्या, भगिनी भार्या** या **सखी भार्या** या **दासी भार्या** के रूप में जिनका वर्णन किया गया है, वे स्त्रियाँ सदाचाररत होने के कारण, तथा पति के प्रति अतिशय राग एवं संयम रखने के कारण, मरणानन्तर, स्वर्गलोक में जाकर सुख भोगती हैं॥

१४. "सुजाते! ये सात प्रकार की भार्याएँ लोक में पुरुषों की भार्याएँ देखी जाती हैं, उन सातों में से तुम अपने को किस प्रकार की भार्या मानती हो?"

"भन्ते! आज से आप मुझे मेरे स्वामी की **दासीसमान भार्या** समझें॥" ●

**११. क्रोधनसूत्र : : शत्रुता बढ़ाने वाला सात धर्म**

१. "भिक्षुओ! ये सात धर्म शत्रुओं को प्रिय लगने वाले तथा शत्रुता बढ़ाने वाले एवं स्त्री या पुरुष को क्रुद्ध करने वाले होते हैं। कौन से सात? यहाँ, भिक्षुओ! कोई शत्रु अपने शत्रु के लिये यह चाहता है—"यह दुर्वण (कुरूप) हो जाय।" वह किसलिये? क्योंकि कोई भी विरोधी अपने शत्रु को शुद्ध वर्ण में देखकर प्रसन्न नहीं होता। भिक्षुओ! यह क्रोधी पुरुष क्रोध के वश होकर क्रोध से भर जाता है। भले ही उसने तत्काल भले प्रकार से स्नान किया हो, चन्दनादि का लेप लगाया हो, दाढ़ी मूँछ मुड़ायी हो, स्वच्छ श्वेत वस्त्र पहने हो, परन्तु वह क्रोधाभिभूत पुरुष दुर्वण ही दिखायी देता है। भिक्षुओ! यह **प्रथम धर्म** है जो शत्रु को प्रिय लगने वाला तथा शत्रुता पैदा करने वाला एवं स्त्री या पुरुष को क्रोधी बना देनेवाला होता है।

२. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं दुक्खं सयेय्या' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स सुखसेय्याय नन्दति। कोधनोयं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो कोधाभिभूतो कोधपरेतो, किञ्चा पि सो पल्लङ्के सेति गोनकत्थते पटलिकत्थते कदलिमिपगवरपच्चत्थरणे सउत्तरच्छदे उभतोलोहितकूपधाने; अथ खो सो दुक्खञ्ञेव सेति कोधाभिभूतो। अयं, भिक्खवे, दुतियो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

३. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं न पचुरत्थो अस्सा' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स पचुरत्थताय नन्दति। [R.95] कोधनोयं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो कोधाभिभूतो कोधपरेतो, अनत्थं पि गहेत्वा [B.470] 'अत्थो मे गहितो' ति मञ्ञति, अत्थं पि गहेत्वा 'अनत्थो मे गहितो' ति मञ्ञति। तस्सिमे धम्मा अञ्ञमञ्ञं विपच्चनीका गहिता दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय संवत्तन्ति कोधाभिभूतस्स। अयं, भिक्खवे, ततियो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं न भोगवा अस्सा' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स भोगवताय नन्दति। कोधनस्स, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलस्स कोधाभिभूतस्स कोधपरेतस्स, ये पिस्स ते होन्ति भोगा उट्ठानविरियाधिगता बाहाबलपरिचिता सेदावक्खित्ता धम्मिका धम्मलद्धा, ते पि राजानो राजकोसं पवेसेन्ति कोधाभिभूतस्स। अयं, भिक्खवे, चतुत्थो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

---

२. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई विरोधी अपने शत्रु के लिये यह चाहता है—'अरे! यह दुःखमग्न होकर सोये।' वह किसलिये? क्योंकि कोई भी विरोधी अपने शत्रु को सुख से सोते हुए नहीं देखना चाहता। भिक्षुओ! यह क्रोधी पुरुष यह सुनकर क्रोधमग्न हो जाता है; भले ही वह स्वयं अच्छे पलंग पर गद्दा तकिया आदि लगाकर सुखपूर्वक सोया हो। परन्तु वह क्रोध के कारण दुःखपूर्वक ही सोता है। भिक्षुओ! यह **दूसरा धर्म** है जो ...पूर्ववत्...।

३. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई विरोधी अपने शत्रु के लिये यह सोचता है—'अरे! इसके पास अधिक धन न हो।' वह किसलिये? क्योंकि, भिक्षुओ! कोई भी विरोधी अपने शत्रु के पास अधिक धन नहीं देखना चाहता। इसे सुनकर वह क्रुद्ध पुरुष, उसका कोई अनर्थ दूर कर देने पर भी, 'इसने मेरा धन हड़प लिया'—ऐसा मानता है; और उसको कुछ दिये जाने पर भी वह यही सोचता है—'यह मेरा अनर्थ करने के लिये कोई षड्यन्त्र कर रहा है'। इस तरह उसके द्वारा ये परस्पर विरोधी धर्म स्वीकार किये जाने पर ये उस क्रोधी के लिये दीर्घकाल तक अहितकर एवं दुःखप्रद ही होंगे। भिक्षुओ! यह **तीसरा धर्म** है, जो ...पूर्ववत्...।

४.''पुनः ...पूर्ववत्... 'अरे! इसको उपभोग के लिये अधिक भोग सम्पत्ति न मिले।' वह किसलिये? क्योंकि, भिक्षुओ! कोई भी विरोधी अपने विरोधी के पास अधिक भोगसम्पत्ति देखकर

५. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं न यसवा अस्सा' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स यसवताय नन्दति। कोधनोयं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो कोधाभिभूतो कोधपरेतो, यो पिस्स सो होति यसो अप्पमादाधिगतो, तम्हा पि धंसति कोधाभिभूतो। अयं, भिक्खवे, पञ्चमो धम्मो सपत्तकन्तो [N.227] सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं न मित्तवा अस्सा' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स मित्तवताय नन्दति। कोधनं, भिक्खवे, पुग्गलं कोधाभिभूतं कोधपरेतं, ये पिस्स ते होन्ति मित्तामच्चा ञातिसालोहिता, ते पि आरका परिवज्जन्ति कोधाभिभूतं। अयं, भिक्खवे, छट्ठो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स एवं इच्छति—'अहो वतायं [R.96] कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जेय्या' ति! तं किस्स हेतु? न, भिक्खवे, सपत्तो सपत्तस्स सुगतिगमने नन्दति। कोधनोयं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो कोधाभिभूतो कोधपरेतो, कायेन दुच्चरितं चरति, वाचाय दुच्चरितं चरति, मनसा दुच्चरितं चरति। सो कायेन दुच्चरितं चरित्वा वाचाय ...पे०... कायस्स भेदा परं मरणा अपायं [B.471] दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जति कोधाभिभूतो। अयं, भिक्खवे, सत्तमो धम्मो सपत्तकन्तो सपत्तकरणो कोधनं आगच्छति इत्थिं वा पुरिसं वा। इमे खो, भिक्खवे, सत्त धम्मा सपत्तकन्ता सपत्तकरणा कोधनं आगच्छन्ति इत्थिं वा पुरिसं वा ति।

---

प्रसन्न नहीं होता। यह सुनकर वह शत्रु क्रुद्ध हो जाता है। इस क्रोधी स्वभाव के कारण राजालोग उसकी खून-पसीने से कमायी हुई वैध सम्पत्ति पर भी अधिकार कर लेते हैं, और उसे राजकोष में डाल लेते हैं। इस प्रकार वह नंगा-भूखा रह जाता है। भिक्षुओ! यह **चतुर्थ धर्म** जो ...पूर्ववत्... ।

५. ''पुनः ...पूर्ववत्... 'अरे! इसका लोक में यश न फैले।' वह किसलिये? क्योंकि, भिक्षुओ! कोई भी विरोधी अपने शत्रु का लोक में यश फैलते हुए देखना सुनना नहीं चाहता। विरोधी की यह बात सुनकर वह क्रुद्ध होता है। इस क्रोध के कारण सावधानी से कृत कर्मों के कारण उसका उत्पन्न यश भी लोक में नष्ट होने लगता है। इस प्रकार वह लोक में असम्मानित जीवन ही बिताता है। भिक्षुओ! यह **पाँचवाँ धर्म** ...पूर्ववत्... ।

६. ''पुनः ...पूर्ववत्... 'अरे! इसका कोई मित्र न बनने पावे।' वह किसलिये? क्योंकि, भिक्षुओ! कोई भी पुरुष किसी को अपने शत्रु का मित्र बना देखकर प्रसन्न नहीं होता। यह सुनकर क्रोध करने से उसके जो अब तक मित्र या सम्बन्धिजन थे वे भी, इसके इस क्रोधी स्वभाव के कारण, इसका साथ छोड़ देते हैं। भिक्षुओ! यह **छठा धर्म** है, जो ...पूर्ववत्... ।

७. ''पुनः, भिक्षओ! ...'अरे! यह मरणानन्तर नरक में जा गिरे!' वह किस लिये? क्यों कि पुरुष अपने शत्रु को स्वर्ग में सुख भोगते हुए नहीं देखना चाहता। वह क्रोधी पुरुष, यह सुन कर क्रोधाभिभूत होकर काय, वाक् एवं मन से चाहे जैसे दुराचार करने लगता है। इन दुराचारों के

"कोधनो दुब्बण्णो होति, अथो दुक्खं पि सेति सो।
अथो अत्थं गहेत्वान, अनत्थं अधिपज्जति॥
"ततो कायेन वाचाय, वधं कत्वान कोधनो।
कोधाभिभूतो पुरिसो, धनजानिं निगच्छति॥
"कोधसम्मदसम्मत्तो, आयसक्यं निगच्छति।
ञातिमित्ता सुहज्जा च, परिवज्जन्ति कोधनं॥
"अनत्थजननो कोधो, कोधो चित्तप्पकोपनो।
भयमन्तरतो जातं, तं जनो नावबुज्झति॥
"कुद्धो अत्थं न जानाति, कुद्धो धम्मं न पस्सति।
अन्धतमं तदा होति, यं कोधो सहते नरं॥
[N.228,R.97] "यं कुद्धो उपरोधेति, सुकरं विय दुक्करं।
पच्छा सो विगते कोधे, अग्गिदड्ढो व तप्पति॥
"दुम्मङ्कुयं पदस्सेति, धूमं धूमीव पावको।
यतो पतायति कोधो, येन कुज्झन्ति मानवा॥

---

फलस्वरूप, मरणानन्तर उसका नरक में पात अवश्यम्भावी है। भिक्षुओ! यह **सातवाँ धर्म** है, जो विरोधियों को प्रिय है एवं विरोधी बना देने वाला है और किसी भी क्रोधी पुरुष या स्त्री को आवृत कर लेता है। (१-७)

"क्रोधी पुरुष निरन्तर दुर्वर्ण दिखायी देता है, उसकी निद्रा भी दु:ख से सम्पृक्त ही रहती है। तथा उसका कुछ हित करिये तब भी उसको वह अपना अहित ही समझता है॥"

"तब वह क्रोधी पुरुष काय, वाक् एवं मन से दुश्चरित करता हुआ अपना नाश करने पर ही सन्नद्ध हो जाता है और अपने अर्जित धन की स्वयं ही हानि कर बैठता है॥"

"इस तरह उस क्रोधी पुरुष का अपमानित जीवन व्यतीत होना आरम्भ होता है। उस क्रोधी पुरुष का, अन्त में, उसके मित्र एवं सम्बन्धिजन भी साथ छोड़ देते हैं॥"

"उसका यह क्रोध ही उसके सब अनर्थों का मूल है, उस का चित्त भी, निरन्तर क्रोध के कारण, सदा चञ्चल रहता है। वह अपने मन में निरन्तर डरा हुआ सा रहता है। परन्तु वह स्वयं इन सब बातों का कारण नहीं समझ पाता॥"

"क्रोधी पुरुष न अर्थ ज्ञान ही कर पाता है और न धर्म का साक्षात्कार ही कर पाता है। जिस पर क्रोध आरूढ हो जाता है उसका जीवन सर्वथा अन्धकारमय हो जाता है॥"

"जो सरल समझकर कहीं बाधा डालता है वही उसके लिये दुष्कर हो जाता है। वह क्रोध शान्त होने पर उस पर उसी तरह पश्चात्ताप करता है जैसे किसी को अग्नि से जल जाने पर हुआ करता है॥"

"यह क्रोध बहुत कठिनाई से शान्त होने वाला होता है; जैसे अतिशय धूमवाली अग्नि। इससे क्रोध बढ़ता ही है, इससे लोग क्रुद्ध ही होते हैं॥"

"नास्स हिरी न ओत्तप्पं, न वाचो होति गारवो।
कोधेन अभिभूतस्स, न दीपं होति किञ्चनं॥
"तपनीयानि कम्मानि, यानि धम्मेहि आरका।
तानि आरोचयिस्सामि, तं सुणाथ यथातथं॥
"कुद्धो हि पितरं हन्ति, हन्ति कुद्धो समातरं।
कुद्धो हि ब्राह्मणं हन्ति, हन्ति कुद्धो पुथुज्जनं॥
"याय मातु भतो पोसो, इमं लोकं अवेक्खति। [B.472]
तं पि पाणददिं सन्तिं, हन्ति कुद्धो पुथुज्जनो॥
"अत्तूपमा हि ते सत्ता, सत्ता हि परमो पियो।
हन्ति कुद्धो पुथुत्तानं, नानारूपेसु मुच्छितो॥
"असिना हन्ति अत्तानं, विसं खादन्ति मुच्छिता।
रज्जुया वज्झ मीयन्ति, पब्बतानं पि कन्दरे॥
"भूनहच्चानि कम्मानि, अत्तमारणियानि च। [R.98]
करोन्ता नावबुज्झन्ति, कोधजातो पराभवो॥
"इतायं कोधरूपेन, मच्चुपासो गुहासयो।
तं दमेन समुच्छिन्दे, पञ्ञाविरियेन दिट्ठिया॥
"यथा मेतं अकुसलं, समुच्छिन्देथ पण्डितो।

---

"न इसको कोई लज्जा है, न पापभीरुता। न इसके वचन का ही कोई महत्त्व है। क्रोधाभिभूत पुरुष का कोई शरणस्थल (द्वीप=रक्षक) नहीं होता॥"

"इन धर्मों से उत्पन्न ताप (कष्ट) दायक कर्मों का क्रमशः वर्णन करता हूँ, उनको सुनो॥"

"क्रोधी पुरुष पिता को भी मार सकता है, अपनी माता को भी मार सकता है। यह ब्राह्मण की हत्या भी कर सकता है, तथा यह किसी पृथग्जन को भी मार सकता है॥"

"जिस माता द्वारा पाला पोसा जाने पर बालक इस संसार को देखने योग्य बनता है, वह क्रोधी उस प्राणदात्री माता को भी मार सकता है॥"

"सभी अन्य प्राणी भी अपनी आत्मा के ही समान हैं। आत्मा सबको प्रिय होती है। क्रोधाभिभूत पुरुष अनेक रूपों में उद्भूत अपनी सरल आत्मा को भी मार सकता है॥"

"ये क्रोधाभिभूत पुरुष अपने आप को तलवार से भी काट सकते हैं। अपनी मृत्यु के लिये विष भी खा सकते हैं, स्वयं रस्सी से बँधकर भी मर सकते हैं, या पहाड़ों की गुफाओं में जाकर भी मर सकते हैं॥"

"ये क्रोधी पुरुष आत्मघातक भ्रूणहत्या जैसे कर्म करते हुए भी भय नहीं मानते।"

"अतः साधक इस अतिशय गुप्त क्रोधरूप मृत्युपाश को इन्द्रियसंयम, प्रज्ञा, उत्तम प्रयत्न एवं सम्यग्दृष्टि द्वारा काटने का प्रयास करे।"

"बुद्धिमान् पुरुष को चाहिये कि वह इस अकुशल को इस प्रकार काट दे कि इसके पुनः

तथेव धम्मे सिक्खेथ, मा नो दुम्मङ्कुयं अहु॥
''वीतकोधा अनायासा, वीतलोभा अनुस्सुका।
दन्ता कोधं पहन्त्वान, परिनिब्बन्ति अनासवा'' ति॥ ●

**अब्याकतवग्गो छट्ठो॥**

**तस्सुद्दानं**

[N.229] अब्याकतो पुरिसगति, तिस्स सीह अरक्खियं।
किमिलं सत्त पचला, मेत्ता भरिया कोधेकादसा ति॥ ●

## ७. महावग्गो

**१. हिरीओत्तप्पसुत्तं :** १. ''हिरोत्तप्पे, भिक्खवे, असति हिरोत्तप्पविपन्नस्स [R.99] हतूपनिसो होति इन्द्रियसंवरो; इन्द्रियसंवरे असति इन्द्रियसंवरविपन्नस्स हतूपनिसं होति सीलं; सीले असति सीलविपन्नस्स हतूपनिसो होति सम्मासमाधि; सम्मासमाधिम्हि [B.473] असति सम्मासमाधिविपन्नस्स हतूपनिसं होति यथाभूतञाणदस्सनं; यथाभूत-ञाणदस्सने असति यथाभूतञाणदस्सनविपन्नस्स हतूपनिसो होति निब्बिदाविरागो;

---

उत्पाद की सम्भावना ही न रहे। तथा इस के लिये ऐसे धर्मों की शिक्षा ले जिन की साधना से यह कठिनता से दबाया जा सकने वाला धर्म (क्रोध) पूर्णत: विनष्ट हो जाय॥''

''क्रोधरहित, निरुद्यम, लोभाहित, संसार के प्रति उपेक्षा भाव रखने वाले इन्द्रियसंयमी साधकजन ही आश्रवरहित होकर परिनिर्वाण को प्राप्त करते हैं॥'' ●

**अव्याकृत वर्ग षष्ठ सम्पन्न॥**

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. अव्याकृतसूत्र, २. पुरुषगतिसूत्र, ३. तिष्यब्रह्मसूत्र, ४. सिंहसेनापतिसूत्र, ५. अरक्षणीयसूत्र, ६. किमिलसूत्र, ७. सप्तधर्मसूत्र, ८. प्रचलायमानसूत्र, ९. मैत्रसूत्र, १०. भार्यासूत्र, ११. क्रोधनसूत्र॥

## ७. महावर्ग

**१. ह्री-अवत्राप्यसूत्र : : सात धर्म**

''भिक्षुओ! ह्री एवं अवत्राप्य (पापभीरुता) के न रहने पर अवत्राप्यरहित साधक के लिये इन्द्रियसंवर साधनरहित हो जाता है। इन्द्रियसंवर के न रहने पर उसका शील नि:साधन हो जाता है। शील के न रहने पर उसकी सम्यक्समाधि नष्ट हो जाती है। सम्यक्समाधि के न रहने पर, सम्यक्समाधिरहित उस साधक का यथाभूतज्ञानदर्शन विनष्ट हो जाता है। यथाभूत (सत्य) ज्ञानदर्शन के न रहने पर यथाभूतज्ञानदर्शनरहित उस साधक का निर्विदा एवं वैराग्य नष्ट हो जाता है।

निब्बिदाविरागे असति निब्बिदाविरागविपन्नस्स हतूपनिसं होति विमुत्तिञाणदस्सनं। सेय्यथापि, भिक्खवे, रुक्खो साखापलासविपन्नो। तस्स पपटिका पि न पारिपूरिं गच्छति, तचो पि फेग्गु पि सारो पि न पारिपूरिं गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, हिरोत्तप्पे असति हिरोत्तप्पविपन्नस्स हतूपनिसो होति इन्द्रियसंवरो; इन्द्रियसंवरे असति इन्द्रियसंवरविपन्नस्स हतूपनिसं होति सीलं; सीले असति सीलविपन्नस्स हतूपनिसो होति सम्मासमाधि; सम्मासमाधिम्हि असति सम्मासमाधिविपन्नस्स हतूपनिसं होति यथाभूतञाणदस्सनं; यथाभूतञाणदस्सने असति यथाभूञाणदस्सनविपन्नस्स हतूपनिसो होति निब्बिदाविरागो; निब्बिदाविरागे असति निब्बिदाविरागविपन्नस्स हतूपनिसं होति विमुत्तिञाणदस्सनं।

२. ''हिरोत्तप्पे, भिक्खवे, सति हिरोत्तप्पसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति इन्द्रियसंवरो; इन्द्रियसंवरे सति इन्द्रियसंवरसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति सीलं; सीले सति सीलसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति सम्मासमाधि; सम्मासमाधिम्हि सति सम्मा-समाधिसम्पन्नस्स उपनिसम्पन्नं होति यथाभूतञाणदस्सनं; यथाभूतञाणदस्सने सति [N.230] यथाभूतञाणदस्सनसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति निब्बिदाविरागो; निब्बिदाविरागे सति निब्बिदाविरागसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति विमुत्तिञाणदस्सनं। सेय्यथापि, भिक्खवे, रुक्खो साखापलाससम्पन्नो। तस्स पपटिका पि पारिपूरिं गच्छति, तचो पि फेग्गु पि सारो पि न पारिपूरिं गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, हिरोत्तप्पे सति हिरोत्तप्पसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति ...पे०... विमुत्तिञाणदस्सनं'' ति॥ ●

**२. सत्तसुरियसुत्तं :** १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति [R.100] अम्बपालिवने। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

२. ''अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा; अधुवा, भिक्खवे, सङ्खारा; [B.474]

---

निर्विदा-वैराग्य के नष्ट होने पर निर्विदा-वैराग्यरहित उस साधक का विमुत्तिज्ञानदर्शन विनष्ट हो जाता है। जैसे, भिक्षुओ! कोई शाखापलाशरहित वृक्ष हो; जिसकी पर्पटिका (त्वचा), छाल, तथा स्कन्ध आदि कुछ भी न हो; उसी प्रकार, ह्री एवं अवत्राप्य के न रहने पर साधक भिक्षु का ...पूर्ववत्... विमुक्तिज्ञानदर्शन विनष्ट हो जाता है।''

२. ''(परन्तु) भिक्षुओ! ह्री एवं अवत्राप्य के रहने पर उस ह्री-अवत्राप्यसम्पन्न साधक का इन्द्रियसंयम भी व्यवस्थित रहता है; इन्द्रियसंयम के रहने पर ...पूर्ववत्... विमुक्तिज्ञानदर्शन सुसम्पन्न रहता है।'' ●

**२. सप्तसूर्यसूत्र : : संस्कारों की अनित्यता**

१. ऐसा मैने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) वैशाली के आम्रपालिवन में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को ...पूर्ववत्...। भगवान् ने यह उपदेश किया—

२. ''भिक्षुओ! सभी संस्कार अनित्य हैं, अशाश्वत (विनाशी) हैं, इन संस्कारों से कोई

अनस्सासिका, भिक्खवे, सङ्खारा। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं अलं विरज्जितुं अलं विमुच्चितुं।

३. ''सिनेरु, भिक्खवे, पब्बतराजा चतुरासीतियोजनसहस्सानि आयामेन, चतुरासीतियोजनसहस्सानि वित्थारेन, चतुरासीतियोजनसहस्सानि महासमुद्दे अज्झोगाळ्हो, चतुरासीतियोजनसहस्सानि महासमुद्दा अच्चुग्गतो। होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन बहूनि वस्सानि बहूनि वस्ससतानि बहूनि वस्ससहस्सानि बहूनि वस्ससतसहस्सानि देवो न वस्सति। देवे खो पन, भिक्खवे, अवस्सन्ते ये केचिमे बीचगामभूतगामा ओसधितिणवनप्पतयो ते उस्सुस्सन्ति, विसुस्सन्ति, न भवन्ति। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अधुवा, भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

४. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन [R.101] दुतियो सुरियो पातुभवति। दुतियस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा या काचि कुन्नदियो कुसोब्भा ता उस्सुस्सन्ति विसुस्सन्ति, न भवन्ति। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

[N.231] ५. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन ततियो सुरियो पातुभवति। ततियस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा या काचि महानदियो, सेय्यथीदं—गङ्गा, यमुना, अचिरवती, सरभू, मही, ता उस्सुस्सन्ति विसुस्सन्ति, न भवन्ति। एवं अनिच्चा भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

---

आश्वासन मिलने वाला नहीं है। अतः, भिक्षुओ! जहाँ तक संस्कारों की बात है, तुमको सभी संस्कारों के प्रति निर्वेद (ग्लानि) एवं वैराग्य तथा त्याग की भावना रखनी चाहिये। (१)

३. ''भिक्षुओ! सुमेरु पर्वतराज लम्बाई में चौरासी हजार योजन है, विस्तार में भी चौरासी हजार योजन है, और चौरासी हजार ही समुद्र में डूबा हुआ है तथा चौरासी हजार ही समुद्र से ऊपर उठा हुआ है। भिक्षुओ! ऐसा भी एक समय आता है, जब बहुत समय बीत जाने पर भी, बहुत से वर्ष, यहाँ तक कि सैंकड़ों, हजारों, लाखों वर्ष बीत जाने पर भी वहाँ वर्षा नहीं होती। इस प्रकार, वर्षा न होने पर, वहाँ उत्पन्न बीजसमूह, जीवसमूह, औषधि, तृण एवं वनस्पतिसमूह सूख जाते हैं, नहीं रह जाते। इस प्रकार ये संस्कार भी अनित्य एवं विनाशी हैं ...पूर्ववत्... त्याग की भावना रखनी चाहिये।'' (२)

४. ''और, भिक्षुओ! एक समय ऐसा भी होता है जब, कभी बहुत समय बीतने के बाद, द्वितीय सूर्य पैदा होता है। भिक्षुओ! उस द्वितीय सूर्य के पैदा होने पर जितनी छोटी नदियाँ या छोटे जलस्रोत हैं वे सब सूख जाते हैं, उन में जल नहीं रहता; इसी प्रकार, भिक्षुओ! ये संस्कार भी अनित्य एवं विनाशी हैं ...पूर्ववत्... त्याग की भावना रखनी चाहिये।'' (३)

५. भिक्षुओ! कभी वह समय भी आता है जब, बहुत काल बीतने के बाद, तीसरे सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। तृतीय सूर्य के प्रादुर्भाव से जितनी भी बड़ी नदियाँ हैं; जैसे—गङ्गा, यमुना,

६. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन चतुत्थो सुरियो पातुभवति। चतुत्थस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा ये ते महासरा यतो इमा महानदियो पवत्तन्ति, सेय्यथीदं—अनोतत्ता, सीहपपाता, रथकारा, कण्णमुण्डा, कुणाला, छद्दन्ता, मन्दाकिनिया, ता उस्सुस्सन्ति विसुस्सन्ति, न भवन्ति। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

७. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन पञ्चमो सुरियो पातुभवति। पञ्चमस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा योजनसतिकानि पि महासमुद्दे उदकानि ओगच्छन्ति, द्वियोजनसतिकानि पि महासमुद्दे उदकानि [B.475] ओगच्छन्ति, तियोजनसतिकानि पि, चतुयोजनसतिकानि पि, पञ्चयोजनसतिकानि पि, छयोजनसतिकानि पि, सत्तयोजनसतिकानि पि महासमुद्दे उदकानि ओगच्छन्ति; सत्ततालं पि महासमुद्दे उदकं सण्ठाति, छतालं पि, पञ्चतालं पि, चतुतालं पि, तितालं पि, द्वितालं पि, तालमत्तं पि महासमुद्दे उदकं सण्ठाति; सत्तपोरिसं पि महासमुद्दे उदकं सण्ठाति, [R.102] छपोरिसं पि, पञ्चपोरिसं पि, चतुपोरिसं पि, तिपोरिसं पि, द्विपोरिसं पि, पोरिसं पि, अड्ढपोरिसं पि, कटिमत्तं पि, जण्णुकामत्तं पि, गोप्फकमत्तं पि महासमुद्दे उदकं सण्ठाति। सेय्यथापि, भिक्खवे, सरदसमये थुल्लफुसितके देवे वस्सन्ते तत्थ तत्थ गोपदेसु उदकानि

---

अचिरवती, सरयू, एवं मही—ये सब सूख जाती हैं, जल से रिक्त हो जाती हैं। इसी प्रकार, भिक्षुओ! सभी संस्कार ...पूर्ववत्... त्याग की भावना करनी चाहिये। (४)

६. ''भिक्षुओ! पुनः एक समय वह भी आता है, जब बहुत काल बीतने के बाद, चतुर्थ सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। उस सूर्य के प्रादुर्भाव से जितने भी महान् सरोवर हैं, जिन से ये विशाल नदियाँ निकलती हैं; जैसे—अनवतप्त, सिंहप्रपात, रथकार, कर्णमुण्ड, कुणाल, षड्दन्त एवं मन्दाकिनी—ये सब सूख जाते हैं, जल विहीन हो जाते हैं; इसी प्रकार, भिक्षुओ! ये संस्कार भी ...पूवर्वत्... त्याग की भावना करनी चाहिये।'' (५)

७. ''और, भिक्षुओ! एक समय वह भी आता है कि जब, कभी लम्बा काल बीत जाने के बाद, पंचम सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। भिक्षुओ! इस पञ्चम सूर्य के प्रादुर्भूत होने से उसके प्रखर ताप के कारण महासमुद्र का जल सैकड़ों योजन नीचे चला जाता है, दो सौ योजन... तीन सौ योजन... चार सौ योजन... पाँच सौ योजन... छह सौ योजन... महासमुद्र का जल सात सौ योजन नीचे चला जाता है। फिर कभी उसी समुद्र में केवल सात ताल जितना जल रह जाता है, छह ताल... पाँच ताल... चार ताल... तीन ताल... दो ताल... एकताल मात्र जल रह जाता है। कभी इस से भी कम छह पुरुष... पाँच पुरुष... चार पुरुष... तीन पुरुष... दो पुरुष... एक पुरुष प्रमाण जल रह जाता है; कभी आधा पुरुष... कभी पुरुष की कटिमात्र... कभी पुरुष के जानु (घुटना) मात्र... कभी पुरुष के गुल्फ (टखना) मात्र जल समुद्र में रह जाता है और कभी तो इससे भी नीचे चला जाता है। जैसे, भिक्षुओ! शरद् ऋतु में मोटी बूँदों में जल बरस रहा हो उस से गायों के खुरों से बने आकार में जितना जल भरता है उतना जल रह जाय। कहने का तात्पर्य यह है भिक्षुओ! कि उस पञ्चम सूर्य के

ठितानि होन्ति; एवमेव खो, भिक्खवे, तत्थ तत्थ गोप्फकमत्तानि महासमुद्दे उदकानि ठितानि होन्ति। पञ्चमस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा अङ्गुलिपब्बमत्तं पि महासमुद्दे उदकं न होति। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

[N.232] ८. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन छट्ठो सुरियो पातुभवति। छट्ठस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा अयं च महापथवी सिनेरु च पब्बतराजा धूमायन्ति संधूमायन्ति, सम्पधूमायन्ति। सेय्यथापि, भिक्खवे, कुम्भकारपाको आलेपितो पठमं धूमेति संधूमेति सम्पधूमेति; एवमेव खो, भिक्खवे, छट्ठस्स सुरियस्स पातुभावा अयं च महापथवी सिनेरु च पब्बतराजा धूमायन्ति संधूमायन्ति सम्पधूमायन्ति। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा ...पे०... अलं विमुच्चितुं।

[R.103] ९. ''होति खो सो, भिक्खवे, समयो यं कदाचि करहचि दीघस्स अद्धुनो अच्चयेन सत्तमो सुरियो पातुभवति। सत्तमस्स, भिक्खवे, सुरियस्स पातुभावा अयं च [B.476] महापथवी सिनेरु च पब्बतराजा आदिप्पन्ति पज्जलन्ति एकजाला भवन्ति। इमिस्सा च, भिक्खवे, महापथविया सिनेरुस्स च पब्बतराजस्स झायमानानं दय्हमानानं अच्चि वातेन खित्ता याव ब्रह्मलोका पि गच्छति। सिनेरुस्स, भिक्खवे, पब्बतराजस्स झायमानस्स दय्हमानस्स विनस्समानस्स महता तेजोखन्धेन अभिभूतस्स योजनसतिकानि पि कूटानि पलुज्जन्ति, द्वियोजनसतिकानि पि, तियोजनसतिकानि पि, चतुयोजनसतिकानि पि, पञ्चयोजनसतिकानि पि कूटानि पलुज्जन्ति। इमिस्सा च, भिक्खवे, महापथविया सिनेरुस्स च पब्बतराजस्स झायमानानं दय्हमानानं नेव छारिका पञ्ञायति न मसि। सेय्यथापि, भिक्खवे, सप्पिस्स वा तेलस्स वा झायमानस्स दय्हमानस्स नेव छारिका पञ्ञायति न मसि; एवमेव खो, भिक्खवे, इमिस्सा च महापथविया सिनेरुस्स च

---

प्रादुर्भाव से, प्रखर ताप के कारण, अङ्गुलि का एक पर्व डूबने योग्य जल भी नहीं रह जाता। इसी प्रकार, भिक्षुओ! ये सभी संस्कार ...पूर्ववत्... त्याग की भावना करनी चाहिये।''

८. ''भिक्षुओ! एक समय वह भी आता है जब बहुत काल के बाद षष्ठ सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। उसके प्रखरतम ताप से यह महापृथ्वी एवं सुमेरु पर्वतराज उष्ण होकर धूआँ फेंकने लगते हैं; जैसे भिक्षुओ! कुम्भकार का आँवा आलेप के बाद पहले धूआँ फेंकता है; इसी प्रकार, भिक्षुओ! ये सभी संस्कार ...पूर्ववत्... त्याग की भावना करनी चाहिये।''

९. ''भिक्षुओ! ऐसा भी एक समय आता है जब कि एक लम्बा समय बीतने के बाद, सातवें सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। सातवें सूर्य का प्रादुर्भाव होने पर उसके प्रखरतम ताप से यह महापृथ्वी एवं सुमेरुपर्वतराज जल उठते हैं। इस महापृथ्वी एवं सुमेरु पर्वतराज सुमेरु की वह अग्नि, वायु के सहारे से, ब्रह्मलोक तक पहुँच जाती है। इस फैली हुई प्रज्वलित अग्नि से मार्ग में पड़ने वाले पर्वतों के सैकड़ों योजन ऊँचे बड़े बड़े शिखर, दो सौ योजन ऊँचे, तीन सौ योजन ऊँचे, चार सौ योजन ऊँचे, पाँच सौ योजन ऊँचे पर्वतशिखर जलकर राख हो जाते हैं। भिक्षुओ! इस महापृथ्वी और सुमेरु पर्वतराज के इस प्रकार सर्वथा जल जाने के बाद न उनकी राख मिलती है, न कालिख। जैसे,

पब्बतराजस्स झायमानानं दय्हमानानं नेव छारिका पञ्ञायति न मसि। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अधुवा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अनस्सासिका, भिक्खवे, सङ्खारा। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं अलं विरज्जितुं अलं विमुच्चितुं।

१०. "तत्र, भिक्खवे, को मन्ता को सद्धाता—'अयं च पथवी सिनेरु च [N.233] पब्बतराजा दय्हिस्सन्ति विनस्सिस्सन्ति, न भविस्सन्ती' ति अञ्ञत्र दिट्ठपदेहि!

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, सुनेत्तो नाम सत्था अहोसि तित्थकरो कामेसु वीतरागो। सुनेत्तस्स खो पन, भिक्खवे, सत्थुनो अनेकानि सावकसतानि अहेसुं। सुनेत्तो, भिक्खवे, सत्था सावकानं ब्रह्मलोकसहब्यताय धम्मं देसेसि। ये खो पन, भिक्खवे, सुनेत्तस्स [R.104] सत्थुनो ब्रह्मलोकसहब्यताय धम्मं देसेन्तस्स सब्बेन सब्बं सासनं आजानिंसु ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं ब्रह्मलोकं उपपज्जिंसु। ये न सब्बेन सब्बं सासनं आजानिंसु ते कायस्स भेदा परं मरणा अप्पेकच्चे परनिम्मितवसवत्तीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे निम्मानरतीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे तुसितानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु अप्पेकच्चे यामानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे तावतिंसानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे चातुमहाराजिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे खत्तियमहासालानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे ब्राह्मणमहासालानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे गहपतिमहासालानं सहब्यतं उपपज्जिंसु।

११. "अथ खो, भिक्खवे, सुनेत्तस्स सत्थुनो एतदहोसि—'न खो मेतं पतिरूपं

---

भिक्षुओ! दीप के घी एवं तैल के जल जाने के बाद न उसकी राख मिलती है न कालिख; इसी प्रकार, भिक्षुओ! सभी संस्कार अनित्य हैं। अत: भिक्षुओ! इन सभी संस्कारों में निर्विदा वैराग्य एवं त्याग की भावना करनी चाहिये।" (७)

१०. "भिक्षुओ! इस बात की कौन मीमांसा करेगा या इस पर श्रद्धा करेगा कि यह महापृथ्वी या सुमेरु पर्वतराज इस प्रकार सर्वांशत: जलकर नष्ट हो जायँगे कि इन की सत्ता भी न रहेगी। प्रत्यक्षदर्शी (इतिहास के ज्ञाता) ही इसके एकमात्र साक्षी रह जायँगे।"

"पहले कभी, भिक्षुओ! सुनेत्र नामक शास्ता हुए थे जो धर्मद्रष्टा (तीथङ्कर) भी थे और वासनाओं में निरासक्त। भिक्षुओ! इन सुनेत्र शास्ता के अनेक शत श्रावक थे। भिक्षुओ! वे सुनेत्र शास्ता अपने शिष्यों को ब्रह्मलोक से मैत्री भावना के उपदेशक थे। जो उस सुनेत्र शास्ता के ब्रह्मलोक से मैत्री भावना का उपदेश अपने मन में ठीक से बैठाकर उसकी साधना कर सके वे, अपने इस देहपात के बाद, मरणानन्तर ब्रह्मलोक में उत्पन्न हो गये। परन्तु जो उनके उपदेश को अपने मन में उचित पद्धति से मन में न बैठा सके वे उसकी उसी प्रकार से साधना कर देहपात के बाद, कोई परनिर्मित देवों की मैत्री प्राप्त कर... कुछ निर्माणरति देवों के साथ मैत्रीभाव प्राप्त कर... कुछ तुषित देवों के साथ... कुछ यामदेवों के साथ... कुछ त्रायस्त्रिंश देवों के साथ... कुछ चातुर्महाराजिक देवों के साथ... कुछ क्षत्रियों के उच्च कुलों में... कुछ ब्राह्मणों के उच्च कुलों में... कुछ गृहपतियों के उच्च कुलों में मैत्रीभाव के साथ उत्पन्न हुए।

[B.477] 'योहं सावकानं समसमगतियो अस्सं अभिसम्परायं, यन्नूनाहं उत्तरि मेत्तं भावेय्यं' ति।

१२. "अथ खो, भिक्खवे, सुनेत्तो सत्था सत्त वस्सानि मेत्तं चित्तं भावेसि। सत्तवस्सानि मेत्तं चित्तं भावेत्वा सत्तसंवट्टविवट्टकप्पे नयिमं लोकं पुनरागमासि। संवट्टमाने [R.105] सुदं, भिक्खवे, लोके आभस्सरूपगो होति। विवट्टमाने लोके सुञ्ञं ब्रह्मविमानं उपपज्जति। तत्र सुदं, भिक्खवे, ब्रह्मा होति महाब्रह्मा अभिभू अनभिभूतो अञ्ञदत्थुदसो वसवत्ती। छत्तिंसक्खत्तुं खो पन, भिक्खवे, सक्को अहोसि देवानमिन्दो। अनेकसतक्खत्तुं राजा अहोसि चक्कवत्ती धम्मिको धम्मराजा चातुरन्तो विजितावी जनपदत्थावरियप्पत्तो सत्तरतनसमन्नागतो। परोसहस्सं खो पनस्स पुत्ता अहेसुं सूरा वीरङ्गरूपा परसेनप्पमद्दना। [N.234] सो इमं पथविं सागरपरियन्तं अदण्डेन असत्थेन धम्मेन अभिविजिय अज्झावसि। सो हि नाम, भिक्खवे, सुनेत्तो सत्था एवं दीघायुको समानो एवं चिरट्ठितिको अपरिमुत्तो अहोसि 'जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि। अपरिमुत्तो दुक्खस्मा ति वदामि।

१३. "तं किस्स हेतु? चतुन्नं धम्मानं अननुबोधा अप्पटिवेधा। कतमेसं चतुन्नं? अरियस्स, भिक्खवे, सीलस्स अननुबोधा अप्पटिवेधा, अरियस्स समाधिस्स अननुबोधा अप्पटिवेधा, अरियाय पञ्ञाय अननुबोधा अप्पटिवेधा, अरियाय विमुत्तिया अननुबोधा

---

११. "तब उन सुनेत्र शास्ता के मन में यह विचार उठा—'यह मेरे लिये उचित नहीं है कि मैं भी अपने शिष्यों के समान ही दूसरे लोकों में उत्पन्न होऊँ! मुझे तो कुछ अतिरिक्त (विशेष) साधना करनी चाहिये।'

१२. "तब, भिक्षुओ! सुनेत्र शास्ता ने सात वर्ष तक निरन्तर मैत्री भावना की साधना की। सात वर्ष तक मैत्रीचित्त की भावना करने के फलस्वरूप वे सात संवर्त-विवर्त कल्प तक इस लोक में उत्पन्न नहीं हुए। भिक्षुओ! पुनः किसी संवर्त कल्प में वे आभस्वर देवलोक में उत्पन्न हुए। तथा अन्य विवर्त कल्प में वे शून्य ब्रह्मलोक में उत्पन्न हुए। उस समय उस ब्रह्मलोक का महाब्रह्मा सर्वविजयी, किसी से भी परास्त न होने वाला, निश्चयात्मक ज्ञानी वशवर्ती ब्रह्मा था। ३६ (छत्तीस) बार वे देवेन्द्र शक्र बने। सैंकड़ों बार वे ऐसे चक्रवर्ती सम्राट् बने जो धार्मिक धर्मपूर्वक राज्य करनेवाले, चतुर्दिग्विजयी, जनपदों में शान्ति एवं स्थिरता लाने वाले तथा सातों रत्नों के प्रापक बने। जिनके उस समय हजारों पुत्र हुए जो शूर वीर तथा शत्रुसेना के संहारक थे। वे (सुनेत्र) इस समस्त सागरपर्यन्त पृथ्वी को विना किसी दण्ड एवं शस्त्र की सहायता से जीतकर शासन करते रहे। इस प्रकार भिक्षुओ! वे सुनेत्र शास्ता इतने दीर्घायु एवं ऐसे चिरस्थायी होकर भी जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य तथा पश्चात्ताप से सर्वथा मुक्त न हो सके—ऐसा मेरा मानना है।

१३. "इसमें क्या कारण है? चार धर्मों का अनुबोध (समस्त ज्ञान) तथा प्रतिवेध (ज्ञान के अन्तस्तल तक प्रवेश) न होने के कारण। कौन से चार धर्मों का? (१) आर्य शील का अनुवेध-प्रतिवेध उनको नहीं हुआ था, (२) आर्य समाधि का..., (३) आर्य प्रज्ञा का..., (४) आर्य विमुक्ति

अप्पटिवेधा। तयिदं, भिक्खवे, अरियं सीलं अनुबुद्धं पटिविद्धं, अरियो समाधि अनुबोधा पटिविद्धो अरिया पञ्ञा अनुबोधा पटिविद्धा, अरिया विमुत्ति अनुबोधा पटिविद्धा, उच्छिन्ना भवतण्हा, खीणा भवनेत्ति, नत्थि दानि पुनब्भवो'' ति।

१४. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था— [R.106]

''सीलं समाधि पञ्ञा च, विमुत्ति च अनुत्तरा।
अनुबुद्धा इमे धम्मा, गोतमेन यसस्सिना॥
''इति बुद्धो अभिञ्ञाय, धम्ममक्खासि भिक्खुनं।
दुक्खस्सन्तकरो सत्था, चक्खुमा परिनिब्बुतो'' ति॥ ●

**३. नगरोपमसुत्तं** : १. ''यतो खो, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं [B.478] सत्तहि नगरपरिक्खारेहि सुपरिक्खतं होति, चतुन्नं च आहारानं निकामलाभी होति अकिच्छलाभी अकसिरलाभी। इदं वुच्चति, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अकरणीयं बाहिरेहि पच्चत्थिकेहि पच्चामित्तेहि।

२. ''कतमेहि सत्तहि नगरपरिक्खारेहि सुपरिक्खतं होति? इध, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे एसिका होति गम्भीरनेमा सुनिखाता अचला असम्पवेधी। इमिना पठमेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

---

का अनुवेध-प्रतिवेध नहीं हुआ था। भिक्षुओ! आज (मेरा) वह आर्यशील, आर्यसमाधि, आर्यप्रज्ञा एवं आर्यविमुक्ति सर्वथा अनुविद्ध एवं प्रतिविद्ध हो चुकी है। इस अनुवेध एवं प्रतिवेध के कारण मेरी भवतृष्णा नष्ट हो चुकी है, भवनेत्री (बन्धन-रज्जु) टूट चुकी है, अब यहाँ मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा।''

भगवान् ने यह कहा। ऐसा कहकर सुगत ने (गाथाओं के माध्यम से) यह भी कहा—

''शील, समाधि, प्रज्ञा एवं श्रेष्ठ विमुक्ति—ये चार धर्म यशस्वी गौतम ने पूर्णतः ज्ञात कर लिये हैं॥

''इस प्रकार तथागत बुद्ध ने स्वयं जानकर, साक्षात्कार कर शिष्यों को इनका उपदेश किया। जो उपदेश सर्व दुःखों के नाशक हैं। तदनन्तर ही वे ज्ञानी बुद्ध परिनिर्वृत हुए॥'' ●

**३. नगरोपमसूत्र : : सात धर्म एवं चार ध्यान**

१. ''भिक्षुओ! किसी राजा का कोई सीमान्त नगर सात प्रकार के नगर-परिष्कारों (सुरक्षाओं) से सुरक्षित रहता है, जहाँ चतुर्विध आहार सर्वथा सुलभ होते हैं; भिक्षुओ! राजा का वह सीमान्त नगर किसी बलवान् से बलवान् शत्रु द्वारा भी किन्हीं बाह्य उपकरणों से नहीं जीता जा सकता।

२. ''किन सात सुरक्षाओं से राजा का वह सीमान्त नगर सुपरिष्कृत होता है? यहाँ, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर की एषिकाएँ (दृढ़ स्तम्भ) गहरी नींव वाली, अधिक नीचे तक गड़ी हुई, अचल (न हिलायी जा सकने योग्य) तथा अकम्प्य हों। इस प्रथम नगरपरिष्कार से वह नगर

३. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे परिखा होति गम्भीरा चेव [N.235] वित्थता च। इमिना दुतियेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे अनुपरियायपथो होति उच्चो [R.107] चेव वित्थतो च। इमिना ततियेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

५. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं आवुधं सन्निचितं होति सलाकं चेव जेवनिकं च। इमिना चतुत्थेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुबलकायो पटिवसति, सेय्यथीदं—हत्थारोहा अस्सारोहा रथिका धनुग्गहा चेलका चलका पिण्डदायका उग्गा राजपुत्ता पक्खन्दिनो महानागा सूरा चम्मयोधिनो दासकपुत्ता। इमिना पञ्चमेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे दोवारिको होति पण्डितो ब्यत्तो [B.479] मेधावी अञ्ञातानं निवारेता ञातानं पवेसेता। इमिना छट्ठेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय।

८. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे पाकारो होति उच्चो चेव वित्थतो

---

सुपरिष्कृत होता है। इससे उस नगर की आन्तरिक सुरक्षा बाह्य आक्रमणों के समय सुपरिष्कृत मानी जाती है। (१)

३. ''पुनः, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर के चारों ओर खुदी हुई खाइयाँ (परिखा) गहरी एवं चौड़ी होती हैं। अतः इस द्वितीय नगरपरिष्कार के कारण भी वह सीमान्त नगर सुपरिष्कृत होता है। (२)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! उस सीमान्त नगर में जाने वाला गुप्त समानान्तर मार्ग भी ऊँचा एवं विस्तृत होता है। ...पूर्ववत्...। (३)

५. ''पुनः, भिक्षुओ! उस सीमान्त नगर में विशाल आयुध-भाण्डागार हो, जिसमें छोटे बड़े शस्त्रास्त्रों का आधिक्य हो। ...पूर्ववत्...। (४)

६. पुनः, भिक्षुओ! उस सीमान्त नगर में शूर वीर सेना का बाहुल्य हो, जिसमें हाथी, घुड़सवार, रथी, धनुर्धारी, तम्बू आदि तथा उनको ढोने वाले, रसोइया, प्रतापी क्षत्रिय सैनिक, लड़ाकू हाथी, ढाल-तलवारों से युद्ध करने वाले वेतनभोगी सैनिक हों। ...पूर्ववत्...। (५)

७. पुनः, भिक्षुओ! उस सीमान्त नगर का एक प्रधान द्वारपाल हो, जो बुद्धिमान्, चतुर, मेधावी, अपरिचितों को रोक देने वाला, तथा परिचितों को ही वहाँ प्रवेश देने वाला हो। ...पूर्ववत्...। (६)

च वासनलेपनसम्पन्नो च। इमिना सत्तमेन नगरपरिक्खारेन सुपरिक्खतं होति रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय। इमेहि सत्तहि [R.108] नगरपरिक्खारेहि सुपरिक्खतं होति।

९. ''कतमेसं चतुन्नं आहारानं निकामलाभी होति अकिच्छलाभी अकसिरलाभी? इध, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं तिणकट्ठोदकं सन्निचितं होति अब्भन्तरानं [N.236] रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय बाहिरानं पटिघाताय।

१०. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं सालियवकं सन्निचितं होति अब्भन्तरानं रतिया अपरितस्साय फासुविहाय बाहिरानं पटिघाताय।

११. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं तिलमुग्गमासापरण्णं सन्निचितं होति अब्भन्तरानं रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय बाहिरानं पटिघाताय।

१२. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं भेसज्जं सन्निचितं होति, सेय्यथीदं—सप्पि नवनीतं तेलं मधु फाणितं लोणं अब्भन्तरानं रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय बाहिरानं पटिघाताय। इमेसं खो, भिक्खवे, चतुन्नं आहारानं निकामलाभी होति अकिच्छालाभी अकसिरलाभी।

१३. ''यतो खो, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं इमेहि सत्तहि नगरपरिक्खारेहि सुपरिक्खतं होति, इमेसं च चतुन्नं आहारानं निकामलाभी होति अकिच्छलाभी

---

८. ''पुन:, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर के चारों ओर सुदृढ़ प्राकार (ऊँची, चौड़ी दीवार) हो, जो ऊँचा हो, विस्तृत से तथा उसमें किसी स्थान पर भी टूट-फूट न हो। इस सप्तम नगर परिष्कार से सुपरिष्कृत वह सीमान्त नगर बलवान् से बलवान् शत्रुसेना का छोटा या बड़ा आक्रमण सहने में समर्थ होता है। इन सात नगरपरिष्कारों से युक्त कोई भी आदर्श सीमान्त नगर सुपरिष्कृत माना जाता है। (७) (क)

९. ''कौन चार प्रकार के आहार उस सीमान्तनगर में निश्चयपूर्वक सुलभ होने चाहिये? यहाँ, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में तृण, काष्ठ, एवं उदक का बाहुल्य होना चाहिये, जिससे उस नगर के वासी सैनिक उसमें सुख-सुविधापूर्वक रहते हुए बाह्य शत्रु के आक्रमण का उत्तर दे सकें। (१)

१०. ''पुन:, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में शालि (चावल) एवं यव (जौ) का भी विशाल संग्रह होना चाहिये, जिससे ...पूर्ववत्...। (२)

११. ''पुन:, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में तिल, मूँग, उड़द या छोटे अन्न का भी अतिशय संग्रह रहना चाहिये, जिससे ...पूर्ववत्...। (३)

१२. ''पुन:, भिक्षुओ! उस सीमान्त नगर में विविध ओषधियों का भी विपुल भण्डार होना चाहिये, जिससे वहाँ के निवासी उनका उपयोग कर स्वस्थ रहते हुए ...पूर्ववत्...। (४) (ख)

१३. जैसे, भिक्षुओ! राजा का वह सीमान्तनगर इन सात परिष्कारों तथा चतुर्विध आहारों से परिपूर्ण रहकर बाह्य शत्रु को आक्रमण का दृढ़ता तथा वीरतापूर्वक उत्तर देने में समर्थ होता है, उसी

अकसिरलाभी। इदं वुच्चति, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं अकरणीयं बाहिरेहि [R.109] पच्चत्थिकेहि पच्चामित्तेहि। एवमेव खो, भिक्खवे, यतो अरियसावको सत्तहि [B.180] सद्धम्मेहि समन्नागतो होति, चतुन्नं च झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्म-सुखविहारानं निकामलाभी होति अकिच्छलाभी अकसिरलाभी। अयं वुच्चति, भिक्खवे, अरियसावको अकरणीयो मारस्स अकरणीयो पापिमतो। कतमेहि सत्तहि सद्धम्मेहि समन्नागतो होति?

१४. "सेय्यथापि, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे एसिका होति गम्भीरनेमा सुनिखाता अचला असम्पवेधी अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय; एवमेव खो, भिक्खवे, अरियसावको सद्धो होति, सद्दहति तथागतस्स बोधिं 'इति पि सो ...पे०... बुद्धो भगवा' ति। सद्धेसिको, भिक्खवे, अरियसावको अकुसलं पजहति, कुसलं भावेति; सावज्जं पजहति, अनवज्जं भावेति; सुद्धं अत्तानं परिहरति। इमिना पठमेन सद्धम्मेन समन्नागतो होति।

[N.237] १५. "सेय्यथापि, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे परिक्खा होति गम्भीरा चेव वित्थता च अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय; एवमेव खो, भिक्खवे, अरियसावको हिरीमा होति, हिरीयति कायदुच्चरितेन वचीदुच्चरितेन मनोदुच्चरितेन, हिरीयति पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया। हिरीपरिखो खो, भिक्खवे, अरियसावको अकुसलं पजहति, कुसलं भावेति; सावज्जं पजहति, अनवज्जं भावेति; सुद्धं अत्तानं परिहरति। इमिना दुतियेन सद्धम्मेन समन्नागतो होति।

---

प्रकार, भिक्षुओ! कोई आर्यश्रावक सात सद्धर्मों से युक्त तथा चार ध्यानों की सुविधापूर्वक साधना करने में समर्थ होता है। भिक्षुओ! इस आर्यश्रावक को पापी मार के आक्रमण का कोई भय नहीं होता।

"वह किन सात धर्मों से युक्त होता है?"

१४. जैसे, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में सुपरिष्कृत बाह्य स्तम्भ (एषिका) बाह्य शत्रु के आक्रमण को रोकने में समर्थ हैं; उसी प्रकार, भिक्षुओ! यदि वह आर्यश्रावक तथागत के प्रति श्रद्धालु होता है तो ऐसा वह आर्यश्रावक अकुशल धर्मों का त्याग एवं कुशल धर्मों की भावना करने लगता है। तब सदोष धर्मों का त्याग एवं निर्दोष धर्मों की भावना करने लगता है, इस प्रकार वह इस प्रथम सद्धर्म से युक्त होकर अपने आपको क्रमशः शुद्ध करता चलता है। (१)

१५. "जैसे, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में, बाह्य शत्रुओं से रक्षा के लिये, उसके चारों ओर गहरी और विस्तृत खाई होती है; वैसे ही, भिक्षुओ! वह आर्यश्रावक लज्जालु होता है अतः काय, वाक् एवं मन के दुराचारों के करने में लज्जा का अनुभव करता है। इस प्रकार वह आर्यश्रावक अपने चारों ओर लज्जारूप परिखा बनाकर अकुशल धर्मों का त्याग एवं कुशल धर्मों का ग्रहण करता है...। इस द्वितीय ...पूर्ववत्...। (२)

१६. "जैसे, भिक्षुओ! राजा के उस सीमान्त नगर में, बाह्य शत्रुओं से रक्षा के लिये... एक

१६. ''सेय्यथापि, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे अनुपरियायपथो होति उच्चो चेव वित्थतो च अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय; एवमेव खो, भिक्खवे, अरियसावको ओत्तप्पी होति, ओत्तप्पति कायदुच्चरितेन वचीदुच्चरितेन मनोदुच्चरितेन, ओत्तप्पति पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया। ओत्तप्पपरियायपथो, भिक्खवे, भिक्खवे, अरियसावको अकुसलं पजहति, कुसलं भावेति; सावज्जं पजहति, [R.110] अनवज्जं भावेति; सुद्धं अत्तानं परिहरति। इमिना ततियेन सद्धम्मेन समन्नागतो होति।

१७. ''सेय्यथापि, भिक्खवे, रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं आवुधं सन्निचितं होति सलाकं चेव जेवनिकं च अब्भन्तरानं गुत्तिया बाहिरानं पटिघाताय; एवमेव खो, भिक्खवे, अरियसावको बहुस्सुतो होति ...पे०... दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा। सुतावुधो, भिक्खवे, अरियसावको अकुसलं पजहति, कुसलं भावेति; सावज्जं पजहति, अनवज्जं [B.481] भावेति; सुद्धं अत्तानं परिहरति। इमिना चतुत्थेन सद्धम्मेन समन्नागतो होति।

''अत्थि ख्वेस, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो' ति। अहं हि, ब्राह्मण, जिगुच्छामि कायदुच्चरितेन वचीदुच्चरितेन मनोदुच्चरितेन; जिगुच्छामि अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया। अयं [R.175] खो, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो' ति, नो च खो यं त्वं सन्धाय वदेसी'' ति।

८. ''वेनयिको भवं गोतमो'' ति!

''अत्थि ख्वेस, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो' ति। अहं हि, ब्राह्मण, विनयाय धम्मं देसेमि रागस्स दोसस्स मोहस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं विनयाय धम्मं देसेमि। अयं खो, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो' ति, नो च खो यं त्वं सन्धाय वदेसी'' ति।

९. ''तपस्सी भवं गोतमो'' ति!

[B.21] ''अत्थि ख्वेस, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो' ति। तपनीयाहं, ब्राह्मण, पापके अकुसले धम्मे वदामि कायदुच्चरितं वचीदुच्चरितं मनोदुच्चरितं। यस्स खो, ब्राह्मण, तपनीया पापका अकुसला

---

''हाँ, ब्राह्मण ...पूर्ववत्... कोई मुझे 'उच्छेदवादी' भी कहा सकता है। ब्राह्मण! मैं 'राग, द्वेष, मोह का उच्छेद करना चाहिये'—ऐसा कहता हूँ। साथ ही विविध पापमय अकुशल धर्मों का उच्छेद कहता हूँ। ...पूर्ववत्... ।'' (४)

७.''भो गौतम! आप जुगुप्सु (घृणा करने वाले) हैं।''

''... मैं कायिक, वाचिक एवं मानसिक दुश्चरितों से घृणा करता हूँ। साथ ही विविध पापमय अकुशल धर्मों से भी घृणा करता हूँ। ...पूर्ववत्... ।'' (५)

८. ''आप,भो गौतम! वैनयिक (हटाने वाले) हैं।''

''... ब्राह्मण! मैं राग, द्वेष एवं मोह के विनयन (हटाने) के लिये उपदेश करता हूँ। साथ ही विविध पापमय अकुशल धर्मों के हटाने की भी देशना करता रहता हूँ। ...पूर्ववत्... ।'' (६)

९. ''भो गौतम! आप तपस्वी हैं।''

''...ब्राह्मण! मैं पापमय अकुशल धर्मो को, काय वाक् एवं मन के दुराचारों को तपाने का उपदेश करता हूँ। ब्राह्मण! जिसके ये तपनीय पापमय अकुशल धर्म नहीं रह गये, उच्छिन्नमूल हो गये... उसको मैं 'तपस्वी' कहता हूँ। ब्राह्मण! तथागत के भी ये पापमय धर्म नहीं रह गये,

धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं 'तपस्सी' ति वदामि। तथागतस्स खो, ब्राह्मण, तपनीया पापका अकुसला धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। अयं खो, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो' ति, नो च खो यं त्वं सन्धाय वदेसी'' ति।

१०. ''अपगब्भो भवं गोतमो'' ति!

''अत्थि ख्वेस, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो ति'। यस्स खो, ब्राह्मण, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभिनिब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं [N.290] 'अपगब्भो' ति वदामि। तथागतस्स खो, ब्राह्मण, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभि-[R.176] निब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। अयं खो, ब्राह्मण, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो' ति, नो च खो यं त्वं सन्धाय वदेसि।

११. ''सेय्यथापि, ब्राह्मण, कुक्कुटिया अण्डानि अट्ठ वा दस वा द्वादस वा। तानस्सु कुक्कुटिया सम्मा अधिसयितानि सम्मा परिसेदितानि सम्मा परिभावितानि। यो नु खो तेसं कुक्कुटच्छापकानं पठमतरं पादनखसिखाय वा मुखतुण्डकेन वा अण्डकोसं पदालेत्वा सोत्थिना अभिनिब्भिज्जेय्य, किन्ति स्वास्स वचनीयो—'जेट्ठो वा कनिट्ठो वा'' ति?

''जेट्ठो तिस्स, भो गोतम, वचनीयो। सो हि नेसं, भो गोतम, जेट्ठो होती'' ति।

१२. ''एवमेव खो अहं, ब्राह्मण, अविज्जागताय पजाय अण्डभूताय परियोनद्धाय अविज्जण्डकोसं पदालेत्वा एको व लोके अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो। अहं हि,

---

उच्छिन्नमूल हो गये... अत: मैं भी 'तपस्वी' कहला सकता हूँ। परन्तु उस कारण से नहीं, जिस आशय से तुम मुझको कह रहे हो।'' (७)

१०. ''भो गौतम! आप अपगर्भ (अप्रगल्भ = अकुशल) हैं।''

''...ब्राह्मण! जिसका भविष्य में गर्भ में आना सदा के लिये रुक गया है, नष्ट हो गया है... उसको मैं 'अपगर्भ' (पुनर्जन्म न होना) मानता हूँ। यह मेरा सदा के लिये ...पूर्ववत्... जिस आशय से तुम मुझे कह रहे हो। (८) (क)''

११. ''जैसे, ब्राह्मण! किसी मुर्गी के आठ दश अण्डे हो, वे उस मुर्गी द्वारा अच्छी तरह सेवित, परिभावित हों जब मुर्गी के उन बच्चों में जो सबसे पहले पैरों के नखों के अग्र भाग से या चौंच से अण्डे को तोड़कर बाहर निकले उसको क्या कहोगे—ज्येष्ठ या कनिष्ठ?''

''ज्येष्ठ कहेंगे, भो गौतम! क्योंकि, भो गौतम! वही उनमें ज्येष्ठ (प्रथम उत्पन्न) होता है।''

१२. ''इसी प्रकार, ब्राह्मण! अविद्यारूप अण्डे से जकड़ी हुई इस प्रजा में मैं अकेला ही अविद्यारूप अण्डे का खोल फोड़कर सर्वप्रथम सम्यक्सम्बोधि (बुद्धत्व) का ज्ञाता हुआ हूँ। मैं

ब्राह्मण, जेट्ठो सेट्ठो लोकस्स। आरद्धं खो पन मे, ब्राह्मण, विरियं अहोसि असल्लीनं, उपट्ठिता [B.22] सति असम्मुट्ठा, पस्सद्धो कायो असारद्धो, समाहितं चित्तं एकग्गं। सो खो अहं, ब्राह्मण, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरामि; वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं [R.177] चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि; पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरामि सतो च सम्पजानो सुखं च कायेन पटिसंवेदेमि यं तं अरिया आचिक्खन्ति—'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि; सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना पुब्बेव सोमनस्सदोमनस्सानं अत्थङ्गमा अदुक्खमसुखं उपेक्खासतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरामि।

[N.291] १३. "सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते पुब्बेनिवासानुस्सतिञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेसिं। सो अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरामि, सेय्यथीदं—एकं पि जातिं द्वे पि जातियो तिस्सो पि जातियो चतस्सो पि जातियो चत्तालीसं पि जातियो पञ्ञासं पि जातियो जातिसतं पि जातिसहस्सं पि जातिसतसहस्सं पि अनेके पि संवट्टकप्पे अनेके पि विवट्टकप्पे अनेके पि संवट्टविवट्टकप्पे—'अमुत्रासिं एवंनामो एवंगोत्तो एवंवण्णो एवमाहारो एवंसुख-दुक्खप्पटिसंवेदी एवमायुपरियन्तो, सो ततो चुतो इधूपपन्नो' ति। इति साकारं सउद्देसं

---

ही, ब्राह्मण! लोक में ज्येष्ठ हूँ, श्रेष्ठ हूँ। मैने ही, ब्राह्मण! लोक में न दीखने वाला वीर्य आरम्भ किया। विस्मरणरहित स्मृति भी मेरे सम्मुख थी। अतः, मेरा शरीर स्थिर एवं शान्त था। चित्त भी एकाग्र एवं समाहित था। अतः ब्राह्मण! कामभोग एवं अकुशल कर्मों से दूर रहकर वितर्क विचार सहित, प्रीति से उत्पन्न प्रथम ध्यान को प्राप्त कर साधना करने लगा। वितर्क एवं विचारों के शान्त हो जाने पर, आध्यात्मिक शान्ति, चित्त की एकाग्रता, अवितर्क, अविचार समाधि से उत्पन्न प्रीतिसुखमय द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर साधना करने लगा। प्रीति से भी विरक्त और उपेक्षक हो कर साधना करता हुआ, स्मृतिमान् सम्प्रजन्य (अनुभव) युक्त हो कर काया से सुख को भी अनुभव करता हुआ, जिसको कि आर्यजन उपेक्षक, स्मृतिमान् एवं सुखविहारी कहते हैं ऐसे तृतीय ध्यान को प्राप्त कर सुख-दुःख के प्रहाण से, सौमनस्य (चित्तोल्लास) एवं दौर्मनस्य (चित्तसन्ताप) के पहले ही शान्त हो जाने से, अदुःख, असुख, उपेक्षा, स्मृतिपरिशुद्धि रूप चतुर्थ ध्यान को प्राप्त कर साधना करता हूँ।

१३. "इस प्रकार, चित्त के समाहित, परिशुद्ध, पर्यवदात, अङ्गण (चित्तमल) रहित, उपक्लेशरहित, मृदुभूत, कर्मयोग्य, स्थिर तथा अचलताप्राप्त (समाहित) हो जाने पर पूर्व जन्मों की स्मृति के ज्ञान के लिये उस चित्त को झुकाया। फिर मैं अपने अनेक पूर्वजन्मों को स्मरण करने लगा; जैसे— एक जन्म भी, दो जन्म भी... हजार जन्म भी, अनेक संवर्त, अनेक विवर्त, अनेक संवर्त विवर्त— जहाँ मैं इस नाम का, इस गोत्र का, इस वर्ण का, ऐसा आहार करने वाला, ऐसे सुख दुःख का अनुभव करने वाला तथा इतनी आयु वाला था। वह मैं वहाँ से च्युत होकर यहाँ उत्पन्न हुआ हूँ। वह मैं आकार एवं उद्देश्य सहित धारण किये हुए अपने अनेक पूर्वजन्मों का स्मरण करने लगा।

अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरामि। अयं खो मे, ब्राह्मण, रत्तिया पठमे यामे पठमा विज्जा अधिगता; अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो, यथा तं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो। अयं खो मे, ब्राह्मण, पठमा अभिनिब्भिदा अहोसि कुक्कुटच्छापकस्सेव अण्डकोसम्हा।

१४. ''सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे [R.178] मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते सत्तानं चुतूपपातञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेसिं। सो दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते पस्सामि चवमाने उपपज्जमाने हीने [B.23] पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे सत्ते पजानामि—'इमे वत भोन्तो सत्ता कायदुच्चरितेन समन्नागता वचीदुच्चरितेन समन्नागता मनोदुच्चरितेन समन्नागता अरियानं उपवादका मिच्छादिट्ठिका मिच्छादिट्ठिकम्मसमादाना; ते कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपन्ना ति। इमे वा पन भोन्तो सत्ता कायसुचरितेन समन्नागता वचीसुचरितेन समन्नागता मनोसुचरितेन समन्नागता अरियानं अनुपवादका सम्मादिट्ठिका सम्मादिट्ठिकम्मसमादाना; ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपन्ना' ति। इति दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन सत्ते पस्सामि चवमाने उपपज्जमाने हीने पणीते सुवण्णे दुब्बण्णे, सुगते दुग्गते यथाकम्मूपगे सत्ते पजानामि। अयं खो मे, [N.292] ब्राह्मण, रत्तिया मज्झिमे यामे दुतिया विज्जा अधिगता; अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो, यथा ते अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो। अयं खो मे, ब्राह्मण, दुतिया अभिनिब्भिदा अहोसि कुक्कुटच्छापकस्सेव अण्डकोसम्हा।

---

ब्राह्मण! इस प्रकार प्रमादरहित, तत्पर, आत्मसंयमयुक्त साधना करते हुए मुझको रात्रि के प्रथम प्रहर में पहली विद्या प्राप्त हुई। अविद्या नष्ट हुई, विद्या आयी। अन्धकार नष्ट हुआ, प्रकाश उत्पन्न हुआ। ब्राह्मण! उस अण्डे से निकले मुर्गी के बच्चे के समान फूटकर यह मेरा पहला बाहर निकलना हुआ।

१४. ''इस प्रकार मैने चित्त के परिशुद्ध, पर्यवदात ...पूर्ववत्... हो जाने पर प्राणियों के जन्म-मरण के ज्ञान के लिये अपने चित्त को झुकाया। मनुष्यदुर्लभ दिव्य विशुद्ध नेत्र से अच्छे बुरे, सुवर्ण दुर्वर्ण, सुगत दुर्गत (सद्गति एवं दुर्गति प्राप्त) प्राणियों को कर्मानुसार मरते जन्मते देखने लगा। उनमें से कुछ प्राणी कायदुश्चरित, वाग्दुश्चरित एवं मनोदुश्चरित से युक्त होते हुए आर्यों के निन्दक एवं मिथ्या दृष्टि वाले थे। वे देहपात के बाद, अपायमय दुर्गतिभूत निरय (नरक) लोक में उत्पन्न हुए। और कुछ कायसुचरित, वाक्सुचरित एवं मनःसुचरित से युक्त थे, वे आर्यों के प्रशंसक, सम्यग्दृष्टि एवं सम्यग्दृष्टि कर्मों से सम्पन्न थे। वे देहपातानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न हुए। इस प्रकार मैने मानव-दुर्लभ दिव्य नेत्रों से. ...पूर्ववत्... कर्मानुसार उत्पन्न एवं मृत प्राणियों को देखा। इस प्रकार, ब्राह्मण! प्रमादरहित, तत्पर एवं आत्मसंयत मुझको रात्रि के द्वितीय प्रहर में यह द्वितीय विद्या अधिगत हुई। अविद्या नष्ट हो गयी, विद्या प्राप्त हुई; अन्धकार नष्ट हो गया, प्रकाश उद्भूत हुआ। ब्राह्मण! अण्डे से निकले मुर्गी के बच्चे के समान मेरा यह दूसरा बाहर निकलना हुआ।

१५. ''सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते आसवानं खयञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेसिं। सो 'इदं दुक्खं' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं दुक्खसमुदयो' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं दुक्खनिरोधो' [R.179] ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं; 'इमे आसवा' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं आसवसमुदयो' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं आसवनिरोधो' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, 'अयं आसवनिरोधगामिनी पटिपदा' ति यथाभूतं अब्भञ्ञासिं। तस्स मे एवं जानतो एवं पस्सतो कामासवा पि चित्तं विमुच्चित्थ, भवासवा पि चित्तं विमुच्चित्थ, अविज्जासवा पि चित्तं विमुच्चित्थ। विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं अहोसि। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति अब्भञ्ञासिं। अयं खो मे, ब्राह्मण, रत्तिया पच्छिमे यामे ततिया विज्जा अधिगता; [B.24] अविज्जा विहता विज्जा उप्पन्ना; तमो विहतो आलोको उप्पन्नो, यथा तं अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो। अयं खो मे, ब्राह्मण, ततिया अभिनिब्भिदा अहोसि कुक्कुटच्छापकस्सेव अण्डकोसम्हा'' ति।

१६. एवं वुत्ते वेरञ्जो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—''जेट्ठो भवं गोतमो, सेट्ठो भवं गोतमो। अभिक्कन्तं, भो गोतम, अभिक्कन्तं, भो गोतम! सेय्यथापि, भो गोतम, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती ति, एवमेव भोता गोतमेन अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं भवन्तं गोतमं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति॥ ●

---

१५. ''इस प्रकार चित्त के परिशुद्ध ...पूर्ववत्... मैंने अपने चित्त को आश्रवक्षयज्ञान के लिये झुकाया। तब मैंने 'यह दुःख है'—यह भली भाँति जान लिया, 'यह दुःखसमुदय है'... 'यह दुःखनिरोध है'... 'यह दुःखनिरोधगामी मार्ग है'—यह भली भाँति जान लिया। 'ये आश्रव हैं'... 'यह आश्रवसमुदय है'... 'यह आश्रवनिरोध है'... 'यह आश्रवनिरोधगामी मार्ग है'—यह भली भाँति जान लिया। इस प्रकार जानते, समझते हुए मेरा चित्त कामाश्रवों से मुक्त हो गया, भवाश्रवों से... अविद्याश्रवों से भी मुक्त हो गया। उसके मुक्त होने पर 'मैं मुक्त हो चुका'—ऐसा मुझको ज्ञात हो गया। 'मेरी जन्म मरण परम्परा क्षीण हो गयी, धर्मसाधना पूर्ण हुई, जो करना था वह कर लिया, अब यहाँ कोई कर्तव्य शेष नहीं है'—ऐसा मैंने जान लिया। ब्राह्मण! रात्रि के तीसरे प्रहर में प्रमादरहित तत्पर, एवं आत्मसंयत मुझको यह तृतीय विद्या अधिगत हुई। अविद्या नष्ट हो गयी, विद्या प्राप्त हुई; अन्धकार नष्ट हो गया, आलोक उद्भूत हुआ। ब्राह्मण! अण्डे से निकले मुर्गी के बच्चे के समान मेरा यह तीसरा फूट कर बाहर निकलना हुआ।

१६. (भगवान् द्वारा) ऐसा कहे जाने पर, वह वेरञ्ज ब्राह्मण भगवान् से यों निवेदन करने लगा—'आप गौतम ही ज्येष्ठ हैं, आप गौतम ही श्रेष्ठ हैं। भो गौतम! आपने अति सुन्दर कहा। भो गौतम! जैसे कोई ओंधे पात्र को सीधा कर दे ...पूर्ववत्... उपासक मानें॥' ●

**२. सीहसुत्तं :** १. एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागार- [N.293] सालायं। तेन खो पन समयेन सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति।

२. तेन खो पन समयेन सीहो सेनापति निगण्ठसावको तस्सं परिसायं [R.180] निसिन्नो होति। अथ खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि—"निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भविस्सति, तथा हिमे सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। यन्नूनाहं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं" ति।

३. अथ खो सीहो सेनापति येन निगण्ठो नाटपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा निगण्ठं नाटपुत्तं एतदवोच—"इच्छामहं, भन्ते, समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमितुं" ति। "किं पन त्वं, सीह, किरियवादो समानो अकिरियवादं समणं गोतमं दस्सनाय [B.25] उपसङ्कमिस्ससि? समणो हि, सीह, गोतमो अकिरियवादो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती" ति।

अथ खो सीहस्स सेनापतिस्स यो अहोसि गमियाभिसङ्खारो भगवन्तं दस्सनाय, सो पटिप्पस्सम्भि।

---

**२. सिंहसूत्र** : :

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) वैशाली के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय सभाभवन में एकत्र हुए बैठे बहुत से प्रतिष्ठित लिच्छवि (भगवान्) बुद्ध का यशोगान कर रहे थे, धर्म का... सङ्घ का यशोगान कर रहे थे।

२. उस समय, निगण्ठशिष्य सिंह सेनापति भी उस सभा में बैठा था। तब सिंह सेनापति के मन में यह विचार हुआ—"अवश्य ही वे भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध होंगे, तभी तो यहाँ एकत्र होकर बैठे ये प्रतिष्ठित लिच्छवि भी उनका, धर्म का तथा सङ्घ का यह यशोगान कर रहे हैं। तो क्यों न मैं भी उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध के दर्शन कर आऊँ।"

३. तब वह सिंह सेनापति निर्ग्रन्थ ज्ञातिपुत्र के पास गया। वहाँ जाकर उनसे यों बोला—"भन्ते! मैं श्रमण गौतम के दर्शनहेतु जाना चाहता हूँ।"

"अरे सिंह! क्या तूँ, क्रियावादी होता हुआ भी, उस अक्रियावादी श्रमण गौतम के पास जायगा! सिंह! श्रमण गौतम अक्रियावाद का उपदेश करता है, अपने शिष्यों को भी उस अक्रियावाद की साधनाहेतु प्रेरित करता है।"

यह सुनकर सिंह सेनापति का भगवान् के दर्शनहेतु जाने का मानसिक विचार वहीं का वहीं दब गया।

४. दुतियं पि खो सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स ...पे०... धम्मस्स ...पे०... सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। दुतियं पि खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि—"निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मा-सम्बुद्धो भविस्सति, तथा हिमे सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स ...पे०.. सङ्घस्स [R.181] वण्णं भासन्ति। यन्नूनाहं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं" ति।

५. अथ खो सीहो सेनापति येन निगण्ठो नाटपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा [N.294] निगण्ठं नाटपुत्तं एतदवोच—"इच्छामहं, भन्ते, समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमितुं" ति।

"किं पन त्वं, सीह, किरियवादो समानो अकिरियवादं समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमिस्ससि? समणो हि, सीह, गोतमो अकिरियवादो अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती" ति।

दुतियं पि खो सीहस्स सेनापतिस्स यो अहोसि गमियाभिसङ्खारो भगवन्तं दस्सनाय, सो पटिप्पस्सम्भि।

६. ततियं पि खो सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स ...पे०... धम्मस्स ...पे०... सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। ततियं पि खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि—"निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भविस्सति, तथा हिमे सम्बहुला अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। किं हिमे करिस्सन्ति निगण्ठा अपलोकिता वा अनपलोकिता वा! [B.26] यन्नूनाहं अनपलोकेत्वा व निगण्ठे तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं" ति।

७. अथ खो सीहो सेनापति पञ्चमत्तेहि रथसतेहि दिवादिवस्स वेसालिया निय्यासि

---

४. दूसरी बार भी बहुत से प्रतिष्ठित लिच्छवि संस्थागार में ...पूर्ववत्... क्यों न मैं भी भगवान् का दर्शन कर आऊँ।

५. तब वह सिंह सेनापति निर्ग्रन्थ ज्ञातिपुत्र के पास गया ...पूर्ववत्... क्यों न मैं भी भगवान् के दर्शन कर आऊँ।...

६. जब तीसरी बार सिंह सेनापति ने लिच्छवियों के मुख से भगवान् बुद्ध की यशोगाथा सुनी तो उसने विचार किया कि निर्ग्रन्थ ज्ञातिपुत्र से आदेश लेकर क्या होगा! वे मेरी क्या हानि कर देंगे! अत: मैं तो उनसे पूछे विना ही अब भगवान् के दर्शन करने जाऊँगा।

७. तब सिंह सेनापति वैशाली से पाँच सौ रथों के साथ दिन दिन में (दोपहर में) ही भगवान्

भगवन्तं दस्सनाय। यावतिका यानस्स भूमि, यानेन गन्त्वा याना पच्चोरोहित्वा पत्तिको व अगमासि। अथ खो सीहो सेनापति येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सीहो सेनापति भगवन्तं एतदवोच—

८. "सुतं मेतं, भन्ते—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं [R.182] देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। ये ते, भन्ते, एवमाहंसु—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति, कच्चि ते, भन्ते, भगवतो वुत्तवादिनो न च भगवन्तं अभूतेन अब्भाचिक्खन्ति धम्मस्स चानुधम्मं व्याकरोन्ति न च कोचि सहधम्मिको वादानुवादो गारय्हं ठानं आगच्छति? अनब्भक्खातुकामा हि मयं, भन्ते, भगवन्तं" ति।

९. "अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—[N.295] 'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१०. "अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'किरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

११. "अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'उच्छेदवादो समणो गोतमो, उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१२. "अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१३. "अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—[B.27] 'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

---

के दर्शनहेतु निकला। जितने मार्ग पर यान से जाया जा सकता था, यान से गया। तदनन्तर यान से उतरकर पैदल चलकर वह विहार में भगवान् के सम्मुख पहुँचा। पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठा हुआ वह सिंह सेनापति भगवान् से यों बोला—

८. "भन्ते! मैंने सुना है—'श्रमण गौतम अक्रियावादी हैं। अक्रिया के लिये धर्मोपदेश करते हैं, तथा शिष्यों को भी इसके लिये प्रेरित करते हैं।' भन्ते! जो ऐसा कहता है, क्या वह भगवान् के विषय में सत्य कहता है, असत् तो नहीं कहता, धर्मानुसार ही धर्म का व्याख्यान करता है? कोई सहधर्मिक वादानुवाद तो इससे निन्दित नहीं होता? भन्ते! हम भगवान् की निन्दा नहीं करना चाहते।"

९. "सिंह! एक कारण है, जिस कारण से मेरा उचित विश्लेषण करता हुआ, कोई यह कहे—'श्रमण गौतम अक्रियवादी है, अक्रियवाद का उपदेश करता है, अपने शिष्यों को भी उसकी साधना के लिये प्रेरित करता है।' (१)

१०. ... 'श्रमण गौतम क्रियावादी है, क्रियावाद का उपदेश करता है ...पूर्ववत्...। (२)

११. ... 'श्रमण गौतम उच्छेदवादी हैं, उच्छेदवाद का उपदेश करता है ...पूर्ववत्...। (३)

१२. ... 'श्रमण गौतम जुगुप्सु है, जुगुप्सा का उपदेश करता है ...पूर्ववत्...। (४)

१४. ''अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो, तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१५. ''अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो, अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१६. ''अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सासको समणो गोतमो, अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

[R.183] १७. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, अकिरियं वदामि कायदुच्चरितस्स वचीदुच्चरितस्स मनोदुच्चरितस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं अकिरियं वदामि। अयं खो, सीह, परियायो, [N.296] येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१८. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'किरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, किरियं वदामि कायसुचरितस्स वचीसुचरितस्स मनोदुच्चरितस्स; अनेकविहितानं कुसलानं धम्मानं किरियं वदामि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'किरियवादो समणो गोतमो, किरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

१९. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—[B.28] 'उच्छेदवादो समणो गोतमो, उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, उच्छेदं वदामि रागस्स दोसस्स मोहस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं उच्छेदं वदामि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'उच्छेदवादो समणो गोतमो, उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

२०. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—

---

१३. ... 'श्रमण गौतम वैनयिक है, विनय का उपदेश ...पूर्ववत्...। (५)

१४. ... 'श्रमण गौतम तपस्वी है, तपस्या का उपदेश करता है ...पूर्ववत्...। (६)

१५. ... 'श्रमण गौतम अपगर्भ है, अपगर्भता का उपदेश करता है ...पूर्ववत्...। (७)

१६. ... 'श्रमण गौतम आश्वासक है, आश्वास का उपदेश ...पूर्ववत्...। (८)

१७. ''सिंह! वह कौन सा कारण है, जिस कारण से, मेरा उचित विश्लेषण करता हुआ कोई यह कहे कि श्रमण गौतम अक्रियावादी है... पूर्ववत्[१]...। (१)

१८. ''सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम क्रियावादी है... पूर्ववत्[२]...। (२)

१९. ''सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम उच्छेदवादी है... पूर्ववत्[३]...। (३)

---

१. २. ३. की विस्तृत व्याख्या के लिये अनुपद में वर्णित पूर्व **वेरञ्जसूत्र** देखें।

'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, जिगुच्छामि कायदुच्चरितेन वचीदुच्चरितेन मनोदुच्चरितेन; जिगुच्छामि अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

२१. "कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, विनयाय धम्मं देसेमि रागस्स दोसस्स मोहस्स; अनेकविहितानं पापकानं [R.184] अकुसलानं धम्मानं विनयाय धम्मं देसेमि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

२२. "कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'तपस्सी समणो गोतमो, तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? तपनीयाहं, सीह, पापके अकुसले धम्मे वदामि कायदुच्चरितं वचीदुच्चरितं मनोदुच्चरितं। यस्स [N.297] खो, सीह, तपनीया पापका अकुसला धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं 'तपस्सी' ति वदामि। तथागतस्स खो, सीह, तपनीया पापका अकुसला धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'तपस्सी समणो गोतमो, तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

२३. "कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—[B.29] 'अपगब्भो समणो गोतमो, अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? यस्स खो, सीह, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभिनिब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं 'अपगब्भो' ति वदामि। तथागतस्स खो, सीह, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभिनिब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो, अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

---

२०. "सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम जुगुप्सु है... पूर्ववत्[१]...। (४)

२१. "सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम वैनयिक है... पूर्ववत्[२]...। (५)

२२. "सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम तपस्वी है... पूर्ववत्[३]...। (६)

२३. "सिंह... कोई यह कहे कि श्रमण गौतम अपगर्भ है... पूर्ववत्[४]...। (७)

---

१. २. ३. ४. की विस्तृत व्याख्या के लिये अनुपद में वर्णित पूर्व **वेरञ्जसूत्र** देखें।

२४. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सासको समणो गोतमो, अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं [R.185] हि, सीह, अस्सासको परमेन अस्सासेन, अस्सासाय धम्मं देसेमि, तेन च सावके विनेमि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सासको समणो गोतमो, अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती''' ति।

२५. एवं वुत्ते सीहो सेनापति भगवन्तं एतदवोच—''अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते ...पे०... उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति।

२६. ''अनुविच्चकारं खो, सीह, करोहि। अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं साधु होती'' ति।

''इमिनापाहं, भन्ते, भगवतो भिय्योसोमत्ताय अत्तमनो अभिरद्धो, यं मं भगवा एवमाह—'अनुविच्चकारं खो, सीह, करोहि। अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं [N.298] साधु होती' ति। मं हि, भन्ते, अञ्ञतित्थिया सावकं लभित्वा केवलकप्पं वेसालिं पटाकं परिहरेय्युं—'सीहो अम्हाकं सेनापति सावकत्तं उपगतो' ति। अथ च पन भगवा एवमाह—'अनुविच्चकारं, सीह, करोहि। अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं साधु होती' ति। एसाहं, भन्ते, दुतियं पि भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति।

[B.30] २७. ''दीघरत्तं खो ते, सीह, निगण्ठानं ओपानभूतं कुलं, येन नेसं उपगतानं पिण्डकं दातब्बं मञ्ञेय्यासी'' ति।

''इमिनापाहं, भन्ते, भगवतो भिय्योसोमत्ताय अत्तमनो अभिरद्धो, यं मं भगवा

---

२४. ''सिंह! क्या कारण है कि जिससे मेरा उचित विश्लेषण करने वाला मुझको यह कहे कि श्रमण गौतम आश्वासक (आश्वासन=धैर्य देने वाला) है, आश्वासन के लिये धर्मदेशना करता है, उसी की साधना के लिये अपने शिष्यों को प्रेरित करता है, क्योंकि सिंह! मैं परम आश्वासन से धैर्य बँधाता हूँ, उसी के लिये मैं अपने शिष्यों को प्रेरित करता हूँ। यह कारण है जिससे ...।'' (८)

२५. (भगवान् द्वारा ऐसी देशना किये जानेपर) सिंह सेनापति ने भगवान् से निवेदन किया—''अति सुन्दर कहा, भन्ते! आपने, बहुत उचित कहा। ...पूर्ववत्... आज से आप भगवान् मुझे जीवनपर्यन्त अपना शरणागत उपासक समझें।''

२६. ''सिंह! जो करना हो सोच समझकर करो। तुम्हारे जैसे समाज में प्रख्यात पुरुषों के लिये सोच विचार कर कार्य करना ही उचित होगा।''

''भन्ते! मैं आपके इस... उपदेश से और भी अधिक सन्तुष्ट हुआ। भन्ते! दूसरे तैर्थिक मुझको श्रावक पाकर वैशाली में पताकाएँ उडाते कि सिंह सेनापति हमारा श्रावक हो गया! परन्तु आप अब भी मुझको यही उपदेश कर रहे हैं कि सोच समझ कार्य करो...। भन्ते! आपके इस उपदेश से और भी अधिक प्रसन्नमन एवं सन्तुष्ट हूँ। अतः मैं पुनः दूसरी बार आप की शरण में धर्म और सङ्घ की शरण में जाता हूँ।''

एवमाह—'दीघरत्तं खो ते, सीह, निगण्ठानं ओपानभूतं कुलं, येन नेसं उपगतानं पिण्डकं दातब्बं मञ्ञेय्यासी' ति। सुतं मेतं, भन्ते—'समणो गोतमो एवमाह—मय्हमेव दानं [R.186] दातब्बं, न अञ्ञेसं दिन्नं महप्फलं; मय्हमेव सावकानं दिन्नं महप्फलं, न अञ्ञेसं सावकानं दिन्नं महप्फलं ति, अथ च पन मं भगवा निगण्ठेसु पि दाने समादपेति। अपि च, भन्ते, मयमेत्थ कालं जानिस्साम। एसाहं, भन्ते, ततियं पि भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति।

२८. अथ खो भगवा सीहस्स सेनापतिस्स अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथीदं—दानकथं सीलकथं सग्गकथं, कामानं आदीनवं ओकारं सङ्किलेसं नेक्खम्मे आनिसंसं पकासेसि। यदा भगवा अञ्ञासि सीहं सेनापतिं कल्लचित्तं मुदुचित्तं विनीवरणचित्तं उदग्गचित्तं पसन्नचित्तं, अथ या बुद्धानं सामुक्कंसिका धम्मदेसना तं पकासेसि—दुक्खं समुदयं निरोधं मग्गं। सेय्यथापि नाम सुद्धं वत्थं अपगतकाळकं सम्मदेव रजनं पटिग्गण्हेय्य; एवमेव सीहस्स सेनापतिस्स तस्मिंयेव आसने विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—''यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं'' ति।

२९. अथ खो सीहो सेनापति दिट्ठधम्मो पत्तधम्मो विदितधम्मो परि- [N.299] योगाळ्हधम्मो तिण्णविचिकिच्छो विगतकथङ्कथो वेसारज्जप्पत्तो अपरप्पच्चयो सत्थुसासने

---

२७. ''सिंह! बहुत समय से तुम्हारा कुल निगण्ठों के लिये प्याऊ के समान रहा है। तुम्हारे द्वारा पर उनके आने पर भिक्षा न देने की बात न सोचना।''

''भन्ते! मैं आपके इस उपदेश से और भी अधिक ...पूर्ववत्... भिक्षा न देने की बात न सोचना। भन्ते! मैंने तो सुना था कि श्रमण गौतम यह कहते हैं कि मुझे ही दान दो, अन्य किसी को दान न दो; क्योंकि मुझको दिया हुआ दान ही फलप्रद होता है, अन्य किसी को दिया हुआ नहीं। जबकि आप मुझे अब भी निगण्ठों को दान का उपदेश कर रहे हैं। यह सुनकर तो मैं और भी अधिक सन्तुष्ट हुआ। अतः मैं तीसरी बार आपकी तथा धर्म एवं सङ्घ की शरण में जाता हूँ।''

२८. तब भगवान् ने सिंह सेनापति को **आनुपूर्वी कथा** कहना आरम्भ किया; जैसे—सर्वप्रथम दान का माहात्म्य, पुनः सदाचार का माहात्म्य, पुनः सुगतिमय स्वर्गलोक का माहात्म्या, पुनः उसको कामभोगों के दोष समझाये, उनसे होने वाले अपराध एवं उनके फलस्वरूप मिलने वाले दण्ड समझाये। उससे प्राप्त होनेवाले कष्ट को समझाया और साथ ही निष्काम कर्म का महत्त्व भी समझाया। अन्त में जब भगवान् ने जान लिया कि सिंह सेनापति का चित्त, अरोग (स्वस्थ), मृदु, दोषों से अनाच्छन्न, उत्साहसम्पन्न, प्रसन्न (श्रद्धालु) हो चुका है तब उनने सिंह सेनापति को बुद्धों की स्वयं समुत्कृष्ट होने वाली आर्यसत्यचतुष्टय की यह धर्मदेशना बताना आरम्भ किया; जैसे—दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध एवं दुःखनिरोधगामी मार्ग। जैसे कोई निर्मल स्वच्छ वस्त्र शीघ्र ही यथेच्छ रंग पकड़ लेता है, वैसे ही उस सिंह सेनापति भगवान् का यह उपदेश सुनते ही यह दिव्य ज्ञान हो गया—''जो कुछ उत्पत्ति धर्म वाला पदार्थ है वह सब निरोधधर्म वाला है।''

२९. तब सिंह सेनापति यह धर्मोपदेश सुन कर, प्राप्त कर, जानकर, उसकी गहराई तक

भगवन्तं एतदवोच—''अधिवासेतु मे, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' [R.187] ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन।

३०. अथ खो सीहो सेनापति भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो सीहो सेनापति अञ्ञतरं पुरिसं आमन्तेसि—''गच्छ त्वं, अम्भो पुरिस, पवत्तमंसं जानाही'' ति। अथ खो सीहो सेनापति [B.31] तस्सा रत्तिया अच्चयेन सके निवेसने पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—''कालो, भन्ते! निट्ठितं भत्तं'' ति।

३१. अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन सीहस्स सेनापतिस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। तेन खो पन समयेन सम्बहुला निगण्ठा वेसालियं रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं बाहा पग्गय्ह कन्दति—''अज्ज सीहेन सेनापतिना थूलं पसुं वधित्वा समणस्स गोतमस्स भत्तं कतं? तं समणो गोतमो जानं उद्दिस्सकतं मंसं परिभुञ्जति पटिच्चकम्मं'' ति।

३२. अथ खो अञ्ञतरो पुरिसो येन सीहो सनापति तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा सीहस्स सेनापतिस्स उपकण्णके आरोचेसि—''यग्घे, भन्ते, जानेय्यासि! एते सम्बहुला निगण्ठा वेसालियं रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति—'अज्ज सीहेन सेनापतिना थूलं पसुं वधित्वा समणस्स गोतमस्स भत्तं कतं। तं समणो गोतमो [R.188] जानं उद्दिस्सकतं मंसं परिभुञ्जति पटिच्चकम्मं' ति। अलं अय्यो, दीघरत्तं हि ते

---

पहुँचकर सन्देहरहित, विवादरहित, कौशल के साथ शास्ता के शासन में पूर्ण विश्वास करता हुआ भगवान् से यों निवेदन करने लगा—''आप भिक्षुसङ्घ के साथ कल का भोजन मेरे घर पर स्वीकार करें।'' भगवान् ने मौनभाव से सिंह सेनापति का यह निमन्त्रण स्वीकार कर लिया।

३०. एतदनन्तर, सिंह सेनापति भगवान् की मौन स्वीकृति जानकर, उनको प्रणाम प्रदक्षिणा कर अपने घर चला आया। वहाँ सिंह सेनापति ने अपने किसी अनुचर से कहा—''जाओ! देखो, क्या बाजार में तैयार मांस है?''। तब सिंह सेनापति ने रात्रि व्यतीत होने पर अपने घर पर ही स्वादिष्ठ एवं रुचिकर व्यञ्जन बनवाये। तथा भगवान् के पास भोजन तय्यार होने का सन्देश भेजा।

३१. तब भगवान् पूर्वाह्ण में वस्त्र व्यवस्थित कर, पात्र चीवर लेकर भिक्षुसङ्घ के साथ सिंह सेनापति के घर आये तथा प्रज्ञप्त आसन पर विराजे। उस समय निर्ग्रन्थ नाथपुत्र के अनुयायी (जैनसाधु) वैशाली की गलियों में घूम-घूमकर यह दुष्प्रचार कर रहे थे—''आज सिंह सेनापति ने एक मोटा पशु मारकर श्रमण गौतम के लिये भोजन बनवाया है। श्रमण गौतम, उसके लिये ही बनाया जानकर भी, उसे खा रहा है।''

३२. तब किसी पुरुष ने सिंह सेनापति के कान में जाकर कहा—''माननीय! आप जानते हैं कि नहीं! ये निर्ग्रन्थ नाथपुत्र के शिष्य वैशाली की गलियों में घूम घूमकर चिल्ला रहे हैं—...पूर्ववत्...। परन्तु आप कोई विचार न करें; क्योंकि ये जैन साधु तो बहुत समय से भगवान् की, इनके धर्म तथा सङ्घ की इसी तरह निन्दा करते हुए इनके विरुद्ध मिथ्या प्रचार करते आ रहे हैं। ये

आयस्मन्तो अवण्णकामा बुद्धस्स अवण्णकामा धम्मस्स अवण्णकामा सङ्घस्स। न च पनेते आयस्मन्तो जिरिदन्ति तं भगवन्तं असता तुच्छा मुसा अभूतेन अब्भाचिक्खितुं; न च मयं जीवितहेतु पि सञ्चिच्च पाणं जीविता वोरोपेय्यामा'' ति।

३३. अथ खो सीहो सेनापति बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेसि सम्पवारेसि। अथ खो सीहो सेनापति भगवन्तं भुत्ताविं [N.300] ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो सीहं सेनापतिं भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामी ति॥

**३. अस्साजानीयसुत्तं :** १. ''अट्ठहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो [B.32] भद्दो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गन्तेव सङ्खं गच्छति। कतमेहि अट्ठहि? इध, भिक्खवे, रञ्ञो भद्दो अस्साजानीयो उभतो सुजातो होति—मातितो च पितितो च। यस्सं दिसायं अञ्ञे पि भद्दा अस्साजानीया जायन्ति तस्सं दिसायं जातो होति। यं खो पनस्स भोजनं देन्ति—अल्लं वा सुक्खं वा—तं सक्कच्चंयेव परिभुञ्जति अविकिरन्तो। जेगुच्छी होति उच्चारं वा पस्सावं वा अभिनिसीदितुं वा अभिनिपज्जितुं वा। सोरतो [R.189] होति सुखसंवासो, न च अञ्ञे अस्से उब्बेजेता। यानि खो पनस्स तानि होन्ति साठेय्यानि कूटेय्यानि जिम्हेय्यानि वङ्केय्यानि, तानि यथाभूतं सारथिस्स आविकत्ता होति। तेसमस्स सारथि अभिनिम्मदनाय वायमति। वाही खो पन होति। 'कामञ्ञे अस्सा वहन्तु वा मा वा, अहमेत्थ वहिस्सामी' ति चित्तं उप्पादेति। गच्छन्तो खो पन उजुमग्गेनेव गच्छति। थामवा

---

भगवान् की इस तरह निन्दा करते हुए कुछ लज्जा एवं संकोच भी नहीं करते। हम तो अपनी प्राणरक्षा के लिये भी किसी प्राणी की हत्या नहीं करेंगे।''

३३. तब सिंह सेनापति ने बुद्धसहित भिक्षुसङ्घ को अपने हाथ से स्वादिष्ट एवं रुचिकर भोजन परोस कर तृप्त एवं सन्तुष्ट किया। सिंह सेनापति पात्र से हाथ हटाने के बाद, भगवान् को तृप्त जानकर, एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे हुए सिंह सेनापति को भगवान् ने धार्मिक कथाएँ सुनाकर सन्तुष्ट, समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया। तदनन्तर वे आसन से उठकर विहार में आ गये॥●

**३. अश्वाजानेयसूत्र : : आजानेय अश्व के आठ धर्म**

१. भिक्षुओ! आठ अङ्गों से युक्त कोई श्रेष्ठ जाति का घोड़ा राजा के ही भोगने (सवारी) योग्य होता है तथा वह राजा का ही अङ्ग कहलाता है। किन आठ अङ्गों से? यहाँ १. भिक्षुओ! राजा का कोई अश्व दोनों पक्षों से श्रेष्ठ होता है—मातृपक्ष से भी, पितृपक्ष से भी। जिस दिशा में इस जाति के घोड़े पैदा होते हैं वहीं वह भी पैदा होता है। २. जो कुछ भी उसको खाने को दिया जाता है—सूखा या गीला, उसको वह सम्मान के साथ खाता है, विना इधर उधर विखेरते हुए। ३. वह जहाँ तहाँ मलमूत्रोत्सर्जन में बैठने या लौटने में घृणा मानता है। ४. वह शान्त एवं सुखपूर्वक खड़ा रहता है, चञ्चलता नहीं दिखाता, और पास खड़े दूसरे घोड़ों को उद्विग्न (परेशान) भी नहीं करता। ५. जो इसमें धूर्तता, टेढ़ापन आदि थोड़े बहुत दोष होते हैं उन्हें अश्वशिक्षक दूर कर देता है, या दूर करने का प्रयास करता है। ६. यह अधिक से अधिक भार ढोने में समर्थ है। अपितु जब उसके साथी

होति याव जीवितमरणपरियादाना थामं उपदंसेता। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि अङ्गेहि समन्नागतो रञ्ञो भद्दो अस्साजानीयो राजारहो होति राजभोग्गो, रञ्ञो अङ्गन्तेव सङ्ख्यं गच्छति।

२. "एवमेव खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्स। कतमेहि अट्ठहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु सीलवा होति, पातिमोक्खसंवरसंवुतो विहरति आचारगोचरसम्पन्नो अणुमत्तेसु वज्जेसु भयदस्सावी, समादाय सिक्खति सिक्खापदेसु। यं खो पनस्स भोजनं देन्ति—लूखं वा पणीतं वा—तं सक्कच्चंयेव परिभुञ्जति अविहञ्ञमानो। जेगुच्छी अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया। सोरतो होति सुखसंवासो, न अञ्ञे भिक्खू उब्बेजेता। यानि खो [N.301] पनस्स होन्ति साठेय्यानि कूटेय्यानि जिम्हेय्यानि वङ्केय्यानि तानि यथाभूतं [R.190] आविकत्ता होति सत्थरि वा विञ्ञूसु वा सब्रह्मचारीसु। तेसमस्स सत्था वा विञ्ञू वा सब्रह्मचारी अभिनिम्मदनाय वायमति। सिक्खिता खो पन होति। 'कामञ्ञे भिक्खू [B.33] सिक्खन्तु वा मा वा, अहमेत्थ सिक्खिस्सामी' ति चित्तं उप्पादेति। गच्छन्तो खो पन उजुमग्गेनेव गच्छति; तत्रायं उजुमग्गो, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि ...पे०... सम्मासमाधि। आरद्धविरियो विहरति—'कामं तचो च न्हारु च अट्ठि च अवसिस्सतु, सरीरे उपसुस्सतु मंसलोहितं; यं तं पुरिसथामेन पुरिसविरियेन पुरिसपरक्कमेन पत्तब्बं, न तं अपापुणित्वा

---

आलस्य करते हैं तब वह उसे अकेला ही ढोने का मन बना लेता है। ७. चलता हुआ सरलता से चलता है। ८. दृढ़ शक्तिसम्पन्न होता है तथा वह अपनी यह सामर्थ्य दिखाने के लिये जीना-मरना एक कर देता है। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त कोई अश्व राजा का ही अङ्ग कहलाता है।

२. इसी प्रकार, भिक्षुओ! आठ धर्मों से युक्त भिक्षु भेंट देने योग्य ...पूर्ववत्... लोक के लिये अद्वितीय पुण्यस्थल है। किन आठ धर्मों से? (१) यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्रातिमोक्षसंयम से संयत होकर शीलवान्, आचार (मन) एवं गोचर (कर्म) से सम्पन्न रहता है तथा छोटे छोटे निषिद्ध कर्मों में भी पाप मानने वाला होता है। वह सम्यक्तया शिक्षापदों का ग्रहण कर उनका अभ्यास करता है। (२) उसको जो कुछ भी गृहस्थों द्वारा भोजन दिया जाता है, उसे वह सत्कारपूर्वक तथा निन्दा किये विना खा लेता है। (३) काय वाक् एवं मन के दुराचारों से घृणा करता है। अनेक प्रकार के पापकर्मों से घृणा करता है। (४) वह जहाँ कहीं भी रहता है सुखपूर्वक रहता है, अन्य किसी भिक्षु को उद्विग्न भी नहीं करता। (५) उसके चरित्र में उसको जो शठता, कूटता, बाँकापन या टेढ़ापन दिखायी देता है उनको वह अपने शास्ता, विज्ञ साथियों को बताता रहता है। उनको उसके शास्ता एवं विज्ञ साथी हटाने का प्रयास करते हैं। (६) तथा वह यह सोचता है कि दूसरे भिक्षु यह शिक्षा ग्रहण करें या न करें मैं यह शिक्षा ग्रहण करता रहूँगा। (७) साधना की ओर बढ़ता हुआ वह सरल मार्ग से ही बढ़ता है; वह सरल मार्ग है—सम्यग्दृष्टि ...पूर्ववत्... सम्यक्समाधि। (८) वह ऐसे सङ्कल्प के साथ उद्योग आरम्भ करता है—'भले ही मेरी त्वचा स्नायु एवं अस्थियाँ शेष रह जायँ, मांस एवं रक्त भी सूख जाय; परन्तु मैं पुरुषबल, पुरुष-उद्योग एवं पराक्रम से उस लक्ष्य (अर्हत्त्व)

विरियस्स सण्ठानं भविस्सती' ति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु आहुनेय्यो होति ...पे०... अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा'' ति॥ ●

**४. अस्सखळुङ्कसुत्तं :** १. ''अट्ठ च, भिक्खवे, अस्सखळुङ्के देसेस्सामि अट्ठ च अस्स दोसे, अट्ठ च पुरिसखळुङ्के अट्ठ च पुरिसदोसे। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

२. ''कतमे च, भिक्खवे, अट्ठ अस्सखळुङ्का अट्ठ च अस्सदोसा? इध, भिक्खवे, एकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पच्छतो [R.191] पटिक्कमति, पिट्ठितो रथं पवत्तेति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, पठमो अस्सदोसो।

३. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पच्छा लङ्घति, कुब्बरं हनति, तिदण्डं भञ्जति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, दुतियो अस्सदोसो।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो [N.302] समानो चोदितो सारथिना रथीसाय सत्थि उस्सज्जित्वा रथीसंयेव अज्झोमद्दति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, ततियो अस्सदोसो।

---

को प्राप्त किये विना यह उद्योग नहीं छोड़ूँगा।' भिक्षुओ! इन आठ धर्मों से युक्त भिक्षु आह्वनीय ...पूर्ववत्... अद्वितीय पुण्यस्थल हैं॥'' ●

**४. अस्सखळुङ्कसूत्र : : दुष्ट अश्व के आठ दोष**

१. ''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें ऐसे दुष्ट अश्वों का, जिनमें आठ दोष होते हैं, तथा ऐसे दुष्ट पुरुषों का भी, जिनमें आठ दोष होते हैं, वर्णन करूँगा। उसको तुम सुनो और अपने मन में बैठा लो। मैं बताता हूँ।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर भिक्षुओं ने भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य की। भगवान् यह बोले—

२. ''भिक्षुओ! दुष्ट अश्व (हीन जाति का घोड़ा) एवं उसके आठ दोष कौन से होते हैं? भिक्षुओ! यहाँ किसी दुष्ट अश्व को सारथि द्वारा 'चलो' कहने पर चाबुक मारने पर भी, पीछे ही कदम बढ़ाता है, रथ को भी पीछे ढकेलता है। भिक्षुओ! ऐसा अश्व 'दुष्ट अश्व' कहलाता है। भिक्षुओ! उस हीनजाति के अश्व का यह प्रथम दोष है। (१)

३. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई ऐसा अश्व 'चलो' कहने पर सारथि को ही उलट देता है, रथ की धुरी पर दुलत्ती मारता है, रथ के त्रिदण्ड को तोड़ने का प्रयास करता है। भिक्षुओ! ऐसे हीनजाति के अश्व का यह द्वितीय दोष है। (२)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई ऐसा अश्व सारथि द्वारा 'चलो' कहने पर, चाबुक मारने पर भी रथ की ईषा को लात मार कर तोड़ने का प्रयास करता है, या कभी उसको तोड़ देता है। भिक्षुओ! ऐसे हीनजाति के अश्व का यह तृतीय दोष है। (३)

५. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना उम्मग्गं गण्हति, उब्बटुमं रथं करोति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो [B.34] अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, चतुत्थो अस्सदोसो।

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना लङ्घति पुरिमकायं पग्गण्हति पुरिमे पादे। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, पञ्चमो अस्सदोसो।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो [R.192] चोदितो सारथिना अनादियित्वा सारथिं अनादियित्वा पतोदलट्ठिं दन्तेहि मुखाधानं विधंसित्वा येन कामं पक्कमति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, छट्ठो अरस्सदोसो।

८. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना नेव अभिक्कमति नो पटिक्कमति तत्थेव खीलट्ठायी ठितो होति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, सत्तमो अस्सदोसो।

९. ''पुन च परं, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पुरिमे च पादे संहरित्वा पच्छिमे च पादे संहरित्वा तत्थेव चत्तारो पादे अभिनिसीदति। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो अस्सखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, अट्ठमो अस्सदोसो। इमे खो, भिक्खवे, अट्ठ अस्सखळुङ्का अट्ठ च अस्सदोसा।

---

५. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई अश्व सारथि द्वारा 'चलो' कहने पर, चाबुक मारने पर, रथ को कुमार्ग पर डाल देता है या उसको उलट देता है। ऐसे हीनजाति के अश्व का यह चतुर्थ दोष है। (४)

६. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई अश्व 'चलो' कहने पर तथा सारथि द्वारा चाबुक मारने पर, अपने शरीर के अग्रभाग को उठा लेता है या अपने अगले पैर उठाकर पिछले पैरों पर खड़ा हो जाता है। ऐसे हीनजाति के अश्व का यह पञ्चम दोष है। (५)

७. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई अश्व 'चलो' कहने पर सारथि द्वारा चाबुक मारने पर सारथि तथा चाबुक की उपेक्षा करता हुआ लगाम को मुख से निकालकर जिधर चाहे उधर भाग जाता है। भिक्षुओ! ऐसे हीनजाति के अश्व का यह षष्ठ दोष है। (६)

८. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई अश्व 'चलो' कहने पर तथा सारथि द्वारा चाबुक मारने पर भी न आगे बढ़ता है, न पीछे हटता है, अपितु यथास्थान, गड़े हुए कील के समान, खड़ा रहता है। भिक्षुओ! हीनजाति के अश्व का यह सप्तम दोष है। (७)

९. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई अश्व 'चलो' कहने पर तथा सारथि द्वारा चाबुक मारने पर अपने चारों पैरों को सिकोड़कर बैठ जाता है—ऐसा भी एक अश्व होता है। भिक्षुओ! हीनजाति के अश्वों में यह अष्टम दोष पाया जाता है। (८)

''भिक्षुओ! ये उन आठ हीनजाति के अश्व तथा उनमें पाये जाने वाले आठ दोष हैं॥

१०. ''कतमे च, भिक्खवे, अट्ठ पुरिसखळुङ्का अट्ठ च पुरिसदोसा? इध, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो 'न सरामी' ति असतिया निब्बेठेति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति [N.303] वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पच्छतो पटिक्कमति, पिट्ठितो रथं वत्तेति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, पठमो पुरिसदोसो।

११. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो चोदकंयेव पटिप्फरति—'किं नु खो तुय्हं [B.35] बालस्स अब्यत्तस्स भणितेन! त्वं पि नाम भणितब्बं मञ्ञसी' ति! सेय्यथापि सो, [R.193] भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पच्छा लङ्घति, कुब्बरं हनति, तिदण्डं भञ्जति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, दुतियो पुरिसदोसो।

१२. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो चोदकस्सेव पच्चारोपेति—'त्वं खोसि इत्थन्नामं आपत्तिं आपन्नो, त्वं ताव पठमं पटिकरोही' ति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना रथीसाय सत्थिं उस्सज्जित्वा रथीसंयेव अज्झोमद्दति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, ततियो पुरिसदोसो।

---

१०. ''और, भिक्षुओ! ये हीनजाति के पुरुष कौन से होते हैं? तथा उनमें पाये जाने वाले आठ दोष कौन से होते हैं? यहाँ, भिक्षुओ! बहुत से भिक्षु किसी भिक्षु को उसकी आपत्ति (अपराध) बताते हैं। वह भिक्षु उन भिक्षुओं की बात सुनकर कहता है कि मुझको स्मरण नहीं है, और उनके कथन को अस्वीकार कर देता है। जैसे भिक्षुओ! हीनजाति का प्रथम अश्व ...पूर्ववत्... ऐसा ही यह हीनजाति का पुरुष होता है। यह प्रथम पुरुष दोष है। (१)

११. ''पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को उसकी आपत्ति बताते हैं। वह भिक्षु आपत्ति सुनकर, उलटे, आपत्ति लगाने वाले भिक्षु को ही धमकाता है कि 'तुम्हारे जैसे मूर्ख एवं अकुशल व्यक्ति के कहने से क्या होता है? अब तूँ भी अपने को निर्देष्टा मान रहा है।' जैसे, भिक्षुओ! वह द्वितीय हीनजाति का अश्व होता है ...पूर्ववत्... वैसा ही इस पुद्गल को भी समझो। भिक्षुओ! ऐसा भी कोई हीनकृत्य पुद्गल होता है। यह द्वितीय पुरुषदोष है। (२)

१२. ''पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को अपराधी घोषित करते हैं। तब वह भिक्षु उन भिक्षुओं में किसी एक को प्रत्युत्तर देता है—'तूँ भी तो इस आपत्ति से ग्रस्त है, पहले अपनी आपत्ति का परिमार्जन कर, तब मुझ पर आरोप लगाना!' भिक्षुओ! यह भिक्षु उस तृतीय हीनजाति के अश्व के समान है जो ...पूर्ववत्... वैसा ही इस पुद्गल को मेरे कथनानुसार समझो। भिक्षुओ! यह तृतीय पुरुषदोष है। (३)

१३. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो अञ्ञेनाञ्ञं पटिचरति, बहिद्धा कथं अपनामेति, कोपं च दोसं च अप्पच्चयं च पातुकरोति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना उम्मग्गं गण्हति, उब्बटुमं रथं करोति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, चतुत्थो पुरिसदोसो।

१४. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया सङ्घमज्झे बाहुविक्खेपं करोति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, [N.304, R.194] अस्सखलुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना लङ्घति, पुरिमकायं पग्गण्हति पुरिमे पादे; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, पञ्चमो पुरिसदोसो।

[B.36] १५. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो अनादियित्वा सङ्घं अनादियित्वा चोदकं सापत्तिको व येन कामं पक्कमति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना अनादियित्वा सारथिं अनादियित्वा पतोदलट्ठिं दन्तेहि मुखाधानं विधंसित्वा येन कामं पक्कमति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, छट्ठो पुरिसदोसो।

१६. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो 'नेवाहं आपन्नोम्हि, न पनाहं आपन्नोम्ही' ति सो

---

१३. "पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को किसी आपत्ति से आरोपित करते हैं, तब वह या तो इधर से उधर बात को घुमाता है, या दूसरा बाहरी प्रसङ्ग उठा देता है, या वह आरोपकों पर क्रोध, द्वेष एवं अविश्वास प्रकट करता है। जैसे भिक्षुओ! चतुर्थ हीन जाति का अश्व ...पूर्ववत्... वैसा ही यह पुद्गल है—ऐसा मैं मानता हूँ। भिक्षुओ! यह चतुर्थ पुरुषदोष हैं। (४)

१४. "पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को किसी आपत्ति से आरोपित करते हैं। तब वह भिक्षु सङ्घ के बीच में बाहुविक्षेप (भुजाप्रसारण) करता है। जैसे, भिक्षुओ! पञ्चम हीनजाति का अश्व ...पूर्र्ववत्... वैसा ही यह पुद्गल है—ऐसा मैं मानता हूँ। भिक्षुओ! ऐसा यह पञ्चम पुरुषदोष है। (५)

१५. "पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को किसी आपत्ति से आरोपित करते हैं। आरोप सुनकर वह भिक्षु उन भिक्षुओं की तथा सङ्घ की उपेक्षा करता हुआ वहाँ से उठकर चल देता है। जैसे, भिक्षुओ! वह षष्ठ हीनजाति का अश्व ...पूर्ववत्... वैसा ही यह पुद्गल है—'ऐसा मैं मानता हूँ।' भिक्षुओ! यह षष्ठ पुरुषदोष है। (६)

१६. "पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को किसी आपत्ति से आरोपित करते हैं। आरोप सुनकर वह भिक्षु कहता है—'नहीं, मैं किसी आपत्ति से आपन्न नहीं हूँ। नहीं, नहीं, मैं किसी

तुण्हीभावेन सङ्घं विहेठेति। सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना नेव अभिक्कमति नो पटिकम्मति तत्थेव खीलट्ठायी ठितो होति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, सत्तमो पुरिसदोसो।

१७. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खू भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। सो [R.195] भिक्खु भिक्खूहि आपत्तिया चोदियमानो एवमाह—'किं नु खो तुम्हे आयस्मन्तो अतिबाळ्हं मयि ब्यावटा याव इदानाहं सिक्खं पच्चक्खाय हीनायावत्तिस्सामी' ति। सो सिक्खं पच्चक्खाय हीनायावत्तित्वा एवमाह—'इदानि खो तुम्हे आयस्मन्तो अत्तमना होथा' ति! सेय्यथापि सो, भिक्खवे, अस्सखळुङ्को 'पेही' ति वुत्तो, विद्धो समानो चोदितो सारथिना पुरिमे च पादे संहरित्वा पच्छिमे च पादे संहरित्वा तत्थेव चत्तारो पादे अभिनिसीदति; तथूपमाहं, भिक्खवे, इमं पुग्गलं वदामि। एवरूपो पि, भिक्खवे, इधेकच्चो पुरिसखळुङ्को होति। अयं, भिक्खवे, अट्ठमो पुरिसदोसो। इमे खो, भिक्खवे, अट्ठ पुरिसखळुङ्का [N.305] अट्ठ च पुरिसदोसा" ति॥ ●

**५. मलसुत्तं** : १. "अट्ठिमानि, भिक्खवे, मलानि। कतमानि अट्ठ? [B.37] असज्झायमला, भिक्खवे, मन्ता; अनुट्ठानमला, भिक्खवे, घरा; मलं, भिक्खवे, वण्णस्स कोसज्जं; पमादो, भिक्खवे, रक्खतो मलं; मलं, भिक्खवे, इत्थिया दुच्चरितं; मच्छेरं,

---

आपत्ति से आपन्न नहीं हूँ।' यह कहकर वह चुप होकर सङ्घ को कष्ट में डाल देता है। जैसे भिक्षुओ! वह सप्तम हीनजाति का अश्व ...पूर्ववत्... मैं पुद्गल को मानता हूँ। भिक्षुओ! यह सप्तम पुरुष दोष है। (७)

१७. "पुनः, भिक्षुओ! कुछ भिक्षु किसी भिक्षु को किसी आपत्ति से आरोपित करते हैं। तब वह भिक्षु उन भिक्षुओं से कहता है—'आप लोग मुझको क्यों व्यर्थ घेरे हुए हैं। यदि मैं आप लोगों की दृष्टि में आपत्तिग्रस्त हूँ तो लीजिये, मैं शासन छोड़कर पुनः गृहस्थ में जा मिलता हूँ।' और वह ऐसा कर भिक्षुओं को चिढ़ाता है—'अब तो आप लोग प्रसन्न हैं!' जैसे, भिक्षुओ! वह अष्टम हीनजाति का अश्व ...पूर्ववत्... वैसा ही मैं इस पुद्गल को मानता हूँ। भिक्षुओ! ऐसा भी एक दोषी पुरुष होता है। यह, भिक्षुओ! अष्टम पुरुषदोष है। (८)

भिक्षुओ! इस प्रकार ये आठ दोषी पुरुष एवं आठ पुरुष दोष होते हैं॥" ●

**५. मलसूत्र : : आठ मल**

१. "भिक्षुओ! मल (विकार) आठ होते हैं। कौन से आठ?

(१) अस्वाध्याय मन्त्रों का मल होता है।

(२) अक्रियाशीलता घरों का मल होती है।

(३) आलस्य वर्ण का मल होता है।

(४) प्रमाद रक्षक का मल होता है।

(५) दुश्चारित्र्य स्त्री का मल होता है।

भिक्खवे, ददतो मलं; मला, भिक्खवे, पापका अकुसला धम्मा अस्मिं लोके परम्हि च; ततो, भिक्खवे, मला मलतरं अविज्जा परमं मलं। इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ मलानी ति॥

''असज्झायमला मन्ता, अनुट्ठानमला घरा।
मलं वण्णस्स कोसज्जं, पमादो रक्खतो मलं॥
''मलित्थिया दुच्चरितं, मच्छेरं ददतो मलं।
मला वे पापका धम्मा, अस्मिं लोके परम्हि च।
ततो मला मलतरं, अविज्जा परमं मलं'' ति॥

[R.196] **९. दूतेय्यसुत्तं :** १. ''अट्ठहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु दूतेय्यं गन्तुमरहति। कतमेहि अट्ठहि? इध, भिक्खवे, भिक्खु सोता च होति, सावेता च, उग्गहेता च, धारेता च, विञ्ञाता च, विञ्ञापेता च, कुसलो च सहितासहितस्स, नो च कलहकारको—इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु दूतेय्यं गन्तुमरहति। कतमेहि अट्ठहि? इध, भिक्खवे, सारिपुत्तो सोता च होति, सावेता च, उग्गहेता च, धारेता च, विञ्ञाता च, विञ्ञापेता च, कुसलो च सहितासहितस्स, नो च कलहकारको। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतो सारिपुत्तो दूतेय्यं गन्तुमरहती ति।

[N.306] ''यो वे न ब्यथति पत्वा, परिसं उग्गवादिनिं।
न च हापेति वचनं, न च छादेति सासनं॥

---

(६) मात्सर्य (गर्व) दानी का मल होता है।

(७) इहलोक तथा परलोक में पापकर्म ही मल (विघ्न) स्वरूप होते हैं।

(८) इन सब मलों से भी बड़ा अविद्या मल माना जाता है।

''भिक्षुओ! ये आठ मल होते हैं।

*(इसी प्रसङ्ग को गाथाओं के माध्यम से भी कहा गया है— )*

...पूर्ववत्... ॥

**९. दौत्यसूत्र : : अष्टविध दूतकर्म**

१. ''भिक्षुओ! आठ धर्मों (गुणों) से युक्त भिक्षु दूत-कर्म करने में समर्थ है। कौन से आठ? (१) यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु (धर्म का) श्रोता भी हो, (२) सुनानेवाला भी हो, (३) उद्ग्रहीता (पढ़ने वाला), (४) धारण करने वाला, (५) विज्ञाता (जानने वाला), (६) विज्ञापयिता (जनाने वाला), (७) सहन करने योग्य एवं सहन न करने योग्य में कुशल तथा (८) जो कलह न करने वाला हो—भिक्षुओ! इन आठ धर्मों से युक्त भिक्षु दूत बनने योग्य होता है। भिक्षुओ! इन आठ धर्मों से युक्त सारिपुत्र (धर्म-) दूत बनने योग्य है। किन आठ धर्मों से? क्योंकि, भिक्षुओ! सारिपुत्र श्रोता भी है ...पूर्ववत्... कलह न करनेवाला है, अतः, भिक्षुओ! इन आठ धर्मों से युक्त सारिपुत्र (धर्म-) दूत के कार्य पर जाने योग्य है।

''जो (भिक्षु) उग्रवादी परिषद् का सामना होने पर भी व्यथित नहीं होता, जो वचन की उपेक्षा नहीं करता, जो शासन को ढकता नहीं है॥

"असन्दिद्धं च भणति, पुच्छितो न च कुप्पति। [B.38]
''महानाम! जो उपासक स्वयं श्रद्धालु होता है, दूसरों को भी उसके लिये प्रेरणा देता है; स्वयं शीलवान् ...पूर्ववत्... त्यागसम्पन्न... भिक्षुओं का दर्शनेच्छु... सद्धर्मश्रवणेच्छु... सद्धर्मधारक... सद्धर्म के अर्थ का ज्ञाता... स्वयं अर्थज्ञान कर तदनुसार आचरण करता हुआ दूसरों को भी उसके लिये प्रेरणा देता है; महानाम! ऐसा उपासक आत्महित एवं परहित—दोनों में लगा हुआ कहलाता है॥'' ●

जीवको कोमारभच्चो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो जीवको कोमारभच्चो भगवन्तं एतदवोच—

२. "कित्तावता नु खो, भन्ते, उपासको होती" ति?

"यतो खो, जीवक, बुद्धं सरणं गतो होति, धम्मं सरणं गतो होति, सङ्घं सरणं गतो होति; एत्तावता खो जीवक, उपासको होती" ति?

३. "कित्तावता पन, भन्ते, उपासको सीलवा होती" ति?

"यतो खो, जीवक, उपासको पाणातिपाता पटिविरतो होति ...पे०... सुरामेरय-मज्जपमादट्ठाना पटिविरतो होति; एत्तावता खो जीवक, उपासको सीलवा होती" ति।

४. "कित्तावता पन, भन्ते, उपासको अत्तहिताय पटिपन्नो होति, नो परहिताया" ति?

"यतो खो, जीवक, उपासको अत्तना व सद्धासम्पन्नो होति, नो परं सद्धा- [N.326] सम्पदाय समादपेति ...पे०... अत्तना व अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो होति, नो परं धम्मानुधम्मप्पटिपत्तिया समादपेति। एत्तावता खो, जीवक, उपासको अत्तहिताय पटिपन्नो होति, नो परहिताया" ति।

५. "कित्तावता पन, भन्ते, उपासको अत्तहिताय च पटिपन्नो होति परहिताय चा" ति?

"यतो खो, जीवक, उपासको अत्तना च सद्धासम्पन्नो होति, परं च सद्धा- [R.223] सम्पदाय समादपेति; अत्तना च सीलसम्पन्नो होति, परं च सीलसम्पदाय समादपेति; [B.58] अत्तना च चागसम्पन्नो होति, परं च चागसम्पदाय समादपेति; अत्तना च भिक्खूनं दस्सनकामो होति, परं च भिक्खूनं दस्सने समादपेति; अत्तना च सद्धम्मं सोतुकामो होति, परं च सद्धम्मस्सवने समादपेति; अत्तना च सुतानं धम्मानं धारणजातिको होति, परं च धम्मधारणाय समादपेति; अत्तना च सुतानं धम्मानं अत्थूपपरिक्खिता होति, परं च अत्थूप-परिक्खाय समादपेति; अत्तना च अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो होति, परं च धम्मानुधम्मप्पटिपत्तिया समादपेति। एत्तावता खो, जीवक, उपासको अत्तहिताय च पटिपन्नो होति परहिताय चा" ति॥ ●

**७. पठमबलसुत्तं :** १. "अट्ठिमानि, भिक्खवे, बलानि। कतमानि अट्ठ? रुण्णबला,

---

**६. जीवकसूत्र : : आठ धर्मों से युक्त उपासक**

१. एक समय भगवान् राजगृह के जीविकाम्रवन में साधनाहेतु विराजमान थे। तब (वैद्य) जीवक कौमारभृत्य भगवान् के पास आये। आकर ...पूर्ववत्...। भगवान् से यह निवेदन किया—

"भन्ते! किन गुणों से उपासक कहलाता है?"

"जीवक! जो उपासक बुद्ध के शरण में आ जाता है ...पूर्वसूत्रवत्...। इस प्रकार, जीवक! कोई उपासक आत्महित एवं परहित दोनों लगा हुआ कहलाता है॥" ●

भिक्खवे, दारका, कोधबला मातुगामा, आवुधबला चोरा, इस्सरियबला राजानो, उज्झत्तिबला बाला, निज्झत्तिबला पण्डिता, पटिसङ्खानबला बहुस्सुता, खन्तिबला समणब्राह्मणा— इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ बलानी'' ति॥

**८. दुतियबलसुत्तं** : १. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं [N.327,R.224] सारिपुत्तं भगवा एतदवोच—''कति नु खो, सारिपुत्त, खीणासवस्स भिक्खुनो बलानि, येहि बलेहि समन्नागतो खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति— 'खीणा मे आसवा' ति?

''अट्ठ, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो बलानि, येहि बलेहि समन्नागतो खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति। कतमानि अट्ठ? इध, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो अनिच्चतो सब्बे सङ्खारा यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय सुदिट्ठा होन्ति। यं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो अनिच्चतो सब्बे सङ्खारा यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय सुदिट्ठा होन्ति, इदं पि, भन्ते खीणासवस्स भिक्खुनो बलं होति, यं बलं आगम्म खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति।

[B.59] २. ''पुन च परं, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो अङ्गारकासूपमा कामा यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय सुदिट्ठा होन्ति। यं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो अङ्गारकासूपमा कामा यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय सुदिट्ठा होन्ति, इदं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो बलं होति, यं बलं आगम्म खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति।

---

**७. प्रथम बलसूत्र : : आठ बल**

१. ''भिक्षुओ! ये आठ बल होते हैं। कौन आठ? भिक्षुओ! रुदन शिशुओं बल होता है; क्रोध स्त्रियों का बल होता है, चौरों का बल शस्त्र होता है; राजाओं का बल ऐश्वर्य होता है; आरोप या उपालम्भ मूर्खों का बल होता है, दर्शन (समीक्षा) बुद्धिमानों का बल होता है। विद्वानों का विचार ही बल होता है तथा श्रमण ब्राह्मणों का क्षमा बल होता है। भिक्षुओ! ये आठ बल होते हैं॥''

●

**८. द्वितीय बलसूत्र : : आठ बल**

१. कभी आयुष्मान् सारिपुत्र भगवान् के सम्मुख आये। आकर, भगवान् को... भगवान् ने यह प्रश्न किया—''सारिपुत्र! क्षीणाश्रव भिक्षु के कितने बल होते हैं, जिनके आश्रय से वह क्षीणाश्रव अपने आश्रवों के विषय में जान लेता है—'मेरे ये आश्रव क्षीण हो गये'?

''भन्ते! क्षीणाश्रव भिक्षु के आठ बल होते हैं ...पूर्ववत्...। कौन से आठ? यहाँ, भिक्षुओ! क्षीणाश्रव भिक्षु के सभी संस्कार अनित्य होने के कारण भली भाँति समीक्षा कर लेने से सुदृष्ट (स्पष्ट) हो जाते हैं। इस (अनित्यता) बल के आश्रय से वह क्षीणाश्रव भिक्षु जान लेता है कि मेरे आश्रव क्षीण हो गये। (१)

२. ''पुनः, भन्ते! क्षीणाश्रव भिक्षु की प्रज्वलित अंगारों के समान कामवासना भली भाँति

३. "पुन च परं, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो विवेकनिन्नं चित्तं होति विवेकपोणं विवेकपब्भारं विवेकट्ठं नेक्खम्माभिरतं ब्यन्तीभूतं सब्बसो आसवट्ठानियेहि धम्मेहि। यं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो विवेकनिन्नं चित्तं होति विवेकपोणं विवेकपब्भारं विवेकट्ठं नेक्खम्माभिरतं ब्यन्तीभूतं सब्बसो आसवट्ठानियेहि धम्मेहि, इदं पि, भन्ते खीणासवस्स भिक्खुनो बलं होति, यं बलं आगम्म खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति।

४. "पुन च परं, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो चत्तारो सतिपट्ठाना भाविता होन्ति सुभाविता। यं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो चत्तारो सतिपट्ठाना भाविता होन्ति [R.225] सुभाविता, इदं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो बलं होति, यं बलं आगम्म खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति।

५. "पुन च परं, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो चत्तारो इद्धिपादा भाविता होन्ति सुभाविता ...पे०... पञ्चिन्द्रियानि भावितानि होन्ति सुभावितानि ...पे०... सत्त बोज्झङ्गा भाविता होन्ति सुभाविता ...पे०... अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो भावितो होति सुभावितो। यं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो भावितो होति सुभावितो, [N.328] इदं पि, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो बलं होति, यं बलं आगम्म खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा' ति।

६. "इमानि खो, भन्ते, अट्ठ खीणासवस्स भिक्खुनो बलानि, येहि बलेहि समन्नागतो खीणासवो भिक्खु आसवानं खयं पटिजानाति—'खीणा मे आसवा''' ति॥●

---

समीक्षा कर लेने से शान्त हो जाती है। भन्ते! इस प्रकार उस क्षीणाश्रव भिक्षु की उस प्रज्वलित कामवासना का शान्त होना भी उसका एक बल है। (२)

३. "पुनः भन्ते! क्षीणाश्रव भिक्षु का चित्त आश्रवस्थानीय धर्मों से सर्वथा हटकर विवेक की ओर झुकने लगता है, बढ़ने लगता है, निष्काम साधना में सुख मानने लगता है, वहाँ रुकने लगता है; भन्ते! उसके चित्त का विवेक की ओर झुकना, बढ़ना, सुख मानना तथा रुकना भी उस क्षीणाश्रव का एक बल है जिसके सहारे से वह जान लेता है कि मेरे आश्रव क्षीण हो गये। (३)

४. "पुनः भन्ते! उस क्षीणाश्रव भिक्षु के चारों स्मृतिप्रस्थान साधना एवं अभ्यास द्वारा सुपुष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार उसके इन स्मृतिप्रस्थानों का अभ्यस्त एवं सुपुष्ट हो जाना भी उसका एक बल है जिसके सहारे से वह जान लेता है कि मेरे आश्रव क्षीण हो गये। (४)

५. "पुनः, भन्ते! उस क्षीणाश्रव भिक्षु के चारों ऋद्धिपाद ...पूर्ववत्... मेरे आश्रव क्षीण हो गये। (५)

...पूर्ववत्... पाँचों इन्द्रियाँ... ॥ (६)

...पूर्ववत्... सात बोध्यङ्ग... ॥ (७)

...पूर्ववत्... आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग... मेरे आश्रव क्षीण हो गये। (८)

[B.60] **९. अक्खणसुत्तं :** १. '''खणकिच्चो लोको, खणकिच्चो लोको' ति, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो भासति, नो च खो सो जानाति खणं वा अक्खणं वा। अट्ठिमे, भिक्खवे, अक्खणा असमया ब्रह्मचरियवासाय। कतमे अट्ठ? इध, भिक्खवे, तथागतो च लोके उप्पन्नो होति अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा, धम्मो च देसियति ओपसमिको परिनिब्बानिको सम्बोधगामी सुगतप्पवेदितो; अयं च पुग्गलो निरयं उपपन्नो होति। अयं, भिक्खवे, पठमो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

[R.226] २. ''पुन च परं, भिक्खवे, तथागतो च लोके उप्पन्नो होति ...पे०... सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा, धम्मो च देसियति ओपसमिको परिनिब्बानिको सम्बोधगामी सुगतप्पवेदितो; अयं च पुग्गलो तिरच्छानयोनिं उपपन्नो होति ...पे०... दुतियो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

३. ''पुन च परं, भिक्खवे ...पे०... अयं च पुग्गलो पेत्तिविसयं उपपन्नो होति ...पे०... ततियो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे ...पे०... अयं च पुग्गलो अञ्ञतरं दीघायुकं देवनिकायं उपपन्नो होति ...पे०... चतुत्थो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

[N.329] ५. ''पुन च परं, भिक्खवे, ...पे०... अयं च पुग्गलो पच्चन्तिमेसु जनपदेसु पच्चाजातो होति, सो च होति अविञ्ञातारेसु मिलक्खेसु, यत्थ नत्थि गति भिक्खूनं भिक्खुनीनं उपासकानं उपासिकानं ...पे०... पञ्चमो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

---

६. ''भन्ते! क्षीणाश्रव भिक्षु के ये आठ बल होते हैं, जिनके सहारे से वह जान लेता है कि मेरे आश्रव क्षीण हो गये॥'' ●

**९. अक्षणसूत्र : : आठ अक्षण**

१. ''भिक्षुओ! ये अश्रुतवान् पृथग्जन यदा कदा कहते रहते हैं—'समय (क्षण) आने पर ही कार्य होगा'; परन्तु वे नहीं जानते कि यह 'क्षण' या 'अक्षण' क्या होता है? भिक्षुओ! धर्मसाधना के आठ अक्षण (अनवसर) होते हैं। कौन से आठ? यहाँ भिक्षुओ! जब तथागत लोक में अवतरित होते हैं... वे सुप्रवेदित एवं निर्वाणगामी धर्म का उपदेश देते रहते हैं, उस समय जो प्राणी प्रारब्धवश नरक भोग रहा है, ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधनाहेतु प्रथम अक्षण है। (१)

२. ''पुनः, भिक्षुओ! जब तथागत लोक में अवतरित होते हैं... वे सुप्रवेदित एवं निर्वाणगामी धर्म का उपदेश करते रहते हैं उस समय जो प्राणी तिरश्चीन (पशु) योनि में उत्पन्न हुआ रहता है, ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधनाहेतु द्वितीय अक्षण है। (२)

३. ''पुनः, भिक्षुओ! जब तथागत ...पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी प्रेतलोक में उत्पन्न हुआ रहता है, ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधनाहेतु तृतीय अक्षण है। (३)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! जब तथागत ...पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी किसी दीर्घायुवाले देवलोक में उत्पन्न हुआ रहता है, ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधनाहेतु चतुर्थ अक्षण है। (४)

६. ''पुन च परं, भिक्खवे ...पे०... अयं च पुग्गलो मज्झिमेसु जनपदेसु पच्चाजातो होति, सो च होति मिच्छादिट्ठिको विपरीतदस्सनो—'नत्थि दिन्नं, नत्थि यिट्ठं, नत्थि हुतं, नत्थि सुकतदुक्कटानं कम्मानं फलं विपाको, नत्थि अयं लोको, नत्थि परो लोको, नत्थि माता, नत्थि पिता, नत्थि सत्ता ओपपातिका, नत्थि लोके समणब्राह्मणा सम्मग्गता सम्मापटिपन्ना ये इमं च लोकं परं च लोकं सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदेन्ती' ति ...पे०... छट्ठो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे ...पे०... अयं च पुग्गलो मज्झिमेसु जनपदेसु [B.61] पच्चाजातो होति, सो च होति दुप्पञ्ञो जळो एळमूगो अप्पटिबलो सुभासितदुब्भासितस्स अत्थमञ्ञातुं। अयं, भिक्खवे, सत्तमो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

८. ''पुन च परं, भिक्खवे, तथागतो च लोके अनुप्पन्नो होति अरहं सम्मासम्बुद्धो ...पे०... सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा, धम्मो च न देसियति ओपसमिको परिनिब्बानिको सम्बोधगामी सुगतप्पवेदितो, अयं च पुग्गलो मज्झिमेसु जनपदेसु [R.227] पच्चाजातो होति, सो च होति पञ्ञवा अजळो अनेळमूगो पटिबलो सुभासितदुब्भासितस्स अत्थमञ्ञातुं। अयं, भिक्खवे, अट्ठमो अक्खणो असमयो ब्रह्मचरियवासाय।

'इमे खो, भिक्खवे, अट्ठ अक्खणा असमया ब्रह्मचरियवासाय।

९. ''एको व खो, भिक्खवे, खणो च समयो च ब्रह्मचरियवासाय। कतमो एको? इध, भिक्खवे, तथागतो च लोके उप्पन्नो होति अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा, धम्मो च देसियति ओपसमिको परिनिब्बानिको सम्बोधगामी सुगतप्पवेदितो, अयं च पुग्गलो

---

५. ''पुनः, भिक्षुओ! जब तथागत... पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी सीमान्त प्रदेश में उत्पन्न होता हुआ, वहाँ वह अज्ञात म्लेच्छ जाति में उत्पन्न हो गया हो जहाँ भिक्षु गृहिणी उपासक उपासिकाओं की पहुँच नहीं होती, ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधना हेतु पञ्चम अक्षण है। (५)

६. ''फिर, भिक्षुओ! जब तथागत ...पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी मध्यदेश में उत्पन्न होकर भी मिथ्यादृष्टि हो ...पूर्ववत्... ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधना हेतु षष्ठ अक्षण है। (६)

७. ''फिर, भिक्षुओ! जब तथागत ...पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी मध्यदेश में उत्पन्न होता है; परन्तु वह जड़ हो ...पूर्ववत्... ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधना हेतु सप्तम अक्षण है। (७)

८. ''फिर, भिक्षुओ! जब तथागत अनुत्पन्न ...पूर्ववत्... उस समय जो प्राणी मध्यदेश में उत्पन्न हो गया है; परन्तु वह ...पूर्ववत्... ऐसे प्राणी के लिये धर्मसाधना हेतु अष्टम अक्षण है। (८)

''भिक्षुओ! ये आठ अक्षण धर्मसाधनाहेतु अनवसर हैं। (क)

९. भिक्षुओ! धर्मसाधना का एक ही क्षण (अवसर) है। वह कौन सा? यहाँ, भिक्षुओ! तथागत लोक में उत्पन्न हुए हों ...पूर्ववत्... और वे चित्त को शान्त करने वाला निर्वाणगामी सम्बोधिगामी सुगतप्रवेदित धर्म का उपदेश कर रहे हों, तथा यह (धर्मसाधनेच्छु) पुद्गल मध्य देश

मज्झिमेसु जनपदेसु पच्चाजातो होति, सो च होति पञ्ञवा अजळो अनेळमूगो पटिबलो सुभासितदुब्भासितस्स अत्थमञ्ञातुं। अयं, भिक्खवे, एको व खणो च समयो च ब्रह्मचरियवासाया ति।

[N.330] ''मनुस्सलाभं लद्धान, सद्धम्मे सुप्पवेदिते।
ये खणं नाधिगच्छन्ति, अतिनामेन्ति ते खणं॥
''बहू हि अक्खणा वुत्ता, मग्गस्स अन्तरायिका।
कदाचि करहचि लोके, उप्पज्जन्ति तथागता॥
''तयिदं सम्मुखीभूतं, यं लोकस्मिं सुदुल्लभं।
मनुस्सपटिलाभो च, सद्धम्मस्स च देसना॥
''अलं वायमितुं तत्थ, अत्तकामेन जन्तुना।
कथं विजञ्ञा सद्धम्मं, खणो वे मा उपच्चगा॥
[B.62, R.228] ''खणातीता हि सोचन्ति, निरयम्हि समप्पिता।
इध चे न विराधेति, सद्धम्मस्स नियामतं॥
''वाणिजो व अतीतत्थो, चिरत्तं अनुतपिस्सति।
अविज्जानिवुतो पोसो, सद्धम्मं अपराधिको॥
''जातिमरणसंसारं, चिरं पच्चनुभोस्सति।

---

में उत्पन्न हुआ हो, तथा वह प्रज्ञावान्, जड़ता (मन्दता) रहित, सभी इन्द्रियों से सावधान, सुभाषित एवं दुर्भाषित धर्म का अर्थ जानने में समर्थ हो—भिक्षुओ! यही एक अवसर, यही एक क्षण धर्मसाधनाहेतु उपयुक्त माना जाता है।

''मनुष्य जन्म पाकर भी, जबकि शास्ता द्वारा धर्मोपदेश किया जा रहा हो, जो लोग धर्मसाधना का अवसर नहीं निकाल पाते, वह इस सुअवसर को व्यर्थ ही खो देते हैं॥

''धर्मसाधना के विघ्नभूत अनेक अनवसर (अक्षण) बताये गये हैं। तथागत कभी किसी विशेष अवसर पर ही लोक में अवतरित होते हैं॥

''वह सुअवसर आज हमारे सम्मुख उपस्थित है, जो कि लोक में दुर्लभ माना जाता है। आज हमें मनुष्यजन्म भी प्राप्त हो चुका है, सद्धर्म की देशना भी हो रही है॥

''अपना हित चाहने वाले पुरुष को इसके लिये प्रयत्न करना चाहिये कि वह कैसे धर्मसाधना करे कि यह अवसर हाथ से न निकल जाय!॥

''अवसर बीतने के बाद सद्धर्म की नियमित साधना में चूक करने वाले लोग नरक में जा गिरते हैं॥

''जैसे कोई व्यापारी अपने व्यापार में घाटा सहने के बाद पछताता है, वैसे ही अविद्यासंयुक्त पुरुष तथा सद्धर्मसाधना में अपराधी मनुष्य जन्म मरण एवं संसार में पुनः पुनः आना जाना चिरकाल तक भोगता रहेगा॥

''जिन पुरुषों ने धर्मोपदेशकाल में मनुष्यत्व पाया है, जो शास्ता के धर्मपालन-विषयक

ये च लद्धा मनुस्सत्तं, सद्धम्मे सुप्पवेदिते॥
"अकंसु सत्थु वचनं, करिस्सन्ति करोन्ति वा।
खणं पच्चविदुं लोके, ब्रह्मचरियं अनुत्तरं॥
"ये मग्गं पटिपज्जिंसु, तथागतप्पवेदितं।
ये संवरा चक्खुमता, देसितादिच्चबन्धुना॥
"तेसु गुत्तो सदा सतो, विहरे अनवस्सुतो।
सब्बे अनुसये छेत्वा, मारधेय्यपरानुगे।
ते वे पारङ्गता लोके, ये पत्ता आसवक्खयं" ति॥ ●

**१०. अनुरुद्धमहावितक्कसुत्तं** : १. एकं समयं भगवा भग्गेसु विहरति सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये। तेन खो पन समयेन आयस्मा अनुरुद्धो चेतीसु विहरति पाचीनवंसदाये। अथ खो आयस्मतो अनुरुद्धस्स रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं [N.331] चेतसो परिवितक्को उदपादि—"अप्पिच्छस्सायं धम्मो, नायं धम्मो महिच्छस्स; सन्तुट्ठस्सायं धम्मो, नायं धम्मो असन्तुट्ठस्स; पविवित्तस्सायं धम्मो, नायं धम्मो सङ्गणि- [R.229] कारामस्स; आरद्धविरियस्सायं धम्मो, नायं धम्मो कुसीतस्स; उपट्ठितस्सतिस्सायं धम्मो, नायं धम्मो मुट्ठस्सतिस्स; समाहितस्सायं धम्मो, नायं धम्मो असमाहितस्स; पञ्ञवतो अयं धम्मो, नायं धम्मो दुप्पञ्ञस्सा" ति।

---

उपदेशवचनों को मानेंगे या मानते हैं, वे अवसर को पहचान कर अद्वितीय धर्मसाधना में लग जायेंगे॥

"जिन साधकों ने तथागतोपदिष्ट मार्ग स्वीकार कर लिया है, जो इन्द्रिय-संयमी बनकर स्मृतिसम्प्रजन्यपूर्वक आदित्यबन्धु तथागत द्वारा प्रवेदित साधना में लग गये हैं॥

"जिनने उस उपदेश से अपनी इन्द्रियों तथा मन को तृष्णारहित सुरक्षित कर अपने सभी मार की ओर ले जाने वाले अनुशयों (चित्तप्रवृत्तियों) को नष्ट कर लिया है वे लोक में अपने आश्रवों का क्षय कर निर्वाण-पथ पर अग्रसर हो चुके हैं॥" ●

**१०. अनुरुद्धमहावितर्कसूत्र : : आठ महापुरुष वितर्क**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) भर्गप्रदेश के शिशुमारगिरि स्थित भेषकड़ावन के मृगदाव में साधनाहेतु विराजे हुए थे। उस समय आयुष्मान् अनुरुद्ध चेतिप्रदेश के प्राचीन वंशदाव में साधना कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् अनुरुद्ध के मन में यह परिवितर्क (विचार) उत्पन्न हुआ—"यह (तथागत-प्रवेदित) धर्म अल्पेच्छ के लिये ही उपयोगी है, महेच्छ के लिये नहीं; सन्तुष्ट के लिये ही उपयोगी है, असन्तुष्ट के लिये नहीं; एकान्तसाधक के लिये ही उपयोगी है, जन-समूह में रुचि रखने वाले के लिये नहीं; उद्योगी के लिये ही सहायक हैं, आलसी के नहीं; स्मृतिमान् के लिये ही उपयोगी हैं, भ्रष्टस्मृति के लिये नहीं, समाहित के लिये ही उपयोगी है, असमाहित के लिये नहीं; प्रज्ञावान् के लिये ही उपयोगी है, दुष्प्रज्ञ के लिये नहीं।"

[B.63] २. अथ खो भगवा आयस्मतो अनुरुद्धस्स चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय— सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—भग्गेसु सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये अन्तरहितो चेतीसु पाचीनवंसदाये आयस्मतो अनुरुद्धस्स सम्मुखे पातुरहोसि। निसीदि भगवा पञ्ञत्ते आसने। अयस्मा पि खो अनुरुद्धो भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं अनुरुद्धं भगवा एतदवोच—

३. ''साधु, साधु, अनुरुद्ध! साधु खो त्वं, अनुरुद्ध, यं तं महापुरिसवितक्कं वितक्केसि—'अप्पिच्छस्सायं धम्मो, नायं धम्मो महिच्छस्स; सन्तुट्ठस्यायं धम्मो, नायं धम्मो असन्तुट्ठस्स; पविवित्तस्सायं धम्मो, नायं धम्मो सङ्गणिकारामस्स; आरद्धविरियस्सायं धम्मो, नायं धम्मो कुसीतस्स; उपट्ठितस्सतिस्सायं धम्मो, नायं धम्मो मुट्ठस्सतिस्स; समाहितस्सायं धम्मो, नायं धम्मो असमाहितस्स; पञ्ञवतो अयं धम्मो, नायं धम्मो दुप्पञ्ञस्सा' ति। तेन हि त्वं, अनुरुद्ध, इमं पि अट्ठमं महापुरिसवितक्कं वितक्केहि—'निप्पपञ्चारामस्यायं धम्मो निप्पपञ्चरतिनो, नायं धम्मो पपञ्चारामस्स पपञ्चरतिनो' ति।

४. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, ततो त्वं, अनुरुद्ध, यावदेव आकङ्खिस्ससि, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि [R.230] सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरिस्ससि।

५. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, ततो त्वं, अनुरुद्ध, यावदेव आकङ्खिस्ससि, वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो [N.332] एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरिस्ससि।

---

२. तब भगवान् ने स्वचित्त से आयुष्मान् अनुरुद्ध के इस चित्तवितर्क को जानकर, जैसे कोई बलवान् पुरुष ...पूर्ववत्... आयुष्मान् अनुरुद्ध के सम्मुख प्रकट हुए। ... आयुष्मान् अनुरुद्ध से यह कहा—

३. ''साधु, अनुरुद्ध! साधु! तुमने इन पुरुष-वितर्कों के विषय में उचित ही चिन्तन किया है कि ...पूर्ववत्...। तुम इन सात वितर्कों के साथ यह अष्टम वितर्क भी सम्पृक्त कर लो—'निष्प्रपञ्च साधक के लिये ही यह धर्म उपयोगी है, प्रपञ्चवाले के लिये नहीं।'

४. ''अनुरुद्ध! जब तक तुम इन आठ महापुरुषवितर्कों पर चिन्तन-मनन करते रहोगे, तब तक तुम कामभोगों से तथा अकुशल (पापमय) वितर्कों से दूर रहते हुए सवितर्क, सविचार, प्रीतिसुखमय प्रथम ध्यान में लगे रहोगे।

५. ''अनुरुद्ध! जब तक ...पूर्ववत्... वितर्क-विचारों के शान्त होने पर आध्यात्मिक आनन्द, चित्त की एकाग्रता तथा अवितर्क-अविचारयुक्त समाधिजन्य प्रीतिसुखमय द्वितीय ध्यान में लगे रहोगे।

६. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, ततो त्वं, अनुरुद्ध, यावदेव आकङ्खिस्ससि, पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरिस्ससि सतो च सम्पजानो सुखं च कायेन पटिसंवेदिस्ससि यं तं अरिया आचिक्खन्ति—'उपेक्खको [B.64] सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरिस्ससि।

७. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे अट्ठ महापुरिससवितक्के वितक्केस्ससि, ततो त्वं, अनुरुद्ध, यावदेव आकङ्खिस्ससि, सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना पुब्बेन सोमनस्स-दोमनस्सानं अत्थङ्गमा अदुक्खमसुखं उपेक्खासतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरिस्ससि।

८. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे च अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, इमेसं च चतुन्नं झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्मसुखविहारानं निकामलाभी भविस्ससि अकिच्छ-लाभी अकसिरलाभी, ततो तुय्हं, अनुरुद्ध, सेय्यथापि नाम गहपतिस्स वा गहपतिपुत्तस्स वा नानारत्तानं दुस्सानं दुस्सकरण्डको पूरो; एवमेव ते पंसुकूलचीवरं खायिस्सति सन्तुट्ठस्स विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स।

९. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे च अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, [R.231] इमेसं च चतुन्नं झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्मसुखविहारानं निकामलाभी भविस्ससि अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, ततो तुय्हं, अनुरुद्ध, सेय्यथापि नाम गहपतिस्स वा गहपतिपुत्तस्स वा सालीनं ओदनो विचितकाळको अनेकसूपो अनेकव्यञ्जनो; एवमेव ते पिण्डियालोपभोजनं खायिस्सति सन्तुट्ठस्स विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स।

---

६. ''अनुरुद्ध! जब तक ...पूर्ववत्... प्रीति से विरक्त होकर उपेक्षापूर्वक तथा स्मृति-सम्प्रजन्ययुक्त, तथा काया में सुखप्रति संवेदन करते रहोगे, जिसके विषय में आर्यजन कहा करते हैं—'यह उपेक्षक, स्मृतिमान् सुखसाधक है', इस प्रकार तृतीय ध्यान में लगे रहोगे।

७. ''अनुरुद्ध! जब तक ...पूर्ववत्... सुख दुःख के प्रहाण से, इससे पूर्व ही सौमनस्य एवं दौर्मनस्य के अस्त हो जाने से अदुःख असुखयुक्त उपेक्षास्मृतिपरिशुद्धिमय चतुर्थ ध्यान में लगे रहोगे।

८. ''अनुरुद्ध! जब तक इन आठ महापुरुषवितर्कों का चिन्तन-मनन करते रहोगे तथा इन चारों ध्यानों में सर्वांशतः लगे रहोगे; तब तक, अनुरुद्ध! तुम पांशुकूल चीवर के न होने पर भी उतने से ही सन्तुष्ट रहोगे जैसे कोई गृहपति अपने घर में मञ्जूषाओं में भरे हुए विविध वस्त्रों को देखकर सुखी एवं सन्तुष्ट रहता है वैसे ही सन्तुष्ट रहते हुए, प्रेमपूर्वक, विना किसी उत्तेजना के साधना में लगे रहकर निर्वाण की ओर बढ़ते रहोगे।

९. ''अनुरुद्ध! जब तक... तब तक तुम पिण्डपात न मिलने पर भी उसी तरह सन्तुष्ट रहते हुए जैसे किसी गृहपति के सम्मुख दाल-भात आदि विविध व्यञ्जनों से पूर्ण थाल रखा हो, प्रेमपूर्वक ...पूर्ववत्... निर्वाण की ओर बढ़ते रहोगे।

१०. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे च अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, इमेसं च चतुन्नं झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्मसुखविहारानं निकामलाभी भविस्ससि अकिच्छ-लाभी अकसिरलाभी, ततो तुय्हं, अनुरुद्ध, सेय्यथापि नाम गहपतिस्स वा गहपतिपुत्तस्स वा [N.333] कूटागारं उल्लित्तावलित्तं निवातं फुसितग्गळं पिहितवातपानं; एवमेव ते रुक्खमूल-सेनासनं खायिस्सति सन्तुट्ठस्स विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स।

११. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे च अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, इमेसं च चतुन्नं झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्मसुखविहारानं निकामलाभी भविस्ससि अकिच्छ-लाभी अकसिरलाभी, ततो तुय्हं, अनुरुद्ध, सेय्यथापि नाम, गहपतिस्स वा गहपतिपुत्तस्स वा [B.65] पल्लङ्को गोनकत्थतो पटिकत्थतो पटलिकत्थतो कदलिमिगपवरपच्चत्थरणो सउत्तरच्छदो उभतोलोहितकूपधानो; एवमेव ते तिणसन्थारकसयनासनं खायिस्सति सन्तुट्ठस्स विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स।

[R.232] १२. ''यतो खो त्वं, अनुरुद्ध, इमे च अट्ठ महापुरिसवितक्के वितक्केस्ससि, इमेसं च चतुन्नं झानानं आभिचेतसिकानं दिट्ठधम्मसुखविहारानं निकामलाभी भविस्ससि अकिच्छ-लाभी अकसिरलाभी, ततो तुय्हं, अनुरुद्ध, सेय्यथापि नाम गहपतिस्स वा गहपतिपुत्तस्स वा नानाभेसज्जानि, सेय्यथीदं—सप्पि नवनीतं तेलं मधु फाणितं; एवमेव ते पूतिमुत्तभेसज्जं खायिस्सति सन्तुट्ठस्स विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स। तेन हि त्वं, अनुरुद्ध, आयतिकं पि वस्सावासं इधेव चेतीसु पाचीनवंसदाये विहरेय्यासी'' ति।

''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा अनुरुद्धो भगवतो पच्चस्सोसि।

---

१०. ''अनुरुद्ध! जब तक... तब तक तुम किसी वृक्ष के नीचे लेटे हुए भी उतने ही सन्तुष्ट रहोगे जैसे कोई धनाढ्य गृहपति अपने सर्वसुविधासम्पन्न सतमञ्जले प्रासाद में बैठा हुआ सन्तुष्ट रहता है, और तुम प्रेमपूर्वक... निर्वाण मार्ग पर आगे बढ़ते रहोगे।

११. ''अनुरुद्ध! जब तक... तब तक तुम घास पर लेटकर भी उसी आनन्द का अनुभव करोगे जो एक विशिष्ट धनपति महार्घ गद्दे और रजाई का उपयोग करते हुए अनुभव करता है, और तुम प्रेमपूर्वक निर्वाण मार्ग पर आगे बढ़ते रहोगे।

१२. ''अनुरुद्ध! जब तक... तब तक तुम रोग में पथ्य के रूप में पूतिमूत्र भैषज्य का उपयोग करके उतने ही आनन्दित रहोगे जितना कोई प्रसिद्ध धनपति घी, दूध, तैल आदि का उपयोग कर अपने को सुखी अनुभव करता है, और तुम प्रेमपूर्वक निर्वाणमार्ग पर आगे बढ़ते रहोगे। अत:, अनुरुद्ध! तुम आगामी वर्षावास में भी इस चेदिप्रदेश के प्राचीन वंशदाव में ही साधना करते रहना।''

''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आयुष्मान् अनुरुद्ध ने भगवान् की आज्ञा मान ली।

१३. अथ खो भगवा आयस्मन्तं अनुरुद्धं इमिना ओवादेन ओवदित्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—चेतीसु पाचीनवंसदाये अन्तरहितो भग्गेसु सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये पातुरहोसी ति। निसीदि भगवा पञ्ञत्ते आसने। निसज्ज खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''अट्ठ खो, भिक्खवे, महापुरिसवितक्का देसेस्सामि, तं सुणाथ ...पे०... कतमे च, भिक्खवे, अट्ठ महापुरिसवितक्का? अप्पिच्छस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो महिच्छस्स; सन्तुट्ठस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असन्तुट्ठस्स; पविवित्तस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं [N.334] धम्मो सङ्गणिकारामस्स; आरद्धविरियस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो कुसीतस्स; उपट्ठितस्सतिस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो मुट्ठस्सतिस्स; समाहितस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असमाहितस्स; पञ्ञवतो अयं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो [R.233] दुप्पञ्ञस्स; निप्पपञ्चारामस्सायं, भिक्खवे, धम्मो निप्पपञ्चरतिनो, नायं धम्मो पपञ्चारामस्स पपञ्चरतिनो।

१४. '''अप्पिच्छस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो महिच्छस्सा' ति, इति [B.66] खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु अप्पिच्छो समानो 'अप्पिच्छो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, सन्तुट्ठो समानो 'सन्तुट्ठो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, पविवित्तो समानो 'पविवित्तो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, आरद्धविरियो समानो 'आरद्धविरियो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, उपट्ठितस्सति समानो 'उपट्ठितस्सती ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति,

---

१३. तब भगवान् आयुष्मान् अनुरुद्ध को उपर्युक्त उपदेश देकर, जैसे कोई बलवान् पुरुष ...पूर्ववत्...चेदि के प्राचीन वंशदाव में अन्तर्हित होकर... भेषकड़ावन में प्रकट हुए। वहाँ भगवान् ने प्रज्ञप्त आसन पर विराजमान होकर भिक्षुओं को अपने सम्मुख बुलाया तथा यह देशना की—

''भिक्षुओ! मैं तुम्हें आठ महापुरुषवितर्कों के विषय में बताऊँगा, उसे सुनो और मन में बैठा लो। भिक्षुओ! ये आठ महापुरुषवितर्क कौन से हैं? (१) यह धर्म, भिक्षुओ! अल्पेच्छ (सन्तोषी) के लिये है, महेच्छ (लोभी) के लिये नहीं; (२) यह धर्म सन्तुष्टों के लिये है, असन्तुष्टों के लिये नहीं; (३) एकान्तवासी के लिये है, समूह में रहना चाहने वाले के लिये नहीं; (४) यह धर्म उद्योगी प्रकृति के साधकों के लिये हैं, आलसियों के लिये नहीं; (५) स्मृतिमान् के लिये है, भ्रष्टस्मृति के लिये नहीं; (६) समाहित के लिये है, असमाहित के लिये नहीं; (७) प्रज्ञावान् के लिये हैं, दुष्प्रज्ञ के लिये नहीं; (८) निष्प्रपञ्च साधक के लिये हैं, प्रपञ्च के प्रेमी या उसमें सुख मानने वाले के लिये नहीं।

१४. ''भिक्षुओ! 'यह धर्म अल्पेच्छ के लिये है, महेच्छ के लिये नहीं'—यह जो कहा, यह किसलिये कहा? यहाँ, भिक्षुओ! कोई साधक अल्पेच्छ रहता हुआ भी यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'अल्पेच्छ' के रूप में जाने; सन्तुष्ट रहता हुआ भी यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'सन्तुष्ट' रूप में जाने; धर्म के लिये उद्योग करता हुआ भी यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'उद्योगी' के रूप में जाने; स्मृतिमान् रहता हुआ भी वह यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'स्मृतिमान्' के रूप में

समाहितो समानो 'समाहितो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, पञ्ञवा समानो 'पञ्ञवा ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति, निप्पपञ्चारामो समानो 'निप्पपञ्चारामो ति मं जानेय्युं' ति न इच्छति। 'अपिच्छस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो महिच्छस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१५. '''सन्तुट्ठस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असन्तुट्ठस्सा' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु सन्तुट्ठो होति इतरीतरचीवरपिण्ड-पातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारेन। 'सन्तुट्ठस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असन्तुट्ठस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१६. '''पविवित्तस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो सङ्गणिकारामस्स' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो पविवित्तस्स विहरतो भवन्ति उपसङ्कमितारो भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो राजानो राजमहामत्ता तित्थिया तित्थियसावका। तत्र भिक्खु विवेकनिन्नेन चित्तेन विवेकपोणेन विवेकपब्भारेन विवेकट्ठेन [R.234] नेक्खम्माभिरतेन अञ्ञदत्थु उय्योजनिकपटिसंयुत्तंयेव कथं कत्ता होति। 'पविवित्तस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो सङ्गणिकारामस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

[N.335] १७. '''आरद्धविरियस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो कुसीतस्सा' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु आरद्धविरियो विहरति अकुसलानं

---

जाने; समाहित होता हुआ भी यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'समाहित' रूप में जानें; प्रज्ञावान् होता हुआ यह नहीं चाहता कि उसको कोई 'प्रज्ञावान्' रूप में जानें; वह निष्प्रपञ्च रूप में साधना करता हुआ भी यह नहीं चाहता कि कोई उसको 'निष्प्रपञ्च' रूप में जाने। भिक्षुओ! मैंने जो यह कहा है—'अल्पेच्छ के लिये यह धर्म है, महेच्छ के लिये नहीं', यह वाक्य उपर्युक्त अभिप्राय से ही कहा है।

१५. "भिक्षुओ! 'सन्तुष्ट के लिये ही यह धर्म है, असन्तुष्ट के लिये नहीं'—यह जो कहा, वह किस अभिप्राय से कहा? यहाँ भिक्षुओ! कोई साधक जैसे तैसे मिले चीवर, पिण्डपात, शयनासन तथा पथ्य के लिये प्राप्त औषध से सन्तुष्ट रहता है—इसी अभिप्राय से... यह वाक्य कहा गया है।

१६. "भिक्षुओ! 'एकान्तसेवी के लिये ही यह धर्म है, समूह में रुचि रखने वाले के लिये नहीं'—यह जो कहा, किस अभिप्राय से कहा? भिक्षुओ! इस एकान्तसाधक भिक्षु के पास धर्म की जिज्ञासा से अनेक भिक्षु, भिक्षुणी, उपासक, उपासिका, राजा, राजमहामात्य अन्य सम्प्रदाय के श्रमण या उनके शिष्य आते हैं। वह उनको विवेक की ओर झुकने वाला, विवेक की ओर बढ़ने वाला मार्ग बताता है, विवेक के अभ्यास का उपाय बताता है, इसी अभिप्राय से उक्त वाक्य कहा।

१७. "भिक्षुओ! 'यह धर्म उद्योगी प्रकृति के साधकों के लिये ही है, आलसियों के लिये नहीं'—यह जो कहा था, यह किसलिये कहा था? क्योंकि, भिक्षुओ! उद्योगी प्रकृति का पुरुष

धम्मानं पहानाय कुसलानं धम्मानं उपसम्पदाय थामवा दळ्हपरक्कमो अनिक्खित्तधुरो [B.67] कुसलेसु धम्मेसु। 'आरद्धविरियस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो कुसीतस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१८. "'उपट्ठितस्सतिस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो मुट्ठस्सतिस्सा' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु सतिमा होति परमेन सतिनेपक्केन समन्नागतो, चिरकतं पि चिरभासितं पि सरिता अनुस्सरिता। 'उपट्ठितस्सतिस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो, मुट्ठस्सतिस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१९. "'समाहितस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असमाहितस्सा' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु विविच्चेव कामेहि ...पे०... चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरति। 'समाहितस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो असमाहितस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

२०. "'पञ्ञवतो अयं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो दुप्पञ्ञस्सा' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे, भिक्खु पञ्ञवा होति उदयत्थगामिनिया पञ्ञाय समन्नागतो अरियाय निब्बेधिकाय सम्मा दुक्खक्खयगामिनिया। 'पञ्ञवतो अयं, भिक्खवे, धम्मो, नायं धम्मो दुप्पञ्ञस्सा' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

२१. "'निप्पपञ्चारामस्सायं, भिक्खवे, धम्मो निप्पपञ्चरतिनो, नायं धम्मो [R.235] पपञ्चारामस्स पपञ्चरतिनो' ति, इति खो पनेतं वुत्तं, किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? इध, भिक्खवे,

---

अकुशल धर्मों के नाश तथा कुशल धर्मों के उत्पादहेतु शक्ति लगाता है, पराक्रम करता है, इसीलिये कहा था कि उद्योगी प्रकृति के ...पूर्ववत्...।

१८. "भिक्षुओ! 'स्मृतिमान् साधक के लिये यह धर्म है, भ्रष्टस्मृति के लिये नहीं'—यह जो कहा, वह किस अभिप्राय से कहा? यह भिक्षु स्मृतिमान् होता है, उत्तम स्मृतिकौशल से युक्त होता है, अत: चिरकाल पहले किये गये कार्यों को तथा कहे गये वचन को स्मरण रखता है—इसी बात को ध्यान में रखकर कहा गया है कि स्मृतिमान् ...पूर्ववत्...।

१९. "भिक्षुओ! 'समाहित साधक के लिये ही यह धर्म है, असमाहित के लिये नहीं'—यह जो कहा, यह किस अभिप्राय से कहा? यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु कामभोगों से दूर रहकर ...पूर्ववत्... चतुर्थ ध्यान तक पहुँचकर साधना करता है—इसी अभिप्राय से यह पूर्वोक्त वाक्य कहा गया है।

२०. "भिक्षुओ! 'प्रज्ञावान् के लिये ही यह धर्म है, दुष्प्रज्ञ के लिये नहीं'—यह जो कहा था, किस अभिप्राय से कहा था? भिक्षुओ! यह प्रज्ञावान् भिक्षु धर्मों के उत्पाद एवं विनाश को जानने वाली, आर्य एवं अन्त:प्रवेशी प्रज्ञा से युक्त रहता है जो कि इसको दु:खक्षय तक पहुँचाने वाली है— इसी अभिप्राय से उपर्युक्त वाक्य कहा गया है।

२१. "भिक्षुओ! 'प्रपञ्चरहित साधक के लिये ही यह धर्म है, जगत्प्रपञ्च में आबद्ध के लिये यह धर्म नहीं'—यह जो कहा था, यह किस अभिप्राय से कहा था? यहाँ, भिक्षुओ! भिक्षु द्वारा

भिक्खुनो पपञ्चनिरोधे चित्तं पक्खन्दति पसीदति सन्तिट्ठति विमुच्चति। 'निप्पपञ्चारामस्सायं, भिक्खवे, धम्मो, निप्पपञ्चरतिनो, नायं धम्मो पपञ्चारामस्स पपञ्चरतिनो' ति, इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं'' ति।

[N.336] २२. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो आयतिकं पि वस्सावासं तत्थेव चेतीसु पाचीनवंसदाये विहासि। अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति, तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। ''खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया'' [B.68] ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा अनुरुद्धो अरहतं अहोसी ति।

२३. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो अरहत्तप्पत्तो तायं वेलायं इमा गाथायो अभासि—

''मम सङ्कप्पमञ्ञाय, सत्था लोके अनुत्तरो।<br>
मनोमयेन कायेन, इद्धिया उपसङ्कमि॥<br>
''यथा मे अहु सङ्कप्पो, ततो उत्तरि देसयि।<br>
निप्पपञ्चरतो बुद्धो, निप्पपञ्चं अदेसयि॥<br>
''तस्साहं धम्ममञ्ञाय, विहासिं सासने रतो।<br>
तिस्सो विज्जा अनुप्पत्ता, कतं बुद्धस्स सासनं'' ति॥

**गहपतिवग्गो ततियो॥**

---

जगत्प्रपञ्च (अविद्या) का निराकरण कर दिये जाने पर उसका चित्त उदार हो जाता है, धर्म में स्थायी रूप से श्रद्धालु हो जाता है, मुक्त हो जाता है। अत: इसी अभिप्राय को लेकर उक्त वाक्य कहा गया है।''

२२. तदनन्तर, आयुष्मान् अनुरुद्ध ने आगामी वर्षावास भी उसी चेदिदेश के वंशदाव में ही सम्पन्न किया। तब आयुष्मान् अनुरुद्ध एकाकी, सबसे पृथक् रहता हुआ (व्यपकृष्ट), अप्रमत्त, उद्योगरत, प्रहितात्मा होकर विहार करता हुआ शीघ्र ही—जिसके लिये कुलपुत्र पूर्णत: घर से अभिनिष्क्रमण कर प्रव्रज्या लिया करते हैं, उसी अनुपम धर्मसाधना के अन्त तक पहुँचकर इसी जीवन में स्वयं जानकर साक्षात् कर, प्राप्त कर साधना करता रहा। अन्त में वह जान गया—'मेरी जन्म-परम्परा क्षीण हो चुकी है, धर्मसाधना पूर्ण हो चुकी है, मैं अपने सभी कर्तव्य कार्य पूर्ण कर चुका, अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है'। इस प्रकार एक दिन इस आयुष्मान् अनुरुद्ध की गणना श्रेष्ठ अर्हतों में होने लगी।

२३. उस समय, आयुष्मान् अनुरुद्ध ने अर्हत्त्व प्राप्त करने के बाद ये गाथाएँ कहीं—

''लोक में अद्वितीय शास्ता मेरे मन का सङ्कल्प (चिन्तन) जानकर स्वकीय मनोमय शरीर (निर्माणकाय) से ऋद्धि द्वारा मेरे सम्मुख प्रकट हुए॥

''तब उनने, जैसा मेरा चिन्तन था, उससे आगे का भी धर्मोपदेश किया। क्योंकि वे स्वयं निष्प्रपञ्च हैं अत: उनने मुझको भी निष्प्रपञ्च रहने का ही उपदेश किया।

तस्सुद्दानं

द्वे उग्गा द्वे च हत्थका, महानामेन जीवको।
द्वे बला अक्खणा वुत्ता, अनुरुद्धेन ते दसा ति॥ ●

## ४. दानवग्गो

**१. पठमदानसुत्तं** : १. "अट्ठिमानि, भिक्खवे, दानानि। कतमानि अट्ठ? [R.236] आसज्ज दानं देति, भया दानं देति, 'अदासि मे' ति दानं देति, 'दस्सति मे' ति दानं देति, 'साहु दानं' ति दानं देति, 'अहं पचामि, इमे न पचन्ति; नारहामि पचन्तो अपचन्तानं दानं अदातुं' ति दानं देति, 'इमं मे दानं ददत्तो कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छती' ति [N.337] दानं देति, चित्तालङ्कारचित्तपरिक्खारत्थं दानं देति। इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ दानानी" ति॥

**२. दुतियदानसुत्तं** :

१. "सद्धा हिरियं कुसलं च दानं, धम्मा एते सप्पुरिसानुयाता।
एतं हि मग्गं दिवियं वदन्ति, एतेन हि गच्छति देवलोकं" ति॥ ●

---

"उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म को जानकर, उनके अनुशासन में रहकर मैंने धर्मसाधना आरम्भ की। उसके फलस्वरूप मैंने तीनों विद्याओं का अधिग्रहण कर लिया। इस प्रकार मैंने बुद्ध द्वारा उपदिष्ट धर्म की साधना पूर्ण की॥" **गृहपतिवर्ग तृतीय सम्पन्न॥** ●

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. प्रथम उग्रसूत्र, २. द्वितीय उग्रसूत्र, ३. प्रथम हस्तकसूत्र, ४. द्वितीय हस्तकसूत्र, ५. महानामसूत्र, ६. जीवकसूत्र, ७. प्रथम बलसूत्र, ८. द्वितीय बलसूत्र, ९. अक्षणसूत्र एवं १०. अनुरुद्धमहावितर्कसूत्र॥ ●

## ४. दानवर्ग

**१. प्रथम दानसूत्र** : : **अष्टविध दान**

१. "भिक्षुओ! दान अष्टविध होते हैं। कौन से आठ? (१) आसक्तिपूर्वक दान किया जाता है, (२) भयपूर्वक दान किया जाता है, (३) 'इसने मुझको दान किया था' या (४) 'यह भी कभी मुझे दान करेगा'—इस अपेक्षा से... (५) दान करना अच्छा होता है—इस दृष्टि से दान करता है, (६) 'मेरे घर में भोजन बना है, इनके घर में नहीं; अब यह उचित नहीं होगा कि जिनके घर में भोजन न बना हो वे भोजन ही न कर सकें'—यह सोचकर दान करता है, (७) 'मेरे द्वारा ऐसा दान करने से मेरा यश फैलेगा'—यह सोचकर दान करता है, (८) अपने मन को सन्तोष एवं प्रसन्नता प्रदान करने हेतु दान करता है। इस प्रकार, भिक्षुओ! ये आठ प्रकार के दान होते हैं"॥ ●

[B.69] **३. दानवत्थुसुत्तं :** १. "अट्ठिमानि, भिक्खवे, दानवत्थूनि। कतमानि अट्ठ? छन्दा दानं देति, दोसा दानं देति, मोहा दानं देति, भया दानं देति, 'दिन्नपुब्बं कतपुब्बं पितुपितामहेहि, नारहामि पोराणं कुलवंसं हापेतुं' ति दानं देति, 'इमाहं दानं दत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जिस्सामी' ति दानं देति, 'इमं मे दानं ददतो चित्तं [R.237] पसीदति, अत्तमनता सोमनस्सं उपजायती' ति दानं देति, चित्तालङ्कारचित्त-परिक्खारत्थं दानं देति। इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ दानवत्थूनी" ति॥ ●

**४. खेत्तसुत्तं :** १. "अट्ठङ्गसमन्नागते, भिक्खवे, खेत्ते बीजं वुत्तं न महप्फलं होति न महस्सादं न फातिसेय्यं। कथं अट्ठङ्गसमन्नागते? इध, भिक्खवे, खेत्तं उन्नामनिन्नामि च होति, पासाणसक्खरिकं च होति, ऊसरं च होति, न च गम्भीरसितं होति, न आयसम्पन्नं होति, न अपायसम्पन्नं होति, न मातिकासम्पन्नं होति, न मरियादसम्पन्नं होति। एवं अट्ठङ्गसमन्नागते, भिक्खवे, खेत्ते बीजं वुत्तं न महप्फलं होति न महस्सादं न फातिसेय्यं।

२. "एवमेव खो, भिक्खवे, अट्ठङ्गसमन्नागतेसु समणब्राह्मणेसु दानं दिन्नं न महप्फलं

---

**२. द्वितीय दानसूत्र : : दान की विधि**

१. "श्रद्धापूर्वक, लज्जापूर्वक एवं कुशलतापूर्वक ही दान करना चाहिये। इस प्रकार किये दानधर्म सत्सङ्गति की ओर बढ़ाते हैं। इस दानमार्ग को (विद्वान् लोग) स्वर्ग की ओर ले जाने वाला बताते हैं। इनके करनेवाले का, देहपात के बाद, निश्चय ही स्वर्गलोक में गमन होता है॥" ●

**३. दानवस्तुसूत्र : : अष्टविध दान**

१. "भिक्षुओ! ये आठ दानवस्तुएँ (दान-कारण) होती हैं। कौन सी आठ? (१) कोई स्वेच्छा से दान करता है, (२) कोई द्वेष से दान करता है, (३) कोई मोह से दान करता है, (४) कोई भय से दान करता है, (५) कोई इसलिये दान करता है कि उसके पिता और पितामह आदि भी ऐसा करते आये हैं, इसलिये इस परम्परा को तोड़ना ठीक नहीं; (६) कोई इसलिये दान करता है कि इसके करने से मेरा मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में जन्म होगा, (७) कोई इसलिये दान करता कि उसके करने से उसका चित्त प्रसन्न होता है, उसको सन्तोष होता है, तथा उसमें सौमनस्य (सुख) अनुभव होता है, (८) तथा कोई अपने चित्त की शुद्धि एवं परिष्कार के लिये दान करता है। भिक्षुओ! ये आठ दान के कारण होते हैं॥" ●

**४. क्षेत्रसूत्र : : खेत की उपमा से अष्टविध दान का वर्णन**

१. "भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त किसी खेत में बोया हुआ बीज, अधिक फलदायी या स्वादयुक्त एवं स्वास्थ्यप्रद नहीं होता। किन आठ अङ्गों से युक्त खेत में? यहाँ भिक्षुओ! किसी खेत की भूमि ऊँची नीची हो, उसमें कंकर पत्थर अधिक हों, जो खेत ऊसर (क्षारयुक्त) हो, गहरी सिंचाई न हो, जिसमें गहरी सीता (हलाई) न हुई हो, जिसमें न जल आने का मार्ग हो, न जल निकलने का, न उसमें जल जाने के लिये नालियाँ बनी हों, न उसके मेंड़ ही भली भाँति लगायी गयी हो। भिक्षुओ! ऐसे आठ अङ्गों से युक्त खेत...

२. "इसी प्रकार, भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त श्रमण ब्राह्मणों को किया हुआ दान

होति न महानिसंसं न महाजुतिकं न महाविप्फारं। कथं अट्ठङ्गसमन्नागतेसु? इध, [N.338] भिक्खवे, समणब्राह्मणा मिच्छादिट्ठिका होन्ति, मिच्छासङ्कप्पा, मिच्छावाचा, मिच्छाकम्मन्ता, मिच्छाआजीवा, मिच्छावायामा, मिच्छासतिनो, मिच्छासमाधिनो। एवं अट्ठङ्गसमन्नागतेसु, भिक्खवे, समणब्राह्मणेसु दानं दिन्नं न महप्फलं होति न महानिसंसं न महाजुतिकं न महाविप्फारं।

३. ''अट्ठङ्गसमन्नागते, भिक्खवे, खेत्ते बीजं वुत्तं महप्फलं होति महस्सादं फातिसेय्यं। कथं अट्ठङ्गसमन्नागते? इध, भिक्खवे, खेत्तं अनुन्नामानिन्नामि च होति, अपासाणसक्खरिकं च होति, अनूसरं च होति, गम्भीरसितं होति, आयसम्पन्नं [R.238] होति, अपायसम्पन्नं होति, मातिकासम्पन्नं होति, मरियादसम्पन्नं होति। एवं [B.70] अट्ठङ्गसमन्नागते, भिक्खवे, खेत्ते बीजं वुत्तं महप्फलं होति महस्सादं फातिसेय्यं।

४. ''एवमेव खो, भिक्खवे, अट्ठङ्गसमन्नागतेसु समणब्राह्मणेसु दानं दिन्नं महप्फलं होति महानिसंसं महाजुतिकं महाविप्फारं। कथं अट्ठङ्गसमन्नागतेसु? इध, भिक्खवे, समणब्राह्मणा सम्मादिट्ठिका होन्ति...सम्मासतिनो, सम्मासमाधिनो। एवं अट्ठङ्गसमन्नागतेसु, भिक्खवे, समणब्राह्मणेसु दानं दिन्नं महप्फलं होति महानिसंसं महाजुतिकं महाविप्फारं ति।

''यथा पि खेत्ते सम्पन्ने, पवुत्ता बीजसम्पदा।
देवे सम्पादयन्तम्हि, होति धञ्ञस्स सम्पदा॥
''अनीतिसम्पदा होति, विरूळ्ही भवति सम्पदा।

---

अधिक फलदायी, प्रशंसात्मक, आलोक एवं कीर्ति फैलाने वाला नहीं होता। कौन से आठ अङ्गों से युक्त? यहाँ, भिक्षुओ! जो श्रमणब्राह्मण मिथ्यादृष्टि, मिथ्यासङ्कल्प, मिथ्यावाणी, मिथ्याकर्म, मिथ्या आजीविका, मिथ्याव्यायाम, मिथ्यास्मृति एवं मिथ्यासमाधिवाले हों। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त श्रमण-ब्राह्मणों को किया हुआ दान अधिक फलदायी ...पूर्ववत्... नहीं होता। (क)

३. (परन्तु) भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त किसी खेत में बोया हुआ बीज अधिक फलदायी स्वादयुक्त एवं स्वास्थ्यप्रद होता है। कैसे आठ अङ्गों से युक्त? जिस खेत की भूमि ऊँची नीची न होकर समतल होती है, उसमें कंकर पत्थर न हों, जो ऊसर न हों, जिसमें गहरी हलाई हुई हो, जिसमें जल आने और जल निकलने का भी मार्ग हो, जिसमें नालियाँ बनी हो, तथा जिसके चारों ओर मेंड़ भी बनी हो—ऐसे आठ अङ्गों से युक्त ...पूर्ववत्... स्वास्थ्यवर्धक होता है।

४. इसी प्रकार, भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त श्रमण-ब्राह्मणों को किया हुआ दान अधिक फलदायी, अधिक माहात्म्यवाला एवं अधिक आलोक तथा यश देने वाला होता है। किन आठ अङ्गों से युक्त? जो श्रमण-ब्राह्मण सम्यग्दृष्टि, सम्यक्सङ्कल्प, सम्यक्कर्म, सम्यक् आजीविका, सम्यग्व्यायाम, सम्यक्स्मृति एवं सम्यक्समाधि वाले हैं—ऐसे अष्टाङ्गसमन्वित श्रमण-ब्राह्मणों को दान करना अतिशय फलदायी ...पूर्ववत्... देने वाला होता है। (ख)

''जैसे अच्छे खेत में बोयी हई **बीजसम्पदा** से, उचित वर्षा होने पर प्रभूत **धान्यसम्पदा** होती है॥

वेपुल्लसम्पदा होति, फलं वे होति सम्पदा॥
"एवं सम्पन्नसीलेसु, दिन्ना भोजनसम्पदा।
सम्पदानं उपनेति, सम्पन्नं हिस्स तं कतं॥
"तस्मा सम्पदमाकङ्खी, सम्पन्नत्थूधपुग्गलो।
सम्पन्नपञ्ञे सेवेथ, एवं इज्झन्ति सम्पदा॥
"विज्जाचरणसम्पन्ने, लद्धा चित्तस्स सम्पदं।
करोति कम्मसम्पदं, लभति चत्थसम्पदं॥
[N.339] "लोकं ञत्वा यथाभूतं, पप्पुय्य दिट्ठिसम्पदं।
मग्गसम्पदमागम्म, याति सम्पन्नमानसो॥
[R.239] "ओधुनित्वा मलं सब्बं, पत्वा निब्बानसम्पदं।
मुच्चति सब्बदुक्खेहि, सा होति सब्बसम्पदा" ति॥

**५. दानूपपत्तिसुत्तं :** १. "अट्ठिमा, भिक्खवे, दानूपपत्तियो। कतमा अट्ठ? इध, भिक्खवे, एकच्चो दानं देति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्ध-
[B.71] विलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। सो यं देति तं पच्चासीसति। सो पस्सति खत्तिय-
महासाले वा ब्राह्मणमहासाले वा गहपतिमहासाले वा पञ्चहि कामगुणेहि समप्पिते

---

"वहाँ विना किसी **ईतिसम्पदा** (ईति=हानि) के वह धान की खेती लहलहा उठती है। उससे किसान को दो सम्पदाएँ प्राप्त होती है—१. **वैपुल्यसम्पदा** (धान की अधिकता), एवं २. **फलसम्पदा** (धन की विशाल राशि)॥

"इसी शीलसम्पन्न पुद्गलों को दी गयी **भोजनसम्पदा** से उसके दान के फल में वृद्धि होती है जो उसका किया हुआ होता है॥

"अत: विपुल सम्पत्ति के इच्छुक गृहस्थ को चाहिये कि सम्पत्ति (धन) का अर्जन करने के बाद **प्रज्ञासम्पदायुक्त** पुद्गलों की सेवा करे, जिससे उसकी सम्पत्ति में वृद्धि हो॥

"विद्याचरणसम्पन्न पुद्गलों की सेवा से **चित्तसम्पदा** (शुद्ध चित्त) को प्राप्त कर अपनी **कर्मसम्पदा** को बढ़ाता रहे जिससे उसकी **अर्थसम्पदा** में वृद्धि हो॥

"**दृष्टिसम्पदा** (सम्यग्दृष्टि) के सहारे इस संसार की यथार्थता जानकर **मार्गसम्पदा** प्राप्त कर (मार्गारूढ़ होकर) वह समाहितचित्त होकर एक दिन निर्वाण को अधिगत कर लेता है॥

अपने समस्त चित्तमल को धोकर, **निर्वाणसम्पदा** को प्राप्त कर जब साधक सभी दु:खों से मुक्त हो जाता है तब वह **सर्वसम्पदा** वाला कहलाता है॥

**५. दानोपपत्तिसूत्र : : दान के कारण अष्टविध जन्म**

१. "भिक्षुओ! दान के फलस्वरूप होनेवाले जन्म आठ प्रकार के होते हैं। कौन से आठ?

"यहाँ, भिक्षुओ! कोई पुरुष श्रमण या ब्राह्मण को अन्न, पान, वस्त्र, यान, माला, गन्ध-विलेपन, शय्या, चादर बिछौने या प्रकाशसहित घर का दान करता है। वह इस दान के फल की आशा करता है। जब वह बड़े बड़े क्षत्रियधनपतियों को ब्राह्मणधनपतियों को या गृहपतिधनपतियों

समङ्गीभूते परिचारयमाने। तस्स एवं होति—'अहो वताहं कायस्स भेदा परं मरणा खत्तिय-महासालानं वा ब्राह्मणमहासालानं वा गहपतिमहासालानं वा सहब्यतं उपपज्जेय्यं' ति! सो तं चित्तं दहति, तं चित्तं अधिट्ठाति, तं चित्तं भावेति। तस्स तं चित्तं हीने विमुत्तं, उत्तरि अभावितं, तत्रूपपत्तिया संवत्तति। कायस्स भेदा परं मरणा खत्तियमहासालानं वा ब्राह्मणमहासालानं वा गहपतिमहासालानं वा सहब्यतं उपपज्जति। तं च खो सीलवतो वदामि, नो दुस्सीलस्स। इज्झति, भिक्खवे, सीलवतो चेतोपणिधि विसुद्धत्ता।

२. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो दानं देति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्धविलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। सो यं देति तं पच्चासीसति। तस्स सुतं होति—'चातुमहाराजिका देवा दीघायुका वण्णवन्तो सुखबहुला' ति। तस्स एवं होति—'अहो वताहं कायस्स भेदा परं मरणा चातुमहाराजिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जेय्यं' [R.240] ति। सो तं चित्तं दहति, तं चित्तं अधिट्ठाति, तं चित्तं भावेति। तस्स तं चित्तं हीने विमुत्तं, उत्तरि अभावितं, तत्रूपपत्तिया संवत्तति। कायस्स भेदा परं मरणा चातुमहाराजिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तं च खो सीलवतो वदामि, नो दुस्सीलस्स। इज्झति, भिक्खवे, [N.340] सीलवतो चेतोपणिधि विसुद्धता।

३. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो दानं देति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्धविलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। सो यं देति तं पच्चासीसति। तस्स सुतं

---

को विविध ऐश्वर्योपभोग करते हुए देखता है, तब उसको यह विचार होता है— 'क्या ही अच्छा होता कि मैं भी मरणानन्तर आगामी जन्म में इसी प्रकार का कोई क्षत्रियधनपति, ब्राह्मणधनपति या गृहपतिधनपति बन कर ऐसे ही विविध ऐश्वर्योपभोग कर पाता'। तब उसका चित्त उनसे ईर्ष्या करने लगता है, वैसा ही बनने का सङ्कल्प करता है, वैसी साधना करता है। हीनयोनियों की ओर से उसका चित्त हट जाता है, परन्तु इस लोक के आगे के सुख की वह कल्पना नहीं कर पाता। बस! वह यहीं धनिक वर्ग में उत्पन्न होने की इच्छा के साथ मरणभाव को प्राप्त हो जाता है। तब वह मरणानन्तर किसी क्षत्रियधनपति, ब्राह्मणधनपति या गृहपतिधनपति के घर में पैदा होता है। परन्तु, भिक्षुओ! मैं यह बात शीलवान् पुरुष के विषय में ही कह रहा हूँ, दुःशील के विषय में नहीं; क्योंकि, भिक्षुओ! शीलवान् का चित्त ही, विशुद्ध होने के कारण, एक लक्ष्य पर स्थिर हो सकता है। (१)

२. "पुनः, भिक्षुओ! यहाँ कोई पुरुष श्रमण या ब्राह्मण को ...पूर्ववत्... आशा करता है। वह कहीं सुन लेता है—'चातुर्महाराजिक देव दीर्घायु, रूपवान् एवं सुखमय जीवन बिताते हैं।' तब उस को यह विचार होता है—'क्यों न मैं भी चातुर्महाराजिक देवों के लोक में उत्पन्न होऊँ। तब उसका चित्त... चातुर्महाराजिक देवों के लोक में उत्पन्न होता है। परन्तु ...पूर्ववत्... स्थिर हो सकता है।' (२)

३. "पुनः, भिक्षुओ! यहाँ कोई पुरुष श्रमण या ब्राह्मण को ...पूर्ववत्... आशा करता है। वह कहीं सुन लेता है—त्रायस्त्रिंश देव ...पूर्ववत्... यामदेव... तुसित देव... निर्माणरतिदेव... पर-

होति—तावतिंसा देवा ...पे०... यामा देवा... तुसिता देवा... निम्मानरती देवा... परनिम्मित-वसवत्ती देवा दीघायुका वण्णवन्तो सुखबहुला ति। तस्स एवं होति—'अहो वताहं कायस्स [B.72] भेदा परं मरणा परनिम्मितवसवत्तीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जेय्यं' ति। सो तं चित्तं दहति, तं चित्तं अधिट्ठाति, तं चित्तं भावेति। तस्स तं चित्तं हीने विमुत्तं, उत्तरि अभावितं, तत्रूपपत्तिया संवत्तति। कायस्स भेदा परं मरणा परनिम्मितवसवत्तीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तं च खो सीलवतो वदामि, नो दुस्सीलस्स। इज्झति, भिक्खवे, सीलवतो चेतोपणिधि विसुद्धत्ता।

४. ''इध पन, भिक्खवे, एकच्चो दानं देति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा अन्नं पानं वत्थं यानं मालागन्धविलेपनं सेय्यावसथपदीपेय्यं। सो यं देति तं पच्चासीसति। तस्स सुतं होति—'ब्रह्मकायिका देवा दीघायुका वण्णवन्तो सुखबहुला' ति। तस्स एवं होति—'अहो [R.241] वताहं कायस्स भेदा परं मरणा ब्रह्मकायिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जेय्यं' ति। सो तं चित्तं दहति, तं चित्तं अधिट्ठाति, तं चित्तं भावेति। तस्स तं चित्तं हीने विमुत्तं, उत्तरि अभावितं, तत्रूपपत्तिया संवत्तति। कायस्स भेदा परं मरणा ब्रह्मकायिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तं च खो सीलवतो वदामि, नो दुस्सीलस्स; वीतरागस्स, नो सरागस्स। इज्झति, भिक्खवे, सीलवतो चेतोपणिधि वीतरागत्ता। इमाा खो, भिक्खवे, अट्ठ दानूपपत्तियो'' ति॥

**६. पुञ्ञकिरियवत्थुसुत्तं** : १. ''तीणिमानि, भिक्खवे, पुञ्ञकिरियवत्थूनि। कतमानि तीणि? दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थु। इध, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु परित्तं कतं होति, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु परित्तं कतं होति, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं नाभिसम्भोति। सो कायस्स भेदा परं मरणा मनुस्सदोभग्यं उपपज्जति।

---

निर्मित वशवर्ती देव दीर्घायु, रूपवान् एवं सुखमय जीवन बिताते हैं।' तब उसको यह विचार होता है ...पूर्ववत्... परनिर्मितवशवर्ती देवों के लोक में उत्पन्न होता है। ...पूर्ववत्... स्थिर हो सकता है। (३, ४, ५, ६, ७)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! यहाँ कोई पुरुष श्रमण या ब्राह्मण को ...पूर्ववत्... 'ब्रह्मकायिक देव दीर्घायु, रूपवान् एवं सुखमय जीवन बिताते हैं। ...पूर्ववत्... ब्रह्मकायिक देवों के लोक में उत्पन्न होता है। परन्तु, भिक्षुओ! मैं यह बात शीलवान् पुरुषों के लिये कह रहा हूँ, दुःशीलों के लिये नहीं; वीतरागों के लिये कह रहा हूँ, रागवालों के नहीं; क्योंकि शीलवान् का ही चित्त, वीतराग होने के कारण, स्थिर होता है। (८)

''भिक्षुओं! ये आठ दान के कारण होने वाले जन्म हैं॥'' ●

**६. पुण्यक्रियवस्तुसूत्र : पुण्यक्रिया-वस्तु**

१. ''भिक्षुओ! ये तीन पुण्यक्रियावस्तुएँ होती हैं। कौन सी तीन? (१) दानमय पुण्यक्रिया-वस्तु, (२) शीलमय पुण्यक्रियावस्तु एवं (३) भावनामय पुण्यक्रियावस्तु। यहाँ, भिक्षुओ! किसी ने दानक्रियावस्तु एवं शीलक्रियावस्तु तो थोड़ी बहुत की भी हैं, परन्तु भावनाक्रियावस्तु उसने कुछ

२. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु मत्तसो कतं होति, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु मत्तसो कतं होति, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं नाभिसम्भोति। सो कायस्स भेदा परं मरणा मनुस्ससोभग्यं उपपज्जति।

३. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं [B.73] होति, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं [R.242] नाभिसम्भोति। सो कायस्स भेदा परं मरणा चातुमहाराजिकानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तत्र, भिक्खवे, चत्तारो महाराजानो दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, चातुमहाराजिके देवे दसहि ठानेहि अधिगण्हन्ति— दिब्बेन आयुना, दिब्बेन वण्णेन, दिब्बेन सुखेन, दिब्बेन यसेन, दिब्बेन आधिपतेय्येन, दिब्बेहि रूपेहि, दिब्बेहि सद्देहि दिब्बेहि, गन्धेहि, दिब्बेहि रसेहि, दिब्बेहि फोट्ठब्बेहि।

४ . "इध पन, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति. भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं नाभिसम्भोति। सो कायस्स भेदा परं मरणा तावतिंसानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तत्र, भिक्खवे, सक्को देवानमिन्दो दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा तावतिंसे देवे दसहि ठानेहि अधिगण्हाति—दिब्बेन आयुना ...पे०... दिब्बेहि फोट्ठब्बेहि।

५. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं नाभिसम्भोति।

---

भी नहीं की है—ऐसा पुरुष इस देहपात के बाद मनुष्यदौर्भाग्य (दरिद्र एवं हीन) योनि में उत्पन्न होता है। (१)

२. "पुनः, भिक्षुओ! कोई पुरुष दानक्रिया एवं शीलक्रिया तो अधिक मात्रा में किये रहता है, परन्तु उसने भावनाक्रिया कुछ भी नहीं की हो—ऐसा पुरुष इस देहपात के बाद मनुष्य सौभाग्य (धनवान् एवं उच्च) योनि में उत्पन्न होता है। (२)

३. "पुनः, भिक्षुओ! कोई पुरुष दानक्रिया कुछ मात्रा में एवं शीलक्रिया तो बहुत अधिक किये रहता है, परन्तु भावनाक्रिया कुछ भी नहीं किये रहता—ऐसा पुरुष इस देहपात के बाद चातुर्महाराजिक देवों के लोक में उत्पन्न होता है। वहाँ, भिक्षुओ! ये चातुर्महाराजिक देव दानक्रिया एवं शीलक्रिया को अधिकता से पूर्ण कर उस लोक में दश बातों में अधिकता प्राप्त कर लेते हैं— १. दिव्य आयु में, २. दिव्य वर्ण में, ३. दिव्य सुख में, ४. दिव्य यश में, ५. दिव्य ऐश्वर्य में, ६. दिव्य रूपों में, ७. दिव्य शब्दों में, ८. दिव्य गन्धों में, ९. दिव्य रसों में एवं १०. दिव्य स्प्रष्टव्य विषयों में।

४. यहाँ, भिक्षुओ! कोई पुरुष दानक्रिया एवं पुण्यक्रिया तो बहुत अधिक किये रहता है; परन्तु भावनाक्रिया कुछ भी नहीं किये रहता। वह इस देहपात के बाद त्रायस्त्रिंश देवलोक में उत्पन्न होता है। वहाँ, भिक्षुओ! देवराज शक्र दानमय एवं शीलमय क्रिया की अधिकता के फलस्वरूप इन देवों में दश बातों में अधिक होता है— १.दिव्य आयु में ...पूर्ववत्... १०. दिव्य स्प्रष्टव्य विषयों में।

सो कायस्स भेदा परं मरणा यामानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तत्र, भिक्खवे, सुयामो देवपुत्तो दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, यामे देवे दसहि ठानेहि अधिगण्हाति—दिब्बेन आयुना ...पे०... फोट्ठब्बेहि।

[N.342] ६. ''इध पन, भिक्खवे, एकच्चस्स दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, [R.243] सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थु अधिमत्तं कतं होति, भावनामयं पुञ्ञकिरियवत्थुं नाभिसम्भोति। सो कायस्स भेदा परं मरणा तुसितानं देवानं सहब्यतं उपपज्जति। तत्र, भिक्खवे, देवपुत्तो दानमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, सीलमयं पुञ्ञकिरियवत्थुं अतिरेकं करित्वा, तुसिते देवे दसहि ठानेहि अधिगण्हाति—दिब्बेन आयुना ...पे०... दिब्बेहि फोट्ठब्बेहि।

३. "पुनः, भिक्षुओ! किसी भिक्षु को किसी मार्ग पर चलना होता है, तब उस को यह विचार होता है—'मुझको इतना मार्ग पार करना है, परन्तु इतना मार्ग पार करने से मेरा शरीर थक जायगा, तो क्यों न मैं चुपचाप लेट जाऊँ।' वह चुपचाप लेट जाता है और वह अप्राप्त की प्राप्ति ...पूर्ववत्... श्रम नहीं करता। भिक्षुओ! यह हुई **तृतीय आलस्योत्पादक वस्तु**।" (३)

४. "पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी मार्ग पर कुछ दूर चल लिया होता है, तब उसको यह विचार होता है—'मैने इतना मार्ग पार कर लिया, अब आगे चलने में मेरा शरीर कष्ट मान रहा है, तो क्यों न चुपचाप लेट जाऊँ।' और वह लेट जाता है तथा अप्राप्त की ...पूर्ववत्... श्रम नहीं करता। भिक्षुओ! यह हुई **चतुर्थ आलस्योत्पादक वस्तु**।" (४)

५. "पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी ग्राम या निगम में भिक्षाटन करता हुआ रूखी या प्रणीत कुछ भी भिक्षा नहीं प्राप्त कर पाता। तब उसको यह विचार होता है—'मुझे इस ग्राम या निगम में बहुत प्रयास के बाद भी पूरी भिक्षा नहीं मिली। मैं थक भी गया हूँ। क्यों न आगे कोई प्रयास न

पारिपूरिं। तस्स मे कायो किलन्तो अकम्मञ्ञो। हन्दाहं निपज्जामी' ति। सो निपज्जति, न विरियं आरभति ...पे०... इदं, भिक्खवे, पञ्चमं कुसीतवत्थु।

६. ''पुन च पुरं, भिक्खवे, भिक्खु गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो लभति लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स एवं होति—'अहं खो गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो अलत्थं लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स मे कायो गरुको अकम्मञ्ञो मासाचितं मञ्ञे। हन्दाहं निपज्जामी' ति। सो निपज्जति, न विरियं आरभति ...पे०... इदं, भिक्खवे, छट्ठं कुसीतवत्थु।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो उप्पन्नो होति अप्पमत्तको आबाधो। तस्स एवं होति—'उप्पन्नो खो मे अयं अप्पमत्तको आबाधो अत्थि कप्पो निपज्जितुं। हन्दाहं निपज्जामी' ति। सो निपज्जति, न विरियं आरभति ...पे०... इदं, भिक्खवे, सत्तमं कुसीतवत्थु।

८. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु गिलाना वुट्ठितो होति अचिरवुट्ठितो गेलञ्ञा। तस्स एवं होति—'अहं खो गिलाना वुट्ठितो अचिरवुट्ठितो गेलञ्ञा। तस्स मे कायो दुब्बलो अकम्मञ्ञो। हन्दाहं निपज्जामी' ति। सो निपज्जति, न विरियं आरभति [N.417,B.149] अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाय। इदं, भिक्खवे, अट्ठमं कुसीतवत्थु। इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ कुसीतवत्थूनि। (क)

९. ''अट्ठिमानि, भिक्खवे, आरम्भवत्थूनि। कतमानि अट्ठ? इध, भिक्खवे, [R.334] भिक्खुना कम्मं कत्तब्बं होति। तस्स एवं होति—'कम्मं खो मे कत्तब्बं भविस्सति। कम्मं

---

कर चुपचाप लेट जाऊँ।' वह लेट जाता है और कोई प्रयास नहीं करता...। यह **पञ्चम आलस्योत्पादक वस्तु** है।'' (५)

६. ''या पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु ...पूर्ववत्... पूर्ण भिक्षा प्राप्त कर लेता है। तब वह सोचता है '...पूर्ण भिक्षा प्राप्त कर ली है, परन्तु मेरा शरीर थक गया है, भारी हो गया है, क्यों न मैं लेट जाऊँ।' और वह लेट जाता है तथा...। यह **षष्ठ आलस्योत्पादक वस्तु** है।'' (६)

७. ''या पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी साधारण रोग से ग्रस्त हो जाता है। वह सोचता है—'मैं कुछ अस्वस्थ हो गया हूँ अतः मेरे लिये कुछ समय लेटना उचित रहेगा, क्यों न मैं लेट जाऊँ।' और वह लेट जाता है तथा...। यह **सप्तम आलस्योत्पादक वस्तु** है।'' (७)

८. ''या पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी रोग से तत्काल ही मुक्त हुआ हो, अतः वह दुर्बल हो। तब वह सोचता है—'मैं रोग के कारण दुर्बलता अनुभव कर रहा हूँ। इस कारण मेरा शरीर थक गया है, क्यों न मैं कुछ समय लेट लूँ।' वह लेट जाता है, तथा... यह **अष्टम आलस्योत्पादक वस्तु** है।'' (८)

''इस प्रकार, भिक्षुओ! ये आठ आलस्योत्पादक वस्तुएँ कहलाती हैं॥'' (क)

९. ''भिक्षुओ! ये आठ **आरम्भ** (कार्य में प्रवृत्ति) **वस्तु** होती हैं। कौन सी आठ?''

''यहाँ, भिक्षुओ! किसी भिक्षु को कोई कार्य करना होता है। तब वह विचार करता है—'मुझे

खो मया करोन्तेन न सुकरं बुद्धानं सासनं मनसि कातुं। हन्दाहं पटिकच्चेव विरियं आरभामि अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाया' ति। सो विरियं आरभति अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छि-किरियाय। इदं, भिक्खवे, पठमं आरम्भवत्थु।

१०. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुना कम्मं कतं होति। तस्स एवं होति—'अहं खो कम्मं अकासिं। कम्मं खो पनाहं करोन्तो नासक्खिं बुद्धानं सासनं मनसि कातुं। हन्दाहं विरियं आरभामि अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाया' ति। सो विरियं आरभति। इदं, भिक्खवे, दुतियं आरम्भवत्थु।

११. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुना मग्गो गन्तब्बो होति। तस्स एवं होति—मग्गो खो मे गन्तब्बो भविस्सति। मग्गं खो पन मे गच्छन्तेन न सुकरं बुद्धानं सासनं मनसि कातुं। हन्दाहं विरियं ...पे०... इदं, भिक्खवे, ततियं आरम्भवत्थु।

१२. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुना मग्गो गतो होति। तस्स एवं होति—अहं खो मग्गं अगमासिं। मग्गं खो पनाहं गच्छन्तो नासक्खिं बुद्धानं सासनं मनसि कातुं। हन्दाहं विरियं आरभामि ...पे०... इदं, भिक्खवे, चतुत्थं आरम्भवत्थु।

---

यह कार्य करना है। परन्तु यह कार्य करता हुआ मैं बुद्धशासन (धर्मसाधना) में मन कैसे लगा सकूँगा, अतः क्यों न मैं पहले ही इस कार्य को पूर्ण कर दूँ, जिससे मुझको अप्राप्त की प्राप्ति, अज्ञात का ज्ञान तथा अदृष्ट का दर्शन भी हो जाय।' यह सोच कर वह उस कार्य को पूर्ण करने के लिये इस प्रकार उद्योग (आरम्भ) करता है कि उसको अप्राप्त की प्राप्ति, अज्ञात का ज्ञान एवं अदृष्ट का दर्शन भी हो जाता है। इस प्रकार, भिक्षुओ! यह **प्रथम आरम्भवस्तु** है।" (१)

१०. "पुनः, भिक्षुओ! उस भिक्षु द्वारा कोई कार्य पूर्ण कर लिया होता है। तब वह सोचता है—'मैने यह कार्य पूर्ण किया, इस कार्य को पूर्ण करते समय मैं बुद्धशासन के पालन में मन नहीं लगा सका; अतः मैं ऐसा उद्योग करूँ कि मुझको अप्राप्त की... दर्शन हो जाय।' अतः वह बुद्ध अनुशासन के पालन का आरम्भ करता है। भिक्षुओ! यह **द्वितीय आरम्भवस्तु** है।" (२)

११. "पुनः, भिक्षुओ! किसी भिक्षु को किसी कार्य की पूर्ति हेतु अन्यत्र जाने के लिये मार्ग चलना पड़ता है। तब उसको यह विचार होता है—'मुझे मार्ग में चलना है। मार्ग चलते समय धर्मसाधना भली भाँति नहीं की जा सकती अतः मैं ऐसा कुछ करूँ कि मैं शीघ्र ही मार्ग चलकर कार्य पूर्ण कर धर्मसाधना में मन लगाऊँ, जिससे अप्राप्त की... दर्शन हो जाय।' अतः वह मार्ग को शीघ्र चलकर पूर्ण करने से मन लगाता है...। भिक्षुओ! यह **तृतीय आरम्भवस्तु** है।" (३)

१२. "पुनः, भिक्षुओ! किसी भिक्षु द्वारा किसी कार्य की पूर्ति के लिये मार्ग चलकर पूर्ण किया होता है। तब वह सोचता है—'मैने इतना समय मार्ग चलने में बिताया, इस अन्तराल में बुद्धानुशासन के पालन में बाधा पड़ी। अतः मैं इस बाधा की पूर्ति हेतु बुद्धानुशासन के पालन में उद्योग करूँ, जिससे अप्राप्त की प्राप्ति... दर्शन हो जाय'। तब वह ...पूर्ववत्...। यह **चतुर्थ आरम्भवस्तु** है।" (४)

१३. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो न [R.335] लभति लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स एवं होति—अहं खो गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो नालत्थं लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स मे कायो लहुको कम्मञ्ञो। हन्दाहं विरियं आरभामि ...पे०... इदं, [N.418] भिक्खवे, पञ्चमं आरम्भवत्थु।

१४. '' पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो [B.150] लभति लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स एवं होति—अहं खो गामं वा निगमं वा पिण्डाय चरन्तो अलत्थं लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं। तस्स मे कायो बलवा कम्मञ्ञो। हन्दाहं विरियं आरभामि ...पे०... इदं, भिक्खवे, छट्ठं आरम्भवत्थु।

१५. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो उप्पन्नो होति अप्पमत्तको आबाधो। तस्स एवं होति—उप्पन्नो खो मे अयं अप्पमत्तको आबाधो। ठानं खो पनेतं विज्जति यं मे आबाधो पवड्ढेय्य। हन्दाहं पटिकच्चेव विरियं आरभामि ...पे०... इदं, भिक्खवे, सत्तमं आरम्भवत्थु।

१६. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु गिलाना वुट्ठितो होति अचिरवुट्ठितो गेलञ्ञा। तस्स एवं होति—'अहं खो गिलाना वुट्ठितो अचिरवुट्ठितो गेलञ्ञा। ठानं खो पनेतं विज्जति यं मे आबाधो पच्चुदावत्तेय्य। हन्दाहं पटिकच्चेव विरियं आरभामि अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाया' ति। सो विरियं आरभति अप्पत्तस्स पत्तिया अनधिगतस्स अधिगमाय असच्छिकतस्स सच्छिकिरियाय। इदं, भिक्खवे, अट्ठमं आरम्भवत्थु। इमानि खो, भिक्खवे, अट्ठ आरम्भवत्थूनी'' ति॥ (ख) ●

**यमकवग्गो अट्ठमो॥**

---

१३. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु ग्राम या निगम में भिक्षा करने निकलता है। वहाँ उसको रूखी या अच्छी किसी भी प्रकार की भिक्षा पूरी नहीं मिलती। तब उसको वह विचार होता है—'मुझको... भिक्षा भी पूरी नहीं मिली, बुद्धानुशासन में भी ध्यान नहीं लगा सका। तो अब मैं बुद्धानुशासन में ध्यान लगाऊँ, जिससे... दर्शन हो जाय।'... भिक्षुओ! यह **पञ्चम आरम्भवस्तु** है।'' (५)

१४. ''पुन: भिक्षुओ! कोई भिक्षु ग्राम या ...पूर्ववत्... पूर्ण भिक्षा पा जाता है। तब उसको यह विचार होता है—'...भिक्षा तो पूर्ण मिल गयी, परन्तु ...पूर्ववत्... भिक्षुओ! यह **षष्ठ आरम्भवस्तु** है।''' (६)

१५. ''पुनः, भिक्षुओ! किसी भिक्षु को कोई साधारण रोग हो जाता है। उसकी चिकित्सा में उसका समय व्यर्थ नष्ट हो जाता है। तब वह सोचता है—...पूर्ववत्... दर्शन हो जाय। भिक्षुओ! यह **सप्तम आरम्भवस्तु** है।'' (७)

१६. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी रोग से मुक्त होकर वह तथ्य ढूँढने के प्रयास में लगता है। तब उसको यह विचार होता है—'मैं रोग से अभी मुक्त हुआ हूँ। अच्छा हो कि मैं शीघ्र

**तस्सुद्दानं**

[R.336] द्वे सद्धा द्वे मरणस्सती, द्वे सम्पदा अथापरं।
इच्छा अलं परिहानं, कुसीतारम्भवत्थूनी ति॥ ●

## ९. सतिवग्गो

**१. सतिसम्पजञ्ञसुत्तं :** १. ''सतिसम्पजञ्ञे, भिक्खवे, असति सतिसम्पजञ्ञविपन्नस्स हतूपनिसं होति हिरोत्तप्पं। हिरोत्तप्पे असति हिरोत्तप्पविपन्नस्स हतूपनिसो होति [N.419] इन्द्रियसंवरो। इन्द्रियसंवरे असति इन्द्रियसंवरविपन्नस्स हतूपनिसं होति सीलं। [B.151] सीले असति सीलविपन्नस्स हतूपनिसो होति सम्मासमाधि। सम्मासमाधिम्हि असति सम्मासमाधिविपन्नस्स हतूपनिसं होति यथाभूतञाणदस्सनं। यथाभूतञाणदस्सने असति यथाभूतञाणदस्सनविपन्नस्स हतूपनिसो होति निब्बिदाविरागो। निब्बिदाविरागे असति निब्बिदाविरागविपन्नस्स हतूपनिसं होति विमुत्तिञाणदस्सनं। सेय्यथापि, भिक्खवे,

---

ही स्वस्थ हो जाऊँ, जिससे मैं बुद्धानुशासन के पालन में अधिक से अधिक समय लगा सकूँ; जिससे अप्राप्त की ...पूर्ववत्... दर्शन हो जाय। तब वह ऐसा उद्योग आरम्भ करता है। भिक्षुओ! यह **अष्टम आरम्भवस्तु** है॥'' (८)

''भिक्षुओ! ये आठ आरम्भवस्तु होती हैं॥'' (ख) ●

**यमकवर्ग अष्टम सम्पन्न॥**

**इस वर्ग ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. प्रथम श्रद्धासूत्र, २. द्वितीय श्रद्धासूत्र, ३. प्रथम मरणस्मृतिसूत्र, ४. द्वितीय मरणस्मृतिसूत्र, ५. प्रथम सम्पदासूत्र, ६. द्वितीय सम्पदासूत्र, ७. इच्छासूत्र, ८. अलंसूत्र, ९. परिहाणसूत्र, १०. कुसीदारम्भवस्तुसूत्र॥

## ९. स्मृतिवर्ग

**१. स्मृतिसम्प्रजन्यसूत्र : : आठ अन्योन्याश्रित धर्म**

१. ''भिक्षुओ! स्मृति एवं सम्प्रजन्य के न होने पर, स्मृतिसम्प्रजन्यविहीन भिक्षु को ह्री (लज्जा) एवं अवत्राप्य (पापभीरुता) भी नहीं रह जाते; ह्री एवं अवत्राप्य के न रहने पर उसका इन्द्रियसंयम भी नष्ट हो जाता है; इन्द्रियसंयम के न रहने पर उसके शील का रहना भी असम्भव है। शीलरहित भिक्षु का सम्यक्समाधि में ध्यान लगना भी असम्भव मानना चाहिये। सम्यक्समाधि के विना उसको यथाभूत ज्ञान का साक्षात्कार कैसे हो पायगा! यथाभूत ज्ञानदर्शन के विना उसके चित्त में उत्पन्न संसार के प्रति निर्विदा (ग्लानि) एवं वैराग्य स्वतः नष्ट हो जायँगे। निर्विदा एवं वैराग्य के

रुक्खो साखापलासविपन्नो। तस्स पपटिका पि न पारिपूरिं गच्छति, तचो पि... फेग्गु पि .. सारो पि न पारिपूरिं गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, सतिसम्पजञ्ञे असति सति-सम्पजञ्ञविपन्नस्स हतूपनिसं होति हिरोत्तप्पं; हिरोत्तप्पे असति हिरोत्तप्पविपन्नस्स हतूपनिसो होति ...पे०... विमुत्तिञाणदस्सनं।

२. "सतिसम्पजञ्ञे, भिक्खवे, सति सतिसम्पजञ्ञसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति हिरोत्तप्पं। हिरोत्तप्पे सति हिरोत्तप्पसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति इन्द्रियसंवरो। इन्द्रियसंवरे सति इन्द्रियसंवरसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति सीलं। सीले सति सीलसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति सम्मासमाधि। सम्मासमाधिम्हि सति सम्मासमाधिसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति यथाभूतञाणदस्सनं। यथाभूतञाणदस्सने सति यताभूतञाणदस्सन-सम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति निब्बिदाविरागो। निब्बिदाविरागे सति निब्बिदा- [R.337] विरागसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति विमुत्तिञाणदस्सनं। सेय्यथापि, भिक्खवे, रुक्खो साखापलाससम्पन्नो। तस्स पपटिका पि पारिपूरिं गच्छति, तचो पि... फेग्गु पि... सारो पि पारिपूरिं गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, सतिसम्पजञ्ञे सति सतिसम्पजञ्ञसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नं होति हिरोत्तप्पं; हिरोत्तप्पे सति हिरोत्तप्पसम्पन्नस्स उपनिससम्पन्नो होति ...पे०... विमुत्तिञाणदस्सनं" ति॥ ●

२. **पुण्णियसुत्तं** : १. अथ खो आयस्मा पुण्णियो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा पुण्णियो भगवन्तं एतदवोच—"को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन अप्पेकदा [N.420] तथागतं धम्मदेसना पटिभाति, अप्पेकदा न पटिभाती" ति?

---

नष्ट होने पर उसका विमुक्तिज्ञानदर्शन भी नष्ट हुआ समझो। जैसे, भिक्षुओ! कोई शाखा एवं पत्र रहित वृक्ष हो ...पूर्ववत्... विमुक्तिज्ञानदर्शन।" (क)

२. "भिक्षुओ! स्मृतिसम्प्रजन्य से सम्पन्न भिक्षु को उस (स्मृतिसम्प्रजन्य) के साथ लगे हुए ह्री एवं अवत्राप्य भी होते हैं। ह्री एवं अवत्राप्य से सम्पन्न भिक्षु को इन्द्रियसंयम होना अनिवार्य है। इन्द्रियसंयम से सम्पन्न भिक्षु के इन्द्रियसंयम के साथ शील का लगे रहना सम्भव ही है। शीलसम्पन्न भिक्षु के शील के साथ सम्यक्समाधि रहेगी ही। सम्यक्समाधिसम्पन्न भिक्षु को समाधि के साथ यथाभूत ज्ञान का साक्षात्कार भी रहता ही है। यथाभूतज्ञानदर्शनसम्पन्न भिक्षु के ज्ञानदर्शन के साथ निर्विदा एवं विराग भी रहेंगे ही। तथा निर्विदाविरागसम्पन्न भिक्षु के निर्विदा एवं विराग के साथ विमुक्तिज्ञानदर्शन भी रहेगा। जैसे, भिक्षुओ! कोई शाखापलाशयुक्त वृक्ष हो ...पूर्ववत्... विमुक्तिज्ञानदर्शन भी रहेगा ही॥" (ख) ●

**२. पुण्णियसूत्र : : तथागत द्वारा धर्मदेशना के आठ अनुकूल अवसर**

१. तब आयुष्मान् पुण्णिय भगवान् के पास आये... पूर्ववत्... उन ने यह जिज्ञासा की—"भन्ते! क्या कारण है कि आप तथागत को कभी किसी के प्रति धर्मदेशना करना उचित लगता है? और कभी नहीं?"

''सद्धो च, पुण्णिय, भिक्खु होति, नो चुपसङ्कमिता; नेव तथागतं धम्मदेसना [B.152] पटिभाति। यतो च खो, पुण्णिय, भिक्खु सद्धो च होति, उपसङ्कमिता च; एवं तथागतं धम्मदेसना पटिभाति। सद्धो च, पुण्णिय, भिक्खु होति, उपसङ्कमिता च, नो च पयिरुपासिता ...पे०... पयिरुपासिता च, नो च परिपुच्छिता... परिपुच्छिता च, नो च ओहितसोतो धम्मं सुणाति... ओहितसोतो च धम्मं सुणाति, नो च सुत्वा धम्मं धारेति... सुत्वा च धम्मं धारेति, नो च धातानं धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति... धातानं च धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति, नो च अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो होति; नेव ताव तथागतं धम्मदेसना पटिभाति।

[R.338] २. ''यतो च खो, पुण्णिय, भिक्खु सद्धो च होति, उपसङ्कमिता च, पयिरुपासिता च, परिपुच्छिता च, ओहितसोतो च धम्मं सुणाति, सुत्वा च धम्मं धारेति, धातानं च धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति, अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो च होति; एवं तथागतं धम्मदेसना पटिभाति। इमेहि खो, पुण्णिय, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागता एकन्तपटिभाना तथागतं धम्मदेसना होती'' ति॥

**३. मूलकसुत्तं :** १. ''सचे, भिक्खवे, अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका एवं पुच्छेय्युं— 'किंमूलका, आवुसो, सब्बे धम्मा, किंसम्भवा सब्बे धम्मा, किंसमुदया सब्बे धम्मा, किंसमोसरणा सब्बे धम्मा, किंपमुखा सब्बे धम्मा, किंअधिपतेय्या सब्बे धम्मा, किंउत्तरा सब्बे धम्मा, किंसारा सब्बे धम्मा' ति, एवं पुट्ठा तुम्हे, भिक्खवे, तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं किन्ति ब्याकरेय्याथा'' ति?

---

''पुण्णिय! मेरे पास आने वाला भिक्षु केवल पास आने वाला ही न हो, वह श्रद्धालु भी होना चाहिये; पुण्णिय जब मेरे पास आने वाला भिक्षु श्रद्धालु होता है तभी मैं उसको धर्मोपदेश करता हूँ। परन्तु, पुण्णिय! जो आनेवाला भिक्षु श्रद्धालु हो, परन्तु पर्युपासना (सेवा) करने वाला न हो ...पूर्ववत्... पर्युपासना करनेवाला तो हो, परन्तु धर्म के विषय में कोई प्रश्न न करता हो ...पूर्ववत्... धर्म के विषय में प्रश्न भी करता हो, परन्तु उसका उत्तर मन लगाकर न सुनता हो ...पूर्ववत्... सुन भी लेता है तो उस धर्म को धारण नहीं करता ...पूर्ववत्... धर्म को धारण कर लेता है तो उसका अर्थपरीक्षण नहीं करता... अर्थपरीक्षण भी कर लेता है तो उसके अनुसार आचरण नहीं करता। पुण्णिय! ऐसे श्रोता को उपदेश करने का मेरा मन नहीं करता। (क)

२. (परन्तु) ''पुण्णिय! जो पास आने वाला श्रद्धालु होता है, सेवा करता है, धर्मविषयक प्रश्न करता है, मन लगाकर धर्मोपदेश सुनता है, उसको धारण करता है, धर्म का अर्थपरीक्षण करता है, अर्थपरीक्षण कर उसके अनुसार आचरण करता है। पुण्णिय! इन आठ धर्मों से युक्त सर्वज्ञानसम्पन्न तथागत की धर्मदेशना होती है॥'' (ख)

**३. मूलकसूत्र : : धर्म के आठ स्थल**

''भिक्षुओ! यदि दूसरे धर्म के अनुयायी तुमसे यह पूछें—'आयुष्मानो! आपके सभी धर्मों का क्या मूल है? इनके उत्पादक कौन हैं? इनका समुदय (उत्पत्ति) कैसे होता है? ये कैसे एकत्र

"भगवम्मूलका नो, भन्ते, धम्मा, भगवन्नेत्तिका भगवम्पटिसरणा। साधु, भन्ते, भगवन्तंयेव पटिभातु एतस्स भासितस्स अत्थो। भगवतो सुत्वा भिक्खू [N.421] धारेस्सन्ती" ति।

"तेन हि, भिक्खवे, देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—"सचे, भिक्खवे, अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका एवं पुच्छेय्युं—'किंमूलका, आवुसो, सब्बे धम्मा, किंसम्भवा सब्बे धम्मा, किंसमुदया सब्बे धम्मा, किंसमोसरणा सब्बे धम्मा, किंपमुखा सब्बे धम्मा, किंअधिपतेय्या सब्बे धम्मा, किंउत्तरा सब्बे धम्मा, किंसारा सब्बे [B.153. R.339] धम्मा' ति? एवं पुट्ठा तुम्हे, भिक्खवे, तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं एवं ब्याकरेय्याथ—'छन्दमूलका, आवुसो, सब्बे धम्मा, मनसिकारसम्भवा सब्बे धम्मा, फस्ससमुदया सब्बे धम्मा, वेदनासमोसरणा सब्बे धम्मा, समाधिप्पमुखा सब्बे धम्मा, सताधिपतेय्या सब्बे धम्मा, पञ्ञुत्तरा सब्बे धम्मा, विमुत्तिसारा सब्बे धम्मा' ति, एवं पुट्ठा तुम्हे, भिक्खवे, तेसं अञ्ञतित्थियानं परिब्बाजकानं एवं ब्याकरेय्याथा" ति॥ ●

४. **चोरसुत्तं** : १. अट्ठहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो महाचोरो खिप्पं परियापज्जति, न चिरट्ठितिको होति। कतमेहि अट्ठहि? अप्पहरन्तस्स पहरति, अनवसेसं

---

होते हैं? इन धर्मों का प्रमुख (ज्येष्ठ) कौन है? इन धर्मों का आधिपत्य (ऐश्वर्य) क्या है? इनसे आगे या इनका अग्रज कौन है? इनका सार (बल) क्या है?' ऐसा पूछे जाने पर, भिक्षुओ! तुम उन अन्य धर्मावलम्बियों को क्या उत्तर दोगे?"

"भन्ते! हमारे धर्मज्ञान के विषय में आप ही मूल हैं, आप ही मार्गदर्शक हैं, इसके लिये हम आपकी ही शरण में आते हैं; अत: अच्छा हो, भन्ते! आपही इसका उत्तर (अर्थ) हमें बता दें। आपसे सुनकर हम भिक्षु लोग उसको धारण कर लेंगे।

"तो, भिक्षुओ! मैं ही बताता हूँ। तुम उसे सुन लो। और ठीक से मन में बैठा लो। बताता हूँ॥

"अच्छा भन्ते!" कहकर भिक्षुओं ने भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य की। भगवान् यह बोले—

"यदि, भिक्षुओ! तुमको कोई अन्य धर्मावलम्बी यह पूछें—'तुम्हारे धर्मों का क्या मूल है? ...पूर्ववत्... इनका सार क्या है?' ऐसा पूछे जाने पर तुम उन अन्य धर्मावलम्बियों को यह उत्तर देना—'छन्द (इच्छा) ही सब धर्मों का मूल है, मन में बैठाना ही उनकी उत्पत्ति है... स्पर्श उनका उत्पत्ति कारण है, वेदना के कारण ही सब धर्म एकत्र होते हैं, समाधि ही इन धर्मों की प्रमुख है, स्मृति का ही इन पर ऐश्वर्य है, प्रज्ञा ही इनका अग्र है तथा इन सब धर्मों का विमुक्ति ही सार है।' भिक्षुओ! अन्य धर्मावलम्बियों (परिव्राजकों) द्वारा वैसा पूछे जाने पर तुम इसका यह उत्तर देना॥"

**४. चौरसूत्र** : : **चौर के आठ कर्म (अङ्ग)**

१. "भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त कोई बड़ा चौर कार्य तो तत्काल कर लेता है, परन्तु

आदियति, इत्थिं हनति, कुमारिं दूसेति, पब्बजितं विलुम्पति, राजकोसं विलुम्पति, अच्चासन्ने कम्मं करोति, न च निधानकुसलो होति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहङ्गेहि समन्नागतो महाचोरो खिप्पं परियापज्जति, न चिरट्ठितिको होति।

२. ''अट्ठहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो महाचोरो न खिप्पं परियापज्जति, चिरट्ठितिको होति। कतमेहि अट्ठहि? न अप्पहरन्तस्स पहरति, न अनवसेसं आदियति, न इत्थिं हनति, न कुमारिं दूसेति, न पब्बजितं विलुम्पति, न राजकोसं विलुम्पति, न अच्चासन्ने कम्मं करोति, निधानकुसलो च होति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहङ्गेहि समन्नागतो महाचोरो न खिप्पं परियापज्जति, चिरट्ठितिको होति'' ति॥

[N.422, R.340] **५. समणसुत्तं** : १. '''समणो' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'ब्राह्मणो' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'वेदगू' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'भिसक्को' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मा-सम्बुद्धस्स। 'निम्मलो' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'विमलो' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'ञाणी' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं [B.154] अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। 'विमुत्तो' ति, भिक्खवे, तथागतस्सेतं अधिवचनं अरहतो सम्मासम्बुद्धस्सा ति।

---

वह अधिक काल तक नहीं ठहरता। किन आठ अङ्गों से? प्रहार न करनेवाले पर भी प्रहार करता है, सब कुछ छीन लेता है, स्त्री को भी मार देता है, कुमारी कन्या का चरित्र दूषित कर देता है, संन्यासियों को भी लूट लेता है, राजा के खजाने को भी चुरा लेता है, बहुत समीप रहकर भी चौर्य कर्म करता है, परन्तु प्राप्त धन की रक्षा करने में चतुर नहीं होता। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त महाचौर कार्य तो तत्काल पूर्ण कर लेता है, परन्तु वह अधिक काल तक नहीं ठहरता। (क)

२. भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त महाचौर अपने कार्य में सफल तो देर से होता है किन्तु उसका कार्य चिरस्थायी होता है। किन आठ अङ्गों से? प्रहार न करने वाले पर प्रहार नहीं करता, किसी का सब कुछ नहीं चुरा लेता कि उसको भोजन भी दुर्लभ हो जाय, स्त्री को नहीं मारता, कुमारी को चरित्रभ्रष्ट नहीं करता, संन्यासी को नहीं लूटता, राजकोष में चौरी नहीं करता, अपने वास के समीप चौरी नहीं करता, परन्तु अपने प्राप्त धन को छिपाने में चतुर होता है। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त कोई बड़ा चौर अपना कार्य शीघ्र तो पूर्ण नहीं कर पाता, परन्तु उसका कार्य चिरस्थायी होता है॥'' (ख)

**५. श्रमणसूत्र : : तथागत के आठ नाम (पर्याय)**

''भिक्षुओ! 'श्रमण' यह तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध की ही संज्ञा है। 'ब्राह्मण', 'वेदज्ञ', 'भिषक्' (वैद्य), 'निर्मल', 'विमल', 'ज्ञानी', एवं 'विमुक्त'—ये सब तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध के ही नाम (पर्याय) हैं।

"यं समणेन पत्तब्बं, ब्राह्मणेन वुसीमता।
यं वेदगुना पत्तब्बं, भिसक्केन अनुत्तरं॥
"यं निम्मलेन पत्तब्बं, विमलेन सुचीमता।
यं ञाणिना च पत्तब्बं, विमुत्तेन अनुत्तरं॥
"सोहं विजितसङ्गामो, मुत्तो मोचेमि बन्धना।
नागोम्हि परमदन्तो, असेखो परिनिब्बुतो" ति॥

**६. यससुत्तं** : १. एकं समयं भगवा कोसलेसु चारिकं चरमानो महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन इच्छानङ्गलं नाम कोसलानं ब्राह्मणगामो तदवसरि। तत्र सुदं भगवा इच्छानङ्गले विहरति इच्छानङ्गलवनसण्डे। अस्सोसुं खो इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका—"समणो खलु भो गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो इच्छानङ्गलं अनुप्पत्तो इच्छानङ्गले विहरति इच्छानङ्गलवनसण्डे। तं खो पन भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो [R.341] अब्भुग्गतो—'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो ...पे०... साधु खो पन तथारूपानं अरहतं दस्सनं होति'" ति।

२. अथ खो इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका तस्सा रत्तिया अच्चयेन पहुतं खादनीयं भोजनीयं आदाय येन इच्छानङ्गलवनसण्डो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा बहिद्वारकोट्ठके अट्ठंसु उच्चासद्दा महासद्दा। तेन खो पन समयेन आयस्मा नागितो भगवतो उपट्ठाको [N.423] होति। अथ खो भगवा आयस्मन्तं नागितं आमन्तेसि—"के पन ते, नागित, उच्चासद्दा महासद्दा केवट्टा मञ्ञे मच्छविलोपे" ति?

---

"जो श्रमण, धर्मसाधना पूर्ण कर चुके ऐसे ब्राह्मण, वेदज्ञ, भिषक्, निर्मल, शुद्धिसम्पन्न, विमल, ज्ञानी एवं विमुक्त द्वारा जो कुछ भी प्राप्तव्य है, वह मैंने प्राप्त कर लिया है।

क्योंकि मैं (मार से) संग्राम जीत चुका हूँ। मैं मुक्त हूँ और दूसरों को भी सांसारिक बन्धनों से मुक्त कराता हूँ। मैं अतिशय शिक्षित नाग (निष्पाप) हूँ। मैं अशैक्ष्य एवं परिनिर्वृत हो चुका हूँ॥"

**6. यशःसूत्र** :: **आठ साधनास्थल**

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) कौसल देश में विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ चारिका करते हुए कौसल देश के इच्छानङ्गल ग्राम में पहुँचे। वहाँ इच्छानङ्गल के वनषण्ड में साधनाहेतु विराजे। तब इच्छानङ्गल के ब्राह्मणगृहपतियों ने सुना—"शाक्यकुल से प्रव्रजित शाक्यपुत्र श्रमण गौतम इस समय इच्छानङ्गल के वनषण्ड में साधनाहेतु विराजमान हैं। उन भगवान् गौतम का यह यशःशब्द लोक में फैला हुआ है—'वे भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध ...पूर्ववत्... बुद्ध भगवान् हैं। ऐसे अर्हतों के दर्शन मङ्गलमय होते हैं।' "

२. तब वे इच्छानङ्गलवासी ब्राह्मणगृहपति, उस रात्रि के बीतने पर, (प्रातः) बहुत से खाद्य, भोज्य पदार्थ तैयार कर इच्छानङ्गल वनप्रदेश में पहुँचे। पहुँचकर बाह्य द्वार पर खड़े होकर तीव्र कोलाहल करने लगे। उस समय आयुष्मान् नागित भगवान् के उपस्थायक (वैयक्तिक सहायक)

"एते, भन्ते, इच्छानङ्गलका ब्राह्मणगहपतिका पहुतं खादनीयं भोजनीयं आदाय बहिद्वारकोट्ठके ठिता भगवन्तंयेव उद्दिस्स भिक्खुसङ्घं चा" ति।

"माहं नागित, यसेन समागमं, मा च मया यसो। यो खो, नागित, नयिमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अस्स अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स [B.155] सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, सो तं मीळ्हसुखं मिद्धसुखं लाभसक्कारसिलोकसुखं सादियेय्या" ति।

"अधिवासेतु दानि, भन्ते, भगवा। अधिवासेतु सुगतो। अधिवासनकालो दानि, भन्ते, भगवतो। येन येनेव दानि, भन्ते, भगवा गमिस्सति तन्निन्ना व भविस्सन्ति ब्राह्मणगहपतिका नेगमा चेव जानपदा च। सेय्यथापि, भन्ते, थुल्लफुसितके देवे वस्सन्ते [R.342] यथानिन्नं उदकानि पवत्तन्ति; एवमेव खो, भन्ते, येन येनेव दानि भगवा गमिस्सति तन्निन्ना व भविस्सन्ति ब्राह्मणगहपतिका नेगमा चेव जानपदा च। तं किस्स हेतु? तथा हि, भन्ते, भगवतो सीलपञ्ञाणं" ति।

३. "माहं, नागित, यसेन समागमं, मा च मया यसो। यो खो, नागित, नयिमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अस्स अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स

---

थे। तब भगवान् ने आयुष्मान् नागित को बुलाकर पूछा—"नागित! ये कौन लोग बाह्य द्वार पर इतना तीव्र कोलाहल कर रहे हैं, मानो केवटों का मछली बाजार लगा हुआ हो।"

"भन्ते! ये इच्छानङ्गलवासी बहुत से ब्राह्मण गृहपति प्रभूत (अत्यधिक) खाद्य भोज्य पदार्थ तैयार कराकर आपको तथा भिक्षुसङ्घ को दान करने हेतु यहाँ लाये हैं। वे ही बहिर्द्वार पर खड़े होकर ऐसा कोलाहल कर रहे हैं।"

"नागित! मैं यश से बँधा हुआ नहीं हूँ, न यश ही मुझसे बँधा हुआ है। नागित! जो इस स्वत:प्राप्त सुख, एकान्त साधनासुख, शान्तिसुख एवं ज्ञानसुख का पूर्ण लाभी न हो वही इस मलिन सुख वाले लौकिक लाभ, सत्कार एवं यश के बन्धन में फँसे। मैं तो उक्त निष्कामसुख, एकान्त-साधनासुख, शान्तिसुख एवं ज्ञानसुख का पूर्ण लाभी हूँ, अत: मुझको इस तुच्छ लौकिक लाभ, सत्कार एवं यश की कुछ भी आवश्यकता नहीं है।"

"भन्ते! भगवान् अभी आप इसे स्वीकार कर लें। सुगत! इसे स्वीकार कर लें। यह स्वीकार करने का समय है। भन्ते! लोक में आप जैसा आचरण करेंगे, लोक (ये ब्राह्मण गृहपति) भी आपका अनुकरण करते हुए वही आचरण करेंगे। जैसे, भन्ते! तीव्र मेघ-वर्षा से गिरा हुआ जल नीचे की ओर ही जाता है; उसी प्रकार भगवान् जो आचरण करेंगे, लोक भी उसी का अनुकरण करेगा। ये ब्राह्मण गृहपति और यहाँ के निगमों तथा ग्रामों के वासी भी वैसा ही आचरण करेंगे। वह किसलिये? क्योंकि आपका आचरण आदर्श (अनुकरणीय) माना जाता है।"

३. "नहीं, नागित! नहीं; मैं यश से बँधा हुआ नहीं हूँ।...पूर्ववत्...।

सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी, सो तं मीळ्हसुखं मिद्धसुखं लाभसक्कारसिलोकसुखं सादियेय्य।

४. "देवता पि खो, नागित, एकच्चा नयिमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभिनियो अस्सु अकिच्छलाभिनियो अकसिर-लाभिनियो, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स निकाम- [N.424] लाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी। तुम्हाकं पि खो, नागित, सङ्गम्म समागम्म सङ्गणिक-विहारं अनुयुत्तानं विहरतं एवं होति—'न हि नूनमे आयस्मन्तो इमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभिनो अस्सु अकिच्छलाभिन अकसिरलाभिनो, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोध-सुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी। तथा हि पन मे [B.156,R.343] आयस्मन्तो सङ्गम्म समागम्म सङ्गणिकविहारं अनुयुत्ता विहरन्ति।

५. "इधाहं, नागित, भिक्खु पस्सामि अञ्ञमञ्ञं अङ्गुलिपतोदकेन सञ्जग्घन्ते सङ्कीळन्ते। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'न हि नूनमे आयस्मन्तो इमस्स नेक्खम्म-सुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभिनो अस्सु अकिच्छ-लाभिनो अकसिरलाभिनो, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिरलाभी। तथा हि पनमे आयस्मन्तो अञ्ञमञ्ञं अङ्गुलिपतोदकेन सञ्जग्घन्ति सङ्कीळन्ति।

६. "इध पनाहं, नागित, भिक्खू पस्सामि यावदत्थं उदरावदेहकं भुञ्जित्वा सेय्यसुखं पस्ससुखं मिद्धसुखं अनुयुत्ते विहरन्ते। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'न हि नूनमे आयस्मन्तो इमस्स नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभिनो अस्सु अकिच्छलाभिनो अकसिरलाभिनो, यस्साहं नेक्खम्मसुखस्स पविवेकसुखस्स उपसमसुखस्स सम्बोधसुखस्स निकामलाभी अकिच्छलाभी अकसिर-

---

४. "नागित! यहाँ अच्छे अच्छे प्रभावशाली देवता भी इस स्वत:प्राप्त सुख ...पूर्ववत्... के लाभी नहीं है जो मुझको प्राप्त है। नागित! तुम लोगों को भी यह अनुभव होता होगा कि जनसमूह में आते जाते रहने के कारण तुम लोगों को भी यह स्वत:प्राप्त सुख ...पूर्ववत्... उपलब्ध नहीं है जो मुझको (एकान्तवास के कारण) उपलब्ध है; क्योंकि तुम लोग प्राय: जनसमूह से सम्पृक्त रहते हो। (१)

५. "नागित! यहाँ मैं भिक्षुओं को, एक दूसरे को अंगुलियों से बींधते हुए परस्पर हास परिहास करते हुए, देखता हूँ। उनको देखकर नागित मुझे यह विचार होता है—'अवश्य ही ये आयुष्मान् उस स्वत:प्राप्त सुख के उतने लाभी नहीं हैं, जितना... मैं हूँ'; क्योंकि ये एक दूसरे को अंगुलियों से बींधते हुए परस्पर हास परिहास करते रहते हैं।

६. "नागित! यहाँ मैं कुछ ऐसे भिक्षुओं को देखता हूँ जो भरपेट खाकर, मञ्च पर आलस्यवश

लाभी। तथा हि पन मे आयस्मन्तो यावदत्थं उदरावदेहकं भुञ्जित्वा सेय्यसुखं पस्ससुखं मिद्धसुखं अनुयुत्ता विहरन्ति।

७. ''इधाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि गामन्तविहारिं समाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि इमं आयस्मन्तं आरामिको वा उपट्ठहिस्सति समणुद्देसो वा। [N.425, R.344] तं तम्हा समाधिम्हा चावेस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो न अत्तमनो होमि गामन्तविहारेन।

८. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे पचलायमानं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा इमं निद्दाकिलमथं पटिविनोदेत्वा [B.157] अरञ्ञसञ्ञंयेव मनसि करिस्सति एकत्तं' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

९. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे असमाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा असमाहितं वा चित्तं समादहिस्सति, समाहितं वा चित्तं अनुरक्खिस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

१०. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं अरञ्ञे समाहितं निसिन्नं। तस्स मय्हं, नागित, एवं होति—'इदानि अयमायस्मा अविमुत्तं वा चित्तं विमुच्चिस्सति, विमुत्तं वा चित्तं अनुरक्खिस्सती' ति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

११. ''इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि गामन्तविहारिं लाभिं चीवरपिण्डपात-

---

करवटें बदलते हुए साधना करते हैं। उनको देखकर भी मुझको ऐसा लगता है—'ये इस स्वत: प्राप्त सुख ...पूर्ववत्... का उतना लाभ नहीं कर पाते हैं, जितना... सुख का लाभ मुझको हो रहा है।'

७. ''नागित! जब मैं किसी भिक्षु को ग्राम के बाहर समाधिनिष्ठ देखता हूँ तब उसको देखकर मुझको यह होता है—'अभी इसके पास कोई आराम में रहने वाला भिक्षु या कोई श्रमणोद्देश आ जायगा और वह इसको समाधि से च्युत कर देगा।' अत: नागित! मैं उस भिक्षु की ग्राम के बाहर की जाती हुई इस साधना से सन्तुष्ट नहीं होता।

८. (परन्तु) ''नागित! मैं जब ऐसे किसी आरण्यक भिक्षु को अरण्य में तन्द्रामग्न हुए बैठे देखता हूँ तब उसे देखकर मुझको यह होता है—'अब यह आयुष्मान् अपने निद्राजन्य आलस्य को त्याग कर अरण्यसंज्ञा की ही एकान्तत: भावना करेगा।' नागित! उस भिक्षु की इस अरण्यसाधना से मैं सन्तुष्ट होता हूँ।

९. ''नागित! जब मैं किसी आरण्यक भिक्षु को ...पूर्ववत्... 'अब यह अपने असमाहित चित्त को समाहित कर लेगा'। नागित! मैं उसकी इस आरण्यसाधना से सन्तुष्ट होता हूँ।

१०. ''नागित! जब मैं देखता हूँ किसी आरण्यक भिक्षु को ...पूर्ववत्... अविमुक्त चित्त को मुक्त कर लेगा'। नागित! मैं उसकी इस अरण्यसाधना से सन्तुष्ट होता हूँ।

सेनासनगिलानप्पचचयभेसज्जपरिक्खारानं। सो तं लाभसक्कारसिलोकं निकामयमानो रिञ्चति पटिसल्लानं, रिञ्चति अरञ्ञवनपत्थानि पन्तानि सेनासनानि; गामनिगमराजधानिं ओसरित्वा वासं कप्पेति। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो न अत्तमनो होमि गामन्तविहारेन।

१२. "इध पनाहं, नागित, भिक्खुं पस्सामि आरञ्ञकं लाभिं चीवरपिण्डापत-सेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं। सो तं लाभसक्कारसिलोकं पटिपणामेत्वा न रिञ्चति पटिसल्लानं, न रिञ्चति अरञ्ञवनपत्थानि पन्तानि सेनासनानि। तेनाहं, नागित, तस्स भिक्खुनो अत्तमनो होमि अरञ्ञविहारेन।

१३. "यस्माहं, नागित, समये अद्धानमग्गप्पटिपन्नो न कञ्चि पस्सामि पुरतो वा पच्छतो वा, फासु मे, नागित, तस्मिं समये होति अन्तमसो उच्चारपस्सावकम्माय" ति॥ ●

७. **पत्तनिकुज्जनसुत्तं** : १. "अट्ठहि, भिक्खवे, अङ्गेहि [B.158,R.345] समन्नागतस्स उपासकस्स आकङ्खमानो सङ्घो पत्तं निक्कुज्जेय्य। कतमेहि अट्ठहि? भिक्खूनं अलाभाय परिसक्कति, भिक्खूनं अनत्थाय परिसक्कति, भिक्खूनं अवासाय परिसक्कति, भिक्खू अक्कोसति परिभासति, भिक्खू भिक्खूहि भेदेति, बुद्धस्स अवण्णं भासति, धम्मस्स अवण्णं भासति, सङ्घस्स अवण्णं भासति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहङ्गेहि समन्नागतस्स उपासकस्स आकङ्खमानो सङ्घो पत्तं निक्कुज्जेय्य।

२. "अट्ठहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतस्स उपासकस्स आकङ्खमानो सङ्घो पत्तं

---

११. "नागित! मैं किसी भिक्षु को ग्राम से बाहर साधना करते हुए भी चीवर, पिण्डपात, शयनासन आदि का लाभ प्राप्त करते देखता हूँ। वह उस चीवर आदि के लाभ में ही सुख मानता हुआ साधना में ढीला पड़ जाता है, तब उसको अरण्य के वास या एकान्त शयनासन में कोई रुचि नहीं रह जाती और वह ग्राम, निगम या किसी बड़े नगर (राजधानी) जाकर रहने लगता है। नागित! उस भिक्षु के इस क्रियाकलाप से मैं सन्तुष्ट नहीं होता।

१२. "नागित! मैं किसी आरण्यक भिक्षु को चीवर, पिण्डपात, शयनासन आदि का लाभ प्राप्त करते देखता हूँ। वह उस लाभ-सत्कार से मन हटाकर अपनी एकान्तसाधना में ही लगा रहता है। अरण्य, वनप्रस्थ एवं एकान्त शयनासन को भी नहीं छोड़ता। ऐसे भिक्षु की अरण्यसाधना से मैं सन्तुष्ट होता हूँ।

१३. "नागित! जब मुझको मार्ग में चारिका करते हुए मल एवं मूत्र के उत्सर्जन की इच्छा होती है, तब यदि मैं अपने आगे पीछे किसी को न देखूँ तो मुझको उक्त क्रियाएँ करने में सुविधा होती है॥" ●

**७. पात्रनिकुज्जनसूत्र : : आठ अङ्गों से युक्त उपासक का सङ्घ से बहिष्कार करना**

१. "भिक्षुओ! आठ अङ्गों से युक्त उपासक का, सङ्घ यदि चाहे तो, पात्र उलटा कर सकता है। (सङ्घ से निकाल सकता है।) किन आठ अङ्गों से? जो भिक्षुओं की हानि का, भिक्षुओं को वासविहीन करने का प्रयत्न करता है, भिक्षुओं की निन्दा या उनको अपशब्द बोलता है, एक भिक्षु का दूसरे भिक्षु से कलह कराता है, बुद्ध की निन्दा करता है, धर्म की निन्दा करता है, सङ्घ की निन्दा

उक्कुज्जेय्य। कतमेहि अट्ठहि? न भिक्खूनं अलाभाय परिसक्कति, न भिक्खूनं अनत्थाय परिसक्कति, न भिक्खूनं अवासाय परिसक्कति, न भिक्खू अक्कोसति परिभासति, न भिक्खू भिक्खूहि भेदेति, बुद्धस्स वण्णं भासति, धम्मस्स वण्णं भासति, सङ्घस्स वण्णं भासति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहङ्गेहि समन्नागतस्स उपासकस्स आकङ्खमानो सङ्घो पत्तं उक्कुज्जेय्या'' ति॥ ●

**८. अप्पसादपवेदनीयसुत्तं** : १. ''अट्ठहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमाना उपासका अप्पसादं पवेदेय्युं। कतमेहि अट्ठहि? गिहीनं अलाभाय परिसक्कति, गिहीनं अनत्थाय परिसक्कति, गिही अक्कोसति परिभासति, गिही गिहीहि भेदेति, बुद्धस्स अवण्णं भासति, धम्मस्स अवण्णं भासति, सङ्घस्स अवण्णं भासति, अगोचरे च नं [N.427] पस्सन्ति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहिं धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमाना उपासका अप्पसादं पवेदेय्युं।

[R.346] २. ''अट्ठहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमाना उपासका पसादं पवेदेय्युं। कतमेहि अट्ठहि? न गिहीनं अलाभाय परिसक्कति, न गिहीनं अनत्थाय परिसक्कति, न गिही अक्कोसति परिभासति, न गिही गिहीहि भेदेति, बुद्धस्स वण्णं भासति, [R.347] धम्मस्स वण्णं भासति, सङ्घस्स वण्णं भासति, गोचरे च नं पस्सन्ति। इमेहि खो,

---

करता है—भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त किसी उपासक का, सङ्घ यदि चाहे तो, पात्र उलट सकता है। (क)

२. ''भिक्षुओ! आठ अङ्गों से युक्त उपासक का, सङ्घ यदि चाहे तो, पात्र सीधा कर सकता है (उसे सङ्घ में मिला सकता है।) किन आठ अङ्गों से? जो (उपासक) भिक्षुओं की हानि का, भिक्षुओं के अनर्थ का, भिक्षुओं को वासहीन करने का प्रयत्न नहीं करता, भिक्षुओं की निन्दा नहीं करता, न उनको अपशब्द बोलता है, एक भिक्षु का दूसरे भिक्षु से कलह नहीं कराता, बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की निन्दा नहीं करता। ऐसे आठ अङ्गों से युक्त उपासक का, सङ्घ यदि चाहे तो, पात्र सीधा कर सकता है॥'' (ख) ●

**८. अप्रसादवेदनीयसूत्र : : आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु के प्रति अप्रसाद बोधन**

१. ''भिक्षुओ! आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु के प्रति, उपासक यदि चाहें तो, अपना असन्तोष (अप्रसाद) प्रकट कर सकते हैं। किन आठ अङ्गों से? गृहस्थों की हानि का, या उन के अनर्थ का प्रयास करता है, गृहस्थों की निन्दा करता है, या उनको अपशब्द बोलता है, एक गृहस्थ का दूसरे गृहस्थ से कलह कराता है, बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की निन्दा करता है, या उस भिक्षु को, भिक्षु के लिये अनुचित स्थानों पर, देखता है। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु के प्रति, उपासक यदि चाहें तो अपना असन्तोष प्रकट कर सकते हैं। (क)

२. भिक्षुओ! आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु के प्रति, यदि उपासक चाहें तो, अपना सन्तोष प्रकट कर सकते हैं। किन आठ अङ्गों से? जो (भिक्षु) गृहस्थों की हानि, या उन के अनर्थ के लिये प्रयत्न नहीं करता, न किसी गृहस्थ की निन्दा या किसी को अपशब्द नहीं बोलता, न एक गृहस्थ का दूसरे

भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमाना उपासका पसादं पवेदेय्युं'' ति॥ ●

**९. पटिसारणीयसुत्तं** : १. ''अट्ठहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमानो सङ्घो पटिसारणीयकम्मं करेय्य। कतमेहि अट्ठहि? गिहीनं अलाभाय परिसक्कति, गिहीनं अनत्थाय परिसक्कति, गिही अक्कोसति परिभासति, गिही गिहीहि भेदेति, बुद्धस्स अवण्णं भासति, धम्मस्स अवण्णं भासति, सङ्घस्स अवण्णं भासति, धम्मिकं च गिहिपटिस्सवं न सच्चापेति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमानो सङ्घो पटिसारणीयं कम्मं करेय्य।

२. ''अट्ठहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुनो आकङ्खमानो सङ्घो पटिसारणीयकम्मं पटिप्पस्सम्भेय्य। कतमेहि अट्ठहि? न गिहीनं अलाभाय परिसक्कति, न गिहीनं अनत्थाय परिसक्कति, न गिही अक्कोसति परिभासति, न गिही गिहीहि भेदेति, बुद्धस्स वण्णं भासति, धम्मस्स वण्णं भासति, सङ्घस्स वण्णं भासति, धम्मिकं च [R.347] गिहिपटिस्सवं सच्चापेति। इमेहि खो, भिक्खवे, अट्ठहि धम्मेहि समन्नागतस्स भिक्खुना आकङ्खमानो सङ्घो पटिसारणीयकम्मं पटिप्पस्सम्भेय्या'' ति॥ ●

**१०. सम्मावत्तनसुत्तं** : १. ''तस्सपापियसिककम्मकतेन, भिक्खवे, [N.428] भिक्खुना अट्ठसु धम्मेसु सम्मा वत्तितब्बं—न उपसम्पादेतब्बो, न निस्सयो दातब्बो, न

---

गृहस्थ से कलह कराता है, बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की निन्दा नहीं करता, और जो उचित स्थानों पर ही दिखायी पड़ता है। भिक्षुओ! इन आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु के प्रति, उपासक चाहें तो, सन्तोष प्रकट कर सकते हैं॥'' (ख) ●

**९. प्रतिसारणीयसूत्र : : आठ अङ्गों से युक्त भिक्षु का प्रतिसारणीय कर्म**

१. ''भिक्षुओ! आठ धर्मों से युक्त भिक्षु का सङ्घ यदि प्रतिसारण कर्म (सङ्घ में बोलचाल बन्द) करना चाहे तो कर सकता है। किन आठ धर्मों से? जो गृहस्थों की हानि के लिये, अनर्थ के लिये यत्न करता है, जो गृहस्थों को अपशब्द बोलता है, या उनकी निन्दा करता है, एक गृहस्थ का दूसरे गृहस्थ के मतभेद कराता है, बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की निन्दा करता है, गृहस्थ के धार्मिक वचनों का प्रतिश्रवण (स्वीकृति) नहीं करता। भिक्षुओ! ऐसे धर्मों से युक्त भिक्षु का, यदि सङ्घ चाहे तो, प्रतिसारणीय कर्म कर सकता है।

२. भिक्षुओ! आठ धर्मों से युक्त भिक्षु का, सङ्घ यदि चाहे तो, प्रतिसारणीय कर्म रोक सकता है। किन आठ धर्मों से? जो गृहस्थों की हानि या अनर्थ के लिये प्रयत्न नहीं करता, गृहस्थों की निन्दा या उनको अपशब्द नहीं बोलता, एक गृहस्थ का दूसरे गृहस्थ से मतभेद नहीं कराता, बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की निन्दा नहीं करता, तथा गृहस्थ के धार्मिक वचनों का प्रनिश्रवण करता है। भिक्षुओ! इन आठ धर्मों से युक्त भिक्षु का, सङ्घ यदि चाहे तो, प्रतिंसारणीय कर्म रोक सकता है।''●

**१०. सम्यग्वर्तनसूत्र : : आठ धर्मों से युक्त सम्यग्व्यवहार**

१. ''भिक्षुओ! तस्यपापीयसिका कर्म के अपराधी भिक्षु के साथ इन आठ धर्मों में यह

सामणेरो उपट्ठापेतब्बो, न भिक्खुनोवादकसम्मुति सादितब्बा, सम्मतेन पि भिक्खुनियो न ओवदितब्बा, न काचि सङ्घसम्मुति सादितब्बा, न किस्मिञ्चि पच्चेकट्ठाने ठपेतब्बो, न च तेन मूलेन वुट्ठापेतब्बो। तस्सपापियसिककम्मकतेन, भिक्खवे, भिक्खुना इमेसु अट्ठसु धम्मेसु सम्मावत्तितब्बं'' ति॥ ●

सतिवग्गो नवमो॥

**तस्सुद्दानं**

[B.160] सतिपुण्णियमूलेन, चोरसमणेन पञ्चमं।
यसो पत्तप्पसादेन, पटिसारणीयं च वत्तनं ति॥ ●

## १०. सामञ्ञवग्गो

**१-२६.** अथ खो बोज्झा उपासिका, सिरीमा, पदुमा, सुतना, मनुजा, उत्तरा, मुत्ता, [R.348] खेमा, रुची, चुन्दी, बिम्बी, सुमना, मल्लिका, तिस्सा, तिस्समाता, सोणा, सोणाय

---

सम्यग्वर्तन (सम्यग्व्यवहार=उचित व्यवहार) करना चाहिये—१. उसको उपसम्पदा (सङ्घ के द्वारा दी जानेवाली धर्माचरण की शिक्षा) नहीं देनी चाहिये, २. उसको निश्रय (आश्रय=संरक्षण) नहीं देना चाहिये, ३. श्रामणेर हो तो उसको अपना उपस्थायक (परिचायक) नहीं बनाना चाहिये, ४. ऐसे भिक्षु को भिक्षुणियों को धर्मोपदेश करने की अनुमति नहीं देनी चाहिये, ५. सहमति प्राप्त होने पर भी भिक्षुणियों को धर्मोपदेश नहीं करने देना चाहिये, ६. सङ्घ को उससे सामान्य परामर्श भी नहीं करना चाहिये, ७. न किसी भी प्रत्येक स्थान में उसको बैठाना चाहिये; ८. परन्तु उसको मूल अधिकार से नहीं हटाना चाहिये। इस प्रकार तस्यपापीयसिक कर्म के अपराधी भिक्षु के साथ इन आठ धर्मों में यह सम्यग्वर्तन करना चाहिये॥'' **स्मृतिवर्ग नवम सम्पन्न॥** ●

**इस सूत्र ( में व्याख्यात सूत्रों ) की सूची**

१. स्मृतिसम्प्रजन्यसूत्र, २. पुण्णियसूत्र, ३. मूलकसूत्र, ४. चोरसूत्र, ५. श्रमणसूत्र, ६. यशःसूत्र, ७. पात्रनिकुज्जनसूत्र, ८. अप्रसादवेदनीयसूत्र, ९. प्रतिसारणीयसूत्र, एवं १० सम्यग्वर्तनसूत्र॥ ●

## १०. श्रामण्यवर्ग

१.-२६. १. ''बोध्या उपासिका, २. सिरीमा उपासिका, ३. पद्मा उपासिका, ४. सुतना उपासिका, ५. मनुजा उपासिका, ६. उत्तरा उपासिका, ७. मुक्ता उपासिका, ८. क्षेमा उपासिका, ९. रुचि उपासिका, १०. चुन्दी उपासिका, ११. बिम्बी उपासिका, १२. सुमना उपासिका, १३. मल्लिका उपासिका, १४. तिष्या उपासिका, १५. तिष्यमाता उपासिका, १६. सोणा उपासिका,

माता, काणा, काणमाता, उत्तरा नन्दमाता, विसाखा मिगारमाता, खुज्जुत्तरा उपासिका, सामावती उपासिका, सुप्पवासा कोलियधीता, सुप्पिया उपासिका, नकुलमाता गहपतानी॥

**सामञ्ञवग्गो दसमो॥**

**दुतियो पण्णासको समत्तो॥ ●**

## ११. रागपेय्यालं

१. "रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय अट्ठ धम्मा भावेतब्बा। कतमे [N.429. B.161] अट्ठ? सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मा-वायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि—रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय इमे अट्ठ धम्मा भावेतब्बा" ति॥

२. "रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय अट्ठ धम्मा भावेतब्बा। कतमे अट्ठ? अज्झत्तं रूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति परित्तानि सुवण्णदुब्बण्णानि, तानि अभिभुय्य 'जानामि पस्सामी' ति एवंसञ्ञी होति। अज्झत्तं रूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति अप्पमाणानि सुवण्णदुब्बण्णानि, तानि अभिभुय्य 'जानामि पस्सामी' ति एवंसञ्ञी होति। अज्झत्तं अरूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति परित्तानि सुवण्णदुब्बण्णानि, तानि अभिभुय्य 'जानामि पस्सामी' ति एवंसञ्ञी होति। अज्झत्तं अरूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति अप्पमाणानि सुवण्णदुब्बण्णानि, तानि अभिभुय्य 'जानामि पस्सामी' ति एवंसञ्ञी होति। अज्झत्तं अरूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति नीलानि नीलवण्णानि नीलनिदस्सनानि [R.349]

---

१७. सोणा की माता, १८. काणा, १९. काणा की माता, २०. उत्तरा नन्दमाता, २१. विशाखा मृगारमाता, २२. कुब्जत्तरा उपासिका, २३. सामावती उपासिका, २४. सुप्रवासा कोलियधीता, २५. सुप्रिया उपासिका, २६. नकुलमाता गृहपत्नी॥" ●

**श्रामण्यवर्ग दशम सम्पन्न॥**

**द्वितीय पञ्चाशत्क सम्पन्न॥**

## ११. रागपेय्याल

१. "भिक्षुओ! राग के अभिज्ञान के लिये आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये। कौन से आठ? (१) सम्यग्दृष्टि...पूर्ववत्... सम्यक्समाधि—भिक्षुओ! राग के अभिज्ञान के लिये इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये।

२. "राग के अभिज्ञान के लिये इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये। कौन से आठ? भिक्षुओ! कोई पुरुष अध्यात्म में रूपसंज्ञी होकर बाहर कुछ सुवर्ण या दुर्वर्ण रूपों को देखता है। वह 'उनको अभिभूत (लुप्त) कर जानता हूँ, देखता हूँ'—ऐसी संज्ञा वाला होता है। (१)

नीलनिभासानि ...पे०... पीतानि पीतवण्णानि ...पे०... लोहितकानि लोहितवण्णानि ...पे० ... ओदातानि ओदातवण्णानि ...पे०... ओदातनिभासानि, तानि अभिभुय्य 'जानामि पस्सामी' ति एवंसञ्ञी होति—रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय इमे अट्ठ धम्मा भावेतब्बा"॥

३. "रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय अट्ठ धम्मा भावेतब्बा। कतमे अट्ठ? रूपी रूपानि पस्सति, अज्झत्तं अरूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति, सुभं तेव अधिमुत्तो होति, सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति, सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति, सब्बसो

---

"भिक्षुओ! कोई पुरुष अध्यात्म में रूपसंज्ञी होकर बाहर अप्रमाण (अत्यधिक) सुवर्ण या दुर्वर्ण रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (२)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर बाहर कुछ सुवर्ण दुर्वण रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (३)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी बाहर अत्यधिक (अप्रमाण) सुवर्ण एवं दुर्वर्ण रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (४)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर नील, नीलवर्ण, नीलनिदर्शन एवं नीलनिर्भास रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (५)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर पीत, पीतवर्ण, पीतनिदर्शन एवं पीतनिर्भास रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (६)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर लोहित (रक्त) लोहितवर्ण, लोहितनिदर्शन एवं लोहितकनिर्भास रूपों को देखता है। वह ...पूर्ववत्...। (७)

"कोई पुरुष अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर अवदात (श्वेत), अवदातवर्ण, अवदातनिदर्शन, एवं अवदातनिर्भास रूपों को देखता है। वह...पूर्ववत्...। (८)

"इस प्रकार, भिक्षुओ! राग के ज्ञान के लिये आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये॥"

३. "राग के अभिज्ञान के लिये इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये। कौन से आठ धर्म?

"स्वयं रूपवान् होता हुआ रूपों को देखता है। (१)

"कोई अध्यात्म में अरूपसंज्ञी होकर बाहर रूपों को देखता है। (२)

"कोई शुभ (शुभ्र=उज्ज्वल) ही से मुक्त (अधिमुक्त) हुआ होता है। (३)

"कोई रूपसंज्ञाओं को सर्वथा अतिक्रान्त कर, प्रतिघसंज्ञा के अस्त हो जाने से नानात्वसंज्ञाओं को मन में न करने से 'आकाश अनन्त है'—इस आकाशानन्त्यायतन को प्राप्त कर साधना करता है। (४)

"कोई इस आकाशानन्त्यायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर 'विज्ञान अनन्त है'—इस विज्ञानानन्त्यायतन को प्राप्त कर साधना करता है। (५)

विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति, सब्बसो आकिञ्चञ्ञायतनं समतिक्कम्म नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति, सब्बसो नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समतिक्कम्म सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति— रागस्स, भिक्खवे, अभिञ्ञाय इमे अट्ठ धम्मा भावेतब्बा''॥ [N.430] ●

४-३०. ''रागस्स, भिक्खवे, परिञ्ञाय ...पे०... परिक्खयाय... [B.162] पहानाय... खयाय...वयाय...विरागाय...निरोधाय...चागाय...पटिनिस्सग्गाय ...पे०... इमे अट्ठ धम्मा भावेतब्बा''॥

३१-५१०. ''दोसस्स ...पे०... मोहस्स...कोधस्स...उपनाहस्स...मक्खस्स... पलासस्स...इस्साय...मच्छरियस्स...मायाय... साठेय्यस्स... धम्मस्स... सारम्भस्स [R.350] ...मानस्स...अतिमानस्स...मदस्स...पमादस्स अभिञ्ञाय ...पे०... परिञ्ञाय...परिक्खयाय ...पहानाय...खयाय...वयाय...विरागाय...निरोधाय...चागाय...पटिनिस्सग्गाय ...पे०... इमे अट्ठ धम्मा भावेतब्बा'' ति॥ ●

**रागपेय्यालं निट्ठितं॥**

**अट्ठकनिपातपालि निट्ठिता॥**

●

---

''कोई इस विज्ञानानन्त्यायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर 'कुछ भी नहीं है'—इस आकिञ्चन्यायतन को प्राप्त कर साधना करता है। (६)

''कोई इस आकिञ्चन्यायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर 'न संज्ञा है न असंज्ञा'—इस नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को प्राप्त कर साधना करता है। (७)

''तथा कोई इस नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर 'जहाँ संज्ञा ही लुप्त हो जाती है'—इस संज्ञावेदयितनिरोध को प्राप्त कर साधना करता है।

''भिक्षुओ! राग के अभिज्ञान के लिये इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये॥ (८)

४-३०. ''भिक्षुओ! राग के परिज्ञान के लिये ...पूर्ववत्... परिक्षय के लिये... प्रहाण के लिये... क्षय के लिये... व्यय के लिये... विराग के लिये... निरोध के लिये... त्याग के लिये... प्रतिनिसर्ग के लिये ...पूर्ववत्... इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये॥

३१-५१०. द्वेष के... मोह के... क्रोध के... उपनाह के... म्रक्ष के... प्रदाश के... ईर्ष्या के... मात्सर्य के... माया के... शाठ्य के.... धर्म के.... सारम्भ के... मान के... अतिमान के... मद के... प्रमाद के अभिज्ञान के लिये ...पूर्ववत्... परिज्ञान के लिये... परिक्षय के लिये... प्रहाण के लिये... क्षय के लिये... व्यय के लिये... विराग के लिये... निरोध के लिये... त्याग के लिये ...पूर्ववत्... इन आठ धर्मों की भावना करनी चाहिये॥'' ●



**रागपेय्याल सम्पन्न॥**

**अष्टकनिपातपालि सम्पन्न॥**

**बौद्धभारती**

**पो. बाक्स नं. 1049, वाराणसी-221 001**

E-mail : bauddhabhrti@satyam.net.in